सच, सिर्फ सच

**

# वॉयस ऑफ लखनऊ

गुरुवार, 15 जनवरी, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 15, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स में 245 अंकों की गिरावट

दूसरे कारोबारी सत्र में गिरावट जारी रही और तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 244.98 अंक टूटकर 83,382.71 अंक पर बंद हुआ। } 14

## अमित शाह ने पतंगबाजी का आनंद उठाया

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मकर संक्रांति के अवसर पर अपने परिवार और यहां नारनपुरा इलाके के लोगों के साथ पतंगबाजी का आनंद उठाया। } 16



## वैश्विक पर्व बन गया है पोंगल : मोदी

### भारत को आगे बढ़ाने वाली विश्वास और एकता की भावना तमिल संस्कृति से गहराई

एजेंसी



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि प्रकृति के साथ सौहार्दपूर्ण संतुलन का संदेश देने वाला पोंगल अब वैश्विक पर्व बन गया है और दुनियाभर में तमिल समुदाय के लोगों ने इसे संजोकर रखा है।

प्रधानमंत्री ने यहां केंद्रीय सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री एल मुरुगन के आवास पर आयोजित पोंगल उत्सव में भाग लिया। मोदी ने कहा कि इस पर्व पर किसानों के परिश्रम का उत्सव मनाया जाता है और पृथ्वी तथा सूर्य के प्रति कृतज्ञता प्रकट की जाती है। समारोह में कई केंद्रीय मंत्री, नौकरशाह और अन्य वर्गों के लोग शामिल हुए। प्रधानमंत्री ने कहा पोंगल का त्योहार हमें याद दिलाता है कि आभार शब्दों से आगे बढ़कर जताया जाना चाहिए और हमारी रोजमर्रा की जिंदगी का एक जरूरी हिस्सा बन जाना चाहिए। जब धरती हमें इतना कुछ देती है, तो यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम इसे संजोएं और इसकी रक्षा करें। उन्होंने कहा कि दुनियाभर में तमिल समुदाय और तमिल संस्कृति को संजोने वाले लोग बड़े उत्साह से पोंगल मनाते हैं और उनके बीच आकर वह गौरव की अनुभूति कर रहे हैं। मोदी ने कहा कि तमिल संस्कृति दुनिया की सबसे पुरानी सभ्यताओं में से एक है और इसमें सदियों की बुद्धिमत्ता और परंपरा है जो इतिहास से सबक लेकर भविष्य का रास्ता दिखाती है। उन्होंने कहा इस विरासत से प्रेरणा लेते हुए आज का ...शेष पृष्ठ 14 पर

## गोरखपुर में लाखों लोगों ने शिवावतार को चढ़ायी खिचड़ी

### मुख्यमंत्री योगी ने लिया खिचड़ी मेले का जायजा, देखी सुरक्षा तैयारी, दिये निर्देश

जिला संवाददाता



गोरखपुर। मुख्यमंत्री व गोरक्षपीठ के पीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ मकर संक्रांति के अवसर पर सदियों पुरानी नाथ परंपरा का पालन करते हुए 15 जनवरी यानी बृहस्पतिवार सुबह शिवावतार महायोगी गुरु गोरखनाथ को खिचड़ी अर्पित करेंगे।

यहां जारी आधिकारिक बयान में कहा गया है कि इस मौके पर वह समाज की शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना करेंगे। इस बीच, मंगलवार रात मंदिर पहुंचे योगी आदित्यनाथ ने परिसर का दौरा कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सूर्य के उत्तरायण में प्रवेश के अवसर पर खिचड़ी अर्पित करने की यह अनूठी परंपरा लोक मान्यताओं में गहराई से निहित है। भक्तों का मानना है कि गुरु गोरखनाथ को खिचड़ी अर्पित करने के बाद की गई मनोकामनाएं कभी अधूरी नहीं रहतीं। आधिकारिक बयान में यह भी कहा गया कि उत्तर प्रदेश और बिहार के साथ-साथ देश के अन्य हिस्सों और पड़ोसी देश नेपाल से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की परंपरा है, और इस बार भी बड़ी संख्या में भक्तों के आने की संभावना है। बृहस्पतिवार को पूजा-अर्चना सुबह प्रारंभ होगी, जिसमें मुख्यमंत्री सबसे पहले गोरक्षपीठ की ओर से खिचड़ी अर्पित करेंगे, इसके बाद मंदिर के द्वार आम जनता के लिए खोल दिए जाएंगे। मंगलवार अपराह्न गोरखपुर पहुंचे योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर ...शेष पृष्ठ 14 पर

संक्षेप

### अमेरिका ने 75 देशों के लिए रोका वीजा

वाशिंगटन। अमेरिका ने बड़ा फैसला लेते हुए 75 देशों के वीजा पर रोक लगा दी है। अमेरिकी स्टेट विभाग ने 75 देशों के लिए सभी वीजा प्रोसेस को रोक दिया है। इस लिस्ट में रूस, अफगानिस्तान और ईरान सहित बहुत सारे देशों का नाम है। इस कदम से पीछे अमेरिका का उन आवेदकों को रोकना है, जो देश पर सार्वजनिक बोझ बन सकते हैं। स्टेट विभाग के एक ज्ञापन में कांसुलर अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे मौजूदा कानून के तहत वीजा देने से इनकार कर दें, जबकि विभाग स्क्रीनिंग और जांच प्रक्रियाओं का पुनर्मूल्यांकन कर रहा है। इस लिस्ट में सोमालिया, रूस, अफगानिस्तान, ब्राजील, ईरान, इराक, मिस्र, नाइजीरिया, थाईलैंड, यमन और अन्य देश शामिल हैं।

### बंदरों की समस्या पर हाईकोर्ट ने मांगी रिपोर्ट

प्रयागराज। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने अधिकारियों को बंदरों की समस्या नियंत्रित करने की कार्य योजना प्रस्तुत करने का निर्देश दिया और मामले की अगली सुनवाई 17 फरवरी के लिए निर्धारित कर दी। मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेंद्र की पीठ ने गाजियाबाद के रहने वाले विनीत शर्मा और अन्य याचिकाकर्ताओं द्वारा दायर एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। अदालत ने मंगलवार को कहा कि कार्ययोजना तैयार करते समय केंद्र के पशु कल्याण बोर्ड द्वारा प्रस्तुत अस्थायी कार्य योजना पर भी पर्यावरण विभाग द्वारा विचार किया जा सकता है। पीठ ने इससे पहले मामले की सुनवाई करते हुए कहा था कि इस मामले की संपूर्ण तथ्यात्मक स्थिति को देखते हुए एक भी प्रतिवादी इस समस्या को नियंत्रित करने की जिम्मेदारी लेने को स्पष्ट रूप से तैयार नहीं है।

# एकादशी पर 85 लाख ने लगायी संगम में डुबकी

### गंगा में जल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कानपुर के गंगा बैराज से छोड़ा जा रहा 8,000 क्यूसेक पानी





जिला संवाददाता

प्रयागराज। प्रयागराज के संगम तट पर आयोजित माघ मेले के दूसरे स्नान पर्व मकर संक्रांति से पूर्व बुधवार को एकादशी के अवसर पर शाम तक 85 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में आस्था की डुबकी लगाई। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी।

मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने बताया कि मंगलवार रात 12 बजे से ही स्नान शुरू हो गया था और मकर संक्रांति से पूर्व बुधवार शाम तक 85 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में स्नान किया। उन्होंने कहा कि मकर संक्रांति पर शाम तक यह आंकड़ा एक करोड़ से अधिक पहुंच सकता है। माघ मेला के 800 हेक्टेयर क्षेत्र को सात सेक्टर में बांटा गया है। मेला क्षेत्र में 25 हजार से अधिक शौचालय स्थापित किए गए हैं और 3,500 से अधिक सफाईकर्मी तैनात हैं। अग्रवाल ने बताया कि कम अवधि के कल्पवास के इच्छुक श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए माघ मेले में टेंटसिटी बसाई गई है, जहां ध्यान और योग की सुविधाएं उपलब्ध हैं। श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन के लिए बाइक टैक्सी और गोल्फ कार्ट की व्यवस्था की गई है और अब तक 1.10 लाख से अधिक लोग बाइक टैक्सी का लाभ उठा चुके हैं। पुलिस अधीक्षक (माघ मेला) नीरज पांडेय ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुगम आवागमन सुनिश्चित करने के लिए पूरे मेला क्षेत्र में 10 हजार से अधिक पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। उन्होंने बताया कि पौष पूर्णिमा स्नान पर्व पर 31 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में डुबकी लगाई थी, जबकि माघ मेला-2024 में पौष पूर्णिमा के अवसर पर 28.95 लाख से अधिक श्रद्धालुओं...शेष पृष्ठ 14 पर

### बार्डर पर अस्पताल बनाने को लेकर सेना ने जतायी आपत्ति सुप्रीम कोर्ट पहुंचा मामला

नयी दिल्ली। असम के जोरहाट में संवेदनशील भारत-बांग्लादेश सीमा के पास एक सैन्य शिविर के सामने प्रस्तावित मल्टी-स्पेशियलिटी अस्पताल का मामला उच्चतम न्यायालय तक पहुंच गया है। सेना ने आपत्ति जताते हुए इसका इस्तेमाल ड्रोन परिचालन और लंबी दूरी की स्नाइपर राइफल के लिए होने की आशंका जताई है।

सेना ने शुरुआत में जोरहाट विकास प्राधिकरण द्वारा निजी कंपनी को अस्पताल के निर्माण के लिए दिए गए अनापत्ति प्रमाण पत्र पर आपत्ति जताई थी। अब उसने कहा है कि यदि अस्पताल के निर्माण की अनुमति दी जाती है, तो इसमें 15 फीट से अधिक ऊंची कंक्रीट की चारदीवारी होनी चाहिए जिसमें विभाजक लगे हों और बहुमंजिला इमारत की कोई भी खिड़की सेना शिविर की ओर नहीं होनी चाहिए। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने केंद्र की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) विक्रमजीत बनर्जी के साथ सेना के अधिकारियों का पक्ष सुना। पीठ ने ...शेष पृष्ठ 14 पर

## भारत ने अपने नागरिकों को ईरान छोड़ने के दिये निर्देश

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत ने बुधवार को ईरान में रह रहे अपने सभी नागरिकों से उपलब्ध साधनों के जरिये उस देश से निकलने को कहा, क्योंकि वहां बड़े पैमाने पर सरकार विरोधी प्रदर्शनों और प्रदर्शनकारियों पर की जा रही कार्वाई के मद्देनजर सुरक्षा स्थिति और बिगड़ गई है। भारत ने अपने नागरिकों को ईरान की यात्रा से भी बचने की सलाह दी।

ईरानी मुद्रा रियाल के रिकॉर्ड निचले स्तर पर गिरने के बाद पिछले महीने तेहरान में प्रदर्शन शुरू हुए। तब से ये प्रदर्शन सभी 31 प्रांतों में फैल चुके हैं, और आर्थिक संकट के खिलाफ आंदोलन से शुरू होकर राजनीतिक परिवर्तन की मांग में तब्दील हो गए हैं। ईरान में भारतीय दूतावास ने एक नया परामर्श जारी करते हुए कहा, ईरान में बदलती स्थिति के मद्देनजर ईरान में मौजूद भारतीय नागरिकों (छात्रों, तीर्थयात्रियों, व्यापारियों और पर्यटकों) को वाणिज्यिक उड़ानों सहित परिवहन के उपलब्ध साधनों का उपयोग करके देश छोड़ने की सलाह दी जाती है। परामर्श में कहा गया यह दोहराया जाता है कि सभी भारतीय नागरिकों और भारतीय मूल के लोगों (पीआईओ) को उचित ...शेष पृष्ठ 14 पर

## देवभूमि की माटी से विकास को मिलती है ऊर्जा

### मुख्यमंत्री धामी ने खटीमा को दी 33 करोड़ की सौगात

प्रमुख संवाददाता



खटीमा (उत्तराखंड)। खटीमा केवल एक विधानसभा नहीं, बल्कि उनका घर है। यहीं से उन्होंने जनसेवा की यात्रा शुरू की और देवभूमि की इस पावन माटी से उन्हें प्रदेश के विकास के लिए ऊर्जा मिलती है।

यह विचार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ऊधम सिंह नगर के खटीमा में 11 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से निर्मित हाईटेक महाराणा प्रताप बस स्टेशन का उद्घाटन के अवसर पर व्यक्त किए। मुख्यमंत्री ने इस बस स्टेशन को खटीमा की आधुनिक पहचान बताया। मुख्यमंत्री ने खटीमा को विकास की बड़ी सौगात देते हुए 33 करोड़ 36 लाख रुपये से अधिक की 9 योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास ...शेष पृष्ठ 14 पर

## ग्रीनलैंड पर अमेरिकी नियंत्रण से कम कुछ भी स्वीकार नहीं : ट्रंप

एजेंसी

नुक (ग्रीनलैंड)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को कहा कि ग्रीनलैंड पर अमेरिका के नियंत्रण से कम कुछ भी स्वीकार नहीं है। उन्होंने यह टिप्पणी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस द्वारा डेनमार्क और ग्रीनलैंड के अधिकारियों की मेजबानी के लिए आयोजित वार्ता से कुछ घंटे पहले की है।

ट्रंप ने सोशल मीडिया मंच पर एक पोस्ट में यह दलील दोहराई कि अमेरिका को राष्ट्रीय सुरक्षा के उद्देश्य से ग्रीनलैंड की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, इसे हासिल करने के लिए नाटो (उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन) को अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए अन्यथा रूस या चीन इसे हासिल कर लेंगे और यह नहीं होने जा रहा है। ट्रंप ने लिखा ग्रीनलैंड के अमेरिका के हाथों में आने से नाटो कहीं अधिक शक्तिशाली और प्रभावी बन जाएगा। इससे कम कुछ भी स्वीकार नहीं है। ग्रीनलैंड नाटो सहयोगी डेनमार्क का अर्ध-स्वायत्त क्षेत्र है। यह भू-राजनीतिक उथल-पुथल के केंद्र में है क्योंकि ट्रंप इस पर अमेरिका के नियंत्रण पर अड़े हुए हैं जबकि ग्रीनलैंड वासियों का कहना है कि यह क्षेत्र बिकाऊ नहीं है। व्हाइट हाउस ने जबरन इस आर्कटिक ...शेष पृष्ठ 14 पर

विशेष खबर

### सामाजिक सेवा हमारे रक्त में है, हम मानव कल्याण के रास्ते पर चलते हैं : विराज सागर दास

# सिविल अस्पताल में श्रीमती अलका दास व विराज सागर दास ने बांटे कंबल








फोटो : समीर भटनागर

अनिल कुमार सिंह

लखनऊ। डॉ. अखिलेश दास अलका दास फाउंडेशन द्वारा बुधवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी चिकित्सालय (सिविल अस्पताल) में जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरित किए गए। जरूरतमंद लोगों को भीषण जाड़े से निजात दिलाने के लिए बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट एवं उ.प्र. बैडमिंटन एसोसिएशन के चेयरमैन विराज सागर दास ने कम्बल बांटे। इस अवसर पर बीबीडी ग्रुप की चेयरपर्सन एवं डॉ. अखिलेश दास अलका दास फाउंडेशन की अध्यक्ष श्रीमती अलका दास गुप्ता मौजूद रहीं। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेशवासियों को मकर संक्रान्ति की हार्दिक शुभकामनाएं दी और उनके सुखमय जीवन की कामना की। कंबल वितरण के उपरान्त बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट एवं उ.प्र. बैडमिंटन एसोसिएशन के चेयरमैन विराज सागर दास ने कहा कि शिक्षा एवं सामाजिक सरोकार हमारे रक्त में है। हम जन कल्याण के लिए सदैव अग्रसर रहते हैं और मानवीय संवेदनाओं के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाते हुए जनसरोकार के मार्ग पर सतत चलने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि हम जरूरतमंदों विशेषकर समाज के अंतिम पायदान के लोगों की मदद करने और उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए प्रयासरत हैं। शिक्षा के प्रति हमारा दृष्टिकोण बिल्कुल साफ है कि समाज के हर वर्ग को शिक्षित होना चाहिए और हमारा प्रयास भी इसी ओर है। उन्होंने कहा कि जहां तक जन सरोकारों की बात है तो फाउंडेशन द्वारा सर्दी में अलाव जलाने की व्यवस्था हो, मरीजों ...शेष पृष्ठ 14 पर

संक्षेप

## चार पर युवती से छेड़छाड़ व मारपीट का केस

प्रतापगढ़। लीलापुर थानान्तर्गत एक गांव की युवती के साथ छेडछाड़ व मारपीट की हुई घटना को लेकर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के एक गांव की पीड़िता का आरोप है कि बीती बारह जनवरी की शाम करीब छः बजे शौच के लिए जाते समय ढ़कवा पूरे वीरबल निवासी दीपक पुत्र स्व0 बेचेंलाल अपने बहनोई के साथ वहां पहुंचा और उसके साथ जबरन छेडछाड करने लगा। पीडिता के शोरशराबा करने पर आरोपी दीपक की मां रामरती व बहन प्रीती भी पहुंच गयी। चारों आरोपियो ने एकराय होकर पीड़िता को मारापीटा व गालीगलौज करते हुए जानलेवा धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक मनोज पाण्डेय का कहना है कि जांच के बाद दीपक समेत चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## गोआश्रय स्थल का हुआ उद्घाटन

प्रतापगढ़। विकासखण्ड सांगीपुर अर्न्तगत मुस्तफाबाद ग्राम पंचायत में नवीन गोआश्रय स्थल का खण्ड शिक्षा अधिकारी ने उदघाटन किया। इस दौरान खण्ड शिक्षा अधिकारी ने पचास गोवंश को गोआश्रय स्थल में प्रवेश कराया। उन्होने बताया कि यहां तीन सौ गोवंश के रहने की क्षमता है। इसके साथ ही क्षेत्र में मुनादी कराकर बेसहारा मवेशियो को गोआश्रय स्थल लाए जाने की अपील ग्रामीणों से भी की गयी। इस मौके पर पूर्व जिपंस महेन्द्र सिंह, प्रधान कन्हैया लाल सरोज, धीरेन्द्र गौतम, प्रभाकर सिंह चौहान, शैलेन्द्र सिंह, लल्लू मिश्र, पवन पाण्डेय, पवन तिवारी आदि रहे।

## अधिवक्ता की पिटाई का केस दर्ज

प्रतापगढ़। अधिवक्ता के साथ हुई मारपीट की घटना को लेकर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के पहाड़पुर तिवरानन का पुरवा गांव निवासी ललित कुमार वर्मा पुत्र चंद्रप्रकाश वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती दस जनवरी की शाम वह लालगंज तहसील से विधि व्यवसाय करके बाइक से घर लौट रहा था। आरोप है कि गांव समीप रास्ते मे गांव के सतीश कुमार वर्मा पुत्र छोटे लाल वर्मा ने जबरन रोक लिया। आरोपी ने गालीगलौज करते हुए पीड़ित को मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। एसओ राजेन्द्र तिवारी का कहना है कि जांच के बाद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## आज रामपुरखास आयेंगे सांसद प्रमोद तिवारी

प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता सांसद प्रमोद तिवारी आज गुरूवार को एक दिवसीय दौरे पर विधानसभा क्षेत्र रामपुरखास आयेंगे। सांसद प्रमोद तिवारी पूर्वान्ह पौने बारह बजे लखहरा सांगीपुर स्थित दुर्गा मंदिर में आयोजित भण्डारे में शामिल होंगे। वे दोपहर बारह बजे गांधी इण्टर कालेज सांगीपुर के समीप स्थित सामुदायिक केंद्र में एसआईआर एवं मनरेगा कार्यक्रम में शामिल होकर कार्यकताओं के साथ परिचर्चा करेंगे। सांसद प्रमोद तिवारी दोपहर डेढ़ बजे जूही स्थित सुरेश चौरसिया तथा शुकुलपुर में सुब्बा सरोज व जगदीशपुर में स्व0 शिवशंकर शुक्ल के आवास पहुंचकर परिजनों से मिलकर शोक संवेदना जतायेंगे। सांसद प्रमोद तिवारी दोपहर सवा दो बजे राय साहब भगौरा के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद दोपहर पौने तीन बजे बाबा घुइसरनाथ धाम में दर्शन पूजन करेंगे।

# पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर के जब्त सामान को लेकर वाद दाखिल

देवरिया। धोखाधड़ी के आरोप में देवरिया जिला में बंद पूर्व आईपीएस अधिकारी अमिताभ ठाकुर की गिरफ्तारी के दौरान जब्त सामानों लेकर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में वाद दाखिल किया गया है जिसपर 23 जनवरी को सुनवाई होगी। अमिताभ ठाकुर के वकील भीमसेन राव ने सीजेएम मंजू कुमारी की अदालत में वाद दाखिल कर पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने बताया कि अदालत ने इस मामले में कोतवाली सदर पुलिस थाना से रिपोर्ट तलब की है और मामले की सुनवाई के लिए 23 जनवरी की तारीख तय की। याचिकाकर्ता का अदालत में पक्ष रखने वाले अधिवक्ता प्रवीण द्विवेदी के अनुसार पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर को 9 और 10 दिसंबर की रात शाहजहांपुर में ट्रेन से गिरफ्तार करने की बात कही गई है। उस समय उनके पास लगभग 42 हजार रुपये नकद, दो एंड्रॉयड मोबाइल फोन, एक लैपटॉप, कपड़े और एक टूथपेस्ट मौजूद था। गिरफ्तारी के बाद यह सभी सामान देवरिया कोतवाली पुलिस द्वारा जब्त कर लिया गया था। आरोप है कि बाद में जब सामान लौटाया गया तो वे पूरे नहीं थे। याचिका के मुताबिक पुलिस द्वारा कुल नकदी में से केवल 7,208 रुपये ही वापस किए गए। इसके अलावा, दो मोबाइल फोन में से एक, जो गिरफ्तारी के समय पिन लॉक था, लौटाते समय अनलॉक स्थिति में पाया गया। वहीं, टूथपेस्ट भी वापस नहीं किया गया। अधिवक्ता ने कहा कि भले ही टूथपेस्ट एक मामूली वस्तु प्रतीत होती हो, लेकिन उसका वापस न किया जाना गंभीर संदेह पैदा करता है। अधिवक्ता प्रवीण द्विवेदी ने कहा कि यदि इतनी छोटी वस्तु भी सुरक्षित नहीं रखी गई, तो यह आशंका पैदा होती है कि अन्य वस्तुओं के साथ भी छेड़छाड़ हुई हो सकती है। मोबाइल फोन के अनलॉक मिलने से भी मामला और गंभीर हो गया है। द्विवेदी के मुताबिक उक्त फोन से यूपीआई और अन्य डिजिटल सेवाएं संचालित होती थीं, जिससे निजता और कानूनी प्रक्रिया के उल्लंघन का सवाल उठ रहा है। इस प्रकरण पर अबतक पुलिस की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

## मणिकर्णिका घाट पर पुनर्विकास के काम को लेकर विरोध प्रदर्शन, प्रशासन ने बतायी गलतफहमी

वाराणसी। मणिकर्णिका घाट पर पुनर्विकास योजना के तहत जारी अतिक्रमण हटाओ अभियान को लेकर विवाद खड़ा हो गया और कुछ स्थानीय लोगों ने विरासत स्थल से छेड़छाड़ का आरोप लगाया। पाल समाज समिति के सदस्य महेन्द्र पाल ने अन्य सदस्यों व स्थानीय नागरिकों के साथ मंगलवार दोपहर प्रदर्शन किया। पाल ने बताया कि विकास के नाम पर मणिकर्णिका घाट के मूल स्वरूप के साथ छेड़छाड़ की जा रही है, धरोहर को खत्म किया जा रहा है और विरासत को नष्ट किया जा रहा है।

## राष्ट्रीय आजीविका मिशन के अंतर्गत समूह की महिलाओं ने किया प्रतिभाग



बांसी सिद्धार्थनगर। जनपद के विकास खण्ड मिठवल के ग्राम पंचायत करही में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अन्तर्गत स्वयं सहायता समूह की महिलाओ द्वारा गठित उड़ान संकुल संघ (सी०एल०एफ०) के सदस्यो के साथ संवाद कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती निशा सिंह पत्नी मण्डायुक्त बस्ती मण्डल आकांक्षा समिति की अध्यक्ष एवं विशिष्ट अतिथि श्रीमती तनुषा पत्नी जिलाधिकारी अध्यक्ष जिला आकांक्षा समिति सिद्धार्थनगर की उपस्थित रही। गत दिवस इस अवसर पर विभिन्न ग्राम पंचायत की महिलाओं स्वयं सहायता समूह की सदस्यो द्वारा प्रतिभाग किया, तथा समूह सदस्य सीमा, मंजू, सोनमती इत्यादि ने अपनी कहानी अपनी जुबानी से समूह के माध्यम से हुये विकास की गाथा सुनाई गई। श्रीमती तनुषा पत्नी जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर अध्यक्ष जिला आकांक्षा समिति सिद्धार्थनगर ने महिलाओ से की गई वार्ता के दौरान बताया कि समूह की बैइको में स्वास्थ्य से सम्बन्धित जानकारी और सरकारी योजनाओ की जानकारी दी जाय जिससे महिलाएण स्वास्थ्य के प्रति जागरुक रहकर अपने कार्य को कुशलता के साथ कर सके एवं मुख्य अतिथि श्रीमती निशा सिंह पत्नी मण्डायुक्त बस्ती मण्डल आकांक्षा समिति की अध्यक्ष ने महिलाओ को सम्बोधित करते हुये कहा कि महिलाओ को आजीविका गतिविधि से जोड़े तथा सरकार की रोजगार परख योजनाओ से जोड़ते हुये अन्य कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा जाय। इस अवसर पर राष्ट्रीय जेण्डर अभियान के सभी महिलाओ को जेझडर के प्रति जागरुक करते हुये शपथ दिलाया गया।

## केंद्र व्यवस्थापक समेत तीन शिक्षक हुए दोषमुक्त

प्रतापगढ़। यूपी बोर्ड परीक्षा-2025 में लालगंज स्थित एक परीक्षा केन्द्र पर लापरवाही सामने आने पर केंद्र व्यवस्थापक समेत आधा दर्जन शिक्षकों को तीन वर्ष के लिए माध्यमिक शिक्षा परिषद के समस्त पारिश्रमिक कार्यो से वंचित कर दिया गया था। प्रकरण की पुर्न जांच के बाद केन्द्र व्यवस्थापक समेत तीन शिक्षकों को दोष मुक्त किया गया है। यूपी बोर्ड परीक्षा 2025 में राम अंजोर मिश्र इण्टर कालेज लालगंज में हाईस्कूल परीक्षा में एक ही अनुक्रमांक की दो उत्तर पुस्तिकाओं एक ही कक्ष से जमा होकर पैकिंग करके विद्यालय द्वारा संकलन केंद्र भेज दी गयी थी। मूल्यांकन के दौरान एक ही अनुक्रमांक की दो कापियां मिलने पर परीक्षाफल डब्ल्यूई हो गया था। मामले की जांच के बाद अपर सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद ने दोषी पाते हुए केंद्र व्यवस्थापक समेत आधा दर्जन शिक्षकों को परिषद के समस्त पारिश्रमिक कार्यो से तीन वर्ष के लिए वंचित कर दिया। उक्त प्रकरण पर पुर्नविचार करते हुए बीते आठ दिसंबर 2025 को परीक्षा समिति की बैठक हुई। इसके बाद यह निर्णय हुआ कि छात्रा द्वारा उत्तर पुस्तिका पर त्रुटिपूर्ण अनुक्रमांक अंकित किये जाने से यह समस्या उत्पन्न हुई। इस पर केंद्र व्यवस्थापक समेत तीन शिक्षकों को दोषमुक्त कर दिया गया है। जबकि कक्ष निरीक्षक रजनीश मिश्र समेत चार शिक्षकों को दोषी पाया गया है।

## 18 जनवरी को बूथों पर मतदाता सूची पुनरीक्षण

श्रावस्ती। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय के निदेर्शानुसार अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमरेन्द्र कुमार वर्मा ने जनसामान्य को सूचित किया है कि कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निदेर्शों के क्रम में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के अंतर्गत दिनांक 18 जनवरी 2026 (रविवार) को जनपद के समस्त बूथों पर निर्वाचक नामावलियों का पुनः पठन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस प्रक्रिया के तहत प्रत्येक मतदान केंद्र पर बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) द्वारा प्रकाशित मतदाता सूची को पुनः पढ़ा जाएगा, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि नामावली में कोई त्रुटि, कमी या विसंगति शेष न रह जाए तथा आवश्यक सुधार समय से किया जा सके। अपर जिलाधिकारी ने जनसामान्य से अपील की है कि वे दिनांक 18 जनवरी 2026 (रविवार) को प्रातः 11:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक अपने-अपने संबंधित बूथ पर पहुंचकर मतदाता सूची का अवलोकन अवश्य करें। यदि किसी मतदाता का नाम सूची में सम्मिलित होने से छूट गया हो तो फार्म-6, नाम या विवरण में संशोधन के लिए फार्म-8, तथा किसी अवांछित नाम को हटाने हेतु फार्म-7 भरवाकर बीएलओ को सूचित करें। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का शुद्धिकरण लोकतांत्रिक प्रक्रिया का महत्वपूर्ण आधार है, अतः प्रत्येक नागरिक की सक्रिय सहभागिता अपेक्षित है।

# स्कॉर्पियो की टक्कर से चार घायल, अधिवक्ता की हालत नाजुक

जिला संवाददाता



**श्रावस्ती।** बलरामपुर- बहराइच नेशनल हाईवे 730 पर मंगलवार की शाम 6.30 बजे तेज रफ्तार और अनियंत्रित स्कॉर्पियो वाहन ने पीछे से टक्कर मारकर हृदयविदारक सड़क हादसे को अंजाम दे दिया। इस दर्दनाक दुर्घटना में बाइक सवार तीन युवक तथा स्विफ्ट कार में सवार एक अधिवक्ता अपने साथी सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद हाईवे पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, नवीन मॉडर्न थाना क्षेत्र के ग्राम झंझार पूरवा बिदुहनी निवासी मोहम्मद उम्मैद (45) पुत्र मोहम्मद अली अपने पुत्र हसनैन (18) एवं अली हुसैन (16) के साथ फर्नीचर का कार्य कर पयागपुर गए थे। मंगलवार की शाम तीनों बाइक से अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही वे गोंमदापुर मोड़ पर पहुंचे, पीछे से बलरामपुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे की चपेट में मोड़ पर खड़ी एक स्विफ्ट कार भी आ गई। कार में अधिवक्ता श्याम किशोर पांडेय (50) पुत्र तुगलक पांडेय निवासी ग्राम गोंमदापुर तथा विजय कुमार पांडेय पुत्र दीनानाथ पांडेय (45)निवासी रमवापुर, थाना नवीन मॉडर्न श्रावस्ती बैठे हुए थे। स्कॉर्पियो की टक्कर से स्विफ्ट कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और दोनों कार सवार भी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस टीम एवं एंबुलेंस तत्काल मौके पर पहुंची। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इकौना में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने अधिवक्ता श्याम किशोर पांडेय की हालत नाजुक देखते हुए उन्हें ट्रामा सेंटर बहराइच रेफर कर दिया। बाद में उन्हें लखनऊ मेडिकल कॉलेज भेजा गया, जहां उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। बाइक सवार तीनों घायलों का उपचार सीएचसी इकौना में किया गया।

वहीं विजय कुमार पांडेय को प्राथमिक उपचार के बाद घर पर आराम करने और नियमित दवा लेने की सलाह दी गई है। पुलिस ने स्कॉर्पियो वाहन को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। यह हादसा एक बार फिर हाईवे पर लापरवाह और तेज रफ्तार वाहनों के खतरे को उजागर करता है।

## वरिष्ठ भाजपा नेता स्वामी दयाल जायसवाल का निधन

सिद्धार्थनगर- बढ़नी नगर निवासी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता स्वामी दयाल जसवाल का निधन हो गया है। वह राम जन्मभूमि आंदोलन के सक्रिय सदस्य भी थे। उनके निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। स्वामी दयाल जसवाल का जीवन राष्ट्र, संगठन और समाज के प्रति समर्पित रहा। उन्होंने अपने कार्यकाल में संगठन को मजबूत करने और विभिन्न सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाई। उनके निधन को भाजपा परिवार के लिए एक बड़ी क्षति माना जा रहा है। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील अग्रहरि, सिद्धार्थ शंकर पाठक, सिद्धार्थ चौधरी, साधना चौधरी और बब्लू पाठक सहित अन्य जनप्रतिनिधियों व कार्यकताओं ने अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और शोक संतप्त परिवार के प्रति सहानुभूति प्रकट की।

## प्रभारी निरीक्षक ने मय मिशन शक्ति टीम ने चौपाल कार्यक्रम कर किया जागरूक



बांसी सिद्धार्थनगर। जिले के क्षेत्राधिकारी बांसी रोहिनी यादव के निर्देशन व प्र 0नि0 अरविन्द कु 0 मौर्य के नेतृत्व में थाना शिवनगर डिड़ई मिशन शक्ति टीम द्वारा मिशन शक्ति फेज 5 के तहत क्षेत्रांतर्गत ग्राम कबरा में जनचौपाल लगाकर महिलाओ/बालिकाओ को -1090,181,112 -1076 व विभिन्न योजनाओ के बारे मे जागरूक कर पम्पलेट वितरित किया गया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ 0 अभिषेक के महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत गत बुधवार 14/1/2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में क्रियाशील प्रभारी निरीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत थाना क्षेत्र के ग्राम कबरा में जन चौपाल लगाकर बालिकाओं व महिलाओं(बहुओं) को एकत्रित कर चौपाल लगाकर बालिकाओं/महिलाओं को सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे मे जानकारी देते हुए जागरूक किया गया, थानाप्रभारी निरीक्षण अरविन्द के अगुवाई में मिशन शक्ति टीम ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष नारी शक्ति वंदन अधिनियम मातृ शक्ति को सम्बल निराश्रित महिला पेंशन योजना मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना सहित अन्य योजनाओ से संबंधी जानकारी के बारे में बताया गया। इतना ही नहीं मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम के अंतर्गत बहू सम्मेलन आयोजन अवसर पर महिलाओं के अधिकार के बारे में भी जानकारी देते हुए बताया गया व उनको जागरूक किया गया।

# पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार



सिद्धार्थनगर। प्र 0नि0 दुर्गा प्रसाद के नेतृत्व में थाना सिद्धार्थनगर पुलिस ने 01 नफर वारण्टी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ 0 अभिषेक के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत व प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में व विश्वजीत सौरयान सहायक पुलिस अधीक्षक/ क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में दायित्वों के निर्वहन हेतु मुस्तैदी दिखाते हुए क्रियाशील दुर्गा प्रसाद प्रभारी निरीक्षक थाना सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में थाना सिद्धार्थनगर पुलिस ने 14.01.2026 को वाद सं0 117/2018 धारा 60 आबकारी अधिनियम थाना सिद्धार्थनगर में वारन्टी बब्लू वर्मा पुत्र केशरी वर्मा निवासी ग्राम धेन्सा नानकार थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर न्यायालय भेजा गया।

## गंग नहर के पास मिला महिला का शव

मुजफ्फरनगर। जिले के कोतवाली पुलिस थाना क्षेत्र में बुधवार को गंग नहर के पास एक महिला का शव पाया गया। अधिकारियों ने आशंका जताई है कि महिला की हत्या करने के बाद शव को वहां फेंका गया था। नगर पुलिस अधीक्षक सत्यनारायण प्रजापत ने बताया कि सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। उन्होंने कहा कि मृतक की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। प्रजापत ने पत्रकारों से कहा कि ऐसी आशंका हैं कि महिला की हत्या किये जाने के बाद उसके शव को नहर के पास फेंक दिया गया होगा। उन्होंने कहा कि पुलिस जांच जारी है।

# वकीलों ने चलाया हस्ताक्षर अभियान, सौंपा ज्ञापन

## बहराइच में विधेयक के समर्थन में कलेक्ट्रेट परिसर में अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन



**बहराइच।** संसद के बजट सत्र में अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम विधेयक को पारित कराए जाने की मांग को लेकर बुधवार को यहां कलेक्टेज्ट परिसर में अधिवक्ताओं ने डीएम कार्यालय के सामने जमकर नारेबाजी की। आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएसन द्वारा विधेयक को लेकर चलायी जा रही मुहिम के तहत एसोसिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने कैम्पस में राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाया। अधिवक्ताओं ने हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन सिटी मजिस्टेज्ट राजेश चौरसिया को सौपते हुए संसद के बजट सत्र में केंद्र सरकार से अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम विधेयक पारित कराने की आवाज उठायी। वरिष्ठ अधिवक्ता बजरंग बहादुर तिवारी, देवी पाटन मण्डल इकाई अध्यक्ष कौशलेंद्र वर्मा तथा बहराइच जिला इकाई अध्यक्ष अनिल शुक्ल की संयुक्त अगुवाई मे अधिवक्ताओ ने जिलाधिकारी कार्यालय के सामने विधेयक के समर्थन में नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। यहां हुई अधिवक्ताओं की आम सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि राष्ट्रपति को संबोधित हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन आगामी अटठाईस जनवरी से शुरू हो रहे संसद के बजट सत्र के दौरान एसोसिएसन द्वारा नई दिल्ली में विरोध प्रदर्शन के साथ सौपा जाएगा। उन्होने केंद्र सरकार से कहा है कि वह न्याय की लड़ाई लड रहे अधिवक्ताओ.को जीवन भय के वातावरण से मुक्त करने के लिए यह विधेयक अविलम्ब लाए। राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार तिवारी के संयोजन मे प्रदेश भर मे निकली अधिवक्ता सुरक्षा यात्रा की सफलता को लेकर भी यहां वकीलो में गर्मजोशी का माहौल दिखा। महासचिव अनिल तिवारी ने यूपी सरकार से कर्मचारियों की भांति वकीलो के लिए भी पांच लाख का हेल्थ कैशलेस बीमा कराए जाने की मांग उठाई। आम सभा की अध्यक्षता जिला इकाई अध्यक्ष अनिल शुक्ल व संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता आरती यादव ने किया। इस मौके पर अधिवक्ता अनीता वर्मा, सिमरन परवीन, संध्या वर्मा, हनुमान प्रसाद तिवारी, कृपाराम वर्मा, संदीप चौधरी, ममता वर्मा, कमलेश श्रीवास्तव, भरतलाल वर्मा, हरेन्द्र पाण्डेय, विजय तिवारी, शक्तिकांत मिश्र, रमेशचंद्र शुक्ला, सत्यप्रकाश दुबे, अरूणेश यादव आदि अधिवक्ता रहे।

## एसपी ने सुनी जन फरियाद



**सिद्धार्थनगर।** जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डा 0 अभिषेक महाजन ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याओं/ शिकायतों को सुना गया। गत बुधवार 14.01.2026 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन ने पुलिस कार्यालय मे आए फरियादियों के समस्याओ शिकायती प्रार्थना पत्रों की जनसुनवाई किया गया। जनसुनवाई के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने फरियादियों को त्वरित न्याय सुलभ कराए जाने का भरोसा दिलाते हुए अपने मधुर बचनों से संतुष्ट करने का प्रयास किया गया, जनसुनवाई मे कुल 07 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें 01 परिवारिक विवाद, 02 भूमि विवाद तथा शेष 04 अन्य से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।

## जनता इंटर कॉलेज बाउंड्री पर बालू गिराकर किया अतिक्रमण

बांसी सिद्धार्थनगर- जिले के बांसी विकासखंड अंतर्गत के जनता इंटर कॉलेज असिधवा, चेतिया की बाउंड्री वॉल के पास बालू गिराकर अतिक्रमण किया जा रहा है। इस अतिक्रमण के कारण विद्यालय के छात्रों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रधानाचार्य ने इस संबंध में पुलिस अधिकारियों से शिकायत की है। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील कुमार ने बताया कि कॉलेज की बाउंड्री वॉल से सटे उत्तर दिशा में गुड्डू ट्रेडर्स नामक बालू विक्रेता द्वारा बालू गिराई जा रही है।

पूर्वोत्तर रेलवे
खुली ई–निविदा सूचना संख्याः SRDEE-TRD-IZN-2025-26-T27 दि.13.01.2026
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु "खुली" ई– निविदा आमंत्रित करते है। क्र. सः 1, कार्य का नामः पीलीभीत स्टेशन पर यार्ड के पुनर्निर्माण के दौरान ओएचई से संबंधित कार्य। टेंडर रिफरेंश नं.: SRDEE-TRD-IZN-2025-26-T27, कार्य का अनुमानित लागत रुपया में: 4,68,63,555.66, अमानत राशि/बिड सिक्यूरिटीः 3,84,300.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य रुपया मेंः 00, निविदा बंद होने की तिथि एवं समयः 05.02.2026 11:00, कार्य पूरा करने की अवधिः 12 माह, • खुली ई–निविदा दिनांक 05.02.2026 को 11:00 बजे तक जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।
वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी इज्जतनगर
मुजाधि/विद्युत–255
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

# जब गांव विकसित होंगे, तभी प्रदेश और देश का विकास होगा : नितिन अग्रवाल

## श्रावस्ती दौरे पर प्रभारी मंत्री, किया योजनाओं पर समीक्षा



**श्रावस्ती।** प्रदेश के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आबकारी एवं मद्य निषेध विभाग, उत्तर प्रदेश तथा जनपद के प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल एक दिवसीय भ्रमण पर जनपद श्रावस्ती पहुंचे। कलेक्ट्रेट पहुंचने पर अध्यक्ष जिला पंचायत दद्दन मिश्र, सदस्य विधान परिषद पद्मसेन चौधरी, जिलाध्यक्ष डॉ. मिश्रीलाल वर्मा, जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों ने अगुवानी कर प्रभारी मंत्री का भव्य स्वागत किया। इसके उपरांत प्रभारी मंत्री ने गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी ली। दौरे के दौरान प्रभारी मंत्री द्वारा दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग एवं रेडक्रास सोसायटी के सौजन्य से आठ दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित किए गए। इनमें मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल, सामान्य ट्राइसाइकिल, कान की मशीन, वॉकिंग स्टिक एवं कम्बल शामिल रहे। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने कहा कि दिव्यांगजनों का सशक्तिकरण प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार निरंतर कार्य कर रही है। इसके पश्चात प्रभारी मंत्री ने विकसित भारतझजी राम जी योजना के संबंध में पत्रकार बंधुओं के साथ प्रेसवार्ता को संबोधित किया। उन्होंने नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लक्ष्य वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाना है। इस संकल्प की पूर्ति में विकसित भारत जी राम जी योजना महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि जब गांव विकसित होंगे, तभी प्रदेश और देश का समग्र विकास संभव हो सकेगा।

प्रेसवार्ता में प्रभारी मंत्री ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों में उल्लेखनीय वृद्धि की जाएगी। पूर्व में मनरेगा के तहत 100 दिन के रोजगार की गारंटी थी, जबकि अब 125 दिन तक रोजगार की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही श्रमिकों को समय पर मजदूरी का भुगतान किया जाएगा तथा विलंब की स्थिति में संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस योजना से श्रमिकों की आय में लगभग 25 प्रतिशत की सीधी वृद्धि होगी।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के मूल मंत्र के साथ कार्य कर रही है, जिससे समाज के प्रत्येक वर्ग को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। सरकार का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करना है।

उक्त अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद, अपर जिलाधिकारी अमरेन्द्र कुमार वर्मा, उपजिलाधिकारी भिनगा आशीष भारद्वाज, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी डॉ. अजीत कुमार, आपदा विशेषज्ञ अरुण मिश्र सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

इसके उपरांत माननीय प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) 2025 के अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि अंतिम रूप से प्रकाशित मतदाता सूची में प्राप्त होने वाली आपत्तियों का निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

उ०प्र० राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड
अनपरा, सोनभद्र
निविदा सं० एवं कार्य का विवरण
1. ई–निविदा सं०: टी–10/ जा०अनु०ख०–1/अताप/2025–26, अनपरा 'अ' ताप स्थित डी० एम० प्लान्ट के एसिड स्टोरेज टैंक के संरचनाओं एवं रैम्प के नवीनीकरण का कार्य।
प्रपत्र शुल्क : रू0 1180.00 | धरोहर राशि : रू0 51,000.00
ई–निविदा भरने की अन्तिम तिथिः 03.02.2026, (17:00 बजे तक)
निविदा के परिशिष्ट/शुद्धिपत्र/निरस्तीकरण आदि की सूचना हेतु नियमित रूप से www.etender.up.nic.in देखें।
पत्रांकः 3195/मु0अभि0(स्तर–1)/अ0ताप/कला अनु0 दिनांक : 14/01/2026
"राष्ट्रहित में बिजली बचायें"

# बादशाह ने की सीएम योगी से शिष्टाचार भेंट



गोरखपुर। बॉलीवुड के मशहूर गायक बादशाह ने मंगलवार देर शाम गोरखनाथ मंदिर में महायोगी गुरु गोरखनाथ का दर्शन पूजन किया। उन्होंने मंदिर के बैठक कक्ष में गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट भी की। गोरखपुर महोत्सव के औपचारिक समापन समारोह के दिन मंगलवार को बॉलीवुड नाइट में अपनी गायन कला का प्रदर्शन करने आए गायक बादशाह ने मंचीय प्रस्तुति देने से पूर्व गोरखनाथ मंदिर पहुंचकर शिवावतार गुरु गोरखनाथ के दरबार में मत्था टेका। विधि विधान से दर्शन पूजन करने के बाद उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर मंदिर का प्रसाद ग्रहण करने के बाद वह विदा हुए।

## संगीताचार्य अमरजीत शास्त्री को सम्मानित करेगा धरा धाम

चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा तहसील क्षेत्र के सरैया गांव निवासी व बुद्धा इंटरमीडिएट कालेज कुशीनगर में संगीताचार्य अमरजीत मिश्र शास्त्री को धरा धाम इंटरनेशनल ने भारतेंदु हरिश्चंद अंतरराष्ट्रीय गौरव सम्मान से सम्मानित करने का निर्णय लिया है।

देवनागरी उत्थान फाउंडेशन, धरा धाम इंटरनेशनल, पं. तिलक राज शर्मा स्मृति ट्रस्ट (अमेरिका) एवं एशिया बुक ऑफ द वर्ल्ड रिकार्ड (श्रीलंका) के द्वारा नई दिल्ली के राजेन्द्र भवन ऑडिटोरियम आईटीओ में आयोजित हिंदी चेतना

शिखर-2026 अंतरराष्ट्रीय सम्मान समारोह कार्यक्रम में अमरजीत शास्त्री को यह सम्मान दिया जाएगा। इस कार्यक्रम के आयोजक मण्डल में डॉ सुनील दुबे, डॉ प्रेम प्रकाश पांडेय, डॉ नारायण यादव एवं सच्चिदानन्द शांडिल्य शामिल हैं।

# पंचायत चुनावः माघ मेले की मुफ्त सवारी से मतदाताओं को साधने की जुगत

## प्रधान जी की बसें और जनता का भरोसा

- चुनावी रंग में रंगा पिपरौली ब्लॉक का 63 ग्राम पंचायत

यजुगेन्द्र श्रीवास्तव

गीडा, गोरखपुर। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की आहट मिलते ही पिपरौली ब्लॉक की 63 ग्राम पंचायतों में सियासी पारा चढ़ गया है। कड़ाके की ठंड के बावजूद गांवों की चौपालों पर चुनावी चर्चाएं गर्म हैं। वर्तमान प्रधान अपनी कुर्सी बचाने की जद्दोजहद में जुटे हैं, तो वहीं नए प्रत्याशी विकास के बड़े-बड़े वादों के साथ मैदान में उतर चुके हैं। इस बार चुनाव प्रचार का अनोखा तरीका चर्चा का विषय बना हुआ है। प्रयागराज में चल रहे माघ मेले को प्रत्याशियों ने मतदाताओं को रिझाने का बड़ा जरिया बनाया है। कई गांवों में भावी उम्मीदवारों ने ग्रामीणों के लिए दर्जनों निःशुल्क बसों की व्यवस्था की है। इतना ही नहीं, संगम तट पर श्रद्धालुओं के रुकने, खाने-पीने और रहने का पूरा प्रबंध भी प्रत्याशियों द्वारा किया जा रहा है। गांव की गलियों में चर्चा है कि श्रद्धा भी अपनी जगह है और राजनीति भी। बता दे भले ही गांवों में लुभावने वादों और दावतों का दौर शुरू हो गया हो, लेकिन प्रत्याशियों की धड़कनें आरक्षण सूची को लेकर तेज हैं। हर कोई इस ताक में है कि उसकी सीट किस वर्ग के खाते में जाती है। आरक्षण के गणित को लेकर लोग एक-दूसरे से कयास लगाते नजर आ रहे हैं। कई ऐसे प्रत्याशी भी हैं जो पिछले कई महीनों से मेहनत कर रहे हैं, लेकिन उन्हें डर है कि आरक्षण का फेरबदल उनके सपनों पर पानी न फेर दे। ग्रामीण अमित सिंह, आलोक, अनुभव, संदीप दूबे, पवन सिसोदिया, राकेश कुमार, ओंकार यादव आदि ने कहा कि पिपरौली ब्लॉक की अधिकांश पंचायतों में इस बार मुकाबला दिलचस्प होने के आसार हैं। क्योंकि इस बार प्रत्याशियों के बीच खुद को सबसे बड़ा समाजसेवक साबित करने की होड़ मची है। कोई नाली-खडंजा ठीक कराने का वादा कर रहा है, तो कोई सुख-दुख में साथ खड़े होने की कसमें खा रहा है।




आगामी चुनावों की सरगर्मियों के बीच पिछले पंचायत चुनाव 2021 के आरक्षण समीकरण एक बार फिर चर्चा में हैं। 63 सीटों वाले इस चुनावी दंगल में आरक्षण के गणित ने न केवल जीत-हार की पटकथा लिखी थी, बल्कि कई कद्दावर नेताओं को अपनी परंपरागत सीटें छोड़ने पर मजबूर कर दिया था।

## मतदाता सूची में गड़बड़ी को लेकर हुआ धरना प्रदर्शन

उरुवां, गोरखपुर। उरुवा ब्लॉक के ग्राम पंचायत नगवा प्रेम में मतदाता सूची में गड़बड़ी को लेकर वर्तमान प्रधान के नेतृत्व में ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन करते हुए गांव मतदाता सूची को ठीक कराने की मांग किया।

इस बावत ग्राम प्रधान संगीता देवी और उनके पति हनुमान गुप्ता ने बताया कि बीएलओ की लापरवाही से जारी डुप्लीकेट मतदाता सूची के 809 लोगों में मेरे परिवार के सदस्यों के साथ ही 330 अन्य लोगों का भी नाम है। और विरोधियों द्वारा सभी का नाम मतदाता सूची से काटने की साजिश रची जा रही है। ग्रामीण रणजीत राय, मनोज यादव, बलभद्र पाठक, रमाशंकर गुप्ता, आबिद अली, राजेश चौधरी, घनश्याम गुप्ता आदि लोगों ने बताया कि बीएलओ घर घर न जाकर लापरवाही पूर्वक कार्य कर रहे है। अगर मतदाता सूची में सुधार नहीं किया गया तो हम सभी लोग तहसील मुख्यालय पर भी धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे। इस बावत खंड विकास अधिकारी आसिफ अखलाक ने कहा कि मामले की जानकारी नहीं है। अगर शिकायत मिलती है तो मामले की जांच कराई जाएगी।

## गुरुद्वारे में लोहड़ी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



इटावा। गुरु तेग बहादुर साहिब गुरुद्वारे में लोहड़ी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संगत ने लोहड़ी जलाई और कच्ची लस्सी, तिल, गुड़, मूंगफली डालकर लोहड़ी की परिक्रमा कर माथा टेक कर मन्नतें मांगी और एक दूसरे को लोहड़ी की बधाइयां दीं। गुरूद्वारा गुरु तेग बहादुर साहिब कमेटी के अध्यक्ष तरनपाल सिंह कालरा ने सभी को लोहड़ी की लख लख बधाइयां देते हुए कहा कि लोहड़ी का पावन पर्व परिवार में आने वाले नए मेहमान जैसे नई बहू, बच्चा या फिर हर साल होने वाली फसल के स्वागत के लिए मनाया जाता। गुरुद्वारा गुरु तेग बहादुर साहिब में लोहड़ी जलाने के बाद सभी को रेवड़ी, गजक, मूंगफली आदि प्रसाद बांटकर संगत ने एक दूसरे को लोहड़ी पर्व की लख लख बधाइयां देते हुए सुंदरिए, मुंदरिए ओए, तेरा कौन बिचारा, दुल्ला भट्टी वाला, दुल्ले ने धी ब्याही व सबनूं लोहड़ी दी बधाई होबे और आ श्यामा सान्नू लोहड़ी दे, ज्यादा दे पाहवें थोड़ी दे लोहड़ी के गीतों पर भांगड़ा डांस किया। गुरुद्वारा तेग बहादुर साहिब में लोहड़ी के पावन पर्व पर नव विवाहित जोड़ों व नवजात बच्चों के परिवारों ने लोहड़ी की परिक्रमा कर पूजा अर्चना की। इस अवसर पर शहर के सर्व समाज के गणमान्य लोगों ने शामिल होकर एक दूसरे को लोहड़ी की शुभकामनाएं दीं।

## राधा वल्लभ मंदिर पर धूमधाम से मना खिचड़ी उत्सव



इटावा। शहर के वृंदावन धाम श्री राधाबल्लभ मंदिर पर मकर संक्रांति का पावन पर्व बुधवार को श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया। इस मौके पर श्री राधाबल्लभ लाल जी महाराज का आकर्षक श्रंगार कर पंचमेवा औषधीय खिचड़ी का भोग अर्पित किया गया वही छप्पन भोग भी लगाये गये। त्यौहार के मौके पर मंदिर को फूलों से सजाया गया था। पूरे दिन मंदिर व आसपास के क्षेत्र में भगवान राधा वल्लभ लाल व राधा रानी के जयघोष गुंजायमान होते रहे। मंदिर आने वाले भक्तों ने विशेष खिचड़ी का प्रसाद वितरित किया गया। ब्रज में खिचड़ी उत्सव काफी उल्लास के साथ मनाया जाता है। क्यों कि भगवान राधा वल्लभ लाल को अन्य व्यंजनों के साथ खिचड़ी काफी प्रिय है। उसी परंपरा के अनुसार यहां पर भी उल्लास के साथ खिचड़ी उत्सव मनाया जाता है। ठाकुर जी के लिए विशेष प्रकार की खिचड़ी तैयार की जाती है। वैसे तो यह खिचड़ी शुद्ध घी में मूंग की दाल व चावल की बनी होती है लेकिन इस खिचड़ी में लोंग, इलायची, केसर, काली मिर्च, जायफल, जावित्री, पिस्ता, बादाम, छुहारा, गरी, किसमिस, अदरक, मुनक्का भी डाला जाता है, इसी औषधि युक्त खिचड़ी का भोग भगवान को अर्पित किया जाता है। त्यौहार के मौके पर ठाकुर जी चरण सेबक गोपाल प्रकाश चंद्र गोस्वामी ने सुबह मंदिर के गर्भ गृह में विराजमान ठाकुर जी का विशेष पूजन अर्चन करने के बाद गर्म नई पोशाक धारण कराकर श्रंगार किया।

## सफाई कर्मी का आरोपितों की गिरफ्तारी के आश्वासन पर अंतिम संस्कार

चकरनगर, इटावा। सीओ व जिपं सदस्य के कार्रवाई के आश्वासन पर मंगलवार को सफाई कर्मी के शव का यमुना घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। पुलिस की टीमें अभियुक्त ग्राम प्रधान फूल सिंह व साथी कृपाराम की तलाश में दबिश दे रहीं है, लेकिन आरोपी पुलिस गिरफ्त से दूर बताए गए है। थाना चकरनगर के गांव नगला जोर चांदई अड्डा निवासी घायल सफाई कर्मी श्याम बाबू की आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैंफई में उपचार के दौरान 11 जनवरी को मौत हो गई थी। पोस्टमार्टम के उपरांत स्वजन सोमवार को शव घर के वाहर रख कर आरोपित गिरफ्तार न होने तक अंतिम संस्कार न करने की जिद पर अड़े थे। लेकिन पुलिस क्षेत्राधिकारी अवनीश कुमार सिंह, महेवा तृतीय से समाजवादी के जिपं सदस्य फरियाद भारती व पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि महिपाल सिंह यादव के आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजने के आश्वासन पर स्वजन ने मंगलवार को शव का यमुना घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया। पुलिस की टीमें आरोपितों की तलाश में दविशें दे रहीं है। लेकिन आरोपितों की गरफ्तारी नहीं की जा सकी। बताते चलें कि उक्त सफाई कर्मी श्याम बाबू पुत्र राम अवतार आठ जनवरी की रात्रि में मारपीट के दौरान घायल हुए थे। अवनीश कुमार सिंह पुलिस क्षेत्राधिकारी चकरनगर ने बताया कि अभी गिरफ्तारी नहीं हुई है, टीमें संदिग्ध ठिकानों पर दबिश दे रहीं है।

# गोरखनाथ मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था का आला अधिकारियों ने लिया जायजा

जिला संवाददाता

गोरखपुर। खिचड़ी मेले के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुगमता एवं सुविधा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बुधवार को पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। इसी क्रम में अपर पुलिस महानिदेशक जोन गोरखपुर मुथा अशोक जैन, पुलिस उप महानिरीक्षक रेंज गोरखपुर एस चनप्पा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राज करन नय्यर ने श्री गोरखनाथ मंदिर परिसर का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का गहन निरीक्षण किया।



निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मंदिर परिसर, श्रद्धालुओं की आवाजाही, प्रवेशझ्निकास व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, सीसीटीवी निगरानी, पुलिस बल की तैनाती सहित भीड़ नियंत्रण की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए।

अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि खिचड़ी मेले के दौरान चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल की तैनाती रहेगी तथा संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। साथ ही आपात स्थिति से निपटने के लिए त्वरित प्रतिक्रिया दल को भी सक्रिय रखा गया है।

पुलिस प्रशासन ने श्रद्धालुओं से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए दिए गए निदेशों का पालन करें, जिससे खिचड़ी मेला शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराया जा सके।

## मकर संक्रांति मेले में नगर निगम की अनूठी पहल

# गोरखनाथ मंदिर परिसर में आरआरआर सेंटर का शुभारंभ



गोरखपुर। मकर संक्रांति के पावन अवसर पर गोरखपुर नगर निगम ने स्वच्छता, सेवा और सामाजिक सरोकार का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। गोरखनाथ मंदिर मेला परिसर में आरआरआर सेंटर एवं नगर निगम के अस्थायी कार्यालय का शुभारंभ किया गया। बुधवार को महापौर डॉ. मंगलेश कुमार श्रीवास्तव, विधायक विपिन सिंह एवं एमएलसी डॉ. धर्मेंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर इन केंद्रों का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा मेले में आए श्रद्धालुओं को गर्म वस्त्र तथा ह्यवार्षिक स्वच्छता कैलेंडरझ्2026ह्व का वितरण भी किया गया, जिससे स्वच्छता के साथ मानवीय संवेदना का संदेश दिया गया।

महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव ने बताया कि नगर को पर्यावरण-अनुकूल और संवेदनशील बनाने की दिशा में नगर निगम द्वारा वर्तमान में सात आरआरआर केंद्रों का संचालन किया जा रहा है। इन केंद्रों के माध्यम से नागरिक अपने अनुपयोगी लेकिन उपयोग योग्य वस्त्र, जूते, बैग एवं घरेलू सामान दान कर सकते हैं। एकत्रित सामग्री को छांटकर जरूरतमंद एवं वंचित वर्ग तक पहुंचाया जाता है, जिससे कचरा प्रबंधन के साथ सामाजिक सहयोग भी सुनिश्चित होता है।

कार्यक्रम के दौरान विधायक विपिन सिंह एवं एमएलसी डॉ. धर्मेंद्र सिंह ने नगर निगम की इस पहल को पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक उत्तरदायित्व का उत्कृष्ट उदाहरण बताते हुए इसकी सराहना की।

इस अवसर पर उप सभापति पवन त्रिपाठी, नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल, अपर नगर आयुक्त प्रमोद कुमार एवं दुर्गेश मिश्र, मुख्य अभियंता अमित शर्मा, सहित कई पार्षदगण एवं नगर निगम के अधिकारी उपस्थित रहे। नगर निगम ने आमजन से अपील की है कि वे अपने पुराने लेकिन उपयोगी सामान को आरआरआर केंद्रों पर दान करें। अपर नगर आयुक्त प्रमोद कुमार ने आश्वस्त किया कि दान में प्राप्त सामग्री को पूरी तरह स्वच्छ एवं उपयोग योग्य स्थिति में ही जरूरतमंदों तक पहुंचाया जाएगा। नगर निगम की यह पहल गोरखपुर को स्वच्छ, सुंदर और संवेदनशील शहर बनाने की दिशा में एक मजबूत और प्रेरणादायक कदम साबित हो रही है।

## सफारी पार्क के निदेशक डॉ. अनिल पटेल ने हरीशंकर को किया सम्मानित

इटावा। सफारी पार्क के निदेशक डॉ. अनिल कुमार पटेल एवं उपनिदेशक डॉ. विनय कुमार सिंह ने अपना दल एस के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, बैडमिन्टन प्रशिक्षक डॉ. हरीशंकर पटेल जिला वरिष्ट उपाध्यक अरवल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल, इटावा को अंग वस्त्र, प्रतीक चिन्ह, प्रशस्ति पत्र के साथ सफारी की हैन्ड पहनाकर को इटावा सफारी पार्क, में 28वीं अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता हेतु 15 अक्टूबर से 7 नवंबर तक आयोजित किए गए विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों के बैडमिंटन प्रशिक्षण शिविर में खिलाड़ियों को निशुल्क सफलतापूर्वक प्रशिक्षण देने के फलस्वरूप इटावा सफारी पार्क में सम्मानित किया गया।

## समाचार पत्र विक्रेता की माताजी के निधन पर शोक

इटावा। समाचार पत्र अधिकर्ता संजीव वाथम एवं संदीप वाथम की माता राजाबेटी के निधन से समाचार पत्र विक्रेता एवं पत्रकारिता जगत में शोक की लहर दौड़ गई। इस दुखद अवसर पर समाचार पत्र विक्रेता संघ के जिलाध्यक्ष विमल जैन ने आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की गई शोकसभा का आयोजन किया गया। दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की तथा शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। जिलाध्यक्ष ने कहा कि राजाबेटी सरल, मिलनसार एवं धर्मपरायण स्वभाव की महिला थीं और समाज में उनका विशेष सम्मान था। संजीव वाथम एवं संदीप वाथम को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी अभिनंदन जैन नंदू ने कहा कि दुःख की इस घड़ी में पूरा समाचार पत्र विक्रेता संघ शोक संतप्त परिवार के साथ खड़ा है। शोकसभा के अंत में दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।

**सूचना**

इंडियन बैंक खाते में मेरा नाम सांवली दर्ज है जबकि अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम सुशीला है। उपरोक्त दोनों नाम मेरे ही है। सुशीला पत्नी राम सूरत निवासी भवनियापुर, किशुनपुर चोरवाभारी, भिनगा जनपद श्रावस्ती।

**सूचना**

सूचित हो कि मैने अपने पुत्र कुनाल शर्मा को उसका चाल चलन ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी। **श्रीमती सन्नो शर्मा पत्नी चन्द्र किशोर शर्मा नि. 41/559ख, डाक्टर तुफैल अहमद मार्ग, नरही, थाना हजरतगंज लखनऊ।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा फार्म 38 जिसका नं. OA-1000316 है वास्तव में कहीं खो गया है। जिसका किसी अन्य द्वारा प्रयोग किया जाता है तो अवैध होगा। गारमेंटेलो एक्सपोर्ट 1/51, विवेक खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ।

# 90 लाख की जमीन के एक नहीं, दो फर्जी बैनामा कराये

**ऊसराहार, इटावा।** ताखा तहसील मे नब्बे लाख रूपए की जमीन के एक नही दो फर्जी बैनामा किए गए हैं। बैनामा के समय आधार कार्ड और फोटो भले ही फर्जी लगाई गई थी लेकिन खतौनी असली लगी थी जिसमे पता भी असली लिखा था यानी बैनामा के समय जो दस्ताबेज शामिल किए गए थे उनमे एक पता नही बल्कि दो दो पता लिखे थे इसके बाद भी उप निबंधक कार्यालय मे कागजों को बिना गहराई से देखे नौ बीघा बेशकीमती जमीन का बैनामा कर दिया गया

ताखा तहसील मे 20 सितंवर से लेकर 9 अक्टूबर के बीच राकेश कुमार कठेरिया ने तेली जाति का फर्जी आधार कार्ड और फर्जी फोटो लगाकर पहले चार बीघा और फिर पांच बीघा जमीन का बैनामा कर दिया। राकेश कठेरिया ने बैनामा के समय आधार कार्ड का फर्जी प्रयोग भले ही किया हो लेकिन उसने अपना पता नही बदला आधार कार्ड मे उसका पता भरतिया गांव ही रहा। बैनामा के समय लगाई जानी वाली खतौनी को वह बदल नही पाया और खतौनी असली लगा दी। ये उसकी बडी चूक थी इसीलिए वह पहले बैनामा मे पचास लाख रूपए कीमत की चार बीघा जमीन को मात्र ढेड लाख रूपए मे शिरोमणि यादव को बेचने के लिए रजिस्टार कार्यालय पहुचा।

तारीफ की बात देखिए जब एक आम आदमी बैनामा करने जाता है तो सब रजिस्ट्रार सभी दस्तावेजों को बारीकी से पढकर जो खामियां होती है उन्हे गिनाता है। लेकिन यंहा तो दस्ताबेजो को देखना जरूरी तक नही समझा गया यदि एक बार भी दस्ताबेज चैक कर लिए जाते तो खतौनी और आधार कार्ड मे अलग अलग पता लिखे हुए सामने आ जाते जिससे यह फर्जी बैनामा रूक जाता। लेकिन ऐसा नही किया गया और नियमो की अनदेखी कर बैनामा कर दिया गया। बैनामा होने के बाद राकेश कठेरिया के हौसले बुलंद हो गए और उसने वीस दिन के अंदर नौ अक्टूबर को दूसरा बैनामा कर दिया। इस बार उसने चालीस लाख रूपए कीमत की पांच बीघा जमीन रजनीश यादव निवासी नगला भगे को पांच लाख मे बेंच दी। जमीन के असली मालिक राकेश बाबू गुप्ता बताते है यदि पहले बैनामा मे ही रजिस्टार कार्यालय मे सही से जांच की जाती तो उनकी नौ बीघा जमीन के दोनो फर्जी बैनामा रूक जाते लेकिन ऐसा जानबूझकर नही किया गया है। धोखाधडी कर इस तरह के बैनामा करने बाले अपनी सैटिंग बैनामा लेखक से लेकर रजिस्ट्रार कार्यालय तक रखते हैं पैसे के दम पर उनके कागजों की जांच नही होती है इस संबध मे सब रजिस्ट्रार प्रभारी राजीब कुमार ने बताया बैनामा के समय कागजों की जांच की गई थी ऊपर पता उसका लिखा था नीचे जो आदेश मे पता लिखा था उसे नही देखा गया।



# कार्यालय नगर पालिका परिषद, मोहम्मदी खीरी

**पत्रांक 683/न.पा.प.मो. / ई-प्रोक्योरमेण्ट नोटिस / निर्माण कार्य / 2025-26** — **दिनांक 14/01/2026**

**निविदा आमन्त्रण सूचना / ई-प्रोक्योरमेण्ट नोटिस**

समस्त पंजीकृत / अनुभवी ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, मोहम्मदी सीवरेज एवं जलनिकासी योजना, कान्हा गौशाला एवं बेसहारा पशु आश्रय योजना एवं अन्त्येष्टि स्थल योजना निधि से प्राप्त धनराशि से निम्न वर्णित कार्यों के निमित्त ई-निविदा बेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 16.01.2026 को प्रातः 10.00 बजे से दिनांक 16.02.2026 को पूर्वान्ह 11.30 बजे तक अपलोड की जा सकती है। ई-निविदा की समस्त निविदाओं को दिनांक 16.02.2026 को अपरान्ह 03.00 बजे गठित निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से ज्ञात की जा सकती है।

| क्र. सं. | निधि का नाम | कार्य का नाम | कार्य की आंगणन राशि | बिड सिक्योरिटी | निविदा प्रपत्र का मूल्य (समस्त करों सहित रू. में) | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सीवरेज एवं जलनिकासी योजना | पुत्तन सलमानी के मकान से मुकेश बालमीकि के मकान तक आर.सी.सी. नाला का निर्माण | 2404000 | 48080 | 2450+2450+882 = 5782 | 45 दिवस |
| 2 | | मो0 आरिफ मंसूरी के मकान से एहसान के मकान तक आर.सी.सी. नाला निर्माण | 2378000 | 47560 | 2400+2400+864 = 5664 | 45 दिवस |
| 3 | | अब्दुल रहमान के मकान से विजय की बाग के कोने तक आर.सी.सी. नाला निर्माण | 2282000 | 45640 | 2300+2300+828 = 5428 | 45 दिवस |
| 4 | | सलीम के मकान से उमर बम्बई वाले तक आर.सी.सी. नाला निर्माण | 2286000 | 45720 | 2300+2300+828 = 5428 | 45 दिवस |
| 5 | | आरिफ के मकान से सहाकत के मकान तक आर.सी.सी. नाला निर्माण | 2326000 | 46520 | 2350+2350+846 = 5546 | 45 दिवस |
| 6 | | सदाकत के मकान से मण्डी गेट से पहले तक आर.सी.सी. नाला निर्माण | 2369000 | 47380 | 2400+2400+864 = 5664 | 45 दिवस |
| 7 | | मो. सरैया में सरैया रोड पर भुर्जी वाली पुलिया से हजारी वाली पुलिया से पहले तक आर.सी.सी. नाला निर्माण | 1851000 | 37020 | 1900+1900+684 = 4484 | 45 दिवस |
| 2 | कान्हा गौशाला एवं बेसहारा पशुआश्रय योजना | कान्हा गौशाला निर्माण कार्य (गाटा सं0 234 ख/1.316 हे. के अन्तर्गत 0.272 हे. ग्राम भानपुर बनवारी निकट मा० कांशीराम जी आवास कालोनी | 16445000 | 328900 | 16446+16445+5920= 3881 | 45 दिवस |
| 3 | अन्त्येष्टि स्थल विकास योजना | वार्ड नं0-03 भानपुर बनवारी में (निकट मा. कांशीराम जी शहरी आवास कालोनी) अन्त्येष्टि स्थल / श्मशान घाट का निर्माण कार्य | 4262000 | 85240 | 4300+4300+1548 = 10148 | 45 दिवस |

**अवर अभियन्ता** **अधिशासी अधिकारी** **अध्यक्ष**

संक्षेप

## दबंगों ने घर में घुसकर किया हमला, चार घायल

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रामपुर गोकुल में शराब के नशे में हुआ विवाद देखते ही देखते खूनी संघर्ष में बदल गया। आरोप है कि गांव के ही दबंग किस्म के लोगों ने लाठी-डंडे, तलवार और बांका लेकर एक परिवार के घर में घुसकर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में एक ही परिवार के चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, पीड़ित योगेन्द्र कुमार वर्मा के अनुसार सोमवार रात करीब 7.30 बजे भोजन के बाद वह परिवार के साथ घर में मौजूद थे। इसी दौरान गांव के ही नीरज कुमार और रंजीत कुमार शराब के नशे में उनके घर के बाहर पहुंचकर गाली-गलौज करने लगे। परिजनों के समझाने पर दोनों वहां से चले गए, लेकिन कुछ देर बाद रात करीब 9 बजे हथियारों से लैस होकर दोबारा लौट आए। आरोप है कि आरोपियों ने घर में घुसते ही योगेन्द्र वर्मा के भतीजे निखिल के सिर पर तलवार से वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बीच-बचाव करने पहुंचे मनोज पर भी तलवार से हमला किया गया। इसके बाद झम्मन लाल और स्वयं योगेन्द्र कुमार वर्मा पर बांके से प्रहार किया गया। हमले में चारों लोग लहूलुहान हो गए।

## रंजिश में युवक को पीटा

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कोतवाली क्षेत्र के कुशमौरी गांव में मंगलवार शाम आपसी रंजिश को लेकर दबंगों ने एक युवक की बेरहमी से पिटाई कर दी। लाठी-डंडों और लात-घूंसों से हुए हमले में युवक के सिर में गंभीर चोटें आईं। बीच-बचाव करने पहुंची उसकी मां को भी आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। ग्राम कुशमौरी निवासी शीलू देवी पत्नी आनंद शुक्ला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 12 जनवरी की शाम करीब 8.30 बजे गांव के ही दिलीप शुक्ला, प्रदीप शुक्ला, पंकज उर्फ गुड्डू पुत्रगण इंद्रपाल शुक्ला तथा रोहित पुत्र बालकराम ने एकजुट होकर उनके पुत्र शशिकांत शुक्ला के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों व लात-घूंसों से हमला कर दिया, जिससे शशिकांत के सिर में गंभीर चोटें आईं। शोरगुल सुनकर जब शीलू देवी अपने पुत्र को बचाने पहुंचीं तो आरोपियों ने उन्हें भी जानमाल की धमकी दी और मौके से फरार हो गए। घटना के बाद परिजन घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल ले गए। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने चारों नामजद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस के अनुसार घायल का मेडिकल परीक्षण कराया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

# सीडीओ ने निर्माणाधीन मेला मैदान से मिदनियां सड़क के परखे हालात



जिला संवाददाता(vol)

लखीमपुर खीरी। सीडीओ अभिषेक कुमार ने एसडीएम सदर के साथ मेला मैदान से मिदनियां तक निर्माणाधीन आरसीसी सड़क का स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान सड़क के मध्य स्थित विद्युत खंभों एवं ट्रांसफार्मर को सड़क किनारे स्थानांतरित किए जाने के कार्य की प्रगति भी देखी गई। इस संबंध में अधिशासी अभियंता, विद्युत को निर्देशित किया गया कि सड़क के मध्य लगे विद्युत पोलों को आगामी दो दिनों के भीतर सड़क के किनारे शिफ्ट कराया जाए। साथ ही संबंधित अधिकारियों को सड़क निर्माण कार्य को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं मानकों के अनुरूप पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए गए। इसके उपरांत सीडीओ द्वारा मेला मैदान चौराहे से मिदनियां की ओर जाने वाली सड़क पर यातायात जाम एवं अतिक्रमण की स्थिति का मौके पर निरीक्षण किया गया। सड़क के किनारे दुकानों के बाहर रखे सामान एवं अस्थायी अतिक्रमण के कारण उत्पन्न हो रही समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए सीडीओ ने एसडीएम सदर तथा अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका को निर्देशित किया कि दुकान के बाहर एवं सड़क पर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को तत्काल स्वयं अतिक्रमण हटाने के निर्देश जारी किए जाएं, जिससे यातायात व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालित किया जा सके। साथ ही सीडीओ द्वारा मौके पर उपस्थित दुकानदारों से अपील की गई कि वे जनहित को ध्यान में रखते हुए अपना सामान सड़क पर न रखें तथा स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाकर प्रशासन को सहयोग प्रदान करें। इस अवसर पर सीडीओ के साथ एसडीएम सदर अश्वनी सिंह, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी अरविंद कुमार वर्मा, अधिशासी अभियंता विद्युत सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खीरी में उत्साह के साथ मनाया गया पूर्व सैनिक दिवस

जिला संवाददाता(vol)

- डीएम ने वीर नारियों एवं पदक विजेता पूर्व सैनिकों को किया गया सम्मानित

लखीमपुर खीरी। जिला प्रशासन के तत्वावधान में उत्साह, उल्लास, उमंग से जिले में ¬सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस¬ मनाया गया।

जिला सैनिक कल्याण पुनर्वास दफ्तर में आयोजित कार्यक्रम में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, जिला सैनिक कल्याण पुनर्वास अधिकारी विंग कमांडर धनंजय प्रसाद संग वीरनारी शांति रावत, ऑनररी कैप्टेन संतोष सिंह सेना मेडल एवं अन्य दस वरिष्ठ पूर्व सैनिकों को स्मृति चिन्ह एवं शाल भेंट कर सम्मानित किया। इससे पूर्व अमर जवान स्मारक पर डीएम ने देश की सुरक्षा की खातिर शहीद हुए कारगिल शहीदों को पुष्प चढ़ाकर नमन किया। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने भारतीय सशस्त्र बल वेटरन दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी पूर्व सैनिक देश के लिए प्रेरणा हैं। पूरे देश को आप पर गर्व है। उन्होंने भारतीय सशस्त्र बल सैनिकों के राष्ट्र निर्माण व इसकी रक्षा में उनके अमूल्य योगदान को विस्तार से रेखांकित किया। देश के लिए अपना सब कुछ न्योछावर करने वाले वीर योद्धाओं की वीरांगनाओं को देखकर मन में वीरता और गर्व की अनुभूति हो रही है। वीरांगनाओं का राष्ट्र निर्माण के लिए जो समर्पण है, उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। डीएम ने कहा कि पूर्व सैनिक दिवस 14 जनवरी, 2017 से मनाया जा रहा है। यह दिन सेवानिवृत्त, सेवारतजनों, देश के बीच सौहार्द सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उन नायकों को प्रतिबिंबित करने, स्मरण करने तथा उनका सम्मान करने के लिए समर्पित है, जिन्होंने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है और निस्वार्थ भाव से देश की सेवा की है।

## लोहड़ी व मकर संक्रांति पर जरूरतमंदों में कंबल वितरण

पिपरिया धनी, खीरी। वीओएल। गोला विधानसभा क्षेत्र के सुभाषनगर (अशरफनगर ग्रांट) में गुरुद्वारे के निकट लोहड़ी और मकर संक्रांति के अवसर पर भव्य सम्मान एवं कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।




कार्यक्रम में कड़ाके की ठंड को देखते हुए सैकड़ों जरूरतमंद महिला-पुरुषों को कंबल वितरित किए गए।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खालसा विश्व एकता मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भाजपा सदस्य सरदार जोगिंदर सिंह खालसा रहे। आयोजकों की ओर से उन्हें शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि ने लोहड़ी और मकर संक्रांति पर्व के धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए आपसी भाईचारे और सेवा भाव का संदेश दिया। कार्यक्रम के आयोजक समाजसेवी हरदेव सिंह उर्फ पप्पू ने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति को यदि किसी भी प्रकार की सहायता की आवश्यकता हो तो वह उनसे संपर्क कर सकता है, सेवा के लिए वे हर समय तत्पर रहेंगे।कंबल वितरण के दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्रीय ग्रामीणों की मौजूदगी रही। आयोजन में आचार्य संजय मिश्रा, विपिन कुमार मिश्रा, गुमीत कौर गाखल (जिला उपाध्यक्ष, अल्पसंख्यक महिला मोर्चा भाजपा), ओमकार सिंह (जिला उपाध्यक्ष, अल्पसंख्यक मोर्चा भाजपा), जरनैल सिंह, सुखविंदर सिंह, कश्मीर सिंह, कुलदीप सिंह, समाजसेवी अमरजीत सिंह, लवी राय सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## अमेरिकन यूनियन में श्रवण कुमार ने किया प्रतिनिधित्व

जौनपुर। पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर स्थित प्रो. राजेंद्र सिंह ह्यरज्जू भैयाह्ल शोध संस्थान के भू एवं ग्रहीय विज्ञान विभाग में कार्यरत डॉ. श्रवण कुमार ने अमेरिका के न्यू ऑरलियन्स, लुइसियाना में अमेरिकन जियोफिजिकल यूनियन की वार्षिक बैठक में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व कर गौरवान्वित किया।डॉ. श्रवण कुमार की उत्कृष्ट शोध क्षमता एवं वैश्विक योगदान को मान्यता देते हुए भारत सरकार की नेशनल रिसर्च फाउंडेशन ने उन्हें इंटरनेशनल ट्रैवल सपोर्ट प्रदान किया। यह उपलब्धि उनके एटमॉस्फेरिक एरोसोल एवं क्लाइमेट चेंज संबंधी महत्वपूर्ण शोध कार्य को अंतरराष्ट्रीय मंच पर रेखांकित करती है। कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने डॉ. श्रवण कुमार को हार्दिक बधाई देते हुए कहा, ह्लयह सफलता न केवल उनके व्यक्तिगत शोध की पहचान है, बल्कि पूर्वांचल विश्वविद्यालय के लिए वैश्विक स्तर पर गर्व का विषय है। यह उच्च शिक्षा एवं अनुसंधान को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने वाली मील का पत्थर है।

## ग्रामीणों को बांटे कम्बल



लखीमपुर खीरी। बुधवार को मकर संक्रांति व लोहड़ी पर्व के अवसर पर सरदार हरपाल सिंह प्रदेश अध्यक्ष ऑल इंडिया सिख पंजाबी वेलफेयर काउंसिल व सरदार इकबाल सिंह प्रतिनिधि ग्राम प्रधान गुठना बुजुर्ग के द्वारा अपने आवास पर खिचड़ी भोज व कंबल वितरण का आयोजन किया गया।

श्री हरपाल ने क्षेत्र के लोगों को कंबल व महिलाओं को शाल वितरित कर खिचड़ी भोज कराया। सरदार हरपाल सिंह ने अवगत कराया की इस परंपरा की शुरूआत करीब 20 वर्ष पहले उनकी दादी के द्वारा की गई थी। जिसका वह अपने पिताजी व परिवार के सदस्यों के सहयोग से लगातार कर रहे हैं। दर्जनों ग्रामीण ने इस कार्यक्रम की सराहनीय कार्य की सराहना की। इस मोके पर रामकिशोर शुक्ला, ब्लास्टर लाल मिश्रा, मनोज कुमार, संतराम, विपिन कुमार वर्मा, इरशाद अली, सुधाकर मिश्रा, रामपाल, सुधीर वर्मा लल्लन, भानु प्रकाश मिश्रा, शिवम मिश्रा सहित क्षेत्र के सैकड़ो लोगों ने सहभागिता की।

## बाल उद्यान में हुआ सुंदरकांड पाठ

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। स्वामी विवेकानंद जी की 163वीं जयंती स्वामी विवेकानंद बाल उद्यान, खुटार रोड गोला में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। जयंती समारोह के समापन अवसर पर धार्मिक वातावरण में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया।

सुंदरकांड पाठ पंडित बृजेश तिवारी एवं उनके सहयोगियों द्वारा विधिवत रूप से संपन्न कराया गया। पाठ के दौरान पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा और श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव के साथ सहभागिता की। इस अवसर पर प्रधानाचार्या शशि बाला रावड़ा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन और विचार आज भी समाज और विशेषकर युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उनके आदर्श आत्मबल, सेवा और राष्ट्रनिर्माण की दिशा दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा और आपसी सद्भाव बढ़ता है। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्या शशि बाला रावड़ा ने सुंदरकांड पाठ संपन्न कराने वाले पंडित बृजेश तिवारी व उनके सहयोगियों सहित कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों, सहयोगियों और श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर अंजू कालिया, पवन मिश्रा, सत्येंद्र शुक्ला, उमेश शुक्ला, धर्मेंद्र मिश्रा, आलोक बाजपेई, मनोज मिश्रा, राहुल मिश्रा, गौरव, मीना गुप्ता, सुमन बाजपेई, कमलेश सक्सेना, काजल शुक्ला, सपना श्रीवास्तव, सपना गुप्ता सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।



## अज्ञात वाहन की टक्कर से बहन की मौत, बाइक चालक भाई घायल



धौरहरा खीरी। धौरहरा क्षेत्र में महादेव कफारा पुल के पास बुधवार को कफारा जा रहे बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे बाइक पर सवार सात वर्षीय बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। बेहननपुरवा धौरहरा गांव निवासी जकी (22) अपनी बहन अलसफा (07) पुत्री जमाल अहमद, के साथ बाइक से अपने घर जा रहा था। जब वह कफारा गांव के बाहर पहुंचे तो अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे अलसफा की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसका भाई बाइक चालक जकी गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए सीएचसी धौरहरा भिजवाया।और बच्ची के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है। परिजनों में घटना के बाद कोहराम मचा हुआ।


## कार्यालय नगर पंचायत भीरा, जनपद लखीमपुर-खीरी

पत्रांक- 1037/ न.पं.भीरा/निविदा सूचना /2025-26, दिनांक : 13.01.2026

**निविदा सूचना**

एतद्द्वारा सम्बन्धित क्षेत्र में कार्यरत/रजिस्टर्ड फर्मो को सूचित किया जाता है कि राज्य वित्त आयोग द्वारा प्राप्त धनराशि से प्रस्तावित निम्नांकित कार्यों हेतु निविदा दिनांक- 14.01.2026 से दिनांक-21.01.2026 तक प्राप्त किया जाना है, इच्छुक व्यक्ति/फर्म, कॉलम संख्या 03 के क्रम मे दर रुपया मे अंकित करते हुए अपनी-अपनी मुहरबन्द निविदा दिनांक- 21.01.2026 को समय अपरान्ह 01.00 बजे तक नगर पंचायत कार्यालय में लिपिक पटल पर प्रस्तुत कर सकतें है, प्राप्त निविदा को उसी दिन अपरान्ह 02.00 बजे कार्यालय नगर पंचायत भीरा पर निविदादाताओं/ ठेकेदारो की उपस्थिति में अधिशाषी अधिकारी/अध्यक्ष नगर पंचायत भीरा के समक्ष खोला जायेगा। निविदा को बिना कोई कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करनें का अधिकार अधिशाषी अधिकारी/अध्यक्ष नगर पंचायत भीरा में निहित होगा। अन्य नियम व शर्ते किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय नगर पंचायत भीरा से मालूम की जा सकती है। कार्यों का विवरण निम्नवत है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | आगणन धनराशि | बिड सिक्योरिटी (इ.एम.डी.) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी.एस.टी. सहित | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पंचायत भीरा सीमान्तर्गत साइन बोर्ड के पेडस्टल पर चिनाई, प्लास्टर रंगाई पुताई कार्य। | रु. 113658 | रु. 11400 | रु. 590/- | 60 दिन |
| 2 | वार्ड नं. 02 में भीरा मैलानी रोड़ से ग्लोबल स्कूल के गेट नं. 01 के सामने तक इण्टरलाकिंग रोड़ निर्माण कार्य। | रु. 122700 | रु. 12300 | रु. 590/- | 60 दिन |
| 3 | वार्ड नं. 02 में भीरा मैलानी रोड़ से ग्लोबल स्कूल के गेट नं. 03 के सामने तक इण्टरलाकिंग रोड़ का निर्माण कार्य। | रु. 137500 | रु. 13800 | रु. 590/- | 60 दिन |
| 4 | वार्ड नं. 05 में बिन्दुआ फार्म हरगुन सिंह के मकान से अजीत सिंह के घर तक सी०सी० रोड़ निर्माण कार्य। | रु. 246000 | रु. 24600 | रु. 590/- | 60 दिन |
| 5 | वार्ड नं. 04 सैय्यद अली के मकान से शरीफ खान के मकान तक नाली/इण्टरलाकिंग रोड़ का निर्माण कार्य। | रु. 289300 | रु. 29000 | रु. 590/- | 60 दिन |
| 6 | वार्ड नं. 02 में भीरा मैलानी रोड़ से छाजूराम इण्टर कॉलेज के गेट के सामने तक नाला/इण्टरलाकिंग रोड़ का निर्माण कार्य। | रु. 345400 | रु. 34600 | रु. 590/- | 60 दिन |
| 7 | वार्ड नं. 02 सुन्दरगनर में रामरेखा के मकान से परमहंस के मकान तक नाली/ इण्टरलाकिंग रोड़ का निर्माण कार्य। | रु. 417100 | रु. 41800 | रु. 590/- | 60 दिन |
| 8 | वार्ड नं. 15 में जिगर हुसैन के मकान से निजामू के मकान तक, हसीन खाँ के मकान से अफसर के मकान तक नाली/ इण्टरलाकिंग रोड़ का निर्माण कार्य। | रु. 425500 | रु. 42600 | रु. 590/- | 60 दिन |
| 9 | वार्ड नं. 04 में मुकेश के मकान से शिवप्रसाद के मकान तक वाया बब्लू ड्राइवर के मकान के पास तक नाली/इण्टर लाकिंग रोड़ का निर्माण कार्य। | रु. 449400 | रु. 45000 | रु. 590/- | 60 दिन |
| 10 | वार्ड नं. 04 में विश्वनाथ के मकान से मेवालाल दिवाकर के मकान तक वाया मारुफ के मकान तक नाली/इण्टर लाकिंग रोड़ का निर्माण कार्य। | रु. 497500 | रु. 49800 | रु. 590/- | 60 दिन |
| 11 | वार्ड नं. 02 कुकरा पी.डब्ल्यू.डी. रोड़ से त्रिलोक सिंह के घर तक इण्टरलाकिंग रोड निर्माण कार्य। | रु. 647000 | रु. 64700 | रु. 1195/- | 60 दिन |
| 12 | वार्ड नं. 13 पिपरिया पी.डब्ल्यू.डी. रोड़ से हरिराम के मकान तक नाली व इण्टरलाकिंग रोड़ निर्माण कार्य। | रु. 886700 | रु. 88700 | रु. 1195/- | 60 दिन |
| 13 | नगर पंचायत भीरा ऑफिस में वाल पैनलिंग एवं फारसीलिंग का कार्य। | रु. 889000 | रु. 88900 | रु. 1195/- | 60 दिन |

**नोट** :- बिड सिक्योरिटी (इ.एम.डी.) की धनराशि निकाय निधि नगर पंचायत भीरा के खाता संख्या 41576232941 (State Bank of India, IFSC Code - SBIN0002527) मे जमा की जानी है अन्य किसी माध्यम से बिड सिक्योरिटी (इ.एम.डी.) स्वीकार्य नही होगी ।

**दिनेश कुमार शुक्ल**
**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पंचायत भीरा**

**चारू**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत भीरा**


## महिंद्रा ने लॉन्च की एक्सयूवी -7 एक्सओ व नयी इलेक्ट्रिक 1 ऐस

लखीमपुर खीरी। महिंद्रा ने अपनी दो नई गाड़ियां लखीमपुर के लैंडमार्क होटल में लांच की। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. इरा श्रीवास्तव नगर पालिका अध्यक्ष कर कमलों द्वारा दोनों गाड़ियों का अनावरण हुआ। उन्होंने बताया आज के परिवेश में इलेक्ट्रिक व्हीकल्स में महिंद्रा एक अग्रणी कंपनी बनी हुई है। नई इलेक्ट्रिक 9ऐस एंग्लो प्लेटफार्म पर आधारित है। यह ७ सीटर गाड़ी ७ सेकंड में जीरो से १०० किलोमीटर की गति पकड़ती है। पीछे की सीट भी वातानुकूलित हैं। सह-चालक बॉस मोड भी दिए गया है, जिससे सह-चालक के पीछे बैठे व्यक्ति को अपनी सीट एडजस्ट करने की सुविधा दी गयी है।

नई एक्स यू -7 एक्स ओ दविंची सस्पेंशन डंपिंग तकनीक फ्रीक्वेंसी सेलेक्टिव डम्पिंग के साथ है, जो की विश्व में प्रथम बार प्रस्तुत किया जा रहा है। इसमें सी2सी 31.2 सेंटीमीटर एचडी ट्रिपल स्क्रीन है जिसमें डॉल्बी विजन और डॉल्बी अट् ?मॉस दिए गया है, जिससे म्यूजिक की क्वालिटी बेहतरीन है, जिससे गाड़ी में सिनेमा थिएटर की अनुभूति होती है। यह दो प्रकार के इंजन में मिलती है। इसमें ऑटोमेटिक तरीके से गाड़ी के दरवाजे खुलने व बंद होने की तकनीक दी गयी है। इसमें अलेक्सा, चैट-जी पी टी शुरूआती मॉडल से मिलेगा। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक दिनेश अग्रवाल, देशदीपक अग्रवाल, महिंद्रा से एरिया प्रबंधक वेदिका श्रीवास्तव, विशाल शर्मा सहित शहर के प्रमुख व्यापारियों व ग्राहक मौजूद रहे।

# परीक्षा केंद्र निरस्तीकरण पर भड़के पुरातन छात्र, तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। पब्लिक इंटर कॉलेज में प्रबंधक और प्रधानाचार्य के बीच लंबे समय से चले आ रहे मतभेद का सीधा असर छात्रों पर पड़ गया है। आपसी विवाद के चलते कॉलेज का बोर्ड परीक्षा केंद्र निरस्त कर दिया गया, जिससे परीक्षार्थियों और उनके अभिभावकों में चिंता का माहौल है। कॉलेज के पुरातन छात्रों ने इस मामले को गंभीर बताते हुए तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा और तत्काल हस्तक्षेप की मांग की।

ज्ञापन में कहा गया कि यह संस्थान जिले ही नहीं, प्रदेश स्तर पर भी अपनी शैक्षिक पहचान रखता है। यहीं से उच्चतम व उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों सहित कई नामी राजनेता निकल चुके हैं। उत्कृष्ट शिक्षण व्यवस्था के कारण दूर-दराज से छात्र यहां अध्ययन के लिए आते रहे हैं। छात्रों का कहना है कि परीक्षा केंद्र अचानक निरस्त होने से उनकी तैयारी प्रभावित हो रही है। अब उन्हें दूरस्थ केंद्रों पर परीक्षा देनी पड़ेगी, जिससे मानसिक दबाव और असुविधा बढ़ेगी। बताया गया कि प्रधानाचार्य बाबूराम सागर ने समस्या के समाधान के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक को कई बार पत्राचार किया, लेकिन समय रहते कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया। नतीजतन विवाद बढ़ता गया और अंततः परीक्षा केंद्र निरस्त कर दिया गया। पुरातन छात्रों व नागरिकों ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की कि प्रबंधक और प्रधानाचार्य के बीच चल रही खींचतान को



तत्काल समाप्त कराया जाए, दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो, परीक्षा केंद्र शीघ्र बहाल किया जाए तथा कॉलेज की शैक्षिक व्यवस्था को सुरक्षित रखा जाए। साथ ही प्रधानाचार्य को नगर स्तर पर ही कार्यरत रखने की भी मांग की गई। पुरातन छात्रों ने चेताया कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो न केवल बोर्ड परीक्षाएं प्रभावित होंगी, बल्कि कॉलेज की वर्षों पुरानी प्रतिष्ठा को भी गंभीर नुकसान पहुंचेगा। इस मौके पर विमलेश गुप्ता, ललित शर्मा, सत्यप्रकाश मिश्रा, संदीप कुमार अवस्थी एडवोकेट, सुरेश गिरी एडवोकेट, दयाशंकर त्रिवेदी एडवोकेट, बृजेश तिवारी एडवोकेट, विजयकांत श्रीवास्तव एडवोकेट, सविता वाजपेई एडवोकेट, रमाकांत चौधरी एडवोकेट सहित अन्य पुरातन छात्र व नागरिक मौजूद रहे।

## संदिग्ध परिस्थिति में विवाहिता की मौत

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र के गांव मूड़ा गालिब में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई मृतका के भाई ने ससुराल के लोगों पर मारपीट करने और इलाज न करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को सूचना दी पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है। गांव रघवापुर थाना फूल बेहड़ निवासी वीरू ने बताया उसने अपनी बहन मंजू देवी 30 वर्षीय की शादी मुंडा गालिब निवासी अरविंद के साथ की थी जो गर्भवती थी बहनोई आए दिन मारपीट करता था बुधवार को गर्भवती की हालत बिगड़ने पर गांव में ही इलाज कराते रहे मरणासन्न अवस्था में अस्पताल लेकर पहुंचे जहां उसकी मौत हो गई है। बहनोई ने ससुरालियों को बीमारी की झूठी सूचना देने पर मायके वाले पहुंचे जहां उनकी पुत्री मृत अवस्था में मिलने पर हंगामा काटने लगे सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतका के भाई की सूचना पर शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। निरीक्षक उमेश चौरसिया के अनुसार मृतका का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है रिपोर्ट मिलते ही कार्रवाई की जाएगी।

# आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की हुई समीक्षा

जिला संवाददाता(vol)




आजमगढ़। डीएम रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि समस्त तहसीलों में राजस्व, सार्वजनिक भूमि एवं तालाबों पर हुए अवैध कब्जे की शिकायतों को गंभीरता से लेकर लेखपाल को मौके पर भेजें एवं प्रकरण की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करें एवं शिकायतकर्ता से वार्ता कर उसको संतुष्ट करें। यदि लेखपाल प्रकरण के निस्तारण में शिथिलता/लापरवाही करता है, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

विद्युत विभाग के शिकायतों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि सबसे अधिक शिकायत वाले ग्रामों में विद्युत विभाग के अधिकारी जाएं तथा शिकायतकर्ता से बात कर उसका निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा विभाग को निर्देश दिया कि आरटीई के तहत अभिभावकों के खाते में भेजे जाने वाली धनराशि से संबंधित शिकायतों को निर्धारित अवधि में निस्तारित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी एबीएसए बच्चों के अभिभावकों को बुलाकर आवश्यक दस्तावेज लेकर फीड कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिस बच्चे का आधार नहीं बना है, उसके लिए खंड विकास अधिकारी एवं एबीएसए की कमेटी गठित कर कैंप लगाएं एवं आवश्यक अभिलेखों को लेकर आधार कार्ड बनवाना सुनिश्चित करें।

- **आईजीआरएस पोर्टल पर कोई भी प्रकरण डिफाल्टर की श्रेणी में नहीं जाना चाहिए: डीएम**

जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग को खोरहटा ग्राम में अतिक्रमण की शिकायत के संबंध में संबंधित तहसील के उप जिलाधिकारी से समन्वय स्थापित कर पैमाइश कराकर निस्तारित करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने समस्त अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिया कि आईजीआरएस पोर्टल पर जो भी शिकायत प्राप्त होती हैं, उसको निर्धारित अवधि में निस्तारित करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि जहां पर अधिशासी अधिकारी लापरवाही करता है, वहां मुख्य राजस्व अधिकारी स्वयं जांच कर प्रकरण का निस्तारण करना सुनिश्चित करें।जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जमीन से संबंधित एवं अन्य बार-बार आने वाली शिकायतों को गंभीरता से लेकर उसका गुणवत्तायुक्त निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

उप जिलाधिकारी बूढ़नपुर, लालगंज, जिला कार्यक्रम अधिकारी, खंड विकास अधिकारी जहानागंज एवं अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत फूलपुर द्वारा आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त अधिकतम शिकायतों को निर्धारित समय में गुणवत्तायुक्त निस्तारित करने पर जिलाधिकारी ने उनकी प्रशंसा की।

इसके साथ ही जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों को निर्धारित अवधि में गुणवत्तायुक्त निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पोर्टल पर कोई भी प्रकरण डिफाल्टर की श्रेणी में नहीं जाना चाहिए। उन्होने कहा कि सबसे अधिक शिकायत/ असंतुष्ट फीडबैक वाले ग्रामों में संबंधित अधिकारी मौके पर जायें एवं शिकायतकर्ता से बात कर संतुष्ट करते हुए प्रकरण का निस्तारण करें। बैठक में मुख्य राजस्व अधिकारी संजीव ओझा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 एनआर वर्मा, डीसी मनरेगा राम उदरेज यादव सहित समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## 36.19 लाख की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण



जौनपुर। नगर पालिका परिषद, द्वारा नगर क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में कराए गए विकास कार्यों का लोकार्पण अध्यक्ष श्रीमती मनोरमा मौर्या द्वारा किया गया। इन विकास कार्यों पर कुल लगभग 36.19 लाख रुपये की लागत आई है।

वार्ड संख्या 6 कलीचाबाद में राज मुनिराज चौहान के मकान से चन्दन चौहान के मकान तक इंटरलॉकिंग सड़क एवं पीपीसी पाइप द्वारा जलनिकासी कार्य (8.50 लाख रुपये), वार्ड कटघरा मोहल्ला तारापुर कॉलोनी में आर.के. लाल के मकान से सुरेन्द्र के मकान तक इंटरलॉकिंग सड़क एवं पीवीसी पाइप द्वारा जलनिकासी कार्य (2.90 लाख रुपये), वार्ड कटघरा तारापुर कॉलोनी सेक्टर-13 में आई.बी. सिंह के मकान से मजार तक नाली एवं इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य (4.67 लाख रुपये) शामिल हैं। मोहल्ला ताड़तला में मां विध्यवासिनी मंदिर के पास व्यायामशाला निर्माण कार्य (5.00 लाख रुपये), मोहल्ला मीरमस्त में दुलारे के मकान से पल्लू के मकान तक एवं अल्ताफ के मकान से इमामबाड़ा तक नाली व इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य (5.40 लाख रुपये), वार्ड मीरमस्त में रुस्तम के मकान से हाजी नशाद के मकान तक नाली व इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य (5.03 लाख रुपये) तथा मोहल्ला डेरायुसूफ में चौरा माता मंदिर से मिठाई लाल मौर्या के मकान तक पीवीसी पाइप द्वारा जलनिकासी कार्य (4.69 लाख रुपये) का लोकार्पण किया गया। सभासद विष्णु सेठ, रेखा मौर्या, अवर अभियंता जल रागिनी मौर्या, प्रियंका यादव, कार्यालय अधीक्षक अवधेश कुमार राय, लिपिक अरविन्द यादव, रिजयान हैदर, आदि उपस्थित रहे।

## परंपरागत तरीके से मनाया जायेगा गणतंत्र दिवसः डीएम

आजमगढ़। डीएम रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में 77वॉ गणतंत्र दिवस 26 जनवरी समारोह को गरिमापूर्ण ढ़ंग से मनाये जाने की तैयारी के सम्बन्ध में बैठक आयोजित की गई।

जिलाधिकारी ने कहा कि जिलाधिकारी ने कहा कि प्रातः 7 बजे से परिषदीय विद्यालय के बच्चों द्वारा प्रभात फेरी निकाली जायेगी। उन्होने कहा कि सभी सरकारी भवनों /कार्यालयों पर शासनादेश के अनुसार परंपरागत तरीके से 8.30 बजे झण्डारोहण एवं सामूहिक राष्ट्रगान किया जाए। इसके साथ ही संविधान की शपथ भी दिलायी जाए। उन्होने कहा कि 9:30 बजे पुलिस लाईन आजमगढ़ में झण्डारोहण/सामूहिक राष्ट्रगान किया जायेगा। उसके तुरन्त बाद पुलिस विभाग द्वारा परेड करायी जायेगी।इस अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों तथा सेना अथवा पुलिस बल के शहीदों के परिजनों को सम्मानित कराया जाए। प्रातः 10 बजे जनपद के समस्त शिक्षण संस्थाओं में राष्ट्रध्वज फहाराया जायेगा।जिलाधिकारी ने कहा कि गणतंत्र दिवस के आयोजन के लिए कार्यालयों एवं प्रतिष्ठानों की सफाई कराने के साथ ही उत्तम प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित करायें। जिलाधिकारी ने समस्त अधिशासी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर प्रमुख चैराहों, महापुरुषों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों से जुड़े स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की मूर्तियों/स्थलों की सफाई सुनिश्चित कराते हुए फूल-माला से सजाया जाए। उन्होंने कहा कि नगर पालिका/नगर पंचायतों की मलिन बस्तियों की विशेष सफाई एवं चूने का छिड़काव किया जाए। उन्होंने कहा कि मण्डलीय चिकित्सालय, जिला चिकित्सालय, महिला चिकित्सालय सहित समस्त चिकित्सालयों, थाना एवं तहसीलों में प्रॉपर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराते हुए सजाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि डीपीआरओ ग्रामीण क्षेत्रों में, ईओ नगर पालिका/नगर पंचायतों में, बीएसए एवं डीआईओएस प्राथमिक तथा माध्यमिक शिक्षा के विद्यालयों में सफाई एवं सजाने की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। जिलाधिकारी ने कहा कि स्कूलों/ विद्यालयों में बच्चों को गणतंत्र की मूल भावना की जानकारी दी जाए।

## सड़क सुरक्षा की शपथ दिलायी

जौनपुर । भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के निर्देश पर राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माहश को जीरो फैटेलिटी माह के रूप में मनाया जा रहा है।यह अभियान 1 जनवरी से 31 जनवरी तक चलेगा। सड़क सुरक्षा माह के 13वें दिन बुधवार को एआरटीओ कार्यालय में एक बैठक आयोजित की गई। इसमें बस, ट्रक और ऑटो यूनियन के सदस्यों ने हिस्सा लिया। एआरटीओ ने सभी उपस्थित सदस्यों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई। बैठक के बाद, एआरटीओ ने जनपद के सभी नागरिकों से सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने और सुरक्षित रहने की अपील की।इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को शून्य करना है।

## एसडीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण

जौनपुर। राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 135। के विस्तारीकरण के संबंध में ग्राम खरगीपुर महरौरा गोधना में भूमि अधिग्रहण के सम्बन्ध में आ रही समस्या के निराकरण हेतु उप जिलाधिकारी शाहगंज, नायब तहसीलदार लपरी व क्षेत्रीय लेखपाल के साथ स्थल निरीक्षण किया गया। स्थल निरीक्षण के समय उपस्थित खातेदारों द्वारा भुगतान के संबंध में आ रही समस्याओं से अवगत कराया गया, उप जिलाधिकारी शाहगंज द्वारा मौके पर उपस्थित किसानों से वार्ता करके लगभग 1 किलोमीटर दूरी में आ रहे अवरोध का निवारण कराया गया।

## 34 गोवंशों को लादकर जा रहा ट्रक पलटा, 13 गोवंशों की मौत

मीरजापुर। जिले के ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के ड्रमंडगंज देवघाट मार्ग स्थित देवहट गांव के टेसुआ नाला पर बुधवार सुबह सात बजे के करीब 34 गोवंशो को लादकर जा रहा ट्रक पुलिस लिखी कार को सामने देखकर ट्रक कार को टक्कर मारते हुए पुलिया से नीचे नाले में जा गिरा।

वहीं घटना के बाद ट्रक चालक मौके से भाग निकला। हादसे में तेरह गोवंशों की मौके पर मौत हो गई और पांच गोवंश गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं घटना के बाद पुलिस लिखी कार में सवार ड्रमंडगंज वनरेंज के वनदरोगा अभिषेक सिंह, वनरक्षक सर्वेश्वर पटेल कार लेकर मौके से निकल गए। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुट गई। मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज भारत सुमन, एस आई शिवाकांत पांडेय, रामविशाल ने घायल गोवंशों के उपचार हेतु पशुपालन विभाग को सूचना दी। ट्रक पलटने की सूचना मिलने पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। दुर्घटनाग्रस्त ट्रक बिहार का बताया जा रहा है। बीडीओ हलिया विजय शंकर त्रिपाठी, पशु चिकित्साधिकारी डा कमलेश कुमार ने सुरक्षित 16 गोवंशों को महोगढ़ी गो आश्रय स्थल पर भेजा। गंभीर रूप से घायल पांच गोवंशों का पशुपालन विभाग की टीम द्वारा उपचार किया जा रहा है। वन दारोगा अभिषेक सिंह ने बताया कि वनरक्षक सर्वेश्वर पटेल के साथ कार से गश्त पर निकले थे टेसुआ नाला के पार कार खड़ी थी उसी दौरान तेज रफ्तार ट्रक कार को टक्कर मारते हुए पांच फीट नीचे नाले में पलट गया। वन विभाग के दरोगा और वनरक्षक के मौके पर मौजूद होने के बाद भी ट्रक चालक के भाग जाने को लेकर ग्रामीणों में तरह तरह की चचाएं व्याप्त रही। पुलिस की सख्ती के बाद भी गो-तस्करी पर लगाम नहीं लग पा रही है। ट्रक की टक्कर से पुलिस लिखी वन दरोगा की कार का अगला हिस्सा और आगे का एक टायर ब्रस्ट हो गया है। जिसे वनदरोगा ने पुलिस के पहुंचने से पहले वनरेंज कार्यालय ले जाकर खड़ी कर दिया है। थानाध्यक्ष भारत सुमन ने बताया कि प्रयागराज जिले की ओर से आ रहा 34 गोवंशों से लदा ट्रक टेसुआ नाला पर अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें 13 गोवंशों की मौके पर मौत हो गई। पांच गंभीर रूप से घायल हुए हैं।16 सुरक्षित गोवंशों को महोगढ़ी गो आश्रय स्थल पर भेजा गया है। फरार ट्रक चालक की तलाश की जा रही है। घटना की जांच की जा रही है।

## पतंगबाजी का खुमार चढ़ा, बिक्री तेज

**जौनपुर**। मकर संक्रांति को लेकर पतंगों की बिक्री बाजारों में बढ़ गई है। शहर में पतंगबाजी के शौकिया लोग हर कीमत की पतंग व माझा खरीदने में लगे हुए हैं। अब हर उम्र के लोगों में पतंगबाजी का खुमार चढ़ गया है। बाजार भी रंग-बिरंगे पतंग से सजा हुआ है। बाजार के दुकानों में जो पतंग मंझे वाले धागे नजर आ रहे हैं। लोग उसे मोल जोल कर खरीद रहे हैं। दुकानों के मार्केट में शहर सहित आस-पास के प्रखंड से लोग पतंगों की खरीदारी करने आते हैं।यहां पांच रुपये से 100 रुपए तक के पतंग, और धागे मिल रहे हैं। इनकी खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ जुटी है। हालांकि, लोगों के बीच आज भी सबसे अधिक कागज से बनी पतंग की डिमांड है। इसके अलावा पन्नी से बने पतंग की भी खूब बिक्री हो रही हैं।वही बच्चों से लेकर बुजुर्गों के बीच पतंगबाजी न केवल मनोरंजन का माध्यम है, बल्कि यह लोगों को आपस में जोड़ने का काम करती है। बाजार में विभिन्न प्रकार की पतंगें, मंझे और अन्य सामग्री उपलब्ध है।आपरेशन सिंदूर ,हेप्पी न्यू इयर , हैप्पी मकर सक्रांति, मोटू पतलू, स्पाइडर मैन ,छोटा भीम, डोरीमान, मंकी, पवजी, बाज, बटरफ्लाई, एयरोप्लेन, पैराशूट, प्रिंटेड पतंग, कागज और कार्टून डिजाइन की पतंगों की सबसे अधिक मांग है। हाल ही में बड़े आकार की पतंगें लोगों के बीच ज्यादा लोकप्रिय हो रही हैं, जिनकी कीमत पांच रुपये से लेकर सौ रुपये तक होती है। सबसे ज्यादा बिकने वाली पतंग की कीमत छह ,दस एवं बारह रुपये कि है। वहीं लटाई की कीमत 20 रुपये से लेकर 12 सौ रुपये तक की है। लटाई प्लास्टिक और लकड़ी की होती हैं, जो छोटे, मीडियम और बड़े आकारों में मिल रही है। मांझे बाले धागे की की लंबाई 100 मीटर से लेकर 10,000 मीटर तक की है।अधिकतर धागे कोलकाता ,बंगाल में बनाए जाते हैं।इनकी कीमत पांच रुपये से शुरू होकर 12 सौ रुपये तक की है। 100 मीटर धागे की कीमत 10 रुपये होती है, जबकि 10 हजार मीटर धागे की कीमत तीन सौ से चार सौ रुपये तक निर्धारित है।वही थोक विक्रेताओं फुटकर विक्रेता को पतंगें आधे से भी कम दामों में मिलती है।फुटकर विक्रेता इन्हें दुगने दाम पर बेचकर मुनाफा कमाते हैं। पतंग धागे अधिकतर कोलकाता ,पटना ,बरेली में निर्मित होती है। पतंग का व्यापार मकर संक्रांति जैसे त्योहारों पर अधिक होता है ।

## निःशुल्क कृत्रिम अंग जांच व वितरण शिविर का आयोजन 18 को

रेणुकूट। रोटरी क्लब रेणुकूट द्वारा दिव्यांगजनों के कल्याण एवं पुनर्वास के उद्देश्य से हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी निःशुल्क कृत्रिम अंग जाँच एवं वितरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 18 जनवरी दिन रविवार को रोटरी बाल शिक्षा निकेतन, मुर्धवा रेणुकूट में आयोजित होगा।

शिविर का आयोजन रोटरी क्लब रेणुकूट, रोटरी क्लब वाराणसी सनराइज एवं श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति, वाराणसी के संयुक्त सहयोग से किया जा रहा है। गौरतलब है कि श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति देशभर में कृत्रिम अंग निर्माण और दिव्यांग सेवा के लिए प्रसिद्ध संस्था है।

रोटरी क्लब के प्रेसिडेंट श्री सुनील कान्त पांडेय ने बताया कि शिविर में अनुभवी तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा दिव्यांगजनों की जाँच की जाएगी तथा हाथ और पैर के कृत्रिम अंगों के लिए नाप ली जाएगी। नाप लेने के बाद 8 से 10 दिनों के भीतर कृत्रिम अंग तैयार कर वितरित किए जाएंगे। जिन लोगों के पुराने कृत्रिम अंग खराब हो गए हैं, उनके सुधार या नए कृत्रिम अंग लगाने की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। दिव्यांगजनों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए, शिविर के दौरान सभी लाभार्थियों एवं उनके साथ आए एक-एक सहायक के लिए भोजन की व्यवस्था रोटरी क्लब रेणुकूट द्वारा की जाएगी।रोटरी क्लब रेणुकूट की ओर से उन्होंने क्षेत्र के ग्राम प्रधानों, सामाजिक कार्यकताओं, स्वयंसेवी संस्थाओं, जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों से अपील की है कि वे इस शिविर की जानकारी अपने-अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचाएँ, ताकि जरूरतमंद दिव्यांगजन इस निःशुल्क सेवा का लाभ उठा सकें। रोटरी क्लब रेणुकूट का मानना है कि समाज के सहयोग से यह सेवा कार्य अनेक दिव्यांगजनों के जीवन में नई आशा और आत्मनिर्भरता लाने में सहायक सिद्ध होगा। किसी भी प्रकार की जानकारी प्राप्त करने हेतु आप रोटरी संस्था से जुड़े श्री संजय रुथला सम्पर्क सूत्र- 9651706080 एवं अजीत अस्थाना सम्पर्क सूत्र- 9450814157 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

### संक्षेप

## स्कूल से एमडीएम का गेहूं-चावल चोरी

जौनपुर। जलालपुर क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक विद्यालय बाकराबाद के एक कमरे का ताला तोड़कर चोर एमडीएम का गेहूं और चावल उठा ले गये। घटना मंगलवार की रात को हुई। प्रधानाध्यापक ने पुलिस को घटना की तहरीर दे दिया दिया। विद्यालय के एक दरवाजे के ताले को तोड़कर चोर कमरे में घुस गए। वहां रखा पांच बोरी गेंहू, दो बोरी चावल चोर उठा ले गए। उसके बाद बगल के कमरे को भी तोड़कर उसमें रखे कागजात को बिखेर दिया बुधवार जब अध्यापक स्कूल पहुंचे तो घटना की जानकारी हुई। घटना की जानकारी प्रधानाध्यापक कुवँर यशवंत सिंह ने बीईओ अमरेश कुमार सिंह को बताया। उनके निर्देश पर उन्होंने पुलिस को घटना की तहरीर दिया।

## चोरों ने घर को बनाया निशाना, लाखों की लूट

आजमगढ़। जनपद के अतरौलिया थाना क्षेत्र के जोगीपुर गांव में अज्ञात चोरों ने बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया है। गांव निवासी शैलेंद्र तिवारी के घर के पीछे की खिड़की तोड़कर चोर घर में दाखिल हुए और लाखों रुपये के जेवरात, नकदी समेत अन्य सामान चोरी कर ले गए। परिजनों के अनुसार चोरी की कुल रकम लगभग 70 से 75 लाख रुपये आंकी जा रही है, जिसमें करीब 40 हजार रुपये नकद शामिल है। पीड़ित शैलेंद्र तिवारी ने बताया कि परिवार के सभी सदस्य रात का भोजन करने के बाद अपने-अपने कमरों में सो गए थे। रात करीब 11 बजे के बाद चोरों ने उस कमरे की खिड़की तोड़ दी, जिसमें जेवरात और नकदी रखी हुई थी। चोर लगभग 70 लाख रुपये के जेवरात, 40 हजार रुपये नकद और अन्य सामान लेकर फरार हो गए। सुबह करीब चार बजे जब शैलेंद्र तिवारी की नींद खुली और वह ब्रश लेने के लिए कमरे में पहुंचे, तो खिड़की टूटी देख सारा सामान गायब मिला। पीड़ित शैलेंद्र तिवारी ने बताया कि पारिवारिक गहनों के साथ बेटियों की शादी के लिए तैयार किए गए जेवरात भी चोरी हो गए। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष देवेंद्र नाथ दुबे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया है, जो साक्ष्य जुटाने में लगी हुई है। वहीं, स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि रात में पुलिस की गश्त नहीं हो रही है। उनका कहना है कि यदि नियमित गश्त होती तो इतनी बड़ी चोरी की घटना को रोका जा सकता था। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और जल्द खुलासा का आश्वासन दे रही है।

## मौत की डोर से बचने के लिए सतर्क और सावधान रहे

जौनपुर। जनपद में आये दिन चाइनीज मांझे से हो रही दुर्घटनाओं से सभी लोग सहमें हुए हैं कि वे शाम को घर वापस सुरक्षित पहुंच सकेंगे कि नहीं। बुधवार को ही शहर में एक डॉक्टर की चाइनीज मांझे से गर्दन कटने से दर्दनाक मौत ने पूरे जनपद को झकझोर कर रख दिया है।यह जनपद की इकलौती घटना नहीं है।इतने पढ़ें लिखे और संवेदनशील नागरिकों वाले इस जनपद में यह केवल पुलिसिया समस्या नहीं है बल्कि चाइनीज मांझे से धड़ को सर से अलग देखकर भी अगर हमारी अंतरात्मा हमें नहीं धिक्कार रही है और कुछ लोग अपनी मस्ती के लिए चाइनीज मांझे का प्रयोग कर रहे हैं और आये दिन निर्दोष लोगों की जान ले रहे हैं। मौत के मांझे से स्वयं को बचाने के लिए दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट, अच्छा हो कि वह फुल हेलमेट हो, स्वयं पहनने के साथ लीक से हटकर अपने बच्चों को भी छोटे साइज का पहनायें, गर्दन तक मफलर लपेटे अच्छा हो नेक पैड खरीद लें। हाथों में ग्लब्ज पहने और बच्चों को भी पहनायें।

**खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उ.प्र., लखनऊ,**
**राजकीय जन विश्लेशक प्रयोगशाला, सेक्टर-सी, अलीगंज लखनऊ**

**जेम कस्टम / बी0ओ0क्यू0 - बिड सूचना**

राजकीय जन विष्लेशक प्रयोगशाला, अलीगंज लखनऊ में माइक्रोबॉयोलॉजी प्रयोगशाला के एन०ए०बी०एल० प्रमाणीकरण कराये जाने हेतु Certified Reference Material, Culture Media, ISO/IS Test Methods, Chemicals & Consumables जेम पोर्टल पर 05 प्रकार के पृथक-पृथक कस्टम / बी.ओ.क्यू. निविदायें, Bids Start Date-12.01.2026, Bids End Date-27.01.2026 एवं निविदा संख्या-GEM/2026/B/7100480, GEM/2026/B/7100713, GEM/2026/B/7100949, GEM/2026/B/7101071 एवं GEM / 2026 / B /7101559, प्रकाशित कर दी गयी है एवं निविदाओं से सम्बन्धित निविदा प्रपत्र (निविदा की शर्तें, चेक लिस्ट एवं संयंत्रों के मानक की सूची, आदि) का विवरण जेम पोर्टल पर सम्बन्धित निविदाओं के ATC में अंकित है।

इच्छुक निविदादाता निविदा में प्रतिभाग, निविदा के बन्द होने की तारीख एवं समय से पूर्व तक कर सकते हैं।

UPID-244005 Date: 14.01.26 Website : www.upgov.nic.in

## मांझे से चिकित्सक का गला कटने से मौत

जौनपुर। चाइनीज मांझे ने एक बार फिर कीमती जिंदगी छीन ली। जिला प्रशासन द्वारा प्रतिबंध और कार्रवाई के बावजूद चाइनीस मांझे पर प्रभावी रोक नहीं



लग पा रही है, जिसका खामियाजा आम नागरिकों को अपनी जान देकर चुकाना पड़ रहा है। लाइन बाजार थाना क्षेत्र के प्रसाद इंटरनेशनल स्कूल के पास तिराहे पर बुधवार दोपहर यह दर्दनाक हादसा हुआ। केराकत कस्बे निवासी 26 वर्षीय डॉ0. समीर हाशमी पुत्र कपिल हाशमी, बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान सड़क पर फैले चाइनीस मांझे की चपेट में आने से उनका गला गंभीर रूप से कट गया। घटना के तुरंत बाद आसपास मौजूद लोगों ने एंबुलेंस की मदद से उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस हृदयविदारक घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया है, वहीं इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल है। लोगों ने प्रशासन से चाइनीस मांझे की अवैध बिक्री और उपयोग पर सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

## चाइनीज मांझा न देने पर मारा पीटा, मचाया बवाल

जौनपुर। शह कोतवाली क्षेत्र के रासमंडल मानिक चैक स्थित पतंग के दुकानदार द्वारा चाइनीस मांझा न देने के कारण दबंगों ने दुकानदार समेत कई लोगों को पीट दिया। मामला मंगलवार रात नो बजे का है। 22 वर्षीय मोहम्मद कैफ पुत्र मोहम्मद अरशद अपनी दुकान पर पतंग और डोरी वह देशी मांझा बेंच रहे थे। उसी समय तीन चार की संख्या में आए युवक चाइनीस मांझा मांगने लगे। दुकानदार द्वारा जब नहीं है कहा जिस पर सभी युवक भड़क गए और दुकानदार को गाली देते हुए चले गए और कुछ देर बाद लगभग 10 की संख्या में जुटकर आए और पतंग की दुकान के अंदर घुसकर दुकानदार को ईंट पत्थर लाठी डंडे से मारकर मोहम्मद कैफ हसन व 24 वर्षीय रियाज , फजल पुत्र रियाज समेत चार लोगों को गंभीर रूप से मारपीट कर घायल कर दिया। आरोप है कि मारपीट के बाद दुकान में घुसकर जमकर तोड़फोड़ भी किया जिससे काफी का नुकसान हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही चैकी प्रभारी सहयोगी जवानों के साथ मौके पर पहुंच गए। सभी घायलो को देर रात जिला अस्पताल ले गये। जिला अस्पताल में चिकित्सक द्वारा घायलों का चिकित्सकिय परीक्षण किया गया। पुलिस के मुताबिक अब तक घायलों द्वारा कोतवाली में कोई तहरीर नहीं दी गई है। एक तरफ चाइनीस मांझे को लेकर प्रशासन और पुलिस अलर्ट पर है वही दबंग न देने पर दबंगई से मारपीट वह दुकान में घुसकर तोड़फोड़ कर रहे हैं। दूसरी तरफ कुछ बुद्धिजीवियों का मानना है कि प्रशासन के साथ-साथ हर नागरिक को यह चाहिए कि अपने बच्चों व पास पड़ोस के लोगों को इस मांझे से पतंग उड़ाने पर मना करना चाहिए। यदि ऐसा हो जाता है तो इस पर रोक अपने आप लग जाएगी और कई अनमोल जिंदगी बच सकती है।

## 16 जनवरी को विवि पहुंचेगी विज्ञान बस

जौनपुर। पूर्वांचल विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों को विज्ञान से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साकार होने जा रही है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित ह्लसाइंस बसह्व को विश्वविद्यालय परिसर में 16 जनवरी से तैनात किया जाएगा जो विश्वविद्यालय में 01 महीने तक रहेगी । इस पहल के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को विज्ञान से संबंधित विभिन्न प्रयोगों, मॉडलों तथा नवीन तकनीकी नवाचारों को प्रत्यक्ष रूप से देखने, समझने और अनुभव करने का अवसर प्राप्त होगा।विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा यह सुनिश्चित किया गया है कि निर्धारित अवधि के दौरान अधिकतम संख्या में विद्यार्थी इस पहल से लाभान्वित हो सकें। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो० वंदना सिंह ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि ह्लसाइंस बस जैसी पहलें विद्यार्थियों में वैज्ञानिक जिज्ञासा, नवाचार की प्रवृत्ति तथा तार्किक सोच के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। पूर्वांचल विश्वविद्यालय का निरंतर प्रयास रहा है कि पूर्वी उत्तर प्रदेश के ग्रामीण एवं वंचित क्षेत्रों के युवाओं तक विज्ञान की पहुँच सुनिश्चित की जाए और उन्हें अनुसंधान एवं नवाचार के लिए प्रेरित किया जाए। पर्स परियोजना एवं विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद का यह सहयोग विश्वविद्यालय के शैक्षणिक एवं सामाजिक दायित्वों को और अधिक सुदृढ़ करेगा।

## पारिवारिक संपति विवाद ने लिया हिंसक रूप, एक की मौत

आजमगढ़।जनपद के मुबारकपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत चकिया रोड अमिलो में बुधवार देर रात पारिवारिक प्रॉपर्टी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। आपसी बंटवारे को लेकर भाइयों के बीच रात करीब 11 बजे लाठी-डंडे और रॉड से जमकर मारपीट हुई। इस दौरान मोहम्मद ताहिर अहमद पर उसके ही भाइयों मोहम्मद आमिर, मोहम्मद काशिफ, मोहम्मद कमर व मोहम्मद सलीम ने लाठी-डंडे और रॉड से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में मोहम्मद ताहिर गंभीर रूप से घायल हो गए, वहीं बीच-बचाव करने आई उनकी पत्नी और बच्चों को भी बेरहमी से पीटकर घर के बाहर फेंक दिया गया। घटना की सूचना डायल 112 पर दी गई, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुबारकपुर पहुंचाया। हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान मोहम्मद ताहिर की मौत हो गई। उनकी पत्नी और बच्चे फिलहाल सदर अस्पताल में भर्ती हैं और उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घर का ताला खुलवाकर तीन महिलाओं समेत एक पुरुष को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले में विधिक कार्रवाई करते हुए जांच में जुट गई है।

## अयोध्या में भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर आयोजित होगी शोभा यात्रा

मीरजापुर। अयोध्या में भगवान श्री राम जी की प्रतिमा एवं प्राण प्रतिष्ठा के वर्षगांठ के अवसर पर पहाड़ी ब्लाक के मल्लेपुर गांव से श्री रामचंद्र जी की धार्मिक शोभायात्रा एवं भव्य रैली का आयोजन 22 जनवरी 2026 दिन गुरुवार को सुबह 9 बजे से किया गया है। कार्यक्रम के आयोजक पहाड़ी ब्लाक अध्यक्ष शिवम सिंह द्वारा बताया गया कि यह रैली मल्ले का पूरा से प्रारंभ होकर विभिन्न क्षेत्र से होता हुआ वापस मल्ले के पूरा में ही समाप्त होगा। करणी सेना के जिला अध्यक्ष दिलीप सिंह गहरवार द्वारा सभी हिंदू भाइयों का आवाहन इस रैली में किया गया है। उन्होंने करणी सेना के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकताओं को निर्देशित किया है कि इस रैली में शामिल होकर रामचंद्र की शोभायात्रा को सफल बनाएं और भगवान श्री राम के प्रति अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित करें। उन्होंने अन्य समाज से भी यह अपील किया है कि हिंदू राष्ट्र के सभी हिंदू जिस भी क्षेत्र में जहां हैं वह भगवान आदि शिरोमणि श्रीराम जी के प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा के इस पावन वर्षगांठ पर अपने-अपने क्षेत्र में भी इस खुशी के दिन को अवश्य मनाये और इस शोभायात्रा में भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लें और पुण्य के भागी बने।

## अवशेष भुगतान शीघ्र कराना सुनिश्चित करें

जौनपुर। जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में एनएचएआई के संबंध में बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने प्रस्तावित एनएच और बाईपास सहित हौज से लाइन बाजार नईगंज होते हुए कुल्हनामऊ बाईपास के चैड़ीकरण की समीक्षा करते हुए उपस्थित तहसीलदार, नायब तहसीलदार, संबंधित लेखपाल से जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि जो भी भुगतान अभी भी अवशेष हैं, उस भुगतान को शीघ्र कराना सुनिश्चित करें। और जो भुगतान लिजिटाइजेशन के दायरे में है इसका उल्लेख अवश्य करें। इसके साथ ही उन्होंने लेखपालों को एसआईआर के कार्य को भी प्राथमिकता पर करने के साथ ही अंश निर्धारण, फॉर्मर रजिस्ट्री के कार्य को भी ससमय पूर्ण करने के निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी वि0ध्रा0 परमानंद झा, उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, लेखपाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

संक्षेप

### एक्सीडेंट में जबरन ड्राईविंग लाइसेंस लगवाने का दबाव बनाने का आरोप

**ललितपुर।** मध्य प्रदेश के जिला सागर अंतर्गत थाना बांदरी के ग्राम खेजरा में रहने वाले सचिन सिंह पुत्र हाकिम सिंह ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 12 जनवरी को सुबह 8 बजे वह अपने भाई अभिषेक के साथ ट्रक नं. एच.आर. 55 ए.जेड. 9847 से हाई-वे कैलगुवां तिराहा ललितपुर में खड़े थे। तभी बुलैरो गाड़ी नं. एम.पी.15 सी.ए. 5991 से थाना बांदरी के ग्राम मैहर निवासी नवल, राघवेन्द्र, ऊधम, करतार व कुन्दन समेत कई लोग और भी थे, जिनके वह नाम नहीं जानता है। उक्त लोग उससे कहने लगे कि वह मड़ावरा में एक्सीडेंट में अपना ड्राईविंग लाइसेंस लगाओ, जब उसने कहा कि उसने कोई एक्सीडेंट नहीं किया है, इसलिए वह अपना लाइसेंस नहीं लगायेगा तो उक्त लोगों ने उसे गालियां दीं और विरोध करने पर लाठी-डण्डों से मारपीट कर दी। जब उसका भाई अभिषेक बचाने आया तो उसके साथ भी मारपीट कर दी। आरोप है कि उसके ट्रक के कांच, बॉडी आदि सामान की तोड़फोड़ कर दी, जिससे उसके ट्रक में करीब 50 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। यह भी आरोप है कि उक्त लोग उसे गाड़ी में बैठाकर मड़ावरा ले गये, जहां एक्सीडेंट में लाइसेंस न लगाने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 191 (2), 352, 115 (2), 324 (2), 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### चोरी की भैंस के साथ तीन गिरफ्तार, पिकप व बाइक बरामद

अयोध्या। नगर कोतवाली पुलिस ने चोरी की भैंस के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से घटना में प्रयुक्त बाइक और भैंस को ले जाने के लिए लाइ गई पिकप को बरामद किया है। पकड़े गए आरोपियों का जिला अस्पताल में मेडिकल परीक्षण करवा चालान किया है। सीओ सिटी श्रेयश त्रिपाठी ने बताया कि नगर कोतवाली क्षेत्र से किसी ने 11 जनवरी की भोर पठान टोलिया अमानीगंज निवासी अरविन्द यादव की एक लाख रुपए कीमत की मुर्रा भैंस चोरी कर ली थी। सीसीटीवी फुटेज की पड़ताल में स्कूटी और पल्सर बाइक सवार चार-पांच नकाबपोश युवक दिखे थे। तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर तहकीकात में जुटी नगर कोतवाली पुलिस ने जीआईसी ओवरब्रिज के नीचे से मुन्ना चैहान (19 वर्ष) निवासी दालमंडी फतेहगंज व लोकेन्द्र सिंह (19 वर्ष) निवासी लालबाग कुम्हारन टोला तथा अयोध्या कोतवाली के हैबतपुर निवासी मासूम उर्फ राजा (18 वर्ष) को गिरफ्तार किया है।

इनके पास से चुराई गई एक लाख कीमत की भैंस, घटना में प्रयुक्त पल्सर बाइक तथा भैंस को ले जाने के लिए मंगाई गई पिकप बरामद हुई है। यह लोग भैंस को पशु बाजार में बेंचने की योजना बनाये थे और तब तक इसको छिपाने के लिए अन्यत्र ले जाने के लिए पिकप मंगाई थी। पिकप पर लादकर ले जाने वाले थे, लेकिन पुलिस ने पकड़ लिया। मुन्ना के खिलाफ मारपीट, चोरी आदि के आठ और मासूम के खिलाफ महारजगंज में लूट का एक मामला दर्ज मिला है।

## पूर्व सांसद अक्षयवर लाल गोंड ने एसडीएम और सीओ के साथ वितरित किये कम्बल

जिला संवाददाता



**बहराइच 14 जनवरी।** निर्धन, असहाय व निराश्रितों को कड़ाके की ठण्ड से राहत दिलाये जाने के उद्देश्य से तहसील नानपारा अन्तर्गत ग्राम रहीमनगर में आयोजित कम्बल वितरण कार्यक्रम में पूर्व सांसद अक्षयवर लाल गोंड ने उप जिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी व पुलिस क्षेत्राधिकारी पहुप सिंह व अन्य के साथ जरूरतमन्दों को कम्बल का वितरण किया।

- नानपारा के ग्राम रहीमनगर में सम्पन्न हुआ कम्बल वितरण कार्यक्रम

तहसील प्रशासन नानपारा द्वारा आयोजित कम्बल वितरण शिविर के अवसर पर पूर्व सांसद श्री गोंड ने एसडीएम नानपारा की कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए कहा कि इनके द्वारा अपने कर्तव्य का निर्वहन, निष्पक्षता एवं संवेदनशीलता के साथ किया जा रहा है जिससे आमजन को वास्तविक रूप से न्याय प्राप्त हो रहा है।

एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने कहा कि तहसील प्रशासन की जिम्मेदारी केवल कानून-व्यवस्था तक सीमित नहीं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक राहत पहुंचाना भी हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि शासन की मंशानुरूप शीतलहर के दौरान सभी जरूरतमन्द व्यक्तियों को हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है।

इस असवर पर नायब तहसीलदार नबाबगंज अक्षय व शिवपुर के मथुरा प्रसाद, थानाध्यक्ष खैरीघाट, राजस्व विभाग एवं स्थानीय प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## 1004 रुपये के ईयरबड्स के लिए फ्लिपकार्ट को देने पड़े 11 हजार

**ललितपुर।** ऑनलाइन शॉपिंग प्लेटफॉर्म्स पर सामान बेचने के बाद अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ने वाली कंपनियों को जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने कड़ा सबक सिखाया है। मात्र 1004 रुपये के खराब ईयरबड्स को न बदलने और उपभोक्ता को मानसिक प्रताड़ना देने के मामले में फ्लिपकार्ट कंपनी ने समझौते के तहत परिवादी को 11,000 रुपये का भुगतान करने की पेशकश की, जिसे न्यायालय ने स्वीकार करते हुए मामले का निस्तारण कर दिया। नेहरूनगर, ललितपुर निवासी शेरसिंह यादव (एडवोकेट) ने 24 जुलाई 2023 को फ्लिपकार्ट से बोट एयरडोपस 161 प्रो ऑनलाइन ऑर्डर किए थे। 29 जुलाई को डिलीवरी मिलने के बाद जब उन्होंने इसका उपयोग किया, तो ईयरबड्स की बैटरी और टच कंट्रोल खराब निकले।

परिवादी ने निर्धारित 7 दिनों की रिप्लेसमेंट समय-सीमा (05 अगस्त) के भीतर ही 03 अगस्त को रिटर्न रिक्वेस्ट दर्ज करा दी थी। इसके बावजूद फ्लिपकार्ट ने 8 अगस्त को यह कहते हुए रिक्वेस्ट खारिज कर दी कि रिप्लेसमेंट की समय-सीमा समाप्त हो चुकी है। इसके बाद उपभोक्ता ने फ्लिपकार्ट और बोट कंपनी के हेल्पलाइन नंबरों पर भी संपर्क किया, लेकिन दोनों कंपनियों ने एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालकर पल्ला झाड़ लिया।

उपभोक्ता अधिकारों के हनन और सेवा में कमी को देखते हुए शेर सिंह यादव ने अधिवक्ता पुष्पेंद्र सिंह चैहान के माध्यम से नोटिस भेजा और अंततः जिला उपभोक्ता आयोग में परिवाद संख्या 114-2023 दर्ज कराया। विपक्षी कंपनी फ्लिपकार्ट आयोग के समक्ष हाजिर हुई, दूसरी विपक्षी कंपनी बोट अनुपस्थित रही, मामले की गंभीरता और साक्ष्यों को देखते हुए फ्लिपकार्ट कंपनी ने अपनी गलती सुधारते हुए समझौते की पेशकश की, 09 जनवरी 2026 को न्यायालय के समक्ष हुए समझौते में फ्लिपकार्ट ने 1004 रुपये के मूल उत्पाद के बदले 11,000 रुपये (मुबलिग ग्यारह हजार) हजार्ने के तौर पर देना स्वीकार किया।

## आर्म्ड फोर्स वेटरन्स-डे का हुआ आयोजन



**कुशीनगर।** आर्म्ड फोर्स वेटरन्स डे का आयोजन विंग कमांडर आलोक सक्सेना, अ0प्रा0/जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी तथा वैभव मिश्र, अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम के दौरान वीर नारियों एवं पदक विजेताओं को अंगवस्त्र, उपहार, प्रमाण पत्र एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर श्रीमती सीमा मिश्रा, पत्नी शहीद श्रीधर मिश्रा; श्रीमती प्रभावती देवी, माता स्व० अतुल कुमार शाही; श्रीमती देवा देवी, पत्नी शहीद श्याम शरण पाण्डेय; श्रीमती धर्मशिला देवी, पत्नी सिपाही संतोष यादव; पदक विजेता श्री शम्भू नाथ यादव; लेफ्टिनेंट कर्नल अभिषेक कुमार के पिता श्री सत्य प्रकाश जायसवाल तथा जनपद के सम्मानित पूर्व सैनिक कैप्टन एलबी त्रिपाठी, कैप्टन नागेन्द्र पाण्डेय, कैप्टन डीएस पाण्डेय, कैप्टन शमशुद्दीन, सूबेदार हरेंद्र राय, हवलदार अनिल सिंह, हवलदार एसपी गुप्ता सहित अन्य पूर्व सैनिक उपस्थित रहे। उक्त आयोजन का सफल क्रियान्वयन कार्यालय के कर्मचारी प्रभाकर नाथ तिवारी (कनिष्ठ सहायक), राजेश कुमार गुप्ता एवं समस्त स्टाफ के सहयोग से संपन्न हुआ।

## बैतालपुर चीनी मिल चलाओ आंदोलन जारी

**देवरिया।** बैतालपुर चीनी मिल को चालू कराने और किसान हित से जुड़े 16 सूत्रीय मांगों को लेकर चल रहा धरना आज अपने 1 साल 347वें दिन भी जारी रहा। चीनी मिल चलाओ संघर्ष समिति और संयुक्त मोर्चा के नेतृत्व में किसानों ने सरकार पर वादों को पूरा न करने का आरोप लगाया। समिति अध्यक्ष बृजेंद्र मणि त्रिपाठी ने कहा कि आंदोलन दो साल से जारी है, लेकिन मुख्यमंत्री की घोषणाएं मूर्त रूप नहीं ले सकी हैं। धरने में संजीव शुक्ला, पंडित वेद प्रकाश, विजय कुमार सिंह सहित कई किसान मौजूद रहे और मिल को शीघ्र चालू करने की मांग दोहराई।

## वालीबॉल प्रतियोगिता में श्रीगणेश सिंह महाविद्यालय अहरन बना विजेता

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के दरबारी लाल जन सहयोगी पीजी कॉलेज, कलुआमऊ के खेल मैदान में एक दिवसीय जनपद स्तरीय वालीबॉल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में जिले की आठ टीमों ने प्रतिभाग किया, जिसमें कीन्हपुर, कुमारगंज ए, कुचेरा, कुमारगंज बी, आजाद हिंद स्पोर्ट्स क्लब, संत भीखादास महाविद्यालय मोहाली, श्रीगणेश सिंह महाविद्यालय अहरन सुबंश तथा बाबा बैजनाथ महाविद्यालय की टीमें शामिल रहीं।

प्रतियोगिता का उद्घाटन मुकाबला कीन्हपुर और कुमारगंज ए के बीच खेला गया, जिसमें कीन्हपुर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। इसके बाद खेले गए लीग मुकाबलों के आधार पर चार टीमों ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पहला सेमीफाइनल कुचेरा और श्रीगणेश सिंह महाविद्यालय अहरन के बीच खेला गया, जिसमें श्रीगणेश सिंह महाविद्यालय की टीम ने जीत हासिल कर फाइनल में जगह बनाई। वहीं दूसरा सेमीफाइनल बाबा बैजनाथ महाविद्यालय और संत भीखादास महाविद्यालय मोहाली के बीच हुआ, जिसमें संत भीखादास की टीम ने बाजी मारते हुए फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबला 25 अंकों के तीन सेटों में खेला गया, जिसमें दोनों टीमों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला। रोमांचक मुकाबले में श्रीगणेश सिंह महाविद्यालय अहरन की टीम ने संत भीखादास महाविद्यालय मोहाली की टीम को 2-1 के अंतर से पराजित कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। प्रतियोगिता में संत भीखादास महाविद्यालय के करन सिंह को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए ह्यप्लेयर ऑफ द टूनार्मेंटह्व चुना गया। प्रतियोगिता के दौरान प्रबंधक कृष्ण कुमार लाल श्रीवास्तव, देव बख्श सिंह, कमलेश यादव, अजीत सिंह, अनिल सिंह, प्रदीन श्रीवास्तव, चंद्रमौलि श्रीवास्तव तथा दुर्गा बख्श सिंह उर्फ कप्तान सिंह ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें आशीर्वाद दिया।

## दिव्यांगों को कंबल व प्रशिक्षण, सम्मान समारोह का भव्य आयोजन

जिला संवाददाता



**देवरिया।** देवरिया के विकास भवन परिसर में गांव वाला वेलफेयर फाउंडेशन एवं ब्रह्मर्षि वेलफेयर एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में दिव्यांगजन प्रशिक्षण कार्यक्रम के साथ कंबल वितरण व सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए सैकड़ों दिव्यांगजनों को ठंड से बचाव के लिए कंबल वितरित किए गए तथा उन्हें सम्मानित भी किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्रह्मर्षि वेलफेयर एसोसिएशन के निदेशक जीतेश कुमार सिंह ने कहा कि समाज के दिव्यांगजन हमारी ताकत हैं, उन्हें सम्मान, आत्मनिर्भरता और समान अवसर दिलाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि एसोसिएशन आगे भी दिव्यांगों के हित, उनके अधिकार और सामाजिक उत्थान के लिए लगातार कार्य करता रहेगा। दिव्यांगों को प्रशिक्षण के माध्यम से स्वावलंबी बनाने की दिशा में भी निरंतर प्रयास किए जाएंगे।इस अवसर पर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रामइकबाल राय ने कहा कि दिव्यांगजनों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर उठाया जाएगा और उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ने में संगठन मदद करेगा। उन्होंने बताया कि भविष्य में भी ऐसे जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे।कार्यक्रम में रोहित राय, दुर्गेश राय, रविन्द्र राय, जटाशंकर राय सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। आयोजन के दौरान दिव्यांगजनों के चेहरों पर संतोष और खुशी साफ झलक रही थी। आयोजकों द्वारा की गई इस पहल की उपस्थित लोगों ने सराहना की और इसे समाज के लिए प्रेरणादायी बताया

## सहकार भारती का 48वां स्थापना दिवस मनाया




**महोबा।** सहकार भारती का 48वां स्थापना दिवस नगर के सिटी प्लाजा में जिलाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह परिहार की अध्यक्षता में मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री मनीष नामदेव ने किया। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री डॉक्टर देव सिंह एवं विशिष्ट अतिथि के रूप मे अर्जेंद्र सिंह, प्रशांत कुमार गुप्ता जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा, डायरेक्टर क्रय विक्रय उपस्थित रहे। मुख्य अतिथियों ने सर्वप्रथम भारत माता के चित्र, पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह व सहकार भारती के संस्थापक लक्ष्मण राव की तस्वीरों पर पुष्प अर्पित किये। कार्यक्रम की शुरूआत सहकार गीत के सस्वर वाचन से हुई। तत्पश्चात अतिथियों ने मां भारती के चरणों में वंदना की। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि चौधरी चरण सिंह के नेतृत्व में ही किसानों के लिये सर्वप्रथम सहकारी समिति के नाम से ही किसानों को सस्ते दाम पर खाद व बीज उपलब्ध कराने की शुरूआत की थी, किसानों को कम ब्याज दर पर लोन भी उपलब्ध कराया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने सहकार भारती के 47 साल के इतिहास की महत्वपूर्ण घटनाओं पर प्रकाश डाला। इस दौरान बिना संस्कार नहीं सहकार, बिना सहकार नहीं उद्धार के मूल मंत्र को आत्मसात करते हुए सहकारिता के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का आह्वान किया गया। इस मौके पर सहकार भारती के मीडिया प्रभारी नितिन नामदेव मौजूद रहे।

## 10वें आर्म्ड फोर्स वेटनर्स डे पर सम्मानित हुए भूतपूर्व सैनिक वीर नारियां



बहराइच । दसवें आर्म्ड फोर्स वेटनर्स डे के अवसर पर जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में जनपद की वीर नारियों, वीरता तथा विशिष्ट पदक विजेताओं एवं जिले के भूतपूर्व सैनिकों/दिवंगत पूर्व सैनिक की पत्नियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी ने वीर नारियों, वीरता तथा विशिष्ट पदक विजेताओं एवं जिले के भूतपूर्व सैनिकों/दिवंगत पूर्व सैनिक की पत्नियों के बलिदान, त्याग एवं देश सेवा के लिए आभार जताया। डीएम ने कहा कि सर्वस्त्र न्यौछावर कर देश की सीमा की रक्षा करने के परिणाम स्वरूप ही आज देश विकास के पथ पर अग्रसर है। डीएम ने कहा कि सैनिकों तथा उनके परिजनों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण कराया जायेगा।

कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी श्री त्रिपाठी ने जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी (अवकाश प्राप्त) कर्नल महेश चन्द्र ध्यानी के साथ ब्रिगेडियर टी.पी. शुक्ला, विशिष्ट सेवा मेडल के पुत्र एवं इण्डो-चाइना वार में शहीद स्व. अंग्रेज सिंह के परिवार को सर्टिफिकेट, शाल एवं स्मृति चिन्ह, द्वितीय विश्व युद्ध के दिवंगत सैनिक की पत्नी तथा 03 नान पेंशनर पूर्व सैनिक को कम्बल एवं शाल के साथ साथ 50 अन्य भूतपूर्व सैनिकों को शाल/कम्बल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान कर्नल महेश चन्द्र ध्यानी द्वारा अग्निवीर स्व. दिलीप कुमार निशाद की देश भक्ति, कर्तव्यनिष्ठा एवं सत्य निष्ठा को स्मरण करते हुए सेनाध्यक्ष द्वारा जारी श्रद्धांजली पत्र स्व. अग्निवीर के भाई विनोद निशाद को हस्तगत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय के वरिष्ठ सहायक भानु प्रताप गुप्त, नरेन्द्र कुमार एवं जगदम्बा प्रसाद द्वारा सराहनीय सहयोग प्रदान किया।

## पुण्यतिथि पर याद किये गये स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पं.बृजनन्दन शर्मा

ललितपुर। प्रख्यात स्वतत्रंता संग्राम सैनानी पं.बृजनन्दन शर्मा की 25वीं पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया गया। पं.बृजनन्दन शर्मा सुपर मार्केट में स्थित उनकी मूर्ति पर राज्यमंत्री मनोहरलाल पंथ, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मुन्नालाल, पूर्व नपाध्यक्ष अशोक पटैरिया, रेडक्रॉस सोसायटी मंत्री डा.एस.पी. पाठक, प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले, आशीष चैबे एवं वरिष्ठ पत्रकार पवन संज्ञा ने माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। राज्यमंत्री ने कहा कि पं.बृजनन्दन शर्मा का देश के लिये किया गया बलिदान अतुल्यनीय है। उन्होंने देश के लिये अपना संपूर्ण जीवन अर्पित कर दिया।

वे ऐसे सैनानी थे जिन्होंने 14 वर्ष की उम्र में जेल जाकर अंग्रेजो की जालिम सरकार के खिलाफ बिगुल बजा दिया था तथा अंग्रेजों की कठोर यातनाओं के सामने नहीं झुके तथा पूरी ताकत से स्वतत्रंता संग्राम में अपना श्रेष्ठ योगदान देते रहे। वे साढे छः साल ललितपुर, झांसी, आगरा, लखनऊ एवं नैनी जेल में रहे उनका त्याग, बलिदान व आदर्श आज भी युवाओं को देशभक्ति की प्रेरणा दे रहे हैं। वे जीवन के अंतिम काल तक युवाओं को देशभक्ति का पाठ पढाते रहे। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मुन्नालाल ने कहा कि वे नगर पालिका के प्रथम चुनाव में अध्यक्ष चुने गये तथा सादगी से विकास को नये आयाम दिये। उनका कार्यकाल आज भी स्वर्णिम कार्यकाल माना जाता है। इस दौरान मदनलाल शर्मा, जसपाल सिंह बंटी, अभय चैबे, देवेन्द्र गुरू, विद्या मालवीय, रमन शर्मा, आलोक शर्मा, शरीफ जावेद, शुक्ला, बृजबिहारी मिश्रा, नेहा तिवारी, पत्रकार अमित लखेरा, शिवम अग्निहोत्री, अजित भारती, शिवांश शर्मा, मोहित तिवारी सहित अनेक गणमान्यजनों ने अपने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुये उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

## सड़क निर्माण में नाली नहीं बनाये जाने से मोहल्ले के लोग परेशान

**ललितपुर।** सड़क निर्माण कराये जाने के बावजूद भी नाली निर्माण नहीं कराये जाने से लोगों के समक्ष विकराल समस्या खड़ी हो गयी है। इस सम्बन्ध में मोहल्ले के लोगों ने लामबंद होकर जिलाधिकारी को संबोधित एक शिकायती पत्र भेजा है। शहर क्षेत्र के वार्ड नं. 16 मोहल्ला आजादपुरा के लोगों ने डीएम को भेजे ज्ञापन में बताया कि करीमनगर में नगर पालिका परिषद द्वारा सड़क, नाली निर्माण का टेण्डर स्वीकृत किया था। बताया कि ठेकेदार द्वारा गीता सिंह के मकान से राजेन्द्र चैधरी के मकान तक सड़क निर्माण कराया गया है। यहां लोगों का आरोप है कि ठेकेदार ने उक्त सड़क निर्माण तो कर दी, लेकिन रमजान खां के मकान से अजीता मैडम के घर तक नाली निर्माण नहीं करायी गयी है और पुरानी नाली की ढ़ाल विपरीत दिशा में होने के कारण जल निकासी की समस्या उत्पन्न हो गयी है, जो कि पूर्व की भांति समस्या बनी हुयी है। मोहल्लेवासियों ने बताया कि विगत कई वर्षों से जल निकासी की समस्या से यहां के लोग जूझ रहे हैं। मोहल्लेवासियों ने डीएम से सम्बन्धित ठेकेदार से ढाल युक्त नाली निर्माण कराये जाने की मांग उठायी है, जिससे कि समस्या का निस्तारण हो सके। ज्ञापन देते समय अकबर खां, जाकिर, नूरजहां, मु.युसुफ, बल्लू आदि के हस्ताक्षर अंकित बताये गये हैं।

## भूरागढ़ दुर्ग में नटबली मेला, नौका विहार और विराट दंगल



**बांदा।** मकर संक्रांति पर भूरागढ़ स्थित दुर्ग में नटबली मेला व विराट दंगल का आयोजन हुआ। नटबली मेले में हजारों की तादाद में शहर और ग्रामीण क्षेत्र के लोग पहुंचे। मेले में बड़ी संख्या में लोगों ने खरीदारी की। इसके अलावा नदी में नौका विहार का लुत्फ उठाया। दो दिनों के दौरान मल्लाहों की अच्छी कमाई होती है। क्रिकेट ग्राउंड में आयोजित दंगल के बारे में राहुल पाण्डेय बगिया वाले ने बताया कि मथुरा, दिल्ली, कन्नौज, कानपुर, मुजफ्फरनगर, बिहार, हरियाणा, मध्य प्रदेश और इटावा के नामी पहलवानों के साथ महिला पहलवानों ने भी कुश्ती का दम-खम दिखाया। राहुल पाण्डेय ने कहा कि आयोजन का उद्देश्य देश के अनेक राज्यों की कुश्ती परंपरा और खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देना है। भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत, राहुल पाण्डेय, सुरेश तिवारी ने पहलवानों से हांथ मिलाकर कुश्ती आरंभ कराई। राहुल ने बताया कि दंगल में महिलाओं की कुश्ती देखने के लिए लोगों में बेहद उत्सुकता थी। कहा कि प्रत्येक वर्ष मकर संक्रांति पर दंगल का आयोजन किया जाता है और यह कुश्ती प्रेमियों के बीच बेहद लोकप्रिय है। दंगल व्यवस्थापकों में कमलेश कुमार, राजू, विवेक नामदेव, पवन, संदीप, आकाश व अन्य लोग रहे। भूरागढ़ दुर्ग में मेले की सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। सुरक्षा की दृष्टि से भूरागढ़ रेल पटरी के पास तक बैरिकेटिंग लगाई गयी थी। लाइन के किनारे से लेकर किला परिषद तक सुरक्षाकर्मी तैनात रहे। मेला परिसर में अलग-अलग स्थानों पर पुलिस और महिला सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की गयी थी।

## हादसे में युवक की मौत

ललितपुर। मध्य प्रदेश के जिला ग्वालियर में चार शहर का नाका, नृसिंह मंदिर के सामने हजीरा निवासी मुकेश शर्मा ने तालबेहट पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 26 दिसम्बर 2025 को शाम करीब 6 बजे वह अपने छह पहिया आयशर कैन्टर नं. यू.पी.80 एच.टी. 2698 के जरिए हैदरबाद से दिल्ली की ओर जा रहा था। रास्ते में बम्हौरीसर गांव के पास एक अज्ञात ट्रक चालक द्वारा तेज गति व लापरवाही से वाहन चलाते हुये उसकी गाड़ी में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के पश्चात उसकी गाड़ी डिवाइडर पर चढ़कर अनियंत्रित होते हुये पलट गयी, जिससे उसके पिता सुरेन्द्र शर्मा को गंभीर चोटें आयीं और उन्हें तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उनकी मृत्यु हो गयी।

## एनएसयूआई कार्यकर्ताओं पर पुलिस कार्रवाई के विरोध में कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

जिला संवाददाता



**देवरिया।** वाराणसी में भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के कार्यकताओं पर पुलिस कार्रवाई के विरोध में बुधवार को कांग्रेस कार्यकताओं ने सुभाष चौक पर जोरदार प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल ह्यरोशनह्व के नेतृत्व में कांग्रेसी कार्यकताओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुलिस कार्रवाई को अलोकतांत्रिक बताया।

कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि प्रदेश की भाजपा सरकार जनता की समस्याओं को उठाने वालों के खिलाफ दमनकारी नीति अपना रही है। कांग्रेस का कहना है कि एसआईआर, वोट चोरी और केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा का नाम बदले जाने के विरोध में एनएसयूआई कार्यकर्ता वाराणसी में शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन कर रहे थे, लेकिन पुलिस ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया और उन्हें हिरासत में लेकर लॉकअप में बंद कर दिया। जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल ह्यरोशनह्व ने कहा कि मनरेगा को समाप्त करने के विरोध में प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर लाठीचार्ज और दमन कार्रवाई भाजपा सरकार के डर को दशार्ती है।

उन्होंने कहा कि यह डबल इंजन सरकार असहमति की आवाज से घबरा रही है, जो उसकी कमजोरी को उजागर करता है।

कांग्रेस ने प्रदेश सरकार की इस कार्रवाई को अन्यायपूर्ण और अलोकतांत्रिक बताते हुए इसकी निंदा की है। प्रदर्शन में पूर्व जिलाध्यक्ष राघवेन्द्र सिंह ह्यराकेशह्व, पूर्व कार्यवाहक अध्यक्ष जयदीप त्रिपाठी, पूर्व प्रत्याशी मुकुंद भास्कर मणि त्रिपाठी, मनरेगा बचाओ संग्राम के जिला कोआर्डिनेटर सत्य प्रताप अंशु, पूर्व पीसीसी सदस्य नागेंद्र शुक्ला, भरत मणि, जवाहर बरनवाल, महेन्द्र अंबेडकर, विजय शंकर मिश्रा, अभय प्रताप शुक्ला सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस व एनएसयूआई के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि छात्र, नौजवान और किसानों की आवाज को दबाने का प्रयास जारी रहा तो पार्टी आंदोलन को और तेज करेगी।

## संदिग्ध परिस्थिति में हुई युवक की मौत परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

जिला संवाददाता

**कुशीनगर।** जनपद के पडरौना नगर के छुछीया गेट के समीप 21 वर्षीय युवक का शव मिलने से नगर में सनसनी फैल गयी है। मृतक की पहचान नगर के कसेरा टोली निवासी सोनू खरवार पुत्र कैलाश खरवार के रूप में हुई है। परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए विरोध प्रदर्शन किया। सूचना पर पहुंची पडरौना कोतवाली पुलिस ने परिजनों को समझा-बुझाकर किसी तरह से शान्त किया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

बतादे कि पडरौना नगर में उस समय सनसनी फैल गई जब छुछीया गेट के समीप सड़क किनारे 21 वर्षीय सोनू का शव संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद हुआ। सुबह होते ही मौके पर लोगों की भारी संख्या में भीड़ जुट गई और तरहझ्तरह की चचार्एं शुरू हो गईं। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और पूरे मोहल्ले में मातम का माहौल बन गया।

बताया जाता है कि पडरौना नगर के कसेरा टोली, निवासी 21 वर्षीय सोनू खरवार पुत्र कैलाश खरवार के घर की माली हालत ठीक न होने के कारण बाहर कमाता था तीन दिन पूर्व वह अपने घर पडरौना आया हुआ था। परिजनों ने सोनू की मौत को सामान्य न मानते हुए हत्या की आशंका जताई है। उनका कहना है कि सोनू की किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी, लेकिन जिस हालत में शव मिला है, वह कई सवाल खड़े करता है। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पडरौना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी की। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास के लोगों से पूछताछ की तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा।

स्थानीय लोगों के अनुसार जिस स्थान पर शव मिला है, वह नगर का व्यस्त इलाका है। ऐसे में युवक की मौत को लेकर सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठना लाजमी हैं। घटना के बाद नगर में दहशत का माहौल है और लोग इस बात को लेकर चिंतित हैं कि आखिर युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई। पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज, कॉल डिटेल और मृतक के हालिया गतिविधियों की भी पड़ताल की जा रही है। फिलहाल पुलिस किसी नतीजे पर पहुंचने से पहले पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के निष्कर्षों का इंतजार कर रही है।

युवक की असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। परिजनों ने मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि सच्चाई सामने आ सके और उन्हें न्याय मिल सके।

संक्षेप

## खिचड़ी भोज समारोह 21 जनवरी को

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। मकर संक्रांति के पावन अवसर पर ग्राम देवपुर ग्रंट, लंदनपुर में खिचड़ी भोज समारोह का आयोजन 21 जनवरी बुधवार को प्रातः 10 बजे से किया जाएगा। समारोह में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों के साथ आमजन को आमंत्रित किया गया है। यह जानकारी देते हुए डॉ. मनोज वर्मा ने बताया कि मकर संक्रांति के अवसर पर सामाजिक समरसता, आपसी सौहार्द और पारंपरिक संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से कार्यक्रम में सहभागिता कर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

## कंटेनर की टक्कर महिला की मौत

सीतापुर। खैराबाद थाना क्षेत्र में एनएच-30 पर मछरेहटा चुंगी के पास बुधवार दोपहर तेज रफ्तार कंटेनर ने भीषण तबाही मचा दी। कंटेनर ने पहले एक बाइक को टक्कर मारी और इसके बाद एक के बाद एक तीन कारों को रौंदता चला गया। हादसे से मौके पर अफरा-तफरी मच गई और सड़क पर लंबा जाम लग गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कंटेनर की रफ्तार काफी तेज थी और चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा। बताया जा रहा है कि चालक शराब के नशे में था। टक्कर के बाद कंटेनर काफी दूर जाकर रुका। सूचना पर पहुंची खैराबाद पुलिस ने राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। हादसे में बाइक सवार रेनू शुक्ला पत्नी वीरेंद्र शुक्ला, निवासी ग्राम बडेलिया, थाना मानपुर की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस दुर्घटना में चार लोग घायल हुए हैं, जिनमें कार सवार जिला सूचना अधिकारी विपिन कुमार भी शामिल हैं। सभी घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने कंटेनर चालक को हिरासत में लेकर मेडिकल परीक्षण कराया है और मामले में कानूनी कार्रवाई की जा रही है। स्थानीय लोगों ने एनएच-30 पर तेज रफ्तार भारी वाहनों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## तालाब में डूबने से चार लड़कों की मौत

प्रयागराज। जिले के पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले हुसैनपुर अहमदपुर पावन गांव में एक तालाब में डूबने से चार किशोरों की मौत हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। डीसीपी (नगर) मनीष शांडिल्य ने बताया कि ये लड़के मंगलवार की शाम घर में बताए बगैर कहीं चले गए थे। रात भर इनके घर वालों ने इन्हें ढूंढा, लेकिन ये नहीं मिले और आज गांव के एक तालाब में इनके शव मिले। मृतकों की शिनाख्त प्रिंस सोनकर (10), प्रतीक सोनकर (13), करन (19) और प्रियांशु (10) के रूप में हुई है। ऐसा प्रतीत होता है कि ये लड़के कल तालाब में नहाने चले गए थे जहां डूबने से इनकी मौत हुई। इनके शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस हादसे का संज्ञान लेते हुए मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

## पुलिस मुठभेड़ में दो बदमाश गिरफ्तार

प्रतापगढ़। जिले में पुलिस से हुई मुठभेड़ में बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया गया। अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र लाल ने बुधवार को बताया कि थाना नगर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक सुभाष कुमार यादव क्षेत्र के गड़ई चकदहिया कारीघाट के निकट मंगलवार रात जांच कर रहे थे तभी रुकने का इशारा करने पर मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने पुलिस टीम पर गोली चला दी। पुलिस की ओर से की गई जवाबी गोलीबारी के दौरान पैर में गोली लगने से बदमाश अभिषेक उर्फ दउवा घायल हो गया, जिसके बाद उसे और उसके साथी रंजीत सरोज उर्फ निरहू को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि घायल बदमाश को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने 10 जनवरी को एक महिला का पर्स व मोबाइल छीनने की बात स्वीकार की।

# मनरेगा को खत्म करने की हो रही साजिश



जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों और मनरेगा को कमजोर किए जाने के खिलाफ कांग्रेस ने मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत निर्णायक लड़ाई का ऐलान कर दिया है। बुधवार को अपने आवास पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में सीतापुर सांसद राकेश राठौर ने कहा, मनरेगा को योजनाबद्ध तरीके से खत्म करने की साजिश रची जा रही है।

बजट में कटौती, मजदूरी भुगतान में महीनों की देरी और काम के दिनों में कटौती कर गरीब मजदूरों को भूखमरी की ओर धकेला जा रहा है। यह संविधान द्वारा प्रदत्त काम के अधिकार पर सीधा हमला है, जिसे कांग्रेस किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी।

उन्होंने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि बड़े उद्योगपतियों के कर्ज माफ करने में सरकार को कोई संकोच नहीं, लेकिन गरीब मजदूर की मजदूरी समय से देने में उसे शर्म नहीं आती। कांग्रेस सड़क से संसद तक मनरेगा की रक्षा के लिए संघर्ष करेगी और हर विधानसभा क्षेत्र में पदयात्रा निकालकर जनता को जागरूक किया जाएगा। जिला अध्यक्ष ममता वर्मा ने कहा कि मनरेगा करोड़ों ग्रामीण परिवारों की जीवनरेखा है और भाजपा इसे खत्म कर गरीबों से उनका आखिरी सहारा छीनना चाहती है। इस दौरान सपा की प्रदेश सचिव पद छोड़कर आईं अनुप्रिया बर्मा, जिला पंचायत सदस्य सुनीता चैधरी तथा सुभासपा से आए एडवोकेट ठाकुर प्रसाद अर्कवंशी सहित कई लोगों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। जिला प्रवक्ता एहिताशाम बेग ने मनरेगा को ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ बताते हुए कहा कि इसे कमजोर करना गांव और मजदूर के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में शिव प्रकाश सिंह, अनुपम राठौर, राधेश्याम कनोजिया, राजेश पाल, राहुल पाल, हसीना खातून सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी व पत्रकार मौजूद रहे।

## लहरपुर में डिजिटल लाइब्रेरी की उठी मांग, डिप्टी सीएम ने दिया शीघ्र स्थापना का आश्वासन



सीतापुर। नगर क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बाहर न जाना पड़े, इस उद्देश्य से सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद हसीन अंसारी ने उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक को पत्र देकर लहरपुर में एक सरकारी डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना की मांग की है।

उन्होंने अपने पत्र में कहा कि आर्थिक अभाव के कारण अनेक होनहार विद्यार्थी कोचिंग और लाइब्रेरी सुविधाओं के अभाव में पढ़ाई से वंचित रह जाते हैं, जिससे उनका भविष्य प्रभावित होता है। मोहम्मद हसीन अंसारी ने बताया कि यदि नगर क्षेत्र में आधुनिक सुविधाओं से युक्त डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित की जाती है तो छात्र अपने ही क्षेत्र में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी कर सकेंगे। इस पर उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने सकारात्मक रुख दिखाते हुए आश्वासन दिया कि शीघ्र ही लहरपुर में लाइब्रेरी की स्थापना कर उसका सुंदरीकरण कराया जाएगा और इसे छात्रों को समर्पित किया जाएगा। नगरवासियों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि यह कदम लहरपुर के विद्यार्थियों के लिए शिक्षा के नए द्वार खोलेगा और ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों को भी समान अवसर प्राप्त होंगे।

## मकर संक्रांति स्नान को लेकर किया निरीक्षण



फतेहपुर। अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन ज्योति नारायण ने माघ मेला की तैयारियों के तहत आगामी मकर संक्रांति एवं मौनी अमावस्या स्नान पर्व हेतु यातायात व्यवस्था व रूट डायवर्जन का स्थलीय निरीक्षण किया। पुलिस लाइन फतेहपुर पहुंचने पर गार्ड ऑफ ऑनर के साथ स्वागत हुआ, उसके बाद जिलाधिकारी रविंद्र सिंह व एसपी अनूप कुमार सिंह के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कानून व्यवस्था, अपराध नियंत्रण व मेला प्रबंधन पर दिशा-निर्देश दिए गए।निरीक्षण स्थलअपर पीजी ने थाना खागा के नवीन मंडी व थाना कोतवाली नगर के मदारीपुर मोड़ पर वाहन पार्किंग एवं होल्डिंग एरिया का जायजा लिया। लखनऊ बाईपास पर रूट डायवर्जन पॉइंट का भी निरीक्षण किया गया ताकि मकर संक्रांति के विशाल स्नान पर्व पर यातायात सुचारू रहे। इन व्यवस्थाओं से लाखों श्रद्धालुओं को किसी असुविधा का सामना न करना पड़े।बैठक के प्रमुख बिंदुपुलिस लाइन गेस्ट हाउस में आयोजित गोष्ठी में यातायात डायवर्जन, पार्किंग, भीड़ प्रबंधन व सुरक्षा पर विस्तृत चर्चा हुई। अपर पीजी ने जनपद के राजपत्रित अधिकारियों को कानून व्यवस्था मजबूत रखने हेतु सख्त निर्देश दिए। अपराध पर अंकुश लगाने व मेला क्षेत्र में सतर्कता बरतने पर बल दिया गया। उपस्थित अधिकारीगोष्ठी में अपर पुलिस अधीक्षक महेंद्र पाल सिंह व समस्त क्षेत्राधिकारी उपस्थित रहे।

## गांजा सप्लाई का खुलासा एक तस्कर गिरफ्तार



फतेहपुर। गाजीपुर थाना क्षेत्र में थाना पुलिस, एसओजी और इंटेलीजेंस विंग की संयुक्त टीम ने एक अंतरराज्यीय गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से 92.06 किलोग्राम अवैध गांजा, एक कार और नकद राशि बरामद हुई, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 45 लाख रुपये आंकी गई। क्षेत्राधिकारी जाफरगंज ने इस कार्रवाई की पुष्टि करते हुए बाइट दी।कार्रवाई का विवरणटीम को गुप्त सूचना मिली थी कि मध्य प्रदेश से गांजा लेकर बांदा होते हुए फतेहपुर सप्लाई के लिए आ रहे तस्कर।

गाजीपुर थाना के औगासी पुल पर संदिग्ध कार रोकी गई, जहां तलाशी में भारी मात्रा में गांजा बरामद हुआ। गिरफ्तार अभियुक्त राजेश मध्य प्रदेश निवासी) है, जबकि उसका साथी प्रकाश फरार हो गया।आरोपी व तस्करी का नेटवर्कदोनों आरोपी लंबे समय से अंतरराज्यीय गांजा तस्करी में लिप्त थे। प्रारंभिक पूछताछ में अन्य जिलों व राज्यों से जुड़े नेटवर्क के सुराग मिले। पुलिस फरार आरोपी की तलाश में दबिश दे रही है।कानूनी कार्रवाईअभियुक्त के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज। जब्त माल सहित पूछताछ जारी। जिले में नशा तस्करी के खिलाफ सख्त अभियान चलाया जा रहा।

## चार साल की बच्ची से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

अयोध्या। अयोध्या में चार साल की एक बच्ची से दुष्कर्म के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मंगलवार को पूराकलंदर थाना क्षेत्र के एक गांव में चार वर्षीय एक बच्ची अपने घर के बाहर खेल रही थी कि तभी कुन्नन (20) नाम का एक युवक उसे बहला-फुसलाकर एक सुनसान जगह पर ले गया और उससे दुष्कर्म किया। बच्ची की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और खुद को घिरा देखकर आरोपी ने भागने की कोशिश की लेकिन ग्रामीणों ने पीछा कर उसे पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि कुन्नन पहले भी दुष्कर्म के मामले में जेल जा चुका है और वह तीन महीने पहले ही जेल से छूटा था। उन्होंने बताया कि घटना के बाद गांव में गुस्सा है और लोगों ने आरोपी के खिलाफ सख्त कार्वाई की मांग की है। पुलिस क्षेत्राधिकारी आशुतोष तिवारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्वाई की जा रही है।

## गौकशी मामले के दो आरोपी गिरफ्तार

जालौन। जालौन में गौकशी के मामले में पुलिस टीम से हुई मुठभेड़ में घायल होने के बाद दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस अधीक्षकदुर्गेश कुमार ने कहा कि यह कार्रवाई जिला स्वाट टीम और कोंच कोतवाली पुलिस ने मिलकर की। उन्होंने कहा कि मंगलवार रात हुई मुठभेड़ के दौरान आरोपियों के पास से अवैध हथियार, कारतूस, एक मोटरसाइकिल, चाकू और कुल्हाड़ी बरामद की गई। 11 जनवरी को कोंच थाना क्षेत्र के कुदरा खुर्द और कुदरा बुजुर्ग गांवों के बीच खेत के किनारे एक नाले के पास मवेशियों के अवशेष मिले, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पशु चिकित्सक से जांच कराकर उन्हें सम्मानपूर्वक दफना दिया।

उन्होंने बताया कि मामले में अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ उत्तर प्रदेश गौकशी निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी कुमार ने अपराधियों को पकड़ने के लिए चार पुलिस टीम का गठन किया। इलेक्ट्रॉनिक निगरानी और अन्य सबूतों के आधार पर जांच के दौरान तीन संदिग्धों की पहचान हुई।अधिकारी ने बताया कि मंगलवार रात पुलिस को सूचना मिली कि गौकशी मामले में शामिल दो संदिग्ध बहेड़ क्षेत्र में फिर से ऐसा करने की योजना बना रहे हैं, जिसके बाद स्वाट टीम और कोंच पुलिस ने खोवा-रावा लिंक रोड पर अवरोधक लगाकर जांच शुरू की। उन्होंने बताया कि जब पुलिस ने मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्तियों को रोकने की कोशिश की, तो उन्होंने कथित तौर पर पुलिस टीम पर गोलियां चला दी। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्वाई की, जिसमें घायल होने के बाद दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। घायल आरोपियों की पहचान कल्ला उर्फ जावेद (45) और असगर उर्फ अग्गस (46) के रूप में हुई।

## बूढ़ी दादी के 10 लाख से अधिक के गहने चुराने के आरोप में युवक गिरफ्तार

भदोही। भदोही जिले में पुलिस ने 25 साल के युवक को अपनी 80 साल की दादी के 10 लाख रुपये से अधिक के सोने के गहने चुराने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि वह इन पैसों का इस्तेमाल अपने नशे की लत और ऐशो आराम वाली जीवनशैली के लिए करता था।

पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि आरोपी निहाल अली को दुर्गागंज इलाके से उस वक्त गिरफ्तार किया गया जब वह कथित तौर पर करीब दो लाख रुपये मूल्य के सोने के गहने को बेचने जा रहा था। इन गहनों में झुमके, लॉकेट और अन्य आभूषण शामिल थे।

चोरी का पता तब चला जब परिवार वालों को निहाल पर शक हुआ क्योंकि उसके पास कमाई का कोई जरिया नहीं था, फिर भी वह नयी खरीदी हुई कार में घूम रहा था। जब उन्होंने बुजुर्ग महिला सदरुन्निशा के गहनों के डिब्बे की जांच की तो उसमें से कई कीमती गहने गायब मिले, जिससे वह सदमे में आ गईं।

एसपी ने बताया कि उसके चाचा फहीम अंसारी की शिकायत के आधार पर निहाल के खिलाफ 24 दिसंबर, 2025 को भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने कथित तौर पर कबूल किया कि वह पिछले चार-पांच महीनों से रात में अपनी बीमार दादी की देखभाल करने का नाटक करते हुए डिब्बे से गहने चुरा रहा था। उसने नशे की लत के लिए गहने बेचे और करीब एक महीने पहले चार लाख रुपये की कार खरीदी थी। पुलिस ने उसके पास से सोने के गहने और कार बरामद की। जांच में पता चला कि 10 लाख रुपये से अधिक के गहने बेचे जा चुके थे जबकि उसने करीब पांच लाख रुपये के गहने जौहरी के पास गिरवी रखे थे।

एसपी ने बताया कि निहाल पहले भी वाराणसी में गहने चोरी के एक मामले में गिरफ्तार हो चुका है। आगे की जांच जारी है और चोरी के गहने खरीदने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

## पांच साल पहले मिले जले हुए इंसानी अवशेषों की पहचान हुई, हत्या का मामला दर्ज

शाहजहांपुर। जिले में पांच साल पहले दुकान में आग लगने के बाद उसमें से जो अवशेष मिला था वह एक युवक का था। हाल में मिली डीएनए रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है।

डीएनए रिपोर्ट में अवशेष 18 वर्षीय किशोर की होने की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि जिले के थाना रोजा अंतर्गत एक मोबाइल फोन की दुकान में 19 दिसंबर 2020 की रात में आग लग गई थी। उसने बताया कि 20 दिसंबर की सुबह दुकान में जला हुआ अवशेष मिला था जिसे कथित तौर पर जानवर का बता कर फिकवा दिया गया था। हालांकि, पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा इनसान के अवशेष बताए जाने पर पुलिस ने उसे पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।पुलिस ने घटनास्थल से एक धातु का कड़ा और बेल्ट के टुकड़े भी बरामद किए थे। बाद में इन वस्तुओं की पहचान अभिषेक यादव (18) के सामान के तौर पर हुई। परिवार ने पहचान करते हुए बताया कि अभिषेक उसी रात लापता हो गया था। पुलिस ने बताया कि मृतक के परिवार को पहले लगा था कि वह अपने दोस्तों या रिश्तेदारों के पास रहने गया है और खुद ही लौट आएगा। जब कई दिनों तक उसका कोई पता नहीं चला, तो परिवार ने उसकी तलाश शुरू की और बाद में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर, 21 फरवरी, 2021 को राम चंद्र मिशन पुलिस थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने बुधवार को बताया कि पुलिस ने अभिषेक के माता-पिता के नमूनों को डीएनए परीक्षण के लिए भेजा था और कई स्मरण पत्र भेजे जाने बाद मंगलवार को फॉरेंसिक प्रयोगशाला से रिपोर्ट मिली जिसमें शव अभिषेक यादव के होने की पुष्टि हुई।उन्होंने बताया कि रामचंद्र मिशन थाना में मृतक की मां द्वारा दी गई तहरीर में कहा गया कि उनका बेटा 19 दिसंबर 2020 को होटल पर खाना खाने गया था। वहां पर नईम राजू तथा पिकअप चालक से झगड़ा हुआ बाद में इन लोगों ने अभिषेक को दुकान में बंद करके आग लगा दी थी। मौके पर मिले कड़ा से उन्होंने अपने बेटे के शव होने की पहचान की थी। द्विवेदी ने बताया कि पुलिस ने नईम, राजू, एवं पिकअप ड्राइवर के विरुद्ध मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## मेडिकल कॉलेज के स्वास्थ्यकर्मी ने गोली मारकर की आत्महत्या

प्रतापगढ़। जिले के थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के फुलवरिया त्रिपुरारी नगर में मेडिकल कॉलेज के एक स्वास्थ्यकर्मी ने अपने सिर में तमंचे से गोली मारकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली।पुलिस उपाधीक्षक नगर, प्रशांत राज ने बुधवार को बताया कि थाना फतनपुर क्षेत्र के नारायणपुर कला निवासी 32 वर्षीय अतुल पाण्डेय मेडिकल कालेज के आईसीयू वार्ड में स्टाफ नर्स के पद पर तैनात था। मंगलवार रात उसने थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के फुलवरिया त्रिपुरारी नगर स्थित अपने आवास में अवैध 315 बोर के तमंचे से सिर में गोली मार ली।धमाके की आवाज सुनकर परिजन कमरे में पहुंचे और पाण्डेय को इलाज के लिए मेडिकल कालेज ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने घटना स्थल से तमंचा बरामद किया, और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। आत्महत्या के कारणों की जांच की जा रही है।

## समरस्ता खिचड़ी भोज में दिखी सेवा और सौहार्द की मिसाल



सीतापुर। कसमण्डा विकास खण्ड की ग्राम पंचायत बम्भेरा के मजरा मोहनापुर स्थित प्रसिद्ध गुलवीर बाबा आश्रम पर बुधवार को प्रमुख समाजसेवी कौशलकिशोर मिश्रा द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी समरस्ता खिचड़ी भोज का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के दो दर्जन से अधिक गरीब व असहाय बुजुर्गों को कंबल व अन्य आवश्यक सामग्री भेंट कर मानवता की मिसाल पेश की गई। इस अवसर पर राजनैतिक हंगामा के संपादक ओम प्रकाश मिश्रा, ठाकुर शिवशंकर सिंह, पं. गिरजाशंकर पाण्डेय, अनुपम सिंह ह्यपकडू, मोनू दीक्षित, विनोद शुक्ला, पं. रमेश चन्द्र पाण्डेय सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। खिचड़ी भोज में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने सहभागिता कर सामाजिक समरसता का संदेश दिया। समारोह को संबोधित करते हुए कौशलकिशोर मिश्रा ने कहा, समाज का असली विकास तभी संभव है जब हम अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक अपनी सेवा पहुंचाएं। बुजुर्ग हमारी धरोहर हैं, उनकी सेवा ही सच्ची पूजा है। यह आयोजन आपसी भाईचारे और मानवता को मजबूत करने का एक छोटा सा प्रयास है। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं ने गुलवीर बाबा आश्रम में मत्था टेककर सुख-समृद्धि की कामना की।

## कोर्ट के आदेश पर कब्र से निकाला गया शव, पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया



सीतापुर। पिसावां थाना क्षेत्र के भिठौरा गांव स्थित राम जानकी मंदिर परिसर में दफन किए गए संत रघुवीर दास का शव बुधवार को प्रशासनिक आदेश पर कब्र से बाहर निकाला गया। मजिस्ट्रेट देवेंद्र मिश्रा, नायब तहसीलदार महेंद्र सिंह, थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह तोमर व कुतुबनगर चौकी प्रभारी एसआई सूर्य प्रताप सिंह की मौजूदगी में शव को बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। संत रघुवीर दास का निधन 10 अक्टूबर को हुआ था। जिसके बाद परंपरा के अनुसार उनके साकेत वासी शरीर को मंदिर परिसर में व्यास गद्दी के समीप दफनाया गया था। 26 अक्टूबर को भंडारे का आयोजन कर बड़ी छावनी अयोध्या के जय राम दास को गद्दीधर नियुक्त किया गया। मंदिर से जुड़ी लगभग 250 बीघा भूमि को लेकर संत समाज में मतभेद भी सामने आए थे। मामले में संत माधव दास ने दफन प्रक्रिया और मृत्यु को संदिग्ध बताते हुए न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया था। कोर्ट के आदेश पर 29 दिसंबर को धारा 156(3) के तहत कई लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। शव निकाले जाने के दौरान सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे, जिससे स्थिति संवेदनशील बनी रही। थाना प्रभारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

## छात्राओं को खींचकर गन्ने के खेत में ले गये मनचले, जमकर की मारपीट

सकरन/सीतापुर। कॉलेज से साइकिल से घर लौट रही दो छात्राओं के साथ दिनदहाड़े हुई सनसनीखेज घटना ने पूरे क्षेत्र में दहशत फैला दी है। सकरन थाना क्षेत्र के एक गांव की हाईस्कूल व इंटर की छात्राएं गाड़ोसा स्थित सूर्य प्रताप इंटर कॉलेज से पढ़ाई कर वापस लौट रही थीं। दोपहर करीब 2.40 बजे जैसे ही वे कड़बड़ा के पास सिरकिंडाद्दकल्ली रोड पर अशोक कुमार के खेत के समीप पहुंचीं, तभी दो बाइकों पर सवार चार युवकों ने उनका पीछा करते हुए साइकिल रोक दी। आरोप है कि दो युवकों ने जबरन छात्राओं को पकड़ लिया और छेड़छाड़ करते हुए गन्ने के खेत में घसीटने लगे। छात्राओं के विरोध करने पर उनके साथ बेरहमी से मारपीट की गई। किसी तरह छात्राओं ने शोर मचाया तो आरोपी बाइक लेकर मौके से फरार हो गए। घटना के बाद घबराई छात्राएं परिजनों के साथ सकरन थाने पहुंचीं और राजा अवस्थी (25), शिवेंद्र मिश्रा (20) व दो अन्य के खिलाफ तहरीर दी। कॉलेज के छात्रों ने बताया कि आरोपी शिवेंद्र पूर्व में भी एक छात्रा से छेड़छाड़ के मामले में कॉलेज से निकाला जा चुका है। थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और कार्रवाई की जा रही।

## महोली बार एसोसिएशन का चुनाव 2 फरवरी को

महोली/सीतापुर। महोली बार एसोसिएशन के चुनाव का ऐलान फिर से एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष द्वारा घोषित कर दिया गया है। चुनाव प्रक्रिया 16 जनवरी से शुरू होगी वही मतदान 2 फरवरी को कराया जाएगा। इससे पहले चुनाव 7 जनवरी से शुरू होकर 17 फरवरी को मतदान होना था लेकिन निर्वाचक नामावली में खामियां होने के कारण चुनाव को आगे बढ़ाना पड़ा। जबकि बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के सदस्य पद का सीतापुर में 30 व 31 जनवरी को मतदान होना है। गाइडलाइन के अनुसार बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के चुनाव के 10 दिन पहले बार का चुनाव करा लेना चाहिए।ऐसे में 16 फरवरी से शुरू हुई चुनाव प्रक्रिया के तहत महज 17 दिन बाद 2 फरवरी को मतदान होगा। एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष रामाश्रय अवस्थी ने बताया कि अब 16 व 17 जनवरी को नामांकन पत्रों की बिक्री एवं दाखिला, 19 जनवरी को नामांकन पत्रों की जांच सायं चार बजे तक व नाम वापसी शाम 5:00 बजे तक होगी। यदि मतदान आवश्यक हुआ तो 2 फरवरी को सुबह 10:00 से सायं4:00 बजे तक मतदान कराया जाएगा। उसके बाद उसी दिन मत पत्रों की गणना एवं परिणाम घोषित किए जाएंगे। चुनाव में तहसील के 89 अधिवक्ता मतदान करेंगे।

## नायब तहसीलदार के आश्वासन पर टूटा भाकियू का आमरण अनशन

सकरन/सीतापुर। निराश्रित गोवंशों को पकड़ने तथा गौशालाओं में हो रही मौतों की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग को लेकर तीन दिनों से चल रहा भारतीय किसान यूनियन का आमरण अनशन बुधवार शाम को समाप्त हो गया। यह अनशन विकास खण्ड सकरन की ग्राम पंचायत सांडा के मजरा गोपालापुर निवासी भाकियू के ब्लॉक अध्यक्ष सुशील कुमार राज के नेतृत्व में ब्लॉक परिसर में किया जा रहा था। किसानों का आरोप था कि निराश्रित गोवंश सड़कों व खेतों में घूम रहे हैं, जबकि गौशालाओं में गोवंशों की मौतें हो रही हैं और पंचायत सचिव द्वारा गलत आख्या लगाई जा रही है। मामले में खंड विकास अधिकारी श्रीश कुमार गुप्ता द्वारा तीन सदस्यीय जांच टीम गठित किए जाने के बावजूद किसान अनशन पर डटे रहे। बुधवार की शाम नायब तहसीलदार बिसवां गिरीशचंद्र मौके पर पहुंचे और किसानों की समस्याएं सुनकर शीघ्र कार्रवाई का भरोसा दिलाया, जिसके बाद अनशन समाप्त किया गया। इस अवसर पर प्रमोद वर्मा, राममिलन यादव, लवकुश राज, सूरज कुमार, तालुकराम, रेशू भार्गव, मंजू देवी, केसरजहां, मीरा देवी सहित बड़ी संख्या में किसान व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बुजुर्ग महिला को बाल पकड़कर पीटता रहा दुकानदार, आरोपी गिरफ्तार

सीतापुर। हरगांव थाना क्षेत्र से सामने आई एक हृदयविदारक घटना ने पूरे जनपद को झकझोर कर रख दिया है। कस्बा स्थित मिल बाजार में एक मनबढ़ दुकानदार नावेद द्वारा एक बुजुर्ग महिला को बाल पकड़कर बेरहमी से पीटने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो को देखकर किसी भी संवेदनशील व्यक्ति की रूह कांप सकती है। बुजुर्ग महिला की बेबसी, चीख-पुकार और आरोपी की बर्बरता मानवता पर गहरा सवाल खड़ा करती है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुकानदार ने दिनदहाड़े बुजुर्ग महिला को बालों से घसीटते हुए मारपीट की। आसपास मौजूद राहगीरों ने किसी तरह महिला को आरोपी के चंगुल से छुड़ाया, अन्यथा अनहोनी की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता था। दुखद पहलू यह रहा कि घटना के समय भीड़ मौजूद होने के बावजूद आरोपी को रोकने में देर हुई। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई। अपराध निरीक्षक वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई कर दी गई है। साथ ही पीड़ित बुजुर्ग महिला की शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है। यह घटना न सिर्फ कानून-व्यवस्था बल्कि समाज की संवेदनशीलता पर भी करारा तमाचा है। एक असहाय बुजुर्ग महिला पर इस तरह की दरिंदगी सभ्य समाज के लिए कलंक है, जिसे किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।



## किसान की गला रेतकर हत्या

फतेहपुर। जिले में मंगलवार रात को अज्ञात हमलावरों ने एक किसान की गला रेतकर हत्या कर दी। असोथर थाना क्षेत्र के टीकर गांव स्थित एक खेत से बुधवार सुबह शव बरामद किया गया। फतेहपुर के पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने बताया कि किसान सुमेर सिंह (50) का शव अरहर के खेत से बरामद किया गया और ऐसा प्रतीत होता है कि उसकी हत्या धारदार हथियार से की गयी है। सुमेर सिंह मंगलवार रात को भी खेत में लगे अपने ट्यूबवेल पर सोने गए थे और सुबह जब वह घर नहीं लौटे, तब परिजनों ने उनकी खोजबीन की और शव को खेत में पड़ा हुआ पाया, जिसके बाद उन्होंने पुलिस को इसकी सूचना दी।पुलिस ने इस सिलसिले में अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया और घटना की जांच शुरू कर दी है।

संक्षेप

## हाईवे किनारे बिल्डिंग मैटेरियल रखने पर लगे रोक

**बांदा।** अतर्रा कस्बे में राष्ट्रीय राजमार्ग, सड़कों के किनारे फुटपाथ एवं पैदल मार्ग पर कब्जा कर खुलेआम बिना रोकटोक बेहिचक बिल्डिंग मैटेरियल्स की दुकानें आबाद हैं। सड़क पर ही ट्रकों और ट्रैक्टरों की लोडिंग और अनलोडिंग की जाती है, किसी का कोई खौफ नहीं है। व्यापारियों को किसी तरह का किराया नहीं लगाता और यह बिल्डिंग मैटेरियल मंगाकर तथा छप्पर बनाकर व्यवसाय कर रहे हैं। हाईवे किनारे कब्जा कर मटेरियल डालने के कारण अनेक दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। इस तरफ कई बार शासन-प्रशासन का ध्यान आकृष्ट किया गया। नगर पालिका अतर्रा के कर्मचारियों ने चारों तरफ सड़क मार्गों के किनारे हो रहे इस अवैध व्यवसाय पर चालान काटकर रोक लगाने की कोशिश की लेकिन यह बंद नहीं करा सके। बिल्डिंग मैटेरियल्स का यह अवैध व्यवसाय खुलेआम सड़क मार्ग पर चलने वाले वाहनों एवं यात्रियों के लिए मौत की दावत देता है। जिसे कोई देखने सुनने वाला नहीं है। झांसी मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर नगर से बाहर निकलकर बांदा रोड पर लगभग 3 किलोमीटर एवं नरैनी और बिसंडा सड़क मार्ग के किनारे अवैध बिल्डिंग मैटेरियल्स का व्यवसाय पिछले एक दशक से बढ़ता जा रहा है। नगर के संभ्रांत व समाजसेवियों ने प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए इस पर रोक लगाए जाने की मांग की है।

## जुआ खेलते पांच गिरफ्तार

**बांदा।** कस्बा चिल्ला में मोहनलाल के खेत के बगल में बने बरमबाबा के चबूतरे में रास्ते के पास कुछ लोग हार जीत की बाजी लगाते हुए जुआं खेल रहे थे। इसकी जानकारी मिलने पर चिल्ला थाना पुलिस ने दबिश देकर पांच जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से 58सौ रुपये बरामद किये गए है। पुलिस ने बताया कि मनीष कुमार पुत्र कैलाश सोनकर चिल्ला से तलाशी में 150 रुपया, रवि पुत्र बाबूराम सोनकर निवासी ग्राम अमिलिया थाना भरुआसुमेरपुर जनपद हमीरपुर से 230 रुपया, कल्लू पुत्र लल्लू वर्मा निवासी चिल्ला से दो सौ रुपया, अशोक पुत्र मुन्नूलाल से 170 रुपया, रामकुमार सोनकर पुत्र पच्चूलाल से 50 रुपया, कुल 800 रुपया जामा तलाशी में मिला। माल फड़ से पांच सौ रुपये बरामद हुए। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध जुआं अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## बिजली बिल भरने के बाद भी संयोजन काट गये विद्युत कर्मी

ललितपुर। शहर क्षेत्र के मोहल्ला रावतयाना गोविन्दनगर निवासी नसरीन बानो पत्नी साकिर खान ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजा है। बताया कि उसके परिसर के बाहर मीटर लगा हुआ है, जिसका बिल 6 जनवरी को चुकता कर दिया था। बताया कि 14 जनवरी को अपराह्न 12 बजे बिजली विभाग के सम्बन्धित अधिकारी आये और उसका संयोजन काट दिया, जिससे बिजली बंद हो गयी। अब बच्चों की पढ़ाई नहीं हो पा रही है। बताया कि इसके पूर्व उनके पति के खिलाफ 1 लाख 21 हजार 780 रुपये का चालान काट मुकद्दमा लिखा था। जिससे वह काफी परेशान हैं। उन्होंने बताया कि उसका प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान बना हुआ है और उसकी दो पुत्रियां भी हैं। पीड़िता ने मुख्यमंत्री से मामले में कार्यवाही करने की मांग उठायी है।

## होटल की गुल्लक से 15 हजार रुपये की नकदी चोरी का आरोप

ललितपुर। नगर क्षेत्र के मोहल्ला शान्तिनगर में रहने वाले शिवराज सिंह पुत्र उमराव सिंह ने पुलिस को शिकायत दर्ज करायी है। बताया कि वह मसौरा बैरियल के पास यादव वंशी वाले होटल एण्ड लॉज खोले हुये है। आरोप है कि बीती 22 सितम्बर 2025 की रात करीब 9.30 बजे उसकी होटल पर थाना बानपुर के ग्राम बारव निवासी मुलायम पुत्र रज्जू व बोबी देवल यादव पुत्र रनवीर यादव टीवीएस स्पोर्ट मोटर साइकिल नं. यू.पी.94 ए.जे. 3430 से आये और खाना के लिए प्लेट लगाने के कहा। जब वह खाना बनाने के लिए किचिन के अंदर चला गया तो उक्त लोगों ने अकेले में मौके का फायदा उठाकर गुल्लक में रखे 15 हजार रुपये लेकर भाग गये। जब वह खाना की प्लेट लेकर आया और उसने देखा कि दोनों लड़के नहीं है। इसके बाद उसने जब सीसीटीवी की जांच की तो पाया कि दोनों लड़के रुपये गुल्लक से निकाल रहे है। जब रुपये मांगने वह उनके घर पहुंचा तो दोनों लोग गांव में नहीं मिले।

# धोखाधड़ी का आरोपी बदमाश गिरफ्तार

जिला संवाददाता



**ललितपुर।** नौकरी के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले शातिर बदमाश को जखौरा पुलिस ने धर दबोचा है। पुलिस ने अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है।

बताया जा रहा है कि पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान में थाना जखौरा पुलिस ने मु.अ.सं. 207-24 धारा 316(2), 318(4), 338, 336 (3), 340(2), 352, 351(2) बीएनएस में प्रकाश में आये

**●जखौरा पुलिस को मिली सफलता**

वांछित जिला लखनऊ के थाना इटौजा अंतर्गत ग्राम अटेसुआ निवासी अमरसिंह पुत्र राम बहादुर सिंह को हिरासत में लिया है।

पुलिस ने घटना को लेकर बताया कि बांसी निवासी देवेन्द्र पुत्र रामनाथ अहिरवार ने शिकायत दर्ज करायी थी, जिसमें उसने दो माह पूर्व वादी व अन्य पीडितों को संविदा पर नौकरी दिलवाने के नाम पर रुपए ले लेना तथा कूटरचित नियुक्ति पत्र वादी को देना का आरोप लगाते हुये उसके घर जाकर धोखाधडी के सम्बन्ध में उलाहना देना व रुपये वापस मांगने पर गाली-गलौज कर झूठे मुकदमें में फंसाने की धमकी देने के सम्बन्ध में दिया गया था। प्रकरण को लेकर थाना जखौरा पुलिस ने 08 अगस्त 2024 को मु.अ.सं. 207द्ध2024 धारा 316(2), 318(4), 338, 336(3), 340(2), 352, 351(2) बीएनएस में अभियोग पंजीकृत कर रामप्रसाद सेन व संजीव को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था।

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए प्रकाश में आये वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु थाना स्तर पर पुलिस टीम गठित की गयी थी। गठित टीम द्वारा अमर सिंह को हिरासत में लिया गया है।

पूछताछ के दौरान अमर सिंह ने बताया कि वह अपने साथी रामप्रसाद लोगों की नौकरी लगवाने के नाम पर लोगो से रूपया ले लेते थे और उन्हे फर्जी नियुक्ति पत्र दे देते हैं और उनसे मिले रूपयो को आपस में बांट लेते हैं।

हमारे गिरोह के अन्य सदस्य भोले भाले बेरोजगार लोगो को टारगेट करते हैं तथा उनसे विभिन्न विभागो में नौकरी लगवाने के नाम पर रुपए इकठ्ठा करते हैं और उन्हे कूटरचित दस्तावेज तैयार कर फर्जी ज्वानिंग लेटर देते हैं। बताया कि उसने अपने साथियों के साथ देवेन्द्र व अन्य लोगों की नौकरी लगवाने के बहाने से उनसे लाखो रुपये ले लिए थे ओर उन्हें फर्जी नियुक्ति पत्र दे दिए थे और उन लोगों से कह दिया गया कि तुम लोगो की नौकरी नगर पंचायत तालबेहट में लग गयी है, उसके बाद मुझे पता चला कि रामप्रसाद व अन्य साथियों पर मुकदमा लिख गया है।

शातिर बदमाश को पकड़ने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार वैश्य, उ.नि.अभिषेक पंवार, हे.का.विक्रम विशाल द्विवेदी, का.योगेश सिंह शामिल रहे।

# उद्योग विभाग की योजनाओं में सीएम डैशबोर्ड पर डी रैंक आने पर डीएम ने नाराजगी जतायी

जिला संवाददाता (vol)




**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में मुख्य मंत्री डैशबोर्ड एवं निर्माण कार्य से संबंधित बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी ने उद्योग विभाग की रैंक लगातार कम पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की।

जिलाधिकारी जसजीत कौर ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में उपायुक्त एनआरएलएम एवं उपायुक्त उद्योग विभाग की योजनाओं में सीएम डैशबोर्ड पर डी रैंक प्राप्त होने पर असंतोष व्यक्त करते हुए निर्देश दिये कि पूर्ण गंभीरता के साथ कार्य करते हुए विभागीय रैंक में सुधार लाना सुरक्षित करें। समीक्षा के दौरान उन्होंने जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी को निर्देशित किया कि लोनिवि एवं सेतु निर्माण निगम द्वारा विलंब से शुरू किए गए कार्य के कारणों एवं निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच के लिए एसडीएम धामपुर की अध्यक्षता में तकनीकी अधिकारियों के साथ एक टीम गठित कर जांच कराएं तथा उक्त दोनों विभागों से शासन द्वारा सेतु निर्माण के स्वीकृत कार्य की मंजूरी का आदेश पत्र प्राप्त कर उन्हें उपलब्ध कराएं। उन्होंने पतासी विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया कि विभागीय योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कर पात्र मेको रोजगार उपलब्ध हो सके। जिलाधिकारी ने उद्योग विभाग की रैंक लगातार कम पाए जाने पर नाराज व्यक्त करते हुए उपयुक्त उद्योग को निर्देशित किया कि ओडीओपी सहित अन्य बिंदुओं पर रैंक में सुधार लाने के लिए अपने विभागीय उच्च अधिकारियों से बात करें ताकि सीएम डैशबोर्ड पर रैंक में अपेक्षित सुधार लाया जा सके। उन्होंने सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे अपने-अपने विभागों की योजनाओं में निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करें और सीएम डैशबोर्ड पर शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित करते हुए जिले को सीएम डैशबोर्ड पर टॉप टेन जिलों में लाने के लिए विशेष प्रयास करें। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वह प्रतिदिन सीएम डैशबोर्ड की मॉनिटरिंग करें और अपने विभागों की योजनाओं के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारीगण सीएम डैशबोर्ड को बहुत ही गंभीरता से लें और जो भी डाटा सीएम डैशबोर्ड पर फीड किया जा रहा है, उसकी एक बार गहनता के साथ जांच जरुर कर लें और सही डाटा ही पोर्टल पर फीड करें, क्योंकि सीएम डैशबोर्ड की माननीय मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव के द्वारा समीक्षा की जाती है। जिलाधिकारी ने बताया कि शासन स्तर पर ई-ऑफिस प्रणाली की नियमित रूप से मानिटरिंग की जा रही है। जिलाधिकारी ने बैठक में समस्त विभागों के विकास कार्यों एवं योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विभागीय अधिकारीगण शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य की प्रगति बनाए रखें और किसी भी अवस्था में रैंक को न गिरने दें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा, परियोजना निदेशक डीआरडीए दिनकर जिला विकास अधिकारी रचना गुप्ता, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी लक्ष्मी एवं धर्मवीर सिंह, अधिशासी अभियंता आरईएस, पीडब्ल्यूडी, विद्युत, जल निगम, स्वास्थ्य विभाग सहित सभी संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

# जज के घर हुई लाखो की चोरी का खुलासा, पुलिस गिरफ्त में माल सहित तीन शातिर



जिला संवाददाता (vol)

**बिजनौर।** जज के घर में चोरी करने के बाद आरोपी ने अपनी महिला मित्र के शौक पूरे करने के लिए चोरी के आभूषण और अन्य सामान उसके हवाला कर दिया। पुलिस ने दो महिलाओं समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी का खुलासा कर दिया है। आरोपियों के पास से सोने चांदी के आभूषण और कीमती कपड़े बरामद हुए हैं। पुलिस क्षेत्राधिकारी (सदर) संग्राम सिंह के अनुसार प्रधान मजिस्ट्रेट स्वाति शर्मा ने बीती एक जनवरी को अपने आवास में चोरी होने की रिपोर्ट थाना कोतवाली शहर में दर्ज कराई। रिपोर्ट दर्ज करने के बाद पुलिस घटना के खुलासे में जुटी तो एक सीसीटीवी फुटेज में चोरों का सुराग लगा। पुलिस ने आरोपी की महिला मित्र को हिरासत में लिया। पुलिस पूछताछ में कीर्ति वर्मा ने बताया कि उसके दोस्त सोनू शर्मा ने 29दिसंबर की रात चैरी करने के बाद सामान उसे लाकर दे दिया। चोरी में मदद करने वाले सोनू के साथी घनश्याम ने भी कुछ सामान अपनी पत्नी रीता के हवाले कर दिया। पुलिस के अनुसार कीर्ति ने चोरी का कुछ सामान अपने भाई मनोज वर्मा निवासी शंभा बाजार बिजनौर के पास भी रख दिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से सोने के जेवर, एलसीडी, 25 हजार रुपये, ट्राली बैग, पर्स, कपड़े और जूते आदि बरामद करने के बाद कीर्ति वर्मा, रीता और मनोज को गिरफ्तार उनका चालान कर दिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में शहर कोतवाल धर्मेंद्र सिंह सोलंकी, एसओजी प्रभारी सचिन मलिक, दरोगा ममता तेवतिया, सुनील कुमार, तेजवीर सिंह, मोनू सर्विलान्स टीम, निखिल, निर्मल, रोशन आदि शामिल रहे।

# सांसद ने दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार देकर किया सम्मानित

जिला संवाददाता (vol)



**बिजनौर।** नेहरू स्पोर्ट्स स्टेडियम में दो दिवसीय आयोजित सांसद खेल स्पर्धा प्रतियोगिता का भव्य समापन समारोह संपन्न हुआ। खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश के निदेर्शानुसार तथा जिलाधिकारी बिजनौर के आदेश पर आयोजित इस प्रतियोगिता का समापन मुख्य अतिथि बिजनौर सांसद चंदन चैहान द्वारा पुरस्कार वितरित कर किया गया। मुख्य अतिथि चंदन चैहान, मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह तथा नगर पालिका परिषद बिजनौर अध्यक्ष इंदिरा सिंह ने समापन समारोह में अपने संबोधन से उपस्थित सभी को नई ऊर्जा प्रदान की।

मुख्य अतिथि सांसद चंदन चैहान ने नेहरू स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित दो दिवसीय प्रतियोगिता में कहा कि युवाओं की छिपी प्रतिभा को सामने लाने में सफल रही। प्रधानमंत्री की खेलो इंडिया मुहिम के कारण आज गांव-गांव तक खेल का माहौल बन रहा है। हमारे युवा खिलाड़ी सिर्फ मैदान पर नहीं, बल्कि जीवन में भी विजेता बनने की क्षमता रखते हैं। रालोद नेता जयंत चैधरी के सहयोग से क्षेत्र में खेल इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत हो रहा है। मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन की ओर से हम खेल मैदानों की मरम्मत, नए उपकरण और कोचिंग सुविधाओं पर विशेष ध्यान दे रहे हैं। आने वाले समय में बिजनौर से और अधिक राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी निकलेंगे। अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बिजनौर इंदिरा सिंह ने कहा कि नगर पालिका हमेशा से युवाओं के खेल-कूद और स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशील रही है। इस प्रतियोगिता ने साबित किया कि बिजनौर में खेल की कितनी जबरदस्त संभावनाएं हैं। हम नगर क्षेत्र में और अधिक खेल मैदान, जिम और युवा केंद्र विकसित करने की दिशा में काम कर रहे हैं। इस अवसर पर डॉ. बीरबल सिंह राजकुमार (जिला क्रीड़ा अधिकारी, बिजनौर), विजय चैहान (सांसद प्रतिनिधि) तथा हिमांशु (सहायक जिला खेल कार्यालय, बिजनौर) उपस्थित रहे। समापन समारोह में निर्णायक मंडल चित्र चैहान, मोहम्मद यूनुस हुसैन, जितेंद्र कुमार, शबाब आलम, विशाल कुमार, अंशु चैधरी, पूजा देवी तथा अजीत सिंह की निष्पक्ष भूमिका की सराहना की गई। जिला क्रीड़ा अधिकारी राजकुमार के कुशल आयोजन से प्रतियोगिता पूरी तरह सफल रही। समापन में सभी विजेताओं, उपविजेताओं और प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र, मेडल एवं पुरस्कार वितरित किए गए।

# जिले की 350 चिकित्सा इकाइयों का होगा कायाकल्प



**बांदा।** सरकार के प्रयासों के चलते जिले की स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर हो रही हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विजेन्द्र सिंह ने बताया कि बांदा की 350 चिकित्सा इकाईयों का इस वर्ष कायाकल्प किया जाएगा। बीते वर्ष जिले की कई चिकित्सा इकाईयों को कायाकल्प अवॉर्ड भी मिल चुका है। जिले की 350 स्वास्थ्य इकाईयों में 286 उप स्वास्थ्य केन्द्र, 47 पीएचसी, 7 यूपीएचसी व 8 सीएचसी सहित जिला अस्पताल व जिला महिला अस्पताल शामिल हैं। जिले की स्वास्थ्य इकाईयों को बेहतर बनाने के लिए स्वास्थ्य इकाईयों पर लोगों के अवैध कब्जों को भी प्रशासन ने हटवाया है। सीएमओ ने बताया कि 350 स्वास्थ्य इकाईयों में 16 स्वास्थ्य इकाईयों का कार्यकाल पूरा हो चुका है। 46 स्वास्थ्य इकाईयों के कागज ऑनलाइन अपडेट किए जा चुके हैं और शीघ्र ही यहां पर भी कायाकल्प शुरू कर दिया जाएगा। उन्होने बताया कि सबसे पहले आयुष्मान आरोग्य मंदिर का कायाकल्प होगा। वहां सीएचओ की तैनाती है। डीएम ने सीडीओ व डीपीआरओ को ऐसे चिन्हित 57 स्वास्थ्य इकाईयों की लिस्ट दी है जहां की बाउंड्री, सड़क, बिजली व पानी की व्यवस्था दुरूस्त कराई जाएगी। शेष व्यवस्थाओं को स्वास्थ्य विभाग दुरूस्त कराएगा ताकि वहां पर भी पीएचसी स्तर की सुविधा लोगों को मिल सके।

# सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग में राजस्व और विकास कार्यों में जनपद को मिला नौवां स्थान




**ललितपुर।** जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने बुधवार को कलैक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा करते हुए जनपद के विकास कार्यों की प्रगति जानी और खराब प्रगति वाले अधिकारियों का स्पष्टीकरण तलब करते हुए एक माह के भीतर प्रगति सुधारने का अल्टीमेटम दिया। उन्होंने लापरवाह अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि जनपद की रैंकिंग खराब करने वाले अधिकारी बख्शे नहीं जायेंगे, यदि इसके बाद भी प्रगति में अपेक्षित सुधार नहीं होगा तो सम्बंधित अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

**●खराब प्रगति वाले अधिकारियों से स्पष्टीकरण तलब, एक माह के भीतर प्रगति सुधारने का डीएम ने दिया अल्टीमेटम**

**●पर्यटन विभाग द्वारा संचालित बेड एण्ड ब्रेकफास्ट योजना में अधिक से अधिक पंजीकरण कराने पर दिया जोर**

बताया गया कि प्रदेश की रैंकिंग में ललितपुर को राजस्व मामलों में 09वा स्थान, विकास में 17वा एवं राजस्व व विकास में 09वां स्थान मिला है। समीक्षा के दौरान अल्पसंख्यक वर्ग कल्याण विभाग, कृषि विभाग, भूमि संरक्षण विभाग और मत्स्य विभाग की योजनाओं की प्रगति खराब होने पर जिलाधिकारी ने सख्त रुख अपनाते हुए अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, कृषि अधिकारी, भूमि संरक्षण अधिकारी और सहायक निदेशक मत्स्य का स्पष्टीकरण तलब किया, इसके साथ ही उद्योग, बेसिक शिक्षा, नई सड़कों के निर्माण, मत्स्य पट्टों, राज्य कर, निर्माण कार्यों आदि में की प्रगति में गिरावट के दृष्टिगत सम्बंधित अधिकारियों को एक माह का अल्टीमेटम देते हुए प्रगति सुधारने के कड़े निर्देश दिये गए। इसी श्रंखला में फसल बीमा योजना की समीक्षा के दौरान मृतक किसानों का डाटा डिलीट करने व किसान क्रेडिट कार्ड की लंबित पत्रावलियों का एलडीएम से समन्वय कर निस्तारित कराने के निर्देश दिये गए। पशु पालन विभाग की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को जनपद के प्रत्येक ब्लॉक में अण्डा उत्पादन इकाई की स्थापना के लिए लाभार्थियों को जागरुक करने के निर्देश दिये, साथ ही सभी अधिकारियों को पर्यटन विभाग की बेड एण्ड ब्रेकफास्ट योजना में अधिक से अधिक पंजीकरण कराने के लिए आमजन व स्थानीय कर्मचारी जिनके पास कम से कम 6 कमरों वाला मकान हो, के रजिस्ट्रेशन कराने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने डीसी एनआरएलएम को निर्देशित किया कि ब्लॉक स्तर पर स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से दुग्ध उत्पादन इकाई-कलैक्शन सेन्टर संचालित करायें। इसके अलावा सभी अधिकारी सूचना विभाग द्वारा प्रतिदिन प्रातरू उपलब्ध करायी जा रही निगेटिव न्यूज की निस्तारण आख्या दोपहर तक अनिवार्य रुप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि शाम तक शासन को रिपोर्ट भेजी जा सके। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिये कि वित्तीय वर्ष समाप्ति की ओर है, इसलिए सभी विभागों के साथ एक बैठक कर उनके व्यय व अवशेष बजट की समीक्षा कर लें। जीरो पॉवरटी अभियान की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि व अपने-अपने लक्ष्यों को एक सप्ताह के भीतर पूर्ण करना सुनिश्चत करें, अगले हफ्ते इसकी समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी, उसमें किसी की भी प्रगति खराब न रहे। 24, 25 और 26 जनवरी को आयोजित होने वाले उत्तर प्रदेश दिवस के सम्बंध में जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित अधिकारियों को दायित्व सौंपते हुए निर्देश दिये कि अभी से आयोजन की तैयारियां पूर्ण कराना सुनिश्चित करें ताकि आयोजन पूरी भव्यता के साथ सम्पन्न हो। इस दौरान सीडीओ शेषनाथ चौहान, पीडी डीआरडीए, डीडीओ, स्वास्थ्य विभाग, लोक निर्माण विभाग, जल निगम, जल संस्थान, सिंचाई, ग्रामीण अभियंत्रण एवं अन्य कार्यदायी विभागों के अधिशासी अभियंता, शिक्षा, कृषि, समाज कल्याण, महिला कल्याण,

# खातों से रुपये निकालने वाले 2 गिरफ्तार, 5 एटीएम मिले



**बांदा।** लोगों को सहायता का झांसा देकर एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधड़ी कर खातों से धनराशि निकालने वाले दो अंतर्राज्यीय शातिर आरोपियों को कोतवाली नगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। शहर कोतवाली क्षेत्र के शांति नगर निवासी राहुल पुत्र बक्षराज ने बीती 12 जनवरी को पुलिस को सूचना दी कि 8 अक्टूबर 2025 को अज्ञात व्यक्ति ने फ्रॉड के जरिए एटीएम कार्ड बदलकर उसके बैंक खाते से रुपये निकाल लिए। तहरीर के आधार पर कोतवाली नगर में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमों का गठन हुआ। कोतवाली पुलिस धोखाधड़ी करने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही थी। मुखबिर की सूचना पर दो आरोपियों को पुलिस लाइन तिराहा एसबीआई एटीएम के पास से गिरफ्तार किया। पूंछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि वह एटीएम मशीनों के आस-पास खड़े होकर सीधे-साधे अकेले व बुजुर्ग लोगों को सहायता का झांसा देकर धीरे से उनका एटीएम कार्ड बदल लेते थे। इसके बाद चोरी के एटीएम कार्ड एवं पिन की मदद से उनके खातों से धनराशि निकाल लेते थे। लोगों को जानकारी तब होती थी जब उनके खातों से धनराशि निकल चुकी होती थी। गिरफ्तार आरोपी राजू उर्फ श्यामलाल पुत्र अच्छेलाल व अनिरूद्ध उर्फ भोलू पुत्र सूरज पाल दोनो निवासी देवेन्द्र नगर थाना देवेन्द्र नगर जिला पन्ना मध्य प्रदेश के निवासी हैं। इनके पास से 5 एटीएम चोरी के कार्ड, 32 हजार रुपये नकद, एक मोबाइल फोन मिला है। इनके ऊपर कोतवाली नगर व दूसरे जिले के थानों में मुकदमें दर्ज हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक बलराम सिंह, सिविल लाइन चैकी प्रभारी आनंद साहू, गौरव प्रताप सिंह, कांस्टेबल जितेन्द्र द्विवेदी व नितेन्द्र कुमार रहे।

## जमीनी मामले में महिला से परेशान हुआ परिवार

ललितपुर। तालाबपुरा में रहने वाली 64 वर्षीय वृद्ध महिला सुधा जैन पत्नी स्व.सुरेश कुमार जैन ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि वह अपने पुत्र सुशान्त जैन के साथ निवासरत है। बताया कि उसका पूरा परिवार थाना नाराहट के ग्राम दैनपुरा निवासी एक महिला रामदेवी पत्नी ब्रिजकिशोर से परेशान है। बताया कि उक्त महिला दम्पत्ति उसके घर में पहली बार 18 मई 2025, 18 जुलाई 2025, 26 अक्टूबर 2025, 5 दिसम्बर 2025 एवं 13 दिसम्बर 2025 में घर में एकायक घात लगाकर जबरन अंदर आ जाती है और गालियां देकर जान से मारने की धमकी देते हुये परिजनों से धक्का मुक्की कर अंदर-बाहर से गेट बंद कर लेती है। बताया कि उसके पति एक अधिवक्ता थे, जो कि दिल के मरीज थे और उनकी 30 अगस्त 2025 को मृत्यु हो गयी थी। परन्तु उक्त महिला दम्पत्ति द्वारा उसके पुत्र के मोबाइल पर कई नम्बरों से फोन कर उसके पुत्रों को कॉल, मैसेज कर अपशब्दों का प्रयोग कर जान से मारने और झूठे मामले में फंसाने की धमकी दी जा रही है।

कई बार इस मामले की सूचना कोतवाली पुलिस, महिला थाना व एसपी महोदय को दी गयी, लेकिन महिला को इसका डर नहीं है। पीड़िता के अनुसार उक्त महिला का आरोप है कि उसके पति द्वारा उसके ससुर ने 2012 में कोई जमीन इनके किसी परिवार से रजिस्ट्री करायी थी, जो कि उनके द्वारा वर्ष 2017 में किसी अन्य को रजिस्ट्री कर दी गयी। अब उक्त दम्पत्ति उक्त जमीन को वापस कराने के लिए पूरे परिवार को ब्लैकमेल कर रही है, जबकि उसके परिवार का जमीन से कोई लेना-देना नहीं है।

## सहायक एल. बी. सी. का पद रिक्त, नगर पालिकाओं का कार्य प्रभावित

**बांदा।** जिले में बीते कई वर्षों से स्थानीय निकाय अनुभाग एक लिपिक के सहारे पर चल रहा है। जबकि इस अनुभाग पर सहायक एल बी सी का पद कई वर्षों से खाली चल रहा है। इस अनुभाग में जिले की 2 नगर पालिकाओं और 6 नगर पंचायतों से संबंधित कार्यों का संपादन होता है। ए एल बी सी का पद रिक्त होने से स्थानीय निकायों से संबंधित कार्य का बोझ एक ही लिपिक पर है। स्टॉफ की कमी के चलते स्थानीय निकाय से संबंधित कलेक्ट्रेट में चल रही फाइलों के निस्तारण की गति प्रभावित रहती है। नगर पालिका परिषद व नगर पंचायतों के कर्मचारियों का कहना है कि ए एल बी सी के पद पर यदि किसी लिपिक की तैनाती हो जाती तो कार्यों के सम्पादन में निश्चित रूप से गति आएगी। कहा कि ए एल बी सी का पद खाली होने से तमाम फाइलों का निस्तारण समय पर नही हो पाता है। इस वजह से नगर पालिका व नगर पंचायतों का कार्य प्रभावित होता है।

## एआरटीओ ने रात्रि में अभियान चलाकर की हाईवे पर ओवर लोडिंग वाहनों की चेकिंग




**बिजनौर।** सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) गौरी शंकर ठाकुर ने बताया कि उ0प्र0 शासन द्वारा जनवरी 2026 में मनाये जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत बीती रात्रि उन्होने और मुन्नालाल, यात्रीकर अधिकारी, बिजनौर द्वारा जनपद के विभिन्न मार्गो एवं हाईवे पर सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यात्री वाहनों में ओवरलोडिंग तथा रेट्रो रिफलेक्टिव टेप की जॉच की गयी एवं वाहन चालकों को यातायात के नियमों की जानकारी दी गयी तथा वाहनों के चालकों को सीटबेल्ट के प्रयोग की अनिवार्यता के सम्बन्ध में प्रेरित किया गया, जिससे कोई दुर्घटना घटित न हो और जीवन सुरक्षित रहे।

## तालाब में व्यक्ति का शव में मिलने से पुलिस में हड़कंप, परिजनों में मचा कोहराम

**धामपुर, बिजनौर।** गांव के पास तालाब में एक व्यक्ति का शव मिलने पर परिजनों कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने तालाब से बाहर निकालकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार थाना धामपुर क्षेत्र के ग्राम अमखेड़ा निवासी अरविंद कुमार मंगलवार की शाम को घर से खाना खाकर बाहर टहलने के लिए निकला और फिर देर रात तक घर वापस नहीं आया। परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। बुधवार की सुबह गांव के तालाब में अरविंद कुमार का शव बड़ा होने की सूचना मिलती ही परिजनों में कोहराम मच गया। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार सिंह ने बताया कि लगभग 11 बजे पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम अमखेड़ा, थाना धामपुर, जनपद बिजनौर स्थित तालाब में किसी व्यक्ति का शव पड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को तालाब से बाहर निकाला गया। शव की पहचान ग्राम अमखेड़ा निवासी लगभग अरविंद कुमार ( 55 वर्ष) पुत्र चंद्रपाल सिंह के रूप में हुई है। पुलिस का कहना है कि मृत्यु का सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल सकेगा।

# पूरी दुनिया पर पड़ेगा ईरान युद्ध का असर



संजय श्रीवास्तव

ईरान-अमेरिका के बीच युद्ध जैसे हालात बनते जा रहे हैं पर पूर्ण युद्ध के बीच कई किंतु परंतु हैं। इसलिए ट्रंप की सनक और ईरान की दबंगई और दोनों के आक्रामक बयानों के बावजूद सीधे युद्ध की स्थिति अभी दूर नजर आती है, लेकिन अगर युद्ध हुआ तो पूरी दुनिया इससे प्रभावित होगी।

ईरान का यह दावा कि वह अमेरिकी हमले के बाद नहीं बल्कि ऐसे किसी खतरे का ठोस संकेत मिलते ही इजराइल तथा आसपास के अमेरिकी सैन्य अड्डों को निशाना बनाना शुरू कर देगा और ट्रंप के इस उद्गार के बाद कि हम बहुत गंभीरता से कुछ असरदार विकल्पों पर विचार कर रहे हैं, ईरानी जनता का लंबा दुःस्वप्न अब खत्म होने वाला है। जल्द कोई फैसला लेंगे, के बाद लगता है कि ईरान का मसला उस मुकाम तक पहुंच गया है, जहां स्थिति सामान्य होना मुमकिन नहीं और युद्ध की पृष्ठभूमि तैयार हो चुकी। ट्रंप की सनक का कोई तार्किक आकलन संभव नहीं। फिलहाल सीधे और वास्तविक युद्ध की आशंका कम है, लेकिन आशंका से इनकार भी नहीं किया जा सकता। युद्ध संभव है, पर अनिवार्य नहीं लेकिन भारी तनाव के बीच अमेरिका से परोक्ष टकराव की आशंका साफ दिखने लगी है। जिस तरह के हालात हैं उसे देखते हुए सीधे युद्ध न भी हो तो भी ईरान में अमेरिकी हवाई हमले, ईरान-इजराइल टकराव, प्रॉक्सी युद्ध का विस्तार तथा भीषण दमन के जरिये नियंत्रण जैसे परिदृश्य सामने आ सकते हैं। तात्कालिक तौरपर तख्तापलट, गृहयुद्ध, खामेनेई का पलायन या पहलवी की वापसी जैसे परिदृश्य की गुंजाइश कुछ कम है।

ईरान की सबसे बड़ी रणनीतिक ताकत है लेबनान में हिज्बुल्लाह, यमन में हूती, इराक-सीरिया में शिया मिलिशिया, इस प्रॉक्सी नेटवर्क के इस्तेमाल से वह बिना सीधे युद्ध के अमेरिका और उसके सहयोगियों पर दबाव बना सकता है। शैडो वार में ईरान की यही मजबूती उसे पूर्ण युद्ध से अब तक बचाए रखी है और आगे भी काफी हद तक बचाएगी। अमेरिका शायद यह जानता है कि वेनेजुएला, ईरान, ग्रीनलैंड, क्यूबा, मैक्सिको जैसे कई मोर्चों पर एक साथ दबाव बनाने की उसकी चाहत रणनीतिक थकान बढ़ा सकती है। ईरान जितना समझा जा रहा है उतना भी कमजोर नहीं है इसलिये वह अमेरिका के ह्लगले की ऐसी फांस बन सकता है जिसे न पूरी तरह निगला जा सके, न छोड़ा जा सके। इसलिये सीधे युद्ध में उतरने के बजाए वह प्रतिबंध, साइबर-



आक्रमण, सीमित हवाई हमला, आक्रामक बयानबाजी और ईरान अपने प्रॉक्सी टकराव पर टिका रह सकता है। विरोध प्रदर्शन महंगाई से शुरू होकर कुशासन और सत्ता की वैधता के प्रश्नों तक पसर गए हैं। यह स्थिति 2022 के प्रदर्शनों से अधिक जटिल है;

**यूएस-ईरान तनाव**

क्योंकि तब मुद्दे सामाजिक-सांस्कृतिक थे, आज आर्थिक-राजनीतिक हैं। तब आंतरिक शक्तियां भर थीं, अब इसमें बाहरी तत्वों के दखल से इनकार नहीं किया जा सकता। हालांकि उम्मीद रखने में कोई बुराई नहीं, कई आंतरिक उथल-पुथल वाले में संकटों में ईरानी राज्य सुरक्षा-संरचना और अपने धार्मिक वैचारिक अनुशासन के सहारे टिकता रहा है लेकिन इस बार सामान्यीकरण बहुत कठिन है।

अयातुल्ला अली खामेनेई ने अपने वहां के हालात के लिये अमेरिका-इजराइल को दोषी ठहराना गलत नहीं, बाहरी हस्तक्षेप वास्तविक हैं, सत्ता-परिवर्तन के लिए अस्थिरता पैदा करने का पश्चिम का इतिहास रहा है। इसलिए ईरान में यह आरोप पूरी तरह निराधार नहीं पर आंतरिक कारणों को इससे ढका नहीं जा सकता। असल में संकट के मुख्य खलनायक खामेनेई हैं, जिनकी सरकार के आर्थिक कुप्रबंधन, राजनीतिक दबंगई, सामाजिक स्तर पर सुधार की विफलताएं इसके लिये दोषी हैं। ईरान आज उन्हीं के चलते आर्थिक संकट, प्रतिबंधों, ऊर्जा-जल किल्लत, मुद्रा अवमूल्यन और सामाजिक असंतोष के बहुस्तरीय दबाव में है। उनके इशारे पर ईरानी अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों को आर्थिक विरोध और सत्ता परिवर्तन की मांग करने वालों को बांटने की कोशिश की, सत्ता परिवर्तन की मांग वालों को दंगाई और विदेशी समर्थित किराये के सैनिक बताकर ऐलान किया कि 'दंगों' में शामिल सभी लोग खुदा के खिलाफ युद्ध छेड़ने के दोषी हैं, जिसकी सजा मौत है। इससे मामला और भड़का, देशभर में जेन-जी आक्रोश में आ गया और हर महीने लगभग 7 डॉलर कैश की मदद का ऐलान भी नाकाम साबित हुआ। हालांकि हजारों के घायल होने सैकडों के मारे जाने के पश्चिमी मीडिया के चित्रण और विदेशी मानवाधिकार समूहों के दावों की स्वतंत्र पुष्टि कठिन है, 'पूर्ण अराजकता' का चित्रण अतिरंजित भी हो सकता है, पर दमन हुआ है यह कतई नकारा नहीं जा सकता।

आज ईरान उबाल के उस बिंदु पर है जिसमें अस्थिरता बरकरार रहेगी और गृहयुद्ध या तख्तापलट होने से पहले दमन और तेज होगा। अमेरिका में रह रहे निर्वासित रजा पहलवी ने आंदोलनकारियों को समर्थन देते और उकसाते हुये खुद को सत्ताशीर्ष का विकल्प बताया तो है पर फिलहाल उनके ईरान लौटने की संभावना क्षीण है; क्योंकि उनकी संगठित स्वीकार्यता सीमित है, वे प्रतीकात्मक धुरी बन सकते हैं पर निर्णायक शक्ति नहीं, सो सत्ता के राजनीतिक चरित्र में बदलाव अभी दूर की कौड़ी है। उम्मीद यही है कि ट्रंप परोक्ष हवाई हमले, सैन्य ठिकानों को निशाना भले बनाएं पर सीधा हस्तक्षेप टालेंगे।

तमाम सैन्य बढ़त के बावजूद सीधा युद्ध अमेरिका के लिए भी महंगा और अनिश्चित होगा। पर ट्रंप युद्ध पर उतारू हो गये तो क्या होगा? ईरान का रक्षा बजट 40 अरब डॉलर है, जो अमेरिकी रक्षा बजट 800 अरब डॉलर के मुकाबले कुछ भी नहीं। अमेरिका के पास ईरान के नजदीक कई सैन्य अड्डे हैं, सैटेलाइट-आधारित इंटेलिजेंस, स्टील्थ विमान हैं। हवाई ताकत के मामले में अमेरिकी एफ 35, एफ 22, अवाक्स जैसे लड़ाकू विमानों, बी-2 बांबरों के सामने कमजोर वायुसेना वाला ईरान कब तक टिकेगा? हालांकि पूर्ण वायु वर्चस्व के बाद भी युद्ध का अंत किसी के पक्ष में तय नहीं होता पर अमेरिका द्वारा बड़े पैमाने पर ऐसे हवाई हमले संभव हैं, जो ईरान की वायु रक्षा और एयरबेस को शुरूआती चरण में ही भारी नुकसान पहुंचा देगा। ईरान के पास सैनिक अधिक होने के बावजूद टैंक-बख़्तरबंद प्लेटफॉर्म पुराने हैं, निगरानी, तकनीक और बाकी हथियारों के मामले में वे अमेरिका से बहुत पीछे हैं जिससे खुले मैदान की सीधी लड़ाई में वे पिछड़ सकता है। पर मिसाइलें ईरान की ताकत हैं। उसकी बैलिस्टिक और क्रूज मिसाइलें अमेरिकी ठिकानों, इजराइल और खाड़ी देशों के लिए वास्तविक खतरा बन सकती है। नौसेना छोटी तो है पर होर्मुज जलडमरूमध्य जैसे संकरे समुद्री मार्गों में स्वार्म बोट्स, माइनिंग जैसी गुरिल्ला रणनीति अपनाकर वह वैश्विक तेल के तकरीबन तिहाई की आपूर्ति का रास्ता रोक सकता है, जिसका आर्थिक असर युद्ध से भी बड़ा होगा। ईरान के पास भले घोषित तौरपर परमाणु हथियार न हों पर 60 फीसद से अधिक यूरेनियम संवर्धन कार्यक्रम चिंता का विषय तो है- यह निवारक दबाव बना रहेगा। संघर्ष इकतरफा लगता है पर लंबा खिंचा तो ईरान असंयमित युद्ध में भारी पड़ेगा और वैश्विक अर्थव्यवस्था डगमगाएगी। तेल कीमतें, शिपिंग बीमा, वैश्विक महंगाई और उभरती अर्थव्यवस्थाएं प्रभावित होंगी। इस दौरान इजराइल की भूमिका देखनी होगी। यह तय है कि चीन बयानबाजी और कूटनीतिक वित्तीय समर्थन, खुफिया मदद तक सीमित रहेगा, सीधी सैन्य मदद की संभावना कम ही है।

# ट्रंप की धमकियां

ट्रंप युद्ध, धमकी और टैरिफ जैसे हथकंडों से पूरी दुनिया के लिए अशांति के कारण बन गये हैं। ट्रंप ने एक साथ कई मोर्चे खोल लिए हैं। वह क्यूबा, कोलंबिया, ग्रीनलैंड सरीखे छोटे देशों को बंधक बना कर अमरीका के उपनिवेश बनाने पर आमादा हैं, लिहाजा वेनेजुएला की तरह हमले की धमकियां दे रहे हैं। ईरान के चारों ओर भी अमरीकी विमान, युद्धपोत आदि मंडरा रहे हैं, घातक डेल्टा फोर्स को भी तैनात करने की खबरें हैं। हालांकि अमरीका जानता है कि ईरान वेनेजुएला जैसा कमजोर देश नहीं है। ईरान एक सैन्य ताकत है। वेनेजुएला पर हमले के बाद अमरीकी सीनेट ने बहुमत से राष्ट्रपति ट्रंप के खिलाफ प्रस्ताव पारित किया है, जिसके साफ मायने हैं कि अमरीकी संसद की अनुमति के बिना ट्रंप किसी भी देश पर हमला नहीं कर सकते अथवा युद्ध में जाने का सेनाओं को आदेश नहीं दे सकते। फिर भी राष्ट्रपति ट्रंप दुनिया को अलग-अलग मोर्चों पर धमकाने, हड़काने में जुटे हैं। ये अर्द्ध-तानाशाही के संकेत हैं। उन्होंने रूस पर प्रतिबंधों से जुड़े एक बिल को मंजूरी दी है, जो इसी सप्ताह संसद के पटल पर पेश किया जा सकता है। यदि यह बिल पारित हो गया, तो आर्थिक अराजकता का माहौल बनना तय है। बिल में स्पष्ट प्रावधान किए गये हैं कि जो भी देश रूस से तेल, गैस और अन्य उत्पादों की खरीद करेगा, अमरीका उस पर 500 फीसदी का टैरिफ थोप सकता है। यानी उन देशों का जो भी माल अमरीकी बाजार में आएगा, उस पर 500 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगेगा। राष्ट्रपति ट्रंप की कुटिल निगाहें भारत, चीन, ब्राजील पर हैं। भारत ने बीते चार साल में रूस से 1.73 लाख करोड़ रुपए का कच्चा तेल खरीदा है। भारत अब भी अपनी जरूरतों का 30-32 फीसदी तेल रूस से ही खरीदता है। चीन तो 48 फीसदी तक तेल रूस से खरीदता है। रूस से सबसे अधिक पाइपलाइन गैस की खरीद यूरोपीय संघ




के देश करते हैं। अमरीका भी सबसे अधिक यूरेनियम रूस से ही खरीदता है। उन पर प्रतिबंध क्यों नहीं हैं? यूरोपीय देशों पर 500 फीसदी तक के टैरिफ की धमकियां क्यों नहीं दी जातीं? जापान, दक्षिण कोरिया, तुर्किए पर भारत से बहुत कम टैरिफ क्यों है? भारत-अमरीका में जो व्यापार-समझौता होना था, वह इसलिए खटाई में पड़ गया, क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति ट्रंप को फोन नहीं किया। नतीजतन अमरीका ने इंडोनेशिया, वियतनाम, फिलीपींस के साथ व्यापार-करार कर लिए। अमरीका के वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक का यह बयान हास्यास्पद लगता है, क्योंकि 2025 में प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप की 8 बार फोन पर बातचीत हुई है। भारत के विदेश मंत्रालय ने इसकी पुष्टि भी की है। बहरहाल मुद्दा 500 फीसदी टैरिफ का है। भारत पर फिलहाल 50 फीसदी टैरिफ चस्पा है, जिसके कारण हमारा निर्यात बहुत प्रभावित हुआ है। हमारी आर्थिक विकास दर, अंततः 7 फीसदी से अधिक रहेगी, इसी पर संतुष्ट होना नुकसानदेह है। यदि 500 फीसदी टैरिफ थोप दिया गया, तो अमरीकी बाजार में भारत का निर्यात लगभग ठप हो जायेगा। भारत से कपड़े और रेडीमेड वस्त्र का बड़ा हिस्सा अमरीका जाता है। यदि भारतीय कपड़े इतने महंगे पड़ेंगे, तो खरीददार दूसरे देशों का रुख कर सकते हैं। इस अकेले उदाहरण से ही समझा जा सकता है कि भारतीय उत्पादन पर कितना असर पड़ेगा और कितनी नौकरियां खत्म होंगी। भारत को दुनिया की फार्मेसी कहते हैं, क्योंकि हम सबसे अधिक, गुणवत्तापूर्ण दवाओं का उत्पादन करते हैं। अमरीका हमारी दवाओं का सबसे बड़ा बाजार है। राष्ट्रपति ट्रंप ने फार्मा पर भी टैरिफ थोपने की धमकी दी है। इसी तरह टैरिफ बढ़ने से भारतीय ऑटो, ऑटो पार्ट्स, आईटी और टेक सेक्टर के निर्यात पर भी असर पड़ेगा और अमरीकी बाजार में हमारी मांग काफी कम हो जाएगी। ऐसी स्थितियों को भांपते हुए भारत को चीन की तरफ देखना पड़ रहा है। यदि चीन के साथ कारोबार को नये सिरे से बढ़ाया जाता है, तो हमें उनकी एप्स और कंपनियों पर से पाबंदियां हटानी पड़ेंगी। चीन भारत में बांध बनाना चाहेगा, आईटी और आधारभूत ढांचे के क्षेत्रों में भी दखल बढ़ायेगा फिर भारत आत्मनिर्भर कैसे और कब बन पाएगा? इसलिए यह जरूरी है कि भारत अमरीकी टैरिफ से निपटने की ठोस तैयारी शुरू करे। अगर अमरीका से होने वाले नुकसान की भरपाई अन्य बाजारों से हो जाती है तो हम अमरीकी टैरिफ से बहुत अधिक प्रभावित नहीं होंगे।

**विचार**

जब तक मनुष्य के मन में काम, क्रोध, अहंकार और लोभ की अल्प मात्रा भी शेष रहती है, तब तक पंडित और मूर्ख दोनों एक समान होते हैं।
–संत कबीर.

ऐसी पुस्तक का प्रतिदिन अवश्य अध्ययन करें जो आपके आत्मिक, शारीरिक, सामाजिक अथवा आर्थिक उन्नति में सहायक हो।
–जैन धर्मग्रंथ.

मनुष्य का अज्ञानता जैसा दूसरा कोई शत्रु नहीं होता।
–चाणक्य.

बाद में उत्पन्न होने वाली इच्छाओं की पूर्ति करने की अपेक्षा अपनी पहली इच्छा का दमन कर देना ही सरल और श्रेयस्कर है।
–फ्रेंकलिन.

काम और क्रोध का मूल स्थान इन्द्रियां हैं। इन्हीं इन्द्रियों से कर्म प्रवृत्ति पैदा होती है। इसलिए सबसे पहले इन इन्द्रियों को ही वश में करना चाहिए।
–ज्ञानेश्वरी.

**सोशल मीडिया**

आज लोकसभा सांसद एवं पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री राधा मोहन सिंह के आवास पर आयोजित मकर संक्रांति कार्यक्रम में शामिल होकर सभी लोगों को शुभकामनाएं दीं। नितिन नबीन.



आज प्रेम मीटिंग कर बीजेपी की पॉलिटिकल साजिश को आम लोगों के सामने पेश किया। बिना प्लान एसआईआर के पीछे जो हो रहा है वह आम आदमी के हक पर हमला है। ममता बनर्जी.



लखनऊ में अशोक लीलैंड के आधुनिक मैन्युफैक्चरिंग यूनिट के उद्घाटन में सम्मिलित हुआ, लखनऊ में इसकी शुरूआत औद्योगिक विकास में मील का पत्थर है। राजनाथ सिंह.



# मनुष्य के आचरण

**अंतर्दृष्टि**

आध्यात्मिक ज्ञान मनुष्य में एक नयी अनुभूति विकसित करता है। मनुष्य के आचरण में, व्यक्तित्व और कृतित्व के विकास में ज्ञान की बहुत बड़ी भूमिका होती है। आत्मिक प्रगति का प्रथम चरण आत्म-निरीक्षण जितना गंभीर और प्रखर होता है। उसी अनुपात में शरीर और आत्मा की भिन्नता का वास्तविक आभास होता है। अन्यथा तोतारटन्त की तरह आत्मा परमात्मा की चर्चा का बाल विनोद चलता रहता है। माया के बंधन शिथिल होने या कटने का एक मात्र उपाय है कि अपनी सत्ता की स्थिति को समझा जाये। यह अनुभूति विकसित हो सके तो ही आत्मा का महत्व एवं हित सूझ पड़ता है और शरीर के पक्ष में झुकी हुई सारी प्रकृति को संतुलित करने का मन होता है। शरीर संसार में अनुरक्त रहता है और आत्मा की प्रायः उपेक्षा करता है। यह सोच तक नहीं पाता कि हमारे भीतर आत्मा नाम की कोई वस्तु भी है और उसकी भी कुछ मांग, पुकार, सुख एवं आवश्यकताएं भी हैं। इस प्रकार की अनुभूति तभी होती है जब शरीर तथा इसके सुखों पर सर्वस्व न्यौछावर किए रहने के ढर्रे में परिवर्तन किया जाये।

आत्मा को परमात्मा का संदेश सुनने और आह्वान को अंगीकार करने की बात अंतरंग की गहराई तक प्रवेश कर जाती है। तभी यह सूझ पड़ता है कि शरीर की तरह आत्मा के निमित्त भी कुछ किया जाना चाहिए। क्या किया जाना चाहिए? इसके उत्तर में दो तथ्य उभर कर सामने आते हैं। एक यह कि आत्म गौरव के अनुरूप व्यक्तित्व के ढलने में जो त्रुटियां चल रही हैं, उनका कठोरतापूर्वक नियमन किया जाये। इसी को तप कहते हैं। इस संदर्भ में कठोरता बरतनी होती है। अभ्यस्त दुष्प्रवृत्तियां सहज पीछा नहीं छोड़तीं। तपश्चर्या का अभिप्राय शरीर को कष्ट देना नहीं है। इसका वास्तविक अर्थ है- ऐसा मनोबल विकतिस करना जो दुष्प्रवृत्तियों से मल्ल युद्ध करके उन्हें परास्त कर सके। इसी को संशोधन पक्ष कहते हैं। इसके अतिरिक्त दूसरा पक्ष श्रेष्ठता के अभिवर्द्धन का है। यह आत्मविश्वास एवं आत्मबल के आधार पर उपर्युक्त क्रम बना लेने से भी संभव हो सकता है। इसके लिए सत्प्रवृत्तियों के समन्वय द्वारा ईश्वर की उपासना सहायक होती है। इसे ही योग कहते हैं। विराट ब्रह्म से अपने आपको जोड़ना ही योग है। क्षुद्र स्वार्थपरता के संकीर्ण बंधनों को शिथिल करने का अभ्यास करना ही योग है। ऐसे साधक का दृष्टिकोण समता और क्रिया कल्याण सर्वजनीन हित साधन का होता है। इसके लिए कर्म ज्ञान भक्ति किसी भी मार्ग अथवा इसके समन्वय का अभ्यास आरम्भ किया जा सकता है। यही है यथार्थवादी आत्मिक प्रगति का राजमार्ग जिसे अपनाकर कोई भी साधक पूर्णता के लक्ष्य की ओर बढ़ सकता है।

# कामपंथी, सलामपंथी साहित्यकार

**व्यंग्यलोक**

मैं खास तौर पर मां सरस्वती का साहित्य सेमिनार मैनेजमेंट पुत्र हूं। जब भी उन्हें हिंदी साहित्य के किसी संगठन विशेष के साहित्यकारों से संवाद करना होता है, वे मुझसे संपर्क करती हैं और तब मैं हिंदी साहित्य के उनके द्वारा बताए संगठन के साहित्यकारों को इकट्ठा कर उनसे उनके संवाद के बहाने उनके साहित्य की वर्तमान दशा और दिशा पर सेमिनार करवा चार पैसे मैं भी कमा लेता हूं। दूसरे शब्दों में कहें तो साहित्य इवेंट मैनेजर। वैसे भी आज का जमाना इवेंट मैनजरों का जमाना है। वे जीव के पैदा होने से लेकर उसके मरने तक के सारे इवेंट मैनेज करने लगे हैं। बस इवेंट मैनेज करवाने वाले की जेब में पैसा होना चाहिए। वैसे आदमी की जेब में पैसा हो तो वह आज की तारीख में कुछ भी करने का मौलिक अधिकार रखता है। आज कल के आदमी के पास समय ही कहां है जो वह अपने जीवन के हर इवेंट को मैनेज कर सके। आजकल वह बहुत व्यस्त चल रहा है। उसके पास आज मरने तक की फुर्सत नहीं। इसलिए वह अपने बदले दूसरों को मार रहा है। कल बड़े अरसे बाद मां सरस्वती का फोन आया। आजकल के हिंदी साहित्य के हालचाल पूछने के बाद बातों ही बातों में उन्होंने इच्छा जताई कि वे सावन मास में एक सेमिनार में हिंदी के साहित्यकारों से रूबरू होना चाहती हैं तो मैंने कहा, नो टेंशन मां! हो जाएगा। आप बजट का आइडिया दे दें तो... पर मां! कौन से साहित्यकारों से आप रूबरू होना चाहती हैं? अगर आप साहित्यकारों की कैटेगरी, सब कैटेगरी साफ कर दो तो..., तो वे बोली, ह्य कौन से से क्या मतलब? साहित्यकार चाहे वामपंथी हो या काम पंथी! वह मूलतः साहित्यकार ही होता है। साहित्यकार की न कोई जात होती है न धर्म। उसकी न कोई नस्ल होती है, न कोई फसल! मैं हिंदी साहित्यकारों के सर्वमुखी सेमिनार को संबोधित करना चाहती हूं जिसमें वामपंथी से लेकर कामपंथी, आरामपंथी, सलामपंथी सब साहित्यकार हों। नहीं मां! ऐसा नहीं हो सकता। यहां तो एक ही पंथ के साहित्यकार एक टेंट में एक साथ नहीं खाते और आप? अब साहित्यकारों की परिभाषा पूरी तरह बदल गई है, अब अलग अलग नस्ल के साहित्यकार भी हैं और अलग अलग फसल के भी। बुरा मत मानना मां शारदे! मेरे कहने का मतलब ये कि अब साहित्यकारों की बहुत सी श्रेणियां, सब श्रेणियां हो गई हैं। गया वो वक्त जब साहित्यकार केवल साहित्यकार होता था। वक्त बदला तो वह वामपंथी और दक्षिणपंथी हो गया। बीच में कुछ कुछ वह सरकार कंठी हो भी होता रहा। पर अब तो उसकी कितनी श्रेणियां हैं, उसे भी नहीं पता।



अशोक गौतम

# मकर संक्रांति: विज्ञान और सनातन संस्कृति का संगम




पर्व/त्योहार

आर.सी.शर्मा

मकर संक्रांति महज एक धार्मिक पर्व नहीं बल्कि कालगणना का वैज्ञानिक विवेक, खगोलशास्त्र की दूरदृष्टि और सनातन संस्कृति की त्रिवेणी है। वास्तव में मकर संक्रांति वह क्षण है, जब सूर्य खगोलीय दृष्टि से अपनी यात्रा का सबसे महत्वपूर्ण मोड़ लेता है। भारतीय सभ्यता इसे उत्सव, आहार और जीवनदृष्टि से जोड़कर देखती है। 21वीं सदी का वैज्ञानिक मन जब इसे उल्लासबोध से सेलिब्रेट करता है, तो वह किसी अंधविश्वास को नहीं वरन अत्यंत सूक्ष्म वैज्ञानिकबोध का सम्मान करता है। क्योंकि मकर संक्रांति वैज्ञानिक समझ और प्रकृति के साथ सामंजस्य का संगम है।

**सूर्य का उत्तरायण होना**

मकर संक्रांति गणित और खगोल दृष्टि से उस दिन को संबोधित होती है, जब सूर्य मकर राशि में प्रवेश करता है और उसकी गति दक्षिणयान से उत्तरायण की ओर मुड़ती है। यह घटना वास्तव में पृथ्वी के अक्षीय झुकाव (लगभग 23.50) सूर्य के सापेक्ष पृथ्वी की स्थिति से जुड़ी है। सूर्य के उत्तरायण होते ही दिन धीरे-धीरे लंबे और रातें छोटी होने लगती हैं। आधुनिक विज्ञान इसे ऋतु परिवर्तन और सौर वितरण में वृद्धि से जोड़ता है। लेकिन दिलचस्प बात यह है कि जब आधुनिक विज्ञान का दूर-दूर तक कहीं पता नहीं था, भारत में तब भी यानी आज के हजारों वर्ष पहले भी मकर संक्रांति का यही महत्व और यही सम्मान था। वास्तव में पूरी दुनिया में इस तिथि को एक पर्व और संस्कृति के संगम के रूप में चिन्हित करने और उत्सव मनाने की परंपरा सिर्फ भारत में ही है।

**स्वास्थ्य से सरोकार**

21वीं सदी का पोषण विज्ञान मकर संक्रांति के मौके पर भारतीयों के आहार चयन को देखकर चकित रह जाता है। क्योंकि इस दिन परंपरा के मुताबिक भारतीय काले तिल जो कि ओमेगा-6 फैटी एसिड, कैल्शियम और एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होता है। इसी तरह इस दिन खाया जाने वाला गुड़ आयरन, मिनिरल और प्राकृतिक ऊर्जा का स्रोत होता है। मतलब साफ है कि शीत ऋतु में शरीर को ऊष्मा और ऊर्जा की आवश्यकता होती है, जिसकी पूर्ति के लिए हजारों साल पहले हमारे पूर्वजों ने तिल और गुड़ का चयन किया था। आज पोषण विज्ञान के महारत लोग जानते हैं कि इन चीजों की बदौलत इस ऋतु में हमारा मेटाबॉलिज्म न केवल संतुलित बल्कि बेहद सक्रिय रहता है और जोड़ों व त्वचा तथा प्रतिरक्षा प्रणाली को लाभ पहुंचाता है। भारतीय परंपरा में एक लोककथन यानी कहावत है ह्यतिल गुड़ खाओ, मीठा मीठा बोलोह्न वास्तव में पोषण वैज्ञानिक यह जानकर हैरान है कि कैसे आधुनिक विज्ञान के पहले हमारी परंपरा को निर्धारित करने वाले पूर्वज आहार और व्यवहार की यह वैज्ञानिक समझ रखते थे।

**अर्थव्यवस्था से जुड़ा पर्व**

मकर संक्रांति सिर्फ धार्मिक परायण का ही पर्व नहीं है बल्कि यह भारत के कृषि समाज की महत्ता को भी दशार्ता है। मकर संक्रांति एक ऐसे समय पर आती है, जब खरीफ की फसल कटकर घर में आ चुकी होती है और रबी की फसल के लिए तैयारियां शुरू हो जाती हैं। इसलिए आधुनिक जीवनबोध में मकर संक्रांति को हार्वेस्ट फेस्टिवल के दायरे में रखा जाता है यानी ऐसा त्योहार या पर्व जो फसलों और ग्रामीण जीवन से महत्वपूर्ण नाता रखता हो। इस तरह देखें तो मकर संक्रांति में वह सामाजिकबोध और मनोवैज्ञानिक संतुलन है, जो इसे एक विशेष पर्व का दर्जा देता है। पश्चिम भारत में मकर संक्रांति के समय पतंग उड़ाकर उत्सव मनाया जाता है। पतंग का भी बहुत वैज्ञानिक बोध से जुड़ा मनोविज्ञान है। वास्तव में यह सिर्फ मनोरंजन नहीं है बल्कि सामूहिक खुशी, स्ट्रेस रिलीज एक्टिविटीज आदि से संदर्भित हैं। खुले आसमान की तरफ देखना, इससे न चाहते हुए भी हमारी नजरें सूरज से दोचार होती है। यह गतिविधि वास्तव में हमारे शरीर के लिए कई तरह से महत्वपूर्ण हैं। इससे आंखों की ताकत बढ़ती है। शरीर को विटामिन डी मिलती है और सामूहिक रूप से पतंग उड़ाने पर सहज सामाजिक जुड़ाव महसूस होता है। इस तरह हम आज के स्क्रीन मोह से जुड़े जीवन से बाहर निकलकर खुले आकाश में वास्तविक जिंदगी जीते हैं।

**समय की संस्कृति का बोध**

मकर संक्रांति की सबसे बड़ी सांस्कृतिक विशेषता समय को शुभ मानने से जुड़ी है। दरअसल मकर संक्रांति हमें सीख देती है कि सूर्य का दिशा बदलना प्रतीक है कि अंधकार से प्रकाश की ओर जाना ही जीवन है या कि ठहराव से गति की ओर बढ़ना ही प्रगति है।

## आप की बात

### विदेशी संस्कृति का कुप्रभाव

वैश्वीकरण की आंधी में अगर बड़े पैमाने पर विदेशी पूंजी आयी है, प्रौद्योगिकी आयी है, व्यापार और रोजगार आया है, तो इसके साथ विदेशी संस्कृति भी आयी है। दुनिया भर में अनेक धर्म, दर्शन और उनकी सांस्कृतिक आध्यात्मिक मान्यताएं हैं जिसमें मानवीय जीवन को सामाजिक मर्यादा और अनुशासन के साथ आगे बढ़ाने के लिए बहुत कुछ अच्छाइयां विद्यमान हैं। लेकिन सांस्कृतिक प्रदूषण भी कम नहीं है। प्रौद्योगिकी और वैश्वीकरण के इस दौर में जब सब कुछ एक स्थान से दूसरे स्थान पर, एक शहर से दूसरे शहर में, एक देश से दूसरे देश में तेजी से पहुंच रहा है, तो इसी के साथ भारत में भी बहुत कुछ विदेशों से सांस्कृतिक प्रदूषण भी आ रहा है। इसी का परिणाम है कि भारत जैसे धार्मिक मिजाज वाले देश में व्यक्तिगत स्वतंत्रता और निजता के घोर समर्थक कुछ लोग सुप्रीम कोर्ट पहुंच गये हैं सेम-सेक्स मैरिज को मान्यता दिलाने के लिए। सुप्रीम कोर्ट और दिल्ली हाई कोर्ट में कई याचिकाएं डाली गयी हैं और यह मांग की गयी है कि सुप्रीम कोर्ट सेम-सेक्स मैरिज को मान्यता प्रदान करे। इन याचिकाओं को संज्ञान में लेते हुए सुप्रीम कोर्ट ने केन्द्र सरकार से अपना पक्ष रखने को कहा था। सुप्रीम कोर्ट सेम-सेक्स मैरिज पर सुनवाई करने जा रहा है और इस सुनवाई से पहले केन्द्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में जो हलफनामा दाखिल किया है उसमें भारतीय परम्पराओं, कानूनी स्थितियों और विवाद को अपोजिट सेक्स के मिलन का माध्यम बताते हुए सेम सेक्स मैरिज को मान्यता देने की मांग करने वाली सभी याचिकाओं को खारिज करने की मांग की है। दरअसल यह ऐसा पेचीदा मामला है जिसके संदर्भ बहुत दूर तक जाते हैं। आज हम जो सभ्य, विकसित और प्रगतिशील मानवीय समाज देख रहे हैं, समाज और राज्य संस्था का जिस संगठित तौर-तरीकों से विकास हुआ है उसके पीछे विवाह संस्था का सबसे महत्वपूर्ण योगदान रहा है। मानव समाज से धर्म, संस्कृति और मानवता के गुणों को समृद्ध करने वाली सामाजिक परम्पराओं, प्रथाओं को निकाल दिया जाये, तो मानव का अस्तित्व दो पैर वाले जानवर से अधिक नहीं रह जायेगा। इसलिए सेम सेक्स मैरिज के समर्थन में यह तर्क देना कि अमरीका, यूरोप और अफ्रीका के करीब डेढ़ दर्जन देशों में सेम सेक्स मैरिज को मान्यता मिल चुकी है इसलिए भारत में भी कानूनी मान्यता मिलनी चाहिए, इसे कुतर्क ही कहा जायेगा।

**ज्ञान प्रकाश द्विवेदी, लखनऊ.**

### श्रमिकों का कल्याण

केन्द्र सरकार ने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को व्यापक स्तर पर सामाजिक सुरक्षा मुहैया कराने के लिए बीमा योजना, पेंशन योजना और आयुष्मान भारत योजना जैसे अनेक कार्यक्रम लांच किये हैं। इस योजना के तहत एक श्रमिक जो दिहाड़ी मजदूर है या ऐसे रोजी-रोजगार से जुड़ा है जिसमें उसकी उसको किसी तरह से सामाजिक सुरक्षा का कवर उपलब्ध नहीं है, ऐसे लोग नयी पेंशन योजना में शामिल हो सकते हैं जिसमें उनको साठ साल पूरे होने पर प्रतिवर्ष तीन हजार रुपये पेंशन मिलेगी। श्रमिकों को सुरक्षा कवर उपलब्ध कराने का यह फैसला न सिर्फ सराहनीय है बल्कि उन करोड़ों श्रमिकों तक सामाजिक सुरक्षा का विस्तार होगा जिनको वृद्धावस्था में कोई मदद नहीं मिलती थी। लेकिन इस योजना में कुछ खामियां हैं। अगर सरकार इनमें सुधार करती है तो यह और अधिक प्रभावी एवं कल्याणकारी बन जायेगी। दरअसल हर साल चार-पांच फीसद की महंगाई रहती है। उसी हिसाब से रुपये का वैल्यू कम होता जाता है। ऐसे में जो लोग आज इस योजना के सदस्य बनेंगे उनको साठ साल पूरा होने पर जो पेंशन मिलेगी उसकी वैल्यू बहुत कम होगी। इसलिए सरकार को इसमे डायनॉमिक सिस्टम लागू करना चाहिए जिसमें हर साल श्रमिक का कंट्रीब्यूशन उसकी कमाई के अनुसार बढ़ता जाये। सरकार भी इसमें मदद करे।

**प्रमोद कुमार शर्मा, लखनऊ.**

संक्षेप

## भाजपा में ही सभी वर्गों का सम्मानः विनय कटियार

अयोध्या। भारतीय जनता पार्टी के फायर ब्रांड नेता पूर्व सांसद विनय कटियार का जिला शोध प्रमुख ( अवध क्षेत्र ) मधु पाठक के बेनीगंज स्थित आवास पर हुआ भव्य स्वागत इस दौरान मधु पाठक ने पूर्व सांसद को अंग वस्त्र व पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया कार्यक्रम में चाय पर चर्चा हुई जिसमें विनय कटियार ने कहा कि कार्यकर्ता अभी से चुनाव तैयारी में लग जाए, राम जन्म भूमि मंदिर आंदोलन के संकट मोचन रहे कटियार ने कहा भारतीय जनता पार्टी में ही सभी वर्गों का सम्मान है। बिना भेदभाव किए आज समाज के प्रत्येक व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा स्वागत कार्यक्रम में जिला शोध प्रमुख मधु पाठक ने शिष्टाचार भेंट बताया और चाय पर चर्चा हुई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कहुआ पूर्व प्रधान शिव बहादुर दुबे,सीमा पाण्डेय,शशिधर पाण्डेय,ऊषा पाठक, लीलावती पाण्डेय,राजवंत सिंह, मालती सिंह, पल्लवी श्रीवास्तव,सूरज यादव, अनुराग पटेल,सूरज मिश्रा,अमन तिवारी, राजेन्द्र पाठक, सुनील पाण्डेय, आकाश पाठक सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# मकर संक्रांति और माघ मेले से आने वाली भीड़ के प्रबंधन की तैयारी

जिला संवाददाता

अयोध्या। मकर संक्रांति और माघ मेले के दौरान अयोध्या धाम में लाखों की संख्या में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए नगर निगम ने अपने मास्टर प्लान के हिसाब से व्यापक इंतजाम किए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में अयोध्या को स्वच्छ, सुव्यवस्थित और

- अयोध्या धाम में चैबीसों घंटे सफाई, 960 मेला कर्मी व 528 अतिरिक्त कर्मचारी तैनात, मेला क्षेत्र में तीन पालियों में सफाई व्यवस्था लागू
- पेयजल पाइंट, 19 मोबाइल टॉयलेट और सामुदायिक शौचालयों से श्रद्धालुओं को सुविधा

हाईटेक सुविधाओं से लैस बनाने पर विशेष जोर दिया गया है इसलिए नगर निगम ने 24 गुणे 7 सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की है। साथ ही प्रकाश, शौचालय व चेंजिंग रूम के भी इंतजाम किए हैं। नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने बताया कि मेला क्षेत्र में कुल 960 मेला कर्मी और 528 अतिरिक्त कर्मचारी तैनात किए गए हैं। सफाई व्यवस्था को तीन पालियों में बांटा गया है, जिससे दिन-रात निरंतर स्वच्छता बनी रहे। हाईटेक उपकरणों जैसे बीएमएस (ब्रूम मशीन सिस्टम), एंटी स्मॉग गन, मैकेनाइज्ड सफाई मशीनें और पीए सिस्टम का उपयोग किया जा रहा है। इनके माध्यम से न केवल सफाई होगी, बल्कि श्रद्धालुओं के बीच जागरूकता अभियान भी चलाए जाएंगे।

एक महत्वपूर्ण पहल के तहत निराश्रित गोवंशों के संरक्षण के लिए तीन विशेष टीमें गठित की गई हैं। इन टीमों द्वारा घूमकर गोवंशों को पकड़ा जा रहा है और उन्हें सुरक्षित गौशालाओं में पहुंचाया जा रहा है। इससे मेला क्षेत्र में गोबर और गंदगी की समस्या पर भी नियंत्रण रहेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिए हैं कि माघ मेले को स्वच्छ और सुव्यवस्थित बनाने में कोई कसर न छोड़ी जाए। अयोध्या में राम मंदिर के दर्शन के साथ सरयू स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या मकर संक्रांति पर काफी बढ़ जाती है। नगर निगम की ये तैयारियां न केवल स्वच्छता सुनिश्चित करेंगी, बल्कि श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुखद अनुभव प्रदान करेंगी। प्रशासन का प्रयास है कि यह मेला आस्था और व्यवस्था का अनुपम उदाहरण बने। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मेला क्षेत्र में पर्याप्त पेयजल पॉइंट स्थापित किए गए हैं। इसके अलावा 19 मोबाइल टॉयलेट और कई



सामुदायिक शौचालय उपलब्ध कराए गए हैं, ताकि खुले में शौच जैसी समस्या न हो। फुटपाथ पर अतिक्रमण और पॉलीथिन के उपयोग पर सख्ती बरती जा रही है। प्रवर्तन दल और पुलिस की संयुक्त टीमें निरंतर चेकिंग कर रही हैं, जिससे बाजार और घाट क्षेत्र व्यवस्थित रहें।मेले के दौरान श्रद्धालुओं को ठण्ड से बचाने के लिए 486 क्षमता के स्थायी-अस्थायी आश्रय स्थल की व्यवस्था। तुलसी उद्यान, राम की पैड़ी, पक्की पार्किंग पर कुल 300 क्षमता का अतिरिक्त आश्रय स्थल। सार्वजनिक स्थलों पर प्रतिदिन नियमित रूप से 345 स्थलों पर अलाव जलाए जा रहे। अयोध्या धाम में कुल 36 स्थलों पर गैस हीटर अलाव की व्यवस्था। असहाय जनों को शीत ऋतु में ठण्ड से बचाव के लिए चार हजार कम्बलों का वितरण। श्रद्धालुओं के वाहन पार्किंग हेतु अयोध्या धाम क्षेत्र के विभिन्न स्थलों पर पार्किंग की व्यवस्था। 24 गुणे 7 उत्कृष्ट सफाई व्यवस्था एवं प्रसाधन व्यवस्था संसाधन सहित।

तीन पालियों में सफाई, अतिरिक्त सन-फैसिलिटी द्वारा 528 कर्मचारियों के माध्यम से अयोध्या धाम क्षेत्र में सफाई।

नगर निगम सीमान्तर्गत 24 गुणे 7 पेयजल की उपलब्धता। सम्पूर्ण मेला क्षेत्रों में निराश्रित गोवंशों को पकड़कर गौशाला भेजे जाने हेतु टीम।अयोध्या धाम के सभी क्षेत्रों में सामुदायिक / सार्वजनिक शौचालय के अतिरिक्त अन्य प्रमुख स्थलों पर केयर टेकर सहित 19 मोबाइल टॉयलेट की व्यवस्था। नगर निगम सीमान्तर्गत डस्ट नियंत्रण हेतु ऐन्टी स्मॉग गन के माध्यम से पानी का छिड़काव। विभिन्न स्थलों/घाटों पर स्थाया-09 एवं अस्थाया 36 निशुल्क चेनिंजग रूम। संत तुलसीदास घाट, सरयू स्नान घाट, अयोध्या परिक्षेत्र के विभिन्न अण्डरपासों आदि स्थलों पर विशेष प्रकाश की व्यवस्था उपलब्ध रहेगी।

श्रद्धालु यहां खड़ा कर सकते हैं वाहन साकेत पेट्रोल पम्प,बालू घाट तिराहा के पास,बालू घाट बराठा,बैकुण्ड धाम के दाएं,बैकुण्ड धाम से लेकर बालू घाट रोड पर,पक्की पार्किंग,टेढ़ी बाजार महोवरा मार्ग पर मल्टीलेवल कार पार्किंग,फटिक शिला,सूर्या होटल के पास,बालू घाट तिराहा,रेलवे पुल के पास,बैकुण्ड धाम के बाएं,कच्ची पार्किंग,टेढ़ी बाजार अरूंधती मल्टीलेवल कार पार्किंगटेढ़ी बाजार मार्ग पर पार्किंग,नगर निगम के आश्रय स्थल,आश्रय स्थल - क्षमता,

निषादराज गुहा आश्रय स्थल - 300,रामकथा पार्क - 40,साकेत अण्डरपास - 30,गांधी पार्क - 30,अयोध्या कैन्ट रेलवे स्टेशन - 30,बस स्टेशन अयोध्या कैन्ट - 14,झुमकी घाट - 12,तुलसी उद्यान-30,मेले के लिए बने आश्रय स्थलआश्रय स्थल - क्षमता,तुलसी उद्यान - 100,राम की पैडी - 100,पक्की पार्किंग- 100 आदि है।

## एचएसआरपी, नो पार्किग, रेटो रिफ्लेक्टर टेप के विरुद्ध अभियान, 72 चालान



बाराबंकी। परिवहन विभाग द्वारा चलाये जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत आज प्रवर्तन टीमो द्वारा हाइवे पर एचएसआरपी, नो पार्किग व रेटो रिफ्लेक्टर टेप के विरुद्ध अभियान चलाया गया। इस दौरान हाइवे व ढ़ाबो पर बे-ढ़ंग तरीके के खड़े वाहनो के चालान कर चालको को नियमो का पालन करने का संकल्प दिलाया गया। आज बुधवार को 8 से 14 जनवरी तक शुरू किये गये विशेष चेकिंग आपरेशन के अन्तर्गत सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अंकिता शुक्ला व यात्री मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी की टीम ने पूर्वाचल एक्सप्रेस-वे व अयोध्या-लखनऊ-बाराबंकी हाइवे पर रेटो रिफ्लेक्टर टेप, एचएसआरपी व नो पार्किग मिलने पर कुल 72 चालान व 2 वाहनो को सीज किया। तथा हाइवे स्थित ढ़ाबो संचालको को सड़क पर वाहन पार्किग न किये जाने को लेकर चेतावनी दी गई।

## एमपीएल क्रिकेट प्रतियोगिता कल से

बाराबंकी। ग्राम मलौली में आईपीएल की तर्ज पर एम0पी0एल क्रिकेट प्रतियोगिता आगामी 16 जनवरी शुक्रवार को आयोजित होगी। जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। प्रतियोगिता में खेलने वाले खिलाड़ियों के चयन समेत जर्सी व आयोजन को सफल बनाने को लेकर कमेटी सदस्यों केसरी मिश्रा, विवेक मिश्रा ने बताया कि यह टूनामेंट में कुल 4 टीमों में 56 खिलाडियों का चयन किया गया है। मैदान सहित अन्य तैयारियां पूरी हो चुकी है।

## अधिशासी अधिकारी ने चलाया प्रतिबंधित पॉलिलथीन के खिलाफ विशेष अभियान



बंकी, बाराबंकी। नगर पंचायत बंकी अधिशासी अधिकारी ने प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक पालीथीन के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। इस दौरान दुकानदारों को प्रतिबंधित पालीथीन का प्रयोग न करने को लेकर जागरुक भी किया गया। आज बुधवार को नगर पंचायत बंकी अधिशासी अधिकारी मोहिनी केसरवानी द्वारा कई दुकानों में छापेमारी कर 0.325 किग्रा पालीथीन जब्त कर 1,500 रुपए जुर्माना वसूला गया। तथा दुकानकारो को प्रतिबंधित पालीथीन का प्रयोग न करने तथा दोबारा पुनरावृत्ति मिलने पर जुर्माना के साथ एफआईआर दर्ज कराये जाने की हिदायत दी। इसके उपरान्त नगर पंचायत बंकी वार्ड सं0-13 में चल रहे निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण करते हुये पायी गयी कमियों में सुधार लाने हेतु सम्बन्धित ठेकेदार को निर्देशित किया।

## मकर संक्रांति पर मानवता की मिसाल, तीन हजार जरूरतमंदों को बांटे गए कंबल



मिल्कीपुर-अयोध्या। मकर संक्रांति के पावन पर्व पर बुधवार को बल्दीराय तहसील क्षेत्र के डोभियारा स्थित डालिम्स सनबीम स्कूल परिसर में निःशुल्क कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वरिष्ठ समाजसेवी मनोज कुमार सिंह ह्नरिमलह्न के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में कड़ाके की ठंड से जूझ रहे जरूरतमंदों को तीन हजार कंबल वितरित किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य सूचना आयुक्त राजकुमार विश्वकर्मा रहे। उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के सेवा कार्य समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं और जरूरतमंदों को बड़ी राहत पहुंचाते हैं। उन्होंने समाज के अन्य लोगों से भी आगे आकर मानव सेवा में योगदान देने की अपील की। कंबल वितरण कार्यक्रम में क्षेत्रीय लोगों की बड़ी भागीदारी देखने को मिली। इस अवसर पर जितेंद्र प्रताप सिंह, अखिलेश प्रताप सिंह ह्नआशुह्न, प्रधानाचार्य ऋषि सिंह, रामकुमार दुबे, पूर्व मंडल अध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव, रविंद्र प्रताप सिंह, वैजनाथ वैश्य, कमल सिंह, डब्बू सिंह सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# आपस में कोई भेदभाव नहीं, हम सभी हैं एकः महामंडलेश्वर

नानपारा बहराइच। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शताब्दी वर्ष के अवसर पर नानपारा नगर के शिवाले बाग परिसर में भव्य हिन्दू सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमे मुख्य वक्ता रूप में प्रांत प्रचारक कौशल जी तथा मुख्य अतिथि के रूप में श्री सिद्धनाथ पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर श्री रवि गिरी जी महाराज एवं विशिष्ट अतिथि शिवाले बाग के महंत वीरेन्द्र गिरी जी आपको बताते चले कि कार्यक्रम की शुभारंभ मुख्य वक्ता एवं अतिथियों द्वारा भारत माता के चित्र पर पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलन कर हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर स्वामी रवि गिरी जी महाराज ने कहा कि हम सभी ईश्वर के ही अंश हैं हमें भेदभाव को छोड़कर एक बात ध्यान रखना चाहिए कि हम हिंदू हैं ।भगवान शंकराचार्य ने अपने भाष्य में कहा है कि कोई जाति भेद नहीं है हम सभी भगवान शिव के अंश हैं। देश को एकता के सूत्र में बांधने के लिए उन्होंने चारों दिशाओं को एक सूत्र में पिरोया था। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक भारत माता को परम वैभव पर पहुंचने के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। हम सभी को अपने राष्ट्र अपने धर्म पर गर्व होना चाहिए और सनातन धर्म में बताए गए जीवन मूल्यों का पालन करना चाहिए ।प्रांत प्रचारक

- संगठित हिंदू समर्थ भारत : कौशल
- नानपारा में आयोजित हुआ भव्य हिंदू सम्मेलन

कौशल जी ने कहा कि संघ शताब्दी वर्ष के अवसर पर संघ ने पंच परिवर्तन विषय लिया है इसमें कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, स्व-भाव का जागरण एवं नागरिक कर्तव्य प्रमुख है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में कुटुंब टूट रहे हैं यह दुर्भाग्य का विषय है भारतीय संस्कृति में कुटुंब का बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान है इसलिए सभी को परिवार में संस्कार देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि समाज विरोधी शक्तियां सामाजिक समरसता का ताना-बाना छिन्न करने का कुत्सित प्रयास कर रहे हैं, इसके लिए सभी को एकजुट होकर रहना होगा। सनातन धर्म में जातिगत भेदभाव का कहीं पर भी कोई स्थान नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत के सभी लोग हिंदू हैं सभी के पूर्वज एक हैं। भारत में तलवार और लोभ लालच के बल पर धर्मांतरण हुआ। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति का चिंतन वैश्विक है और सारी वसुधा को हमने अपना परिवार माना है।

उन्होंने कहा कि यदि हम संगठित हैं तो कोई हमें क्षति नहीं पहुंचा सकता। स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि गर्व से कहो हम हिंदू हैं। संघ संस्थापक डॉ हेडगेवार ने स्पष्ट शब्दों में कहा था कि भारत हिंदू राष्ट्र है, शक्ति से ही संगठन है और प्रत्येक समस्या का समाधान शक्ति से ही संभव है। स्वामी विवेकानंद मनुष्य में ही नारायण का भाव देखते थे और उनका कहना था नर सेवा नारायण सेवा। प्रभु श्री राम जी का जीवन सामाजिक समरसता का प्रेरक उदाहरण है। उन्होंने सनातन की रक्षा पर बलिदान होने की परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि गुरु तेग बहादुर साहस, शौर्य और धर्म-रक्षा के अमर प्रतीक है। सिख पंथ के नौवें गुरु के रूप में उनका जीवन मानवता की सेवा और अन्याय के विरुद्ध संघर्ष का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने कहा कि मुगल शासक औरंगजेब के अत्याचारों से पीड़ित कश्मीरी पंडितों ने गुरु महाराज की शरण ली थी। गुरु जी ने उन्हें धर्म रक्षा का आश्वासन दिया और औरंगजेब की दमनकारी नीतियों का साहसपूर्वक सामना किया। धर्म के लिए ये जीवन कैसा होना चाहिए वह गुरु महाराज ने जी कर दिखाया। कार्यक्रम के उपरांत सह भोज का भी आयोजन हुआ।

## दर्जनों न्याय पंचायतों में कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने लगायी चौपाल



बाराबंकी। ब्लाक मसौली अन्तर्गत दर्जनो न्याय पंचायतों में संगठन सृजन अभियान के अन्तर्गत कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने चैपाल लगाई। चैपाल मे सांसद श्री पुनिया ने कहा कि कार्यकताओं द्वारा जो एसआईआर में सक्रियता दिखाई तथा पूरी निष्ठा, ईमानदारी के साथ घर-घर जाकर नाम की जाँच बीएलओ द्वारा कराई गई है। काबिले तारीफ है। इसके साथ ही सांसद श्री पुनिया ने सफदरगंज, लक्षबर बजहा चैराहा प्रतापगंज आदि न्याय पंचायतों में चैपाल लगाकर कार्यकताओं का मनोबल बढ़ाया। इस अवसर पर श्रवण रावत, राजेन्द्र वर्मा, महेन्द्र पाल वर्मा, नियाज वारिस, अकील, रामकुमार यादव, पिंकी कश्यप मौजूद रहे।

## एमसीसी क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ शुभारम्भ



गोसाईंगंज-अयोध्या। बुधवार को महबूबगंज इलाके के ऊंचेगांव रूहियावां ग्रामसभा में एमसीसी क्रिकेट प्रतियोगिता का राष्ट्रगान के साथ आरंभ हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में आए प्रमोद सिंह प्रांतीय सचिव अपना दल ने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेले और अंपायर के फैसले का सम्मान करें। पहला मैच दिलासीगंज और प्रतापपुर चमुर्खा के मध्य खेला गया इसमें प्रतापपुर चमुर्खा विजयी रही। मैच अंपायर मोहम्मद सरमद, थर्ड अंपायर मोहम्मद इमेज, रेफरी आरजू रहे। कमेंटेटर शमशाद अली की रोचक और जोशपूर्ण कमेंट्री ने सभी खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया तो सभी दर्शकों को भी मंत्र मुग्ध किया। कमेटी अध्यक्ष मोहम्मद इकबाल ने बताया कि पिछले 30 वर्षों से इस प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम वासियों और क्षेत्रवासियों के सहयोग से किया जा रहा है। प्रतियोगिता के प्रथम चरण में लीग मैच , द्वितीय चरण में क्वार्टर फाइनल , तृतीय चरण में सेमीफाइनल और चैथा चरण फाइनल जो 26 जनवरी को खेला जाएगा । इस अवसर पर मोहम्मद असलम , राम बच्चन सैनी माला, अंजनी सिंह, मुलायम सिंह यादव , फया राम यादव , मोहम्मद इमरान काजी , मोहम्मद अफगन , अरशद , हस्सान, फैजल, आमिस ,अफान ,आवेश ,इकबाल , फुरकान अहमद सहित सैकड़ो क्रिकेट प्रेमियों ने क्रिकेट का आनंद लिया।

## पत्नी की पिटाई कर मां-बेटी को घर से निकाला

सोहावल-अयोध्या। थाना पूराकलंदर हूसेपुर निवासी विवाहिता राम कुमारी ने अपने पति पर बेटी पैदा होने से दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाकर घर से निकालने की शिकायत दर्ज कराई है। ससुराल रौनाही थाना की सत्तीचैरा चैकी के सहजौरा में है। पति रंजीत कुमार पुत्र राज करन पर लगाए गए आरोप में पांच साल से बेटी के जन्म देते ही मारपीट कर दहेज के लिए प्रताड़ित करने और एक वर्ष से घर से निकाल कर दो माह पूर्व दूसरी शादी रचाने का आरोप लगाया है ।रौनाही प्रभारी निरीक्षक लाल चंद सरोज ने बताया कि मामला संज्ञान मे आया है। जांचकर आवश्यक कार्यवाही करके पीड़िता को इंसाफ दिलाया जायेगा।

# राजकीय इण्टर कॉलेज बहराइच के भवन निर्माण कार्य का डीएम ने किया निरीक्षण

बहराइच। मंगलवार को देर शाम जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा निमार्णाधीन राजकीय इन्टर कालेज, बहराइच के विद्यालय भवन का निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण किया गया। अलंकार प्रोजेक्ट के तहत स्वीकृत धनराशि रू. 1009.64 लाख की लागत से निमार्णाधीन विद्यालय भवन के निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था यूपी सिडकों के अधि.अभि. जी.एस. बिरला ने बताया कि अब तक रू. 504.82 लाख की धनराशि अवमुक्त हुई है। अधि.अभि. ने बताया कि प्रस्तावित भूमि पर स्थित जर्जर भवन का धवस्तीकरण न होने के कारण निर्माण कार्य समय से प्रारम्भ नही हो पाया था। श्री बिरला ने बताया कि प्रधानाचार्य द्वारा अवगत कराया गया है कि मेरे कार्यालय स्तर से जर्जर भवन के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही



पूर्ण करते हुए भूमि शीघ्र उपलब्ध करा दी जायेगी। तत्पश्चात टेण्डर आदि की कार्यवाही पूर्ण करते हुए निर्माण कार्य 19 दिसम्बर 2025 से प्रारम्भ किया गया जो कि वर्तमान में प्रगति पर है। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि निमार्णाधीन विद्यालय भवन के मुख्य भवन में नींव खुदाई करके पी.सी.सी. का कार्य प्रारम्भ किया गया है तथा कालम एवं फुटिंग की सरिया बाइंडिग का कार्य भी किया जा रहा है। कार्यस्थल पर निर्माण सामग्री ईंट, सीमेन्ट, स्टोन ग्रिट, सरिया एवं मौरंग इत्यादि सामग्री मौजूद थी। डीएम श्री त्रिपाठी द्वारा कार्यदायी संस्था के अधि.अभि. को निर्देश दिया गया कि सी.एम.आई.एस. पोर्टल पर पूर्व से अंकित निर्माण कार्य पूर्ण करने की तिथि को शीघ्र संशोधित कराते हुए अवगत करायें।

## स्वदेशी मेला में मिट्टी से निर्मित उत्पादो की ब्रिकी से मिल रहा पारंपिक कलाओ को बढ़ावा



बाराबंकी। जीआईसी मैदान में बाराबंकी महोत्सव के अन्तर्गत चल रहे स्वदेशी हस्तशिल्प और हैण्ड़लूम मेलों में मिट्टी के बर्तनों की खूब खरीदारी हो रही है। शिल्पकारों द्वारा मिट्टी से निर्मित कलात्मक एवं आकर्षक कलाकृतियों की खरीदारी करने हेतु लोगो द्वारा काफी दिलचस्पी ली जा रही है। आयोजक व समाजसेवी मो0 सलमान सल्लू ने बताया कि स्वदेशी मेले में स्थानीय उत्पादों की बिक्री बढ़ाने के लिये स्वदेशी मेले मे छोटे उद्यमियों के उत्पादों पहचान मिल रही है। आए शिल्पकार एवं कारीगर स्टॉल लगाकर मिट्टी से निर्मित अपनी उत्कृष्ट कलाकृतियों का प्रदर्शन कर रहे है। जिसमे लोग गिलास, तवा, चाय कप को वाजिब दामों पर उच्च गुणवत्ता वाले, हाथ से बने, पारंपरिक और आधुनिक डिजाइन के उत्पाद खरीद रहे हैं। जो कारीगरों को बड़ा बाजार व पहचान व ग्रामीण अर्थव्यवस्था और पारंपरिक कलाओं को बढ़ावा मिल रहा है।

# जिलाधिकारी ने की जिला विद्यालय यान परिवहन सुरक्षा समिति के साथ बैठक

जिला संवाददाता

बाराबंकी। कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार मे जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला विद्यालय यान परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश देते हुये कहा कि स्कूल बस चालकों और हेल्परों का अनिवार्य रूप से चरित्र सत्यापन व उनका नियमित स्वास्थ्य परीक्षण भी सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने जिले में संचालित सभी स्कूल बसों की फिटनेस जांच हर हाल में पूरी कराने पर जोर दिया।

उन्होंने यातायात पुलिस और परिवहन विभाग को किसी भी स्थिति में अनधिकृत रूप से मॉडिफाइड या इलेक्ट्रिक फिटिंग बदले हुए वाहनों का प्रयोग बच्चों के परिवहन में न किये जाने को लेकर निर्देशित किया। बैठक मे जिलाधिकारी ने कहा कि माननीय सर्वोच्य न्यायालय द्वारा स्कूली वाहनों हेतु निर्धारित मानक के अनुरूप वाहनों के संचालन करने, स्कूली वाहनों में बच्चों को स्कूल आने व जाने में एक घण्टे से अधिक का समय न लगने, विद्यालय प्रबन्धन द्वारा ह्नशिक्षा का व्यवसायीकरण सम्बन्धी जांच समिति द्वारा निर्धारित अनुरक्षण शुल्क ही विद्यार्थियों से वसूला जाने, स्कूली छात्र/छात्राओं के सुरक्षित आवागमन

- वाहनों को मानक अनुरूप न कराये जाने वाले विद्यालयों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही के दिये निर्देश
- सभी स्कूल बसों की फिटनेस जांच हर हाल में पूरी कराने पर दिया जोर

एवं विद्यालयी वाहनों में अनिवार्य रूप से परिचर की व्यवस्था व छात्राओं के वाहन में महिला परिचर की अनिवार्यता पर चर्चा की। जिलाधिकारी ने विद्यालय स्तर पर ह्नविद्यालय परिवहन सुरक्षा समिति का गठन किये जाने, विद्यालयी वाहनों के मानक अनुरूप किये जाने एवं मानक अनुरूप निर्धारित स्टाफ के अनुसार



संचालित करने, चालकों के लाईसेन्स, चरित्र का सत्यापन, वाहनों को मानक अनुरूप न कराये जाने वाले विद्यालयों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित करने तथा विद्यालय प्रबन्धन द्वारा यह सुनिश्चित करना कि अनाधिकृत वाहन से या असुरक्षित वाहन जैसे-ई-रिक्शा, ऑटो से छात्र-छात्राओं का आवागमन न होने को लेकर सम्बधितो को आवश्यक निर्देश दिये। बैठक मे अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी विकास चन्द्र त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी आलोक पाठक, एआरटीओ प्रशासन अंकिता शुक्ला, यातायात प्रभारी रामयतन यादव, जिला विद्यालय निरीक्षक ओ0पी त्रिपाठी, अधिशासी अधिकारी नगरपालिका संजय शुक्ला सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## बार काउसिल मतदान प्रक्रिया में मोबाइल, इलेक्ट्रानिक उपकरणो पर रहेगा प्रतिबंध




बाराबंकी। उत्तर प्रदेश बार काउंसिल सदस्य पद के चुनाव का मतदान आगामी 16, 17 जनवरी को जनपद बाराबंकी मे होगा। जिसकी तैयारिया पूरी कर ली गई है। जनपद न्यायाधीश प्रतिमा श्रीवास्तव के निर्देशन मे चुनाव मतदान प्रक्रिया सम्पन्न होगी। जनपद न्यायाधीश के निर्देशन मे चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु चुनाव कोर्डिनेटर विशेष न्यायाधीश गैगेस्टर एक्ट असद अहमद हाशमी को नामित किया गया है।

- आगामी 16, 17 जनवरी को जनपद मे होगा मतदान, तैयारिया पूर्ण
- 3071 अधिवक्ता करेगे मतदान, मताधिकार हेतु बनाये गये 4 बूथ

आगामी 16 व 17 जनवरी को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान प्रक्रिया सम्पन्न होगी।

सिविल कोर्ट स्थित न्याय निलयम भवन की 13 कक्षीय नवनिर्मित बिल्डिग मे आयोजित चुनावी मतदान प्रक्रिया मे अधिवक्ता अपने मताधिकार का प्रयोग करेगे। कक्ष संख्या-1 को मतदान स्थल बनाया गया है। साथ ही मताधिकार हेतु 4 बूथ बनाये गये है। जनपद मे कुल 3071 अधिवक्ता मतदाता बार काउंसिल के चुनाव मे अपने मताधिकार का प्रयोग करेगे। मतदान मे आने वाली समस्याओ के निस्तारण हेतु 2 सहायता डेस्क बनाये गये है। 2 पोलिंग अधिकारी सहित अन्य कर्मचारियो को भी जिम्मेदारी सौपी गई है। अधिवक्ता मतदान करने हेतु बार काउसिल का सीओपी प्रमाण पत्र, परिचय पत्र या पंजीकरण प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर मतदान स्थल मे प्रवेश कर सकेगे।

मतदान स्थल से 100 मीटर की परिधि मे किसी भी प्रत्याशी का बैनर पोस्टर लगाना प्रतिबंधित है। साथ ही मतदान को शातिपूर्ण सम्पन्न कराने हेतु मतदान स्थल पर मोबाइल फोन व इलेक्ट्रानिक उपकरणो का भी प्रतिबंध लगाया गया है।

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मिले आलोक सिंह रोहित



अयोध्या। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित ने बुधवार को दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने अयोध्या में पार्टी द्वारा संचालित कार्यक्रमों, जमीनी स्तर पर चल रही सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और जनता से मिल रहे फीडबैक की विस्तृत जानकारी रक्षा मंत्री को दी। आलोक सिंह रोहित ने रक्षामंत्री को अवगत कराया कि अयोध्या महानगर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी ऐतिहासिक विकास कार्य तेजी से कराए जा रहे हैं उन्होंने अवगत कराया कि अयोध्या परिक्षेत्र में स्थित धार्मिक एवं ऐतिहासिक महत्व के स्थलों और कुंडों पर पर्यटकीय सुविधाओं का विकास किया जा रहा है, जिससे श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम से जुड़े प्रमुख स्थलों को सूचीबद्ध कर चरणबद्ध ढंग से विकास कार्य कराए जा रहे हैं, ताकि अयोध्या की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान को और सशक्त बनाया जा सके। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ग्रामीण क्षेत्रों के मूलभूत विकास पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुंचाने व वीबी-जीरामजी योजना का ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक प्रचार प्रसार करने को कहा। साथ ही सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और पारदर्शिता पर भी जोर देने की बात कही। मुलाकात के अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को स्मृति चिन्ह भेंट किया।

संक्षेप

## जितेंद्र हत्याकांड में वादी को तलब करने की अर्जी

**सुलतानपुर (वीओएल)।** कोतवाली देहात थानाक्षेत्र के सोनबरसा में जितेंद्र हत्याकांड में वादी हृदयराम यादव को गवाही के लिए तलब करने की कोर्ट में बुधवार को अर्जी दी गई है। बचाव पक्ष के अधिवक्ता शेख नजर अहमद ने बताया कि जिला जज सुनील कुमार ने सुनवाई कर आदेश सुरक्षित रखा है। कोतवाली देहात थाने के सोनबरसा गांव के जितेंद्र यादव की दो वर्ष पूर्व धारदार हथियार से मारकर हत्या कर दी गई थी। मामले में संदीप वर्मा, आलोक, अजय वर्मा, राम नरायन व जीतलाल आरोपी हैं।

## भंडारा आयोजित

**बछरावां, रायबरेली।** बछरावां नगर के लखनऊ प्रयागराज राजमार्ग पर स्थित नवीन प्रतिष्ठान ए.के. चैधरी हॉस्पिटल पर आज मैनेजिंग डायरेक्टर आशीष चैधरी प्रतिनिधि जिला पंचायत सदस्य द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। हजारों की संख्या में राहगीरों नागरिकों व आम जनमानस ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। इस विशाल भंडारे के मौके पर संचालिका अलका चैधरी चैधरी अपने समस्त हॉस्पिटल के स्टाफ के साथ मौजूद रही। इस भंडारे में जनपद के के प्रबुद्ध वर्ग के साथ ही साथ जनप्रतिनिधियों ने भी प्रतिभाग किया। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार मकर संक्रांति को उत्तरायण पर्व के रूप में भी जाना जाता है। इस दिन सूर्यदेव मकर राशि में प्रवेश करते हैं, जिससे सूर्य की किरणें अधिक सकारात्मक और ऊजार्वान मानी जाती हैं। सूर्य की केसरिया आभा जीवन में नई ऊर्जा, स्वास्थ्य और सकारात्मकता का संचार करती है।

## सर्राफा डकैती कांड में वादी से जिरह पूरी, अगली सुनवाई 29 को

**सुलतानपुर।** सर्राफा डकैती कांड के चर्चित मामले में वादी मुकदमा भरतजी सोनी से बुधवार को मास्टरमाइंड विपिन सिंह के वकील राजकुमार सिंह ने जिरह पूरी कर ली। बचाव पक्ष के वकील संतोष पांडेय ने बताया कि वादी मुकदमा से जिरह पूरी होने के बाद एडीजे चतुर्थ जलाल मोहम्मद अकबर ने मामले में अगली सुनवाई के लिए 29 जनवरी की तिथि नियत कर दी है। कोतवाली नगर क्षेत्र के चैक ठठेरी बाजार में स्थित सराफा व्यवसायी भरतजी सोनी की दुकान में 28 अगस्त 2024 को असलहे से लैस डकैतों ने दिन-दहाड़े डकैती डाली थी। दुकान से डकैत सोना-चांदी व नकदी लूटकर फरार हो गए थे। मामले में अमेठी के मोहनगंज थाने के भवानीनगर निवासी मास्टरमाइंड विपिन सिंह समेत 12 आरोपियों के खिलाफ अदालत में सुनवाई चल रही है।

## सार्वजनिक शौचालय कई वर्षों से बंद

**परशदेपुर, रायबरेली।** नगर पंचायत परशदेपुर कस्बे के वीरगंज रोड पर बना सार्वजनिक शौचालय कई वर्षों से पूरी तरह बंद पड़ा है। हैरानी की बात यह है कि जिस शौचालय का निर्माण आम जनता की सुविधा के लिए किया गया है, उसी भवन को नगर पंचायत कार्यालय के जिम्मेदारों ने सफाईकर्मी को परिवार सहित रहने के लिए दे दिया है। सार्वजनिक शौचालय भवन में रह रही महिला से जब शौचालय के उपयोग के बारे में पूछा गया तो उसने बताया कि यह शौचालय काफी दिनों से पड़ा है और आज तक इसका उपयोग आम जनता के लिए नहीं हुआ है। स्थानीय निवासी दिलीप जायसवाल का कहना है कि शौचालय बनने के बाद से यह कभी नियमित रूप से चालू नहीं हुआ।

# अदिति सिंह ने कोडरस बुजुर्ग में मातृशक्ति को भेंट किया शॉल

## विधायक ने देवानंदपुर में जरूरतमंदों को बांटे कंबल



**रायबरेली।** ठंड की इस कड़ाके वाली रातों में रायबरेली सदर विधानसभा क्षेत्र की विधायक अदिति सिंह ने अपनी संवेदनशीलता और जनसेवा की मिसाल पेश की है। उन्होंने अपने क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में जाकर महिलाओं और जरूरतमंद लोगों की मदद की, जिससे स्थानीय लोगों में खुशी और सम्मान की भावना व्याप्त हैं। सदर विधानसभा क्षेत्र के अमावां ब्लॉक अंतर्गत कोडरस बुजुर्ग गांव में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में विधायक अदिति सिंह ने मातृशक्ति एवं बहनों का विशेष सम्मान किया। उन्होंने बड़ी संख्या में मौजूद महिलाओं को शॉल भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया और उन्हें गर्मजोशी से संबोधित किया। यह कार्यक्रम महिलाओं के प्रति उनके गहरे सम्मान और संवेदना का प्रतीक बना, जहां उन्होंने कहा कि समाज की प्रगति और खुशहाली महिलाओं की सशक्तीकरण से ही संभव है।

इसके पश्चात विधायक अदिति सिंह ने शहर क्षेत्र के देवानंदपुर में पहुंचकर ठंड से जूझ रहे जरूरतमंद परिवारों को कंबल वितरित किए। कड़कड़ाती ठंड में ये कंबल जरूरतमंदों के लिए राहत का काम साबित हुए। विधायक ने व्यक्तिगत रूप से लोगों से बातचीत की, उनकी समस्याएं सुनीं और उन्हें आश्वस्त किया कि वे उनके हर सुख-दुख में साथ खड़ी रहेंगी। यह पूरी गतिविधि विधायक अदिति सिंह के मानवीय सेवा के प्रति समर्पण को दशार्ती है। उन्होंने अपनी बहनों के प्रति गहरी संवेदना, सम्मान और सामाजिक दायित्व की भावना को और सशक्त किया। ऐसे कार्य न केवल ठंड से राहत प्रदान करते हैं, बल्कि समाज में एकता, करुणा और सेवा की भावना को भी मजबूत बनाते हैं।

## हर विकासखंड में बनेगा हेलीपैड, कार्य योजना शासन को भेजने के निर्देश

बृजेश यादव

**शुकुल बाजार (अमेठी) :** उरेरमऊ ग्राम पंचायत में बनेगा स्थायी हेलीपैड, हर विकास खंड को मिलेगी हवाई सुविधा ,लोकसभा और विधानसभा चुनावों के दौरान माननीयों के हेलीकॉप्टर उतारने के लिए बनाए जाने वाले अस्थायी हेलीपैड पर होने वाले भारी खर्च को नियंत्रित करने के लिए सरकार ने अहम फैसला लिया है। जिले के प्रत्येक विकास खंड में एक-एक स्थायी हेलीपैड बनाए जाएंगे। इसके लिए लोकनिर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने कार्ययोजना तैयार कर शासन को भेज दी है।

कार्ययोजना के अनुसार एक स्थायी हेलीपैड के निर्माण पर लगभग 38 लाख रुपये का खर्च आएगा। यदि जिले के 13 विकास खंडों में हेलीपैड बनाए जाते हैं, तो कुल अनुमानित लागत लगभग छह करोड़ 46 लाख रुपये होगी। चुनावी बिगुल बजते ही सत्ताधारी दल सहित अन्य राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारक हेलीकॉप्टर से दौरे शुरू कर देते हैं। इसके लिए जिला मुख्यालय और विधानसभा क्षेत्रों में प्रशासन द्वारा अस्थायी हेलीपैड तैयार किए जाते हैं। चुनाव संपन्न होते ही ये हेलीपैड बेकार हो जाते हैं। इस प्रक्रिया में हर चुनाव के दौरान सरकारी खजाने से करोड़ों रुपये खर्च हो जाते हैं। इसी अनावश्यक व्यय को रोकने के उद्देश्य से शासन ने स्थायी समाधान के रूप में प्रत्येक विकास खंड में पक्के हेलीपैड के निर्माण का निर्देश दिया है। निर्माण लागत का आकलन और कार्ययोजना तैयार करने की जिम्मेदारी पीडब्ल्यूडी को सौंपी गई है, जबकि भूमि चिन्हित करने का कार्य राजस्व विभाग को सौंपा गया है। स्थायी हेलीपैड के लिए भूमि चयन की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। इसके लिए राजस्व विभाग द्वारा जनप्रतिनिधियों और ग्राम प्रधानों का सहयोग लिया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार कई विकास खंडों में भूमि चिन्हित कर ली गई है। शुकुल बाजार क्षेत्र में उरेरमऊ के मां कामाख्या धाम के निकट भूमि चयन की बात सामने आई है। चिन्हित भूमि की पैमाइश और सीमांकन के निर्देश तहसील स्तर पर जारी कर दिए गए हैं।

पीडब्ल्यूडी के अनुसार, शासन से गाइडलाइन जारी होने और बजट की स्वीकृति मिलने के बाद निर्माण शुरू किया जाएगा। अधिकारियों का मानना है स्थायी हेलीपैड बनने से न केवल चुनावी खर्च में कटौती होगी, बल्कि आपदा प्रबंधन, स्वास्थ्य सेवाओं और विकास कार्यों में भी तेजी आएगी। स्थायी हेलीपैड को जिले के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक। महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, जिससे भविष्य में प्रशासनिक और आपातकालीन व्यवस्थाओं को बेहतर ढंग से संचालित किया जा सकेगा।

## उद्घाटन के साथ हुआ खिचड़ी भोज का आयोजन



**मुसाफिरखाना, अमेठी।** मकर संक्रांति के अवसर पर अढ़न पुर गांव में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि लवकेश सिंह गुड्डू के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में नवनिर्मित प्राथमिक उप स्वास्थ्य केन्द्र के उद्घाटन के साथ ही खिचड़ी भोज के साथ ही कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा नेता व विधान परिषद सदस्य शैलेन्द्र प्रताप सिंह व कुंवर रानी मधुरिमा सिंह शामिल हुई । नारा अढनपुर गांव में नवनिर्मित प्राथमिक उप स्वास्थ्य केन्द्र का उद्घाटन विधान परिषद सदस्य शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने फीता काट कर किया। प्रधान प्रतिनिधि लवकेश सिंह गुडडू द्वारा आयोजित खिचड़ी भोज व कम्बल वितरण कार्यक्रम में जरूरतमंदों को कंबल वितरित करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता विधान परिषद सदस्य शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा व उनकी मदद करना पुण्य काम है। प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व बनता है कि वह अपने आसपास के लोगों का अपनी क्षमता के अनुसार ध्यान रखें जिससे समाज का सर्वांगीण विकास हो सके उन्होंने कहा राजनीति समाजसेवा का माध्यम है इस काम में सभी लोग मिलजुल कर जनता की हर संभव मदद करें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद व विधान परिषद सदस्य अक्षय प्रताप सिंह गोपाल जी पत्नी कुंवर रानी मधुरिमा सिंह ने कहा कि इंसानियत से बड़ा कोई धर्म नहीं है। मानवता की सेवा करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने जन प्रतिनिधियों से समाजसेवा के क्षेत्र में आगे बढ़ कर हिस्सा लेने का आवाहन किया। कार्यक्रम में शामिल अतिथियों का स्वागत व धन्यवाद ज्ञापित करते हुए लवकेश सिंह गुडडू ने कहा कि वे अजीवन गरीबों मजलूमों की सेवा करने के लिए कृत संकल्पित है। कार्यक्रम में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष भोलानाथ त्रिपाठी कांग्रेस नेता व पूर्व जिला पंचायत सदस्य राम लखन शुक्ला प्रधान प्रतिनिधि विशाल विक्रम सिंह हरीश दुबे मुरलीधर दुबे राम अक्षयवर सिंह प्रदीप सिंह पूर्व प्रधान जियालाल पासी राजीव तिवारी राम प्रताप यादव हरेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व महिलाएं शामिल रही ।

## एनएसपीएस त्रिपुला में मना भारतीय सेना दिवस

**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में भारतीय सेना दिवस पर देशभक्ति और गौरव की भावना से ओत - प्रोत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने सैनिकों के प्रतिरूप में उपस्थित छात्रों का तिलक लगाकर सम्मान किया, इस अवसर पर विद्यार्थियों ने भारतीय सेना के शौर्य को नमन कर राष्ट्र की सेवा एवं सम्मान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए देश की एकता और अखंडता बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में छात्रा आराध्या पांडेय, अनुमेहा मिश्रा, अविरल श्रीवास्तव, आकाश शर्मा और कार्तिक अग्रवाल ने भारतीय सेना के अदम्य साहस, अनुशासन और बलिदान को भावपूर्ण नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से जीवंत किया। कार्यक्रम का संचालन छात्रा सगुन सिंह ने किया । वहीं न्यू स्टैंडर्ड बालिका विद्या मंदिर में मकर संक्रांति एवं सेना दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## तहसील स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश पर्व हमारी संस्कृति हमारी पहचान के अन्तर्गत सांस्कृतिक उत्सव-2025-26 की श्रृंखला में जनपद की समस्त तहसीलों में तहसील स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम सभा स्तर पर चयनित 14 वर्ष से 20 वर्ष एवं 21 वर्ष से 24 वर्ष आयु वर्ग के प्रतिभागियों ने गायन, वादन एवं नृत्य को विधाओं में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का आयोजन संबंधित तहसील हेतु नियुक्त नोडल अधिकारियों द्वारा किया गया जिसमें उपजिलाधिकारी, तहसीलदार एवं सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी उपस्थित रहें। इसी क्रम में सदर तहसील का कार्यक्रम, सामुदायिक रतापुर में किया गया, जिसमें जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी सुधीर गिरी, प्रधानाचार्य रत्नेश श्रीवास्तव, नोडल अधिकारी प्रत्यूष श्रीवास्तव (उप प्रधानाचार्य), आशुतोष तिवारी, डॉ0 विनीत कुमार त्रिवेदी, विनोद कुमार तिवारी, मृत्युंजय शुक्ला आदि उपस्थित रहें। कार्यक्रम में निर्णायक मण्डल के विशेषज्ञ सदस्यों के रूप में नूपुर त्रिपाठी, सोनी कपूर एवं असद द्वारा गहन मूल्यांकन द्वारा प्रतिभागियों का चयन किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ0 अभिषेक द्विवेदी द्वारा किया गया।

# डीपीआरओ के हस्तक्षेप से साहिनवा में थमी फर्जी मनरेगा हाजिरी

- 13 दिनों में 2900 मजदूर दिखाने का आरोप



**दोस्तपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** दोस्तपुर विकासखंड अंतर्गत साहिनवा गांव में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) को लेकर चल रही अनियमितताओं पर आखिरकार प्रशासन का शिकंजा कसता नजर आ रहा है। लगातार खबरें प्रकाशित होने के बाद जिला पंचायत राज अधिकारी (डीपीआरओ) अभिषेक शुक्ला के सख्त हस्तक्षेप से साहिनवा गांव में कागजों में चल रहे मनरेगा कार्य और फर्जी मजदूर हाजिरी पर रोक लगाई गई है। इससे ग्रामीणों में उम्मीद जगी है कि अब मामले की निष्पक्ष जांच होगी।

आरोप है कि 1 जनवरी से 13 जनवरी के बीच मात्र 13 दिनों में करीब 2900 मनरेगा मजदूरों की हाजिरी दर्शाई गई, जो गांव की वास्तविक स्थिति से मेल नहीं खाती। इतनी बड़ी संख्या में मजदूर दिखाए जाने से ग्राम प्रधान सभाजीत कनोजिया और पंचायत सचिव अशुलिका पटेल की भूमिका संदेह के घेरे में आ गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नए साल की शुरूआत से ही मनरेगा के नाम पर कागजी खेल चल रहा था और वास्तविक कार्य बेहद सीमित था। ग्रामीणों के अनुसार जिन स्थानों पर मनरेगा कार्य दिखाया गया, वहां जमीनी सच्चाई अलग है। जिस तालाब पर मजदूरी लगाई गई, उसमें पहले से पानी भरा हुआ था, जिससे कार्य होना संदिग्ध प्रतीत होता है। वहीं जिन चकमार्गों पर काम दशार्या गया, उन्हें पहले ही ट्रैक्टर से जोत दिया गया था। ऐसे में मजदूरों के वास्तविक रूप से काम करने पर सवाल उठना स्वाभाविक है। खबर का संज्ञान लेते हुए डीपीआरओ अभिषेक शुक्ला ने संबंधित अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई, जिसके बाद साहिनवा गांव में फर्जी हाजिरी पर तत्काल रोक लगाई गई। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या पूरे प्रकरण की गहन जांच कर दोषियों पर कार्रवाई होगी। ग्रामीणों ने मांग की है कि निष्पक्ष जांच कर मनरेगा जैसी जनकल्याणकारी योजना की साख बचाई जाए और दोषियों को सख्त सजा दी जाए।

## बूथों पर बीएलओ 18 को पढ़ेंगे आलेख्य निर्वाचक नामावली, नाम जोड़ने व संशोधन 6 फरवरी तक

**अमेठी।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी अर्पित गुप्ता ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार अर्हता तिथि 1 जनवरी के आधार पर विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत तैयार की गई आलेख्य निर्वाचक नामावलियों का पठन दिनांक 18 जनवरी 2026 (रविवार) को जनपद के समस्त मतदेय स्थलों पर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर प्रत्येक बूथ पर संबंधित बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) द्वारा मतदाता सूची को पढ़कर सुनाया जाएगा। सभी मतदाताओं से अपील की गई है कि वे निर्धारित तिथि को अपने-अपने मतदेय स्थलों पर उपस्थित होकर मतदाता सूची का अवलोकन अवश्य करें। यदि किसी मतदाता का नाम सूची में शामिल नहीं है तो फार्म-6 के साथ घोषणा पत्र, नाम कटवाने के लिए फार्म-7, तथा नाम, पता या अन्य विवरण में किसी प्रकार की त्रुटि होने पर फार्म-8 घोषणा पत्र सहित भरकर संबंधित बूथ लेवल अधिकारी को दिनांक 6 फरवरी तक प्रत्येक दशा में उपलब्ध करा दें।

## राज्य महिला आयोग का भ्रमण 15 व 16 को

**अमेठी।** उप्र राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान जी का दो दिवसीय जनपद अमेठी भ्रमण कार्यक्रम दिनांक 15 व 16 जनवरी 2026 को प्रस्तावित हुआ है, उक्त निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार महिला आयोग की अध्यक्ष 15 जनवरी को सायं 5:30 बजे जनपद अमेठी के गेस्ट हाउस पहुँचेंगी जहॉ रात्रि विश्राम के उपरान्त 16 जनवरी को 10 बजे जिला महिला चिकित्सालय, अमेठी का निरीक्षण करेंगी, उसके उपरान्त आयोजित गोद भराई, अन्नप्राशन एवं कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम में सम्मिलित होंगी। तदोपरान्त अध्यक्ष द्वारा 11:30 बजे गौरीगंज तहसील के सभागार में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने के उद्देश्य से जनसुनवाई करेंगी, जिसमें घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न अथवा अन्य किसी भी प्रकार से पीड़ित महिलायें अपनी शिकायत दर्ज करा सकती है।। इसके पश्चात महिला कल्याण, बाल विकास, समाज कल्याण, स्वास्थ्य, बेसिक ,माध्यमिक शिक्षा, पिछड़ा वर्ग, दिव्यांगजन, अल्पसंख्यक, उद्योग, एनआरएलएम, पंचायतीराज, कौशल विभाग, परिवहन के अधिकारियों के साथ शासन द्वारा संचालित महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा करेंगी। उक्त कार्यक्रम के समाप्ति के उपरान्त 15:30 बजे जनपद अमेठी से जनपद सुल्तानपुर के लिए प्रस्थान करेंगी।

# भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल



**कूरेभार, सुलतानपुर (वीओएल)।** कड़ाके की ठंड के बीच भारतीय उद्योग व्यापार मंडल कूरेभार के अध्यक्ष सुजीत कसौधन की अगुवाई में मानवता और सामाजिक सरोकारों की मिसाल पेश करते हुए गरीब, असहाय और वृद्ध जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया। ठंड से राहत पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जरूरतमंदों को कंबल उपलब्ध कराए गए, जिससे उन्हें सर्द रातों में सहारा मिल सके। इस दौरान व्यापार मंडल अध्यक्ष सुजीत कसौधन ने कहा कि इस वर्ष ठंड अन्य वर्षों की तुलना में अधिक पड़ रही है। ऐसे में गरीब, असहाय और वृद्ध लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने समाज के सक्षम लोगों से अपील की कि वे आगे आकर जरूरतमंदों की मदद करें, ताकि कोई भी ठंड के कारण परेशान न हो व्यापार मंडल अध्यक्ष ने बताया कि यह कंबल वितरण कार्यक्रम संगठन और व्यापारी भाइयों के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान कूरेभार प्रधान गीता कसौधन, सुरेश कसौधन, महामंत्री अरुण कसौधन, प्रभारी नितिश अग्रहरि, उपाध्यक्ष शुभम कसौधन सहित गौरव मौर्य, सचिन कसौधन, विकास अग्रहरि, पंकज शर्मा, नितिन राय, किशन शर्मा, अभिषेक सिंह, जितेंद्र गुप्ता, अजीत कसौधन, जय सिंह, जफर अहमद, वकार खान, अफजाल अंसारी, लकी कसौधन, विष्णु, सीतांशु कसौधन, रोमी समेत बड़ी संख्या में व्यापारी और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## एडी बेसिक बेसिक शिक्षा से मिला संघ का प्रतिनिधिमंडल

- एडी बेसिक ने दिया समस्याओं के त्वरित निस्तारण का आश्वासन

**सुलतानपुर (वीओएल)।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल लंभुआ अध्यक्ष रणबीर सिंह के नेतृत्व में सहायक निदेशक बेसिक अयोध्या मंडल अयोध्या कौस्तुभ कुमार सिंह से मिल कर नववर्ष, एवं मकरसंक्रांति की बधाई दी। रणवीर सिंह ने शासन द्वारा निर्गत आदेश और निस्तारण में राज्य स्तर पर मण्डल अयोध्या के अंतर्गत शीर्ष जनपद सुलतानपुर होने की बधाई दी।

हाल ही में चयन वेतनमान स्वीकृति में प्रदेश में जनपद शीर्ष में रहा। प्रतिनिधिमंडल ने प्रोन्नत वेतनमान की मांग पर बीएसए सुलतानपुर द्वारा अब तक की गई प्रगति एवं प्रक्रिया से अवगत कराते हुए बीएसए उपेंद्र गुप्ता के कार्य की सराहना की प्रोन्नत वेतनमान में जनपद स्तर पर जनवरी में अपत्ति मांगी गई हैं जिसपर सहायक शिक्षा निदेशक ने सभी के सहयोग से त्वरित निस्तारण करवाने का आश्वासन भी दिया। पिछले 10 वर्षों में सेवानिवृत शिक्षकों का बीमा धन न आने की बात पर एडी बेसिक ने असंतोष जताया उन्होंने सुलतानपुर बीएसए को पत्र निर्गत कर यह जानकारी मांगी है कि अबतक कितने शिक्षकों को बीमा की धनराशि नहीं प्राप्त हुई है उनकी सूची मांगी है। जिसका निस्तारण पेंशन निदेशालय उत्तर प्रदेश प्रयागराज से कराया जा सके। इस मौके पर रणवीर सिंह, दीपेंद्र सिंह, मनोज मौर्य, संतोष सिंह, प्रतापगढ़ी रवीन्द्र कुमार, केके सिंह, प्रतिभा, वेदप्रताप, विकास, गरिमा, शोभनाथ आदि मौजूद रहे।

## जिम्मेदारी से कार्य करें स्वास्थ्य कर्मी : सीएमओ



**अमेठी ।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी अंशुमान सिंह ने बुधवार को श्लरठऊ सत्र गुन्नौर का निरीक्षण किया वहां पर तैनातआशा रिंकी और ए एन एम सरेखा प्रजापति उपस्थित थी ,आंगनवाड़ी अनुपस्थिति मिली 12 बच्चो का टीकाकरण 4 गर्भवती महिलाओं की जांच हुई सभी लोजिस्टिक्स मौजूद मिले , उन्होंने टीकाकरण सहित केंद्र की अन्य जानकारियां भी ले तथा सही तरीके से जिम्मेदारी पूर्वक काम करने की नसीहत भी दी ।

## लोकेपुर में खिचड़ी भोज, सौहार्द का दिया संदेश



**कूरेभार, सुलतानपुर (वीओएल)।** कूरेभार क्षेत्र के लोकेपुर गांव में बुधवार को दिन में दोपहर 02:00 बजे पूर्व प्रधान धीरेन्द्र प्रताप सिंह के दरवाजे पर खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री व विधायक विनोद सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। भोज में क्षेत्र के साथ-साथ आसपास के गांवों के संभ्रांत लोगों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर सहभागिता निभाई। इस अवसर पर विधायक विनोद सिंह ने कहा कि ऐसे सामाजिक आयोजन आपसी भाईचारे, एकता और सौहार्द की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण स्तर पर होने वाले इस तरह के कार्यक्रम सामाजिक समरसता का सशक्त उदाहरण हैं। खिचड़ी भोज के दौरान कक्कू सिंह, चंद्रशेखर सिंह, धर्मेंद्र प्रताप सिंह, संजय सिंह, सुरेंद्र शुक्ला, अब्दुल्ला बेग, विनोद तिवारी, अखिलेश सिंह, राजदेव सिंह, राघवेंद्र प्रताप सिंह, महेंद्र प्रताप सिंह, हरि विलास सिंह, सिंहासन यादव, राम शब्द वर्मा सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे। आयोजन को लेकर क्षेत्र में दिनभर उत्साह का माहौल बना रहा।

# आस्था के संगम में अमर कमल बने 'यश्वनी दास'

**महराजगंज, रायबरेली।** आस्था और वैराग्य के संगम प्रयागराज माघ मेले से एक ऐसी खबर सामने आई है जिसने सबको भावुक कर दिया है। जिले के महराजगंज कस्बे के रहने वाले 22 वर्षीय युवक अमर कमल रस्तोगी ने संसार का त्याग कर संन्यास धारण कर लिया है। अब वे ह्यह्ययश्वनी दासह्यह्य के नाम से जाने जाएंगे।

अमर कमल रस्तोगी महराजगंज में बैंक ऑफ बड़ौदा के पास एक जनसेवा केंद्र चलाते थे। परिजनों के अनुसार एक जनवरी को वह यह कहकर घर से निकले थे कि वे लखनऊ के एक चर्च जा रहे हैं और शाम तक लौट आएंगे। जब वह रात तक नहीं लौटे और फोन बंद आने लगा, तो परिवार में हड़कंप मच गया। तीन दिन बाद मोबाइल स्टेटस के जरिए पता चला कि वह प्रयागराज में हैं। खबर मिलते ही मां सोनी रस्तोगी और बहनें भागती हुई प्रयागराज पहुंचीं। मेले में इकलौते बेटे को देखकर मां फफक पड़ी। शुरूआत में अमर ने अपनी मां को पहचानने से ही इनकार कर दिया। बाद में भावुक होकर मां को गले तो लगाया, लेकिन घर लौटने से साफ मना कर दिया। बहनों की भावुक अपीलों के बावजूद अमर



अपने फैसले पर अडिग रहे। उन्होंने स्वामी गोपाल दास को अपना गुरु मानकर दीक्षा ली और संतों की सेवा में जीवन बिताने का संकल्प लिया। अमर के इस फैसले ने पूरे परिवार को झकझोर कर रख दिया है। घर में बुजुर्ग दादा-दादी और तीन बहनें हैं।

पिता नवीन कमल रस्तोगी (48 वर्ष) अभी भी इस उम्मीद में हैं कि बेटा एक दिन जरूर लौटेगा। मां सोनी रस्तोगी भारी मन से वापस तो आ गई हैं, लेकिन ईश्वर से प्रार्थना कर रही हैं कि बेटा मन बदल ले।

## अन्नपूर्णा भवन के निर्माण के लिए किया गया भूमिपूजन

**महराजगंज, रायबरेली।** विकासखंड क्षेत्र के अलीपुर ग्राम पंचायत में बुधवार को अन्नपूर्णा भवन के निर्माण की शुरूआत हुई। पूर्ति निरीक्षक मुकेश पाण्डेय व ग्राम प्रधान सूरज कुमार ने सरकारी उचित दर की दुकान ह्यअन्नपूर्णा भवनह्य के निर्माण को भूमि पूजन कर शुरूआत की। अन्नपूर्णा भवन ग्रामीणों को लिए लाभकारी होगा। अन्नपूर्णा भवन के निर्माण के बाद ग्रामीणों को मिलने वाले सरकारी खाद्यान्न के अलावा आने वाले दिनों में सीएससी सेंटर सुविधा मिलने लगेगी। पूर्ति निरीक्षक मुकेश पाण्डेय ने बताया कि खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा लगभग साढ़े आठ लाख की लागत से अन्नपूर्णा भवन बनाया जा रहा है। जिसकी पहली किस्त में सवा चार लाख रुपए का बजट मिला है। निर्माण कार्य की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत को दी गई है।

## संस्तुति के आठ साल बाद भी नहीं मिली पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता

**अमेठी।** जनपद मुख्यालय के जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज में 13/14 जनवरी 2018 को कक्षा 11 के छात्र रहे अभय सिंह की हत्या के मामले में अभी तक पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता नहीं मिल सकी है। जबकि तत्कालीन प्रभारी मंत्री अमेठी तथा डीएम उपलब्ध कराए जाने के लिए अपनी संस्तुति भेजी जा चुकी है। मृतक अभय की मां सरला सिंह ने एक बार फिर मुख्यमंत्री के साथ ही मुख्य सचिव उप्र व उप सचिव विवेकाधीन कोष मुख्यमंत्री कार्यालय को भेजे गए पत्र में कहा है कि निर्मम हत्या के 8 साल बाद भी पीड़ित परिवार को हुई अपूर्णीय क्षति पर कोई आर्थिक सहायता नहीं उपलब्ध कराई गई है। सरला सिंह ने आरोप लगाया है कि अधिकारियों द्वारा मुख्यमंत्री की स्वच्छ छवि को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा है कि उनका बेटा अभय जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज में 11वीं का छात्र था। जिसकी 14 जनवरी 2018 को हत्या कर दी गई थी। जिसके बाद अमेठी जिले के तत्कालीन प्रभारी मंत्री रहे मोहसिन रजा ने 15 फरवरी 2018 को मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से आर्थिक सहायता देने की संस्तुति किया था। जबकि डीएम सुल्तानपुर ने 6 बार संस्तुति किया है। पीड़ित मां ने कहा है कि हत्या के अन्य मामलों में जहां 20 से 50 लाख रुपए तक आर्थिक सहायता व नौकरी तथा अन्य सुविधाएं दी गई वहीं इन्हें अभी तक कोई सहायता नहीं दी गई। जबकि उनके द्वारा हजारों पत्र भेजकर अनुरोध किया जा चुका है। उन्होंने कहा है कि सीबीआई ने भी आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए मुख्य सचिव को पत्र लिखा था। उन्होंने आरोप लगाया है कि शायद अधिकारियों द्वारा सुविधा शुल्क मिलने का इंतजार किया जा रहा है। पीड़ित मां ने निर्मम हत्या से हुई अपूर्णीय क्षति पर कम से कम एक करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से उपलब्ध कराने की मांग की है।

संक्षेप

## चोरी की योजना बनाते तीन शातिर गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम द्वारा चोरी लूट की घटना की योजना बनाते हुए 03 शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर चोरी की योजना बनाते हुए 03 शातिर अभियुक्तगण सनी पुत्र हरप्रसाद शिवम पुत्र किशन कमल सिंह पुत्र घनश्याम को नंगला प्रभु मोड़ के पास से चोरी लूट में प्रयुक्त होने वाला सामान एक चाकू दो सरिया के टुकडे, एक लकडी का डंडा एक सब्बल एक पेंचकस एक प्लास एक छैनी एक हथौडा, एक लोहा काटने वाली आरी, एक आरी ब्लैड व एक तार कटर सहित गिरफ्तार किया गया। थाना पुलिस ने गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की है।

## एसएसपी ने मुख्य आरक्षी को किया निलंबित

**मथुरा।** पुलिस विभाग की छवि को धूमिल करने और कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही बरतने के मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने सख्त रुख अपनाया है। थाना बरसाना में तैनात मुख्य आरक्षी नागरिक पुलिस मनोज कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। पुलिस द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार निरीक्षण के दौरान मुख्य आरक्षी की बीट पुस्तिका का अवलोकन किया गया, जिसमें खामियां पाई गई। बताया गया कि मुख्य आरक्षी बीते दो वर्षों से एक ही बीट पर तैनात थे, इसके बावजूद बीट पुस्तिका के पृष्ठों व कॉलमों की पूर्ति नहीं की गई थी। बीट से संबंधित जानकारी पूछे जाने पर भी वह कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दे सके। जांच में यह भी सामने आया कि मुख्य आरक्षी द्वारा आवंटित कर्तव्यों के निर्वहन में लापरवाही बरती जा रही थी तथा कर्तव्य के प्रति अनुशासनहीनता और अकर्मण्यता स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रही थी।

## गैर इरादतन हत्या के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**मथुरा।** थाना छाता पुलिस ने ग्राम पसौली में हुई बुजुर्ग की हत्या के सनसनीखेज मामले में वांछित तीन आरोपियों को बुधवार सुबह गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों ने दो दिन पहले एक युवक पर जानलेवा हमला किया था और बीच-बचाव करने आए उसके पिता की गमछे से दम घोंटकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने तीनों के खिलाफ विधिक कार्रवाई कर जेल भेज दिया है। पसौली निवासी नरेश (22) ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया था कि सोमवार को गांव के ही राजेश उर्फ भोवल, संजय और सूरज ने उन पर हमला बोल दिया था। आरोपी चाकू और अन्य हथियारों से लैस थे। चीख-पुकार सुनकर नरेश के पिता भोजराज (60) उसे बचाने दौड़े, तो आरोपियों ने उन्हें दबोच लिया। आरोप है कि हमलावरों ने गमछे से भोजराज की नाक और मुंह को पूरी ताकत से दबा दिया, जिससे उनका दम घुट गया। गंभीर हालत में उन्हें केडी मेडिकल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। छाता प्रभारी निरीक्षक कमलेश सिंह ने बताया कि वारदात के बाद से ही आरोपी फरार चल रहे थे। बुधवार सुबह 09:35 बजे मुखबिर से सूचना मिली कि तीनों आरोपी कहीं भागने की फिराक में सेमरी पुल के नीचे खड़े हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने घेराबंदी कर पसौली निवासी राजेश उर्फ भोवल, संजय और सूरज को गिरफ्तार कर लिया।

# डीएम ने की मॉकड्रिल की तैयारियों की समीक्षा



जिला संवाददाता (vol)

**मथुरा।** नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती के अवसर पर जनपद मथुरा में आयोजित किए जाने वाले ब्लैक आउट मॉक ड्रिल की तैयारियों के संबंध में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी /नियंत्रक नागरिक सुरक्षा चंद्र प्रकाश सिंह ने जनपद में प्रस्तावित ब्लैक आउट मॉक ड्रिल को सफलतापूर्वक आयोजित किए जाने हेतु विभिन्न विभागों द्वारा की जाने वाली तैयारियों एवं समन्वय व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि मॉक ड्रिल के दौरान नागरिक सुरक्षा के सभी स्वयंसेवक सक्रिय भूमिका निभाते हुए आमजन को जागरूक करें तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूर्ण सतर्कता बरती जाए।

बैठक में बताया गया कि मॉक ड्रिल के दौरान सायरन बजाकर ब्लैक आउट की प्रक्रिया का अभ्यास कराया जाएगा, विद्युत आपूर्ति नियंत्रित की जाएगी तथा नागरिकों को सुरक्षित स्थानों पर शरण लेने, आग बुझाने, प्राथमिक चिकित्सा एवं आपदा प्रबंधन से संबंधित उपायों की जानकारी दी जाएगी।

अग्निशमन विभाग द्वारा आग बुझाने के उपकरणों का प्रदर्शन किया जाएगा तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्राथमिक उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। जिलाधिकारी ने पुलिस प्रशासन, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, अग्निशमन विभाग, नगर निकाय एवं अन्य संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ निर्धारित दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मॉक ड्रिल का उद्देश्य नागरिकों को आपात परिस्थितियों के प्रति सजग करना तथा आपदा के समय त्वरित एवं प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करना है। मुख्य रूप से ये मॉक ड्रिल रिफाइनरी परिसर में की जाएगी। बैठक जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे राजेश कुमार, क्षेत्राधिकारी नगर आशना चैधरी, जिला कमाण्डेंट होमगार्ड डॉ0 शैलेन्द्र प्रताप सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए अरुण कुमार उपाध्याय, उपायुक्त मनरेगा विजय कुमार पाण्डेय, नागरिक सुरक्षा संगठन के पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## गौ-संरक्षण अनुश्रवण, मूल्यांकन और समीक्षा बैठक संपन्न

**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय गौ-संरक्षण अनुश्रवण, मूल्यांकन एवं समीक्षा बैठक हुई संपन्न। बैठक में जनपद में संचालित गौसंरक्षण से संबंधित योजनाओं, गौआश्रय स्थलों की व्यवस्थाओं, संरक्षण कार्यों की प्रगति तथा उपलब्ध संसाधनों के प्रभावी उपयोग की विस्तार से समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी गौआश्रय स्थलों पर स्वच्छता, चारा, पेयजल, छाया, शेड एवं पशु चिकित्सा सुविधाएं मानक के अनुरूप सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि गौवंश के संरक्षण में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी तथा नियमित निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किया जाए। बैठक में गौआश्रय स्थलों की क्षमता, वर्तमान गोवंश संख्या, चारे की उपलब्धता, भूसा भंडारण, टीनशेड/ छायादार संरचनाओं तथा सर्दी से बचाव हेतु की गई व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि ठंड के दृष्टिगत नियमित अंतराल में अलाव जलाए, गौशालाओं में गौवंशों के लिए शेड होनी चाहिए, खिड़कियों व दरवाजों को बोरे से ढका जाए, फर्श पर पुआल, भूसा या पेड़ की पत्तियां बिछाएं। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निराश्रित गोवंश को चिन्हित कर नियमानुसार गौआश्रय स्थलों में संरक्षित किया जाए तथा सड़कों/खुले स्थलों पर गोवंश विचरण की समस्या का स्थायी समाधान किया जाए। साथ ही, गौआश्रय स्थलों के संचालन में स्वयंसेवी संस्थाओं एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सहयोग को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना ने बैठक में निर्देश दिए कि बकरी पालन, सूअर पालन एवं भेड़ पालन आदि योजनाओं के अंतर्गत अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को जोड़ा जाए तथा उन्हें योजनाओं का वास्तविक लाभ दिलाना जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सभी केयर टेकर का अनिवार्य रूप से वेरिफिकेशन कराने के निर्देश दिए। सीडीओ ने कहा कि जनपद की समस्त गौशालाओं में सीसीटीवी/सीपी प्लस कैमरे लगवाए जाएं, जिससे व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी सुनिश्चित हो सके। उन्होंने गौशालाओं में साफ-सफाई, गौवंशों के समुचित देखभाल एवं संरक्षण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने आगामी आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुए भूसा संग्रहण की मात्रा में अभी से कम से कम 40 प्रतिशत की वृद्धि कराने के निर्देश दिए।

# पालिका ने 40 साल से बंद पड़े रास्ते को खुलवाया



**टूंडला।** बंद गली व नाली में पानी न निकलने की शिकायत एक महिला ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में की थी। जिस पर बुधवार को पुलिस व नगर पालिका टीम ने 40 साल से बंद पड़े रास्ते को खुलवा दिया गया तथा पानी की भी निकासी कराई गई। संपूर्ण समाधान दिवस में उर्मिला देवी पत्नी जयप्रकाश निवासी कच्चा टूंडला द्वारा गली बंद व पानी न निकलने के संबंध में शिकायत दर्ज कराई गई थी। जिस पर बुधवार को पुलिस प्रशासन एवं नगर पालिका परिषद टूंडला की अतिक्रमण टीम ने 40 साल से बंद पड़े रास्ते को खुलवा दिया गया तथा पानी की भी निकासी कर दी गई। इस मौके पर उप निरीक्षक प्रशांत कुमार, मोहन कुमार प्रभारी अशोक कुमार शर्मा, जितेंद्र कुमार सफाई नायक सूरज मेवाती आदि उपस्थित रहे।

## खाटू श्याम के दर्शन को निकले दो युवकों की मौत

**मथुरा।** मकर संक्रांति पर खाटू श्यामजी के दर्शन जाने को निकले मथुरा के दो युवकों का सफर दर्दनाक हादसे में तब्दील हो गया। राजस्थान के सीकर जिले में रींगस खाटूश्यामजी रोड पर तड़के हुए सड़क हादसे में दोनों दोस्तों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गए।बताया गया है कि मथुरा से छह श्रद्धालु वेगनआर कार संख्या यूपी 85 सीई 7669 से खाटूधाम जा रहे थे। बुधवार सुबह करीब 4:30 बजे रींगस रोड पर होटल माखन मटकी के सामने अचानक कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक पेड़ से जा टकराई और पलट गई। हादसा इतना भीषण था कि कार के परखच्चे उड़ गए और मौके पर अफरा तफरी मच गई। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि चालक को झपकी आने के कारण वाहन से नियंत्रण खो बैठा, वहीं तेज रफ्तार भी हादसे की बड़ी वजह मानी जा रही है। रींगस थाने के एएसआई सांवताराम गुर्जर के अनुसार हादसे में मथुरा निवासी उमेश और रिंकू सैनी की मौके पर ही मौत हो गई। रिंकू सैनी गोवर्धन चैराहे के पास अमर हैल्थकेयर और सिटी हॉस्पीटल के बीच में ढाबा चलाता था और शहर के विकास नगर क्षेत्र का निवासी था। कार में कुल छह लोग सवार थे, जबकि वाहन की क्षमता पांच सवारियों की थी। हादसे में घायल हुए दुर्गेश सैनी, अजय यादव, केवल सैनी और विनोद को स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से तुरंत रींगस के उप जिला अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद अजय, केवल और विनोद की हालत गंभीर होने पर उन्हें बेहतर इलाज के लिए सीकर स्थित कल्याण अस्पताल रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने मृतकों के शवों को मोर्चरी में रखवा दिया है और परिजनों को हादसे की सूचना दे दी गई है। इस दर्दनाक हादसे से मथुरा में शोक की लहर है।

## चोरी में वांछित अभियुक्त मुठभेड़ में गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित के निर्देशन में थाना रामगढ़ पुलिस टीम द्वारा थाना रामगढ़ पर चोरी के पंजीकृत मुकदमें में वांछित एक अभियुक्त को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया। दिनाँक 05-01-2026 व दिनाँक 09-01-2026 को थाना रामगढ़ क्षेत्रान्तर्गत हुई चोरी की घटनाओं के सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना रामगढ़ पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। बुधवार को थाना रामगढ़ पुलिस टीम को मुखबिर खास द्वारा सूचना दी गयी कि लालपुर मंडी के पास स्थित पटेल कारखाना के पीछे एक संदिग्ध व्यक्ति अपने साथियों का इंतजार कर रहा है, जिनके द्वारा किसी संभावित घटना को अंजाम दिया जा सकता है। उक्त सूचना पर थाना रामगढ़ पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुँचकर दबिश दी गयी, पुलिस टीम द्वारा दी गयी दबिश के दौरान संदिग्ध व्यक्ति द्वारा खुद को पुलिस टीम से घिरता हुआ देखकर अवैध असलहा से जान से मारने की नियत से पुलिस टीम पर फायर किया गया। थाना रामगढ़ पुलिस टीम द्वारा की गयी जवाबी कार्यवाही में अभियुक्त के पैर में गोली लग गयी जिसे घायल अवस्था में पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया, अभियुक्त की पहचान ऋषभ पुत्र राजबहादुर निवासी लहोखर थाना दिबियापुर जनपद औरैया के रुप में हुई, जिससे चोरी किये गये 02 बिछुए 02 तोडिया 02 अंगूठी 2400 रुपए 01 मोबाइल फोन एवं 01 अवैध तमंचा 02 खोखा कारतूस 01 जिंदा कारतूस एवं 01 लोहे की रॉड बरामद हुए। पुलिस ने घायल अभियुक्त को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती करा अभियुक्त ऋषभ के अन्य साथी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु सम्भावित स्थानों पर दबिश दी जा रही है।

## चार वर्षीय बालिका से दुष्कर्म करने वाला बाल अपचारी गिरफ्तार

**मथुरा।** थाना फरह क्षेत्र के एक गांव में चार वर्षीय बालिका के साथ गांव के ही बाल अपचारी ने चाकलेट देने के बहाने नौहरे में ले जाकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम देकर फरार हो गया, जिसमें पुलिस ने 24 घंटे के अंतराल में ही आरोपित को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया है। थाना फरह पुलिस ने नाबालिग पीड़ता के साथ दुष्कर्म के मामले में एक बाल अपचारी को उसके घर से नियमानुसार पुलिस अभिरक्षा में लिया है। पीडिता के परिजनों की तहरीर पर थाना फरह में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर त्वरित कार्रवाई की गई। पुलिस ने बाल अपचारी को किशोर न्यायालय मथुरा के समक्ष पेश कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की है। सीओ रिफाइनरी ने बताया कि घटना के समय बाल अपचारी ने पीडिता को चॉकलेट देने का बहाना देकर अपने प्लाट पर बुलाया था। आरोपी के खिलाफ उचित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। अभिरक्षा में लेने वाली पुलिस टीम में प्र.नि. छोटेलाल, निरीक्षक यशपाल सिंह, उ.नि. आनन्द शर्मा आदि थे।

## चाय पीते व्यक्ति की 10 सेकेंड में हुई मौत

**मथुरा।** गोवर्धन चैराहे के पास टी-स्टॉल पर बैठकर चाय पीते व्यक्ति 10 सेकेंड के अंदर ही अचेत होकर जमीन पर गिर पड़े। पास खड़े लोग उन्हें संभालते हुए नजदीक ही अस्पताल में ले गए। जहां डॉक्टरों ने दिल की धडकन रूकने से मौत होना कारण बताया। ये घटना सोमवार की है। लेकिन इसका वीडियो बुधवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। जिसने इस वीडियो को देखा, वह सहज यकीन नहीं कर पा रहा है। कोतवाली कृष्णानगर के राधा नगर पुलिया के पास रहने वाले देवकीनंदन सोमवार को सर्दी लगने पर दवा लेने के लिए गोवर्धन चैराहा के समीप एक निजी अस्पताल में गए थे। इसी दौरान उनकी चाय पीने की इच्छा हुई। इसके बाद वह अस्पताल के पास स्थित चाय की दुकान पर चले गए। चाय की दुकान पर खड़ी एक महिला और अन्य लोगों से सामान्य बातचीत कर रहे थे। उन्हें किसी तरह की कोई परेशानी नजर नहीं आ रही थी। इसी बीच जब वह बैठने के लिए स्टूल उठाने का प्रयास करने लगे। तभी हार्ट अटैक पड़ गया।

# अवैध निर्माण पर गरजा प्राधिकरण का बुलडोजर, 3 अनधिकृत कॉलोनियां ध्वस्त



जिला संवाददाता (vol)

**मथुरा।** मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण ने अवैध कॉलोनाइजरों के खिलाफ अपना कड़ा रुख बरकरार रखते हुए बुधवार को बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। प्राधिकरण की टीम ने पुलिस बल के सहयोग से जैंत क्षेत्र में विकसित की जा रही तीन अवैध कॉलोनियों को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। थाना जैंत क्षेत्र अंतर्गत ?भक्ति वेदांता मंदिर के पास सुरेश चन्द्र द्वारा लगभग 6 हजार वर्ग मीटर क्षेत्र में बिना किसी स्वीकृत मानचित्र के आरसीसी रोड बनाकर कॉलोनी का निर्माण किया जा रहा था। इसी क्षेत्र में श्री मेघा चैरसिया द्वारा लगभग 9 हजार वर्ग मीटर भूमि पर अवैध रूप से सड़कें और अन्य निर्माण कार्य कराए जा रहे थे। इसके साथ ही छटीकरा राधाकुंड रोड स्थित हनुमत विहार आवासीय योजना के पास सोहन शर्मा द्वारा लगभग 55 सौ वर्ग मीटर क्षेत्र में अवैध रूप से कॉलोनी विकसित की जा रही थी। प्राधिकरण के अनुसार, उक्त तीनों निर्माण उत्तर प्रदेश नगर योजना एवं विकास अधिनियम 1973 की धाराओं का उल्लंघन कर किए जा रहे थे। इन कॉलोनाइजरों को पूर्व में ध्वस्तीकरण के आदेश जारी किए गए थे, लेकिन तय समय सीमा के भीतर निर्माण न हटाए जाने के कारण बुधवार को प्रशासनिक कार्रवाई की गई। प्राधिकरण उपाध्यक्ष लक्ष्मी एन के निर्देशन और सचिव आशीष सिंह के नेतृत्व में प्राधिकरण के प्रवर्तन दल ने स्थानीय जैंत थाना पुलिस के सहयोग से इन अवैध संरचनाओं को ढहा दिया। उपाध्यक्ष लक्ष्मी एन ने बताया अवैध कॉलोनियों और बिना मानचित्र स्वीकृत कराए किए जा रहे निमार्णों के विरुद्ध यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। किसी भी प्रकार के अवैध अतिक्रमण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# पसीना वाले हनुमान मंदिर का एक करोड़ से होगा कायाकल्प



**फिरोजाबाद।** पर्यटन विभाग ने जनपद के बहुचर्चित पसीना वाले हनुमान मंदिर के पर्यटन के विकास का निर्णय लिया है। लगभग 2000 वर्ष प्राचीन माने जाने वाले इस ऐतिहासिक मंदिर को शासन स्तर से अनुमोदित कार्य योजना के अंतर्गत एक करोड़ रुपए की लागत से विकसित किया जाएगा। इस संबंध में उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि विभाग का यह प्रयास फिरोजाबाद को धार्मिक पर्यटन के मानचित्र पर स्थापित करने की दिशा में अहम कदम है।फिरोजाबाद जनपद मुख्यालय से कुछ किलोमीटर की दूरी पर यमुना नदी के तट पर स्थित प्रसिद्ध पसीना वाले हनुमान मंदिर का समग्र पर्यटन विकास किया जाएगा। इस परियोजना के अंतर्गत मंदिर परिसर का सौंदर्यीकरण, आधुनिक प्रकाश व्यवस्था, पर्यटक सूचना केंद्र, स्वच्छ शौचालय, पेयजल सुविधा तथा श्रद्धालुओं के लिए विश्राम स्थलों का निर्माण किया जाएगा।

पसीना वाले हनुमान मंदिर के बारे में मान्यता है कि यहां आस्था तर्क से आगे निकल जाती है। अपनी तरह के इस अनूठे मंदिर में स्थित हनुमान जी की प्रतिमा से वर्ष भर पसीना निकलता रहता है। सर्दियों में भी प्रतिमा पर पसीने की बूंदें श्रद्धालुओं को आश्चर्यचकित करती है। इसी चमत्कारी विशेषता के कारण लोग इस मंदिर का दर्शन करने दूर-दूर से आते हैं।

मंत्री ने बताया कि पर्यटन के लिहाज से फिरोजाबाद महत्वपूर्ण जिला है। लखनऊ और आगरा रूट से जुड़े होने की वजह से जिले में पर्यटकों की आवक बढ़ी है। वर्ष 2023 में जनपद आने वाले पर्यटकों की संख्या 04.44 से अधिक थी, जो साल 2024 में बढ़कर 06.48 लाख के पार चला गया। वर्ष 2025 के जनवरी से जून महीने तक 04.06 लाख से अधिक पर्यटकों ने जिले की सैर की। पर्यटन विभाग का अनुमान है कि 2025 के वर्षांत तक यह आंकड़ा 07 लाख के पार जा सकता है। बड़ी संख्या में पर्यटक आगमन से न केवल स्थानीय अर्थव्यवस्था मजबूत हो रही है, बल्कि रोजगार के भी रास्ते खुले हैं। पर्यटन मंत्री ने बताया कि फिरोजाबाद आस्था, ऐतिहासिक धरोहर और प्रकृति की गोद में सिमटा जनपद है। यह अब केवल कांच नगरी तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि तेजी से उभरते ईको पर्यटन गंतव्य के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान गढ़ रहा है। जिले में जैन मंदिर, वैष्णो देवी मंदिर और माता टीला मंदिर जैसे आस्था के केंद्रों से लेकर कोटला का किला, चंदवार गेट और फिरोज शाह के मकबरे जैसी ऐतिहासिक विरासत पर्यटकों को आकर्षित करती है।

# रोटरी क्लब मथुरा सेंट्रल की नयी कार्यकारिणी का हुआ गठन

मथुरा। अंतरराष्ट्रीय सामाजिक संस्था रोटरी इंटरनेशनल से संबद्ध रोटरी क्लब मथुरा सेंट्रल की नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से कर लिया गया है। यह कार्यकारिणी रोटरी वर्ष 2026-27 के लिए गठित की गई है, जिसका संचालन आगामी जुलाई माह से प्रारंभ होगा। रोटरी क्लब मथुरा सेंट्रल मथुरा जनपद में अपने विविध सामाजिक, शैक्षिक एवं सेवा कार्यों के लिए विशेष पहचान रखता है।

चुनाव अधिकारी सीए रोहित कपूर ने बताया कि क्लब की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी सभी पदों पर एकल नामांकन प्राप्त हुए, जिसके कारण किसी प्रकार के मतदान की आवश्यकता नहीं पड़ी। सभी सदस्यों की सहमति से कुल तेरह सदस्यों की नई कार्यकारिणी निर्वाचित घोषित की गई, जो आगामी वर्ष में क्लब की गतिविधियों का नेतृत्व करेगी। नवगठित कार्यकारिणी में सोनल अग्रवाल को अध्यक्ष, डॉ. आशुतोष शुक्ला को अध्यक्ष निर्वाचित, अंकुर कुलश्रेष्ठ को उपाध्यक्ष तथा डॉ. रोली बंसल को सचिव चुना गया है। इसके अतिरिक्त नितिन मित्तल को संयुक्त सचिव, विवेक मित्तल को कोषाध्यक्ष तथा नितिन खंडेलवाल, नितिन भटनागर, अपूर्व अग्रवाल, श्वेता खंडेलवाल, आरती कपूर और प्रतिभा गर्ग को निदेशक नियुक्त किया गया है। शिखर अग्रवाल को सार्जेंट एट आर्म्स की जिम्मेदारी सौंपी गई है।नई कार्यकारिणी के निर्वाचन पर पूर्व मंडल अध्यक्ष नीरव निवेश अग्रवाल, क्लब अध्यक्ष नरेश बर्मन, सचिव नेहा अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष केडी अग्रवाल, बीवी कालरा, प्रदीप अग्रवाल, निलेश टेंटीवाला, श्रीपाल शर्मा, उमेश गोयल, पीयूष गोयल अग्रवाल, डॉ. मुकेश जैन, कनिष्क बंसल, शरद अग्रवाल, रुचि अग्रवाल सहित अनेक वरिष्ठ सदस्यों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं।

## एआरटीओ ने 352 वाहनों की जांच चालान करके की कार्यवाही



**मथुरा।** वरिष्ठ सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन राजेश राजपूत के नेतृत्व में आज राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के चैदहवें दिवस पर राजेश राजपूत वरि० सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन द्वितीय-दल, सतेन्द्र सिंह सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन द्वितीय-दल, संदीप चैधरी व पूजा सिंह यात्रीकर अधिकारी, मथुरा द्वारा 352 वाहनों की जांच की गई, जिसमें एचएसआरपी (हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट) ना लगे होने के अभियोग में 42 वाहनों के विरुद्ध चालान तथा सीट बैल्ट का प्रयोग न करने वाले 81 चार पहिया वाहन चालकों के विरुद्ध प्रवर्तन कार्यवाही की गयी। साथ ही वरिष्ठ सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन राजेश राजपूत द्वारा जनपद में संचालित यात्री वाहन/ट्रैक्टर-ट्रालियों/मालवाहनों में रेट्रो रिफ्लेक्टर टेप लगाकर चालकों को सड़क पर सुरक्षित चलने हेतु जागरूक किया, साथ ही वाहन स्वामियों को अपने वाहनों में क्लिच, स्टेयरिंग, ब्रेक सिस्टम को दुरुस्त रखने एवं अतिरिक्त हाई बीम लाइटों का प्रयोग न करने, सड़क पर अत्यधिक कोहरा होने की स्थिति में वाहन को साइड में खड़ा करने और कोहरा कम होने पर ही यात्रा पुनः शुरू करने की सलाह दी।

# अवैध पशु-कटान पर सख्ती की मांग जिलाधिकारी को भेजा ज्ञापन

**मथुरा।** मोक्षदायिनी तीर्थ नगरी मथुरा में अवैध पशु-कटान की बढ़ती घटनाएं न केवल माननीय उच्च न्यायालय के आदेशों की अवमानना हैं, बल्कि श्रीकृष्ण जन्मभूमि की धार्मिक मयार्दा पर भी गंभीर प्रहार कर रही हैं। श्रीकृष्ण-जन्मस्थान सेवा-संस्थान ने इस गंभीर विषय को लेकर जिलाधिकारी मथुरा को ज्ञापन सौंपते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं श्रीकृष्ण-जन्मस्थान सेवा-संस्थान की प्रबंध समिति के सदस्य गोपेश्वर नाथ चतुवेर्दी ने कहा कि मथुरा की पौराणिक व धार्मिक महत्ता को दृष्टिगत रखते हुए राज्य सरकार द्वारा कई क्षेत्रों को पवित्र घोषित कर मांस-मदिरा मुक्त क्षेत्र बनाया गया है। वर्ष 1998 में यमुना जी को प्रदूषण मुक्त रखने हेतु दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए माननीय उच्च न्यायालय ने श्रीकृष्ण जन्मस्थान से मात्र 200 मीटर की दूरी पर संचालित जनपद की एकमात्र पशु-वधशाला को स्थायी रूप से बंद करने के आदेश दिए थे।न्यायालय के आदेश के बाद मथुरा जनपद में किसी भी प्रकार की वैध पशु-वधशाला का अस्तित्व नहीं है और बिना अनुमति पशु-कटान करना पूर्णतः अपराध की श्रेणी में आता है। इसके बावजूद कुछ असामाजिक तत्व आर्थिक लाभ के लालच में लगातार अवैध कटान कर पवित्र नगरी की गरिमा को तार-तार कर रहे हैं।संस्था ने आरोप लगाया कि प्रदेश में गौवध पर पूर्ण प्रतिबंध होने के बावजूद आबादी क्षेत्रों में अवैध कटान की घटनाएं सामने आना पुलिस एवं प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है। हाल ही में थाना सदर क्षेत्र के मुकेरियान मोहल्ले और थाना हाईवे क्षेत्र के अजय नगर में सामने आई घटनाओं को प्रशासन के लिए चेतावनी करार दिया गया है।श्रीकृष्ण-जन्मस्थान सेवा-संस्थान ने जिला प्रशासन से मांग की है कि अवैध पशु-कटान में संलिप्त तत्वों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर कठोरतम कार्रवाई की जाए, ताकि मथुरा की धार्मिक, सांस्कृतिक व आध्यात्मिक पहचान को सुरक्षित रखा जा सके।

# बच्चों को स्कूल लाने-ले जाने को अनफिट वाहन न चलें

- जिलाधिकारी ने सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में अनफिट स्कूल वाहनों व सड़क सुरक्षा को लेकर कड़े निर्देश दिये

जिला संवाददाता (vol)




**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता में लोकवाणी सभागार कक्ष में ज़िला सड़क सुरक्षा समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, बैठक में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और यातायात व्यवस्था को सुदृण बनाने के लिए जिलाधिकारी ने अधिकारियों को कड़े दिशा निर्देश दिए, जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी निजी स्कूलों में यह सुनिश्चित किया जाए कि बच्चों को लाने ले जाने के लिए कोई भी अनफिट वाहन न चलें, जिलाधिकारी ने इस बात पर गंभीर चिंता व्यक्त की, कि वर्तमान में 55 से 60% स्कूलों में वाहन असुरक्षित है, उन्होंने यह निर्देश दिए की स्कूल प्रशासन मानकों के अनुरूप सुरक्षित वाहनो की व्यवस्था करें, ऑटो या ई-रिक्शा में क्षमता से अधिक बच्चों को ले जाने पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाए, हाईवे पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए जिलाधिकारी ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण एन एच ए आई को निर्देशित करते हुए कहा कि हाईवे के दोनों और समुचित बैरिकेडिंग और सही रिफ्लेक्टर लगाई जाए, हाईवे पर जहां निर्माण कार्य चल रहा है, वहां पर ग्रीन सिग्नल की व्यवस्था अनिवार्य रूप से हो, साथ ही साथ डिवाइडर की गुणवत्ता में सुधार किया जाए और लेफ्ट और यू टर्न पर स्पष्ट लोगों और साइन बोर्ड लगाई जायें, साथ ही जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों की जांच के लिए ब्रीथ एनालाइजर का उपयोग सुनिश्चित हो, साथ ही जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि एन एच ए आई और शिक्षा विभाग बड़े स्तर पर सड़क सुरक्षा हेतु जागरूकता अभियान चलाएं, साथ ही जिलाधिकारी ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि सड़क हादसे के बाद गोल्डन आवर्स में घायलों की मदद करने वाले मददगारों और कार्मिकों को सम्मानित किया जाए, अंत में जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा के मानकों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, नियमों का उल्लंघन करने वाले स्कूल व निर्माण एजेंसीयों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## मकर संक्रांति पर श्रद्धालुओं ने यमुना स्नान कर कमाया पुण्य लाभ

मथुरा। मकर संक्रांति का पावन पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं ने पवित्र यमुना नदी में स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित किया। ब्रजभूमि में मकर संक्रांति का विशेष धार्मिक महत्व है। बुधवार तड़के सुबह से ही यमुना घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मथुरा के प्रसिद्ध विश्राम घाट पर भक्तों का तांता लगा रहा। श्रद्धालु यमुना स्नान के बाद भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करते और दान-पुण्य करते देखे गए। मान्यता है कि मकर संक्रांति के दिन यमुना स्नान और दान करने से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। इसी विश्वास के चलते श्रद्धालु रेवड़ी, मूंगफली, तिल, खिचड़ी, वस्त्र और अन्य जरूरतमंद वस्तुओं का दान कर रहे हैं। शहर के विभिन्न हिस्सों में खिचड़ी महोत्सव के आयोजन भी किए जा रहे हैं। सामाजिक और धार्मिक संगठनों द्वारा जगह-जगह भंडारे लगाए गए हैं, जहां श्रद्धालुओं को प्रसाद स्वरूप खिचड़ी वितरित की जा रही है। स्थानीय लोगों के साथ-साथ दूर-दराज से आए भक्त भी इन आयोजनों में उत्साहपूर्वक हिस्सा ले रहे हैं। मकर संक्रांति को सूर्य के मकर राशि में प्रवेश का पर्व माना जाता है, जो सकारात्मक ऊर्जा और नई शुरूआत का प्रतीक है। इसी कारण इस दिन दान-पुण्य का विशेष महत्व बताया गया है।

संक्षेप

## टैलीप्राइम 7.0 लॉन्च

बेंगलुरु। टैली सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड ने टैलीप्राइम 7.0 के लॉन्च की घोषणा की। यह लॉन्च टैलीप्राइम प्लेटफॉर्म के पाँच वर्ष पूरे होने का प्रतीक है। शुरूआत से ही टैलीप्राइम का उद्देश्य एमएसएमई के लिए डिजिटलीकरण को सरल, भरोसेमंद और व्यावहारिक बनाना रहा है। टैलीप्राइम 7.0 इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए गहरे इंटीग्रेशन, स्मार्ट ऑटोमेशन और मजबूत डेटा सुरक्षा के साथ व्यवसायों को एक अधिक जुड़ा हुआ और सहज अनुभव प्रदान करता है। पिछले कुछ वर्षों में टैलीप्राइम ने ई-इनवॉइस, ई-वे बिल, जीएसटी अनुपालन और रोजमर्रा के वित्तीय कार्यों में कारोबारियों का भरोसेमंद साथी बनकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## पीएनबी मेटलाइफ की शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक से साझेदारी

बंगलुरु। पीएनबी मेटलाइफ इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (पीएनबी मेटलाइफ) ने शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक के साथ एक महत्वपूर्ण साझेदारी का ऐलान किया है। इस साझेदारी का उद्देश्य अर्ध-शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादा से ज्यादा लोगों तक बीमा की सुविधा पहुँचाना है। इस करार के जरिए शिवालिक बैंक के करीब 10 लाख मौजूदा और संभावित ग्राहकों को पीएनबी मेटलाइफ के सेविंग्स, प्रोटेक्शन और रिटायरमेंट से जुड़े जीवन बीमा प्लान्स का लाभ मिलेगा। शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक के साथ जुड़कर बेहद खुशी हो रही है। इस साझेदारी के जरिए हम भारत के ग्रामीण और कम सुविधा वाले क्षेत्रों में ज्यादा से ज्यादा परिवारों को जीवन बीमा की सुरक्षा पदे सकेंगे। अब तक जहाँ उपलब्धता, पहुँच और खर्च बीमा की राह में बाधा रहे हैं।

## सीईएस 2026 में एआई का जलवा आपके साथ तालमेल में इनोवेशन

बंगलुरु। सीईएस 2026 में एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने सिर्फ एआई की बात नहीं की बल्कि दिखाया कि जब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बन जाता है तो वह कैसा दिखता है। इनोवेशन इन ट्युन विद यू थीम के तहत एलजी का एक्जीबिट एक साथ जुड़े कई एनवायरोनमेंट के रूप में सामने आया, जिसमें होम, मोबिलिटी और इंटरटेनमेंट से जुड़े अनुभव दिखाए गए। एलजी की अफेक्शनेट इंटेलिजेंस आसपास क्या हो रहा है, उसे समझती है और उसी कंटेक्ट में ऐसा रिस्पॉन्स देती है जो लोगों को नेचुरल और हेल्पफुल महसूस हो। डिवाइसों के अंदर बंद किसी चीज की तरह एआई को देखने के बजाय, एलजी ने इस पर फोकस किया कि एआई अलग-अलग जगहों में कैसे काम करता है।

## एसरी इंडिया और टेरी एसएएस ने की साझेदारी

नई दिल्ली। भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) टेक्नोलॉजीज और लोकेशन इंटेलिजेंस सॉल्यूशंस उपलब्ध कराने वाली अग्रणी कंपनी एसरी इंडिया टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड ने भारत में जियोस्पैटियल शिक्षा को गति देने, क्षमता निर्माण करने और व्यवहारिक अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए दि एनर्जी एंड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट स्कूल ऑफ एडवांस्ड स्टडीज के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। टेरी-एसएएस एक डीम्ड टु बी युनिवर्सिटी है। इस रणनीतिक गठबंधन के जरिए दोनों संगठन शासन व टिकाऊ विकास के लिए जीआईएस टेक्नोलॉजीज के उपयोग को बढ़ावा देने वाली पहल में अपनी पूरक ताकतों का संयुक्त इस्तेमाल करेंगे।

## एयरबीएनबी पर मिलेगा सिद्धांत चतुर्वेदी के साथ मुंबई को लोकल्स की तरह की महसूस करने का मौका

नयी दिल्ली। भारत में जेन जेड के ट्रैवल पर म्यूजिक का गहरा असर दिख रहा है। 2026 में 77 प्रतिशत जेन जेड ने अपनी ट्रिप्स को कंसर्ट और फेस्टिवल्स के हिसाब से प्लान किया है। इसी रुझान को देखते हुए, एयरबीएनबी इन प्रशंसकों को उनकी पसंदीदा दुनिया के और करीब ला रही है। लोलापलूजा के साथ अपनी ग्लोबल लाइव म्यूजिक पार्टनरशिप के तहत एयरबीएनबी ने अभिनेता, संगीतकार और सांस्कृतिक आवाज बन चुके सिद्धांत चतुर्वेदी के साथ लोला इंडिया लाइक ए लोकल की मेजबानी करने के लिए साझेदारी की है। यह मुंबई में एयरबीएनबी का एक्सक्लूसिव ओरिजिनल एक्सपीरियंस है। एक खास और वन्स-इन-ए-लाइफ टाइम एक्सपीरियंस के रूप में डिजाइन किए गए इस आयोजन से मेहमानों को उस शहर को करीब से जानने का मौका मिलेगा, जिसने सिद्धांत की पहचान बनाई है।

# सेंसेक्स में 245 अंकों की गिरावट




मुंबई। घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में गिरावट जारी रही। वैश्विक स्तर पर तनाव बढ़ने के बीच आईटी और चुनिंदा बैंक शेयरों में बिकवाली से सेंसेक्स 245 अंक टूटा जबकि निफ्टी में 66 अंक की गिरावट आई।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी और शुल्क संबंधी नई अनिश्चितताओं ने भी निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 244.98 अंक यानी 0.29 प्रतिशत टूटकर 83,382.71 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 442.49 अंक यानी 0.52 प्रतिशत फिसलकर 83,185.20 अंक पर आ गया था। एनएसई निफ्टी 66.70 अंक यानी 0.26 प्रतिशत फिसलकर 25,665.60 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में से टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एशियन पेंट्स, मारुति, सन फार्मा, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईसीआईसीआई बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, टेक महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक और लार्सन एंड टुब्रो के शेयर प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी ओर टाटा स्टील, एनटीपीसी, एक्सिस बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर में तेजी रही। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर कारोबार में बढ़त का रुख था। वहीं अमेरिकी बाजार मंगलवार को गिरावट के साथ बंद हुए थे। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 0.99 प्रतिशत की गिरावट के साथ 64.82 डॉलर प्रति बैरल रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक मंगलवार को बिकवाल रहे थे और उन्होंने शुद्ध रूप से ।,499.81 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। विश्लेषकों ने कहा कि बाजार में चुनिंदा शेयरों की लिवाली और धातु, जिंस और ऊर्जा शेयरों में निवेशकों की दिलचस्पी से सूचकांकों की गिरावट सीमित रही। भारी उतार-चढ़ाव के बीच घरेलू शेयर बाजार के सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए। विदेशी निवेशकों की बिकवाली और अमेरिकी व्यापार समझौते को लेकर अनिश्चितता के प्रभाव में निवेशक धारणा सजग बनी रही। हालांकि व्यापक बाजार में छोटी कंपनियों का बीएसई स्मालकैप सूचकांक 0.25 प्रतिशत चढ़ गया जबकि मझोली कंपनियों के मिडकैप सूचकांक में 0.16 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। क्षेत्रवार सूचकांकों में फोकस आईटी खंड में सर्वाधिक 1.30 प्रतिशत की गिरावट रही जबकि रियल्टी खंड 0.98 प्रतिशत और टिकाऊउपभोक्ता खंड 0.96 प्रतिशत टूट गया। दूसरी तरफ धातु खंड में 2.67 प्रतिशत की जबर्दस्त तेजी दर्ज की गई जबकि पीएसयू बैंक खंड ने 2.43 प्रतिशत और जिंस खंड ने 1.59 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की।

# रुपया छह पैसे टूटकर 90.29 प्रति डॉलर पर

मुंबई। रुपया बुधवार को शुरुआती बढ़त गंवाता हुआ छह पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.29 (अस्थायी) पर बंद हुआ। डॉलर में मजबूती, विदेशी पूंजी की निकासी और घरेलू बाजारों में गिरावट के कारण केंद्रीय बैंक के संभावित हस्तक्षेप का प्रभावी असर नहीं रहा।



विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि वैश्विक बाजारों में जोखिम से बचने की प्रवृत्ति और भू-राजनीतिक तनाव के कारण रुपये के नकारात्मक रुख के साथ कारोबार करने के आसार हैं। हालांकि मुद्रास्फीति में नरमी के बीच ब्याज दर में कटौती की कम होती संभावना एवं केंद्रीय बैंक द्वारा किसी भी हस्तक्षेप से रुपये को निचले स्तर पर समर्थन मिल सकता है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, 90.26 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान डॉलर के मुकाबले 90.30 के निचले और 89.94 के उच्च स्तर पर पहुंचा। अंत में डॉलर के मुकाबले 90.29 (अस्थायी) पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से छह पैसे की गिरावट है। रुपया मंगलवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.23 पर बंद हुआ था। केंद्रीय बैंक के हस्तक्षेप की संभावना से शुरुआती कारोबार में भारतीय रुपये में मजबूती आई। हालांकि मजबूत डॉलर, विदेशी निवेशकों की निकासी और घरेलू बाजारों में आई गिरावट ने इस तेजी को सीमित कर दिया और रुपया अंत में गिरावट के साथ बंद हुआ। वैश्विक बाजारों में जोखिम से बचने की प्रवृत्ति और भू-राजनीतिक तनाव के कारण रुपये के नकारात्मक रुख के साथ कारोबार करने का अनुमान है। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये की हाजिर कीमत के 89.95 से 90.50 के दायरे में रहने के आसार हैं। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.02 प्रतिशत की गिरावट के साथ 99.11 पर रहा। घरेलू शेयर बाजार के मोर्चे पर सेंसेक्स 244.98 अंक टूटकर 83,382.71 अंक पर जबकि निफ्टी 66.70 अंक फिसलकर 25,665.60 अंक पर बंद हुआ। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 1.04 प्रतिशत लुढ़ककर 64.81 डॉलर प्रति बैरल रहा।

# चांदी 2.86 लाख के नये शिखर पर और सोना भी 1.46 लाख के पार

नयी दिल्ली। चांदी की कीमत बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी में 15,000 रुपये की जबर्दस्त उछाल के साथ 2,86,000 रुपये प्रति किलोग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गयी जबकि सोने की कीमत भी वैश्विक बाजार में मजबूत रुझानों के अनुरूप 146,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने कहा कि चांदी ने लगातार चौथे दिन जोरदार तेजी जारी रखी। मंगलवार को 2,71,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई चांदी बुधवार को 5.5 प्रतिशत यानी 15,000 रुपये की अभूतपूर्व तेजी के साथ 286000 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। यह चांदी के भाव का अब तक का सर्वोच्च स्तर है। पिछले चार सत्रों में ही यह धातु 17.45 प्रतिशत यानी 42,500 रुपये की जबर्दस्त बढ़त हासिल कर चुकी है। आठ जनवरी को चांदी की कीमत 2,43,500 रुपये थी। सर्राफा कारोबारियों ने कहा कि चांदी ने हाल के समय में सोने की तुलना में बेहतर रिटर्न दिया है। वर्ष 2026 की शुरुआत से अब तक चांदी ने लगभग 47,000 रुपये प्रति किलो यानी 20 प्रतिशत की तेजी दिखाई है। यह 31 दिसंबर, 2025 को 2,39,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर थी। वहीं, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत बुधवार को 1500 रुपये चढ़कर 146,500 रुपये प्रति 10 ग्राम तक पहुंच गई।

# थोक मुद्रास्फीति बढ़कर 0.83 प्रतिशत

नयी दिल्ली। थोक मुद्रास्फीति में लगातार दूसरे महीने वृद्धि जारी रही और दिसंबर 2025 में यह 0.83 प्रतिशत पर पहुंच गई। खाद्य पदार्थों, गैर-खाद्य वस्तुओं और विनिर्मित वस्तुओं की कीमतों में मासिक आधार पर बढ़ोतरी से इसमें वृद्धि दर्ज की गई।



बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति नवंबर में शून्य से नीचे 0.32 प्रतिशत और अक्टूबर में शून्य से नीचे 1.21 प्रतिशत रही थी। इसके विपरीत, दिसंबर 2024 में थोक मुद्रास्फीति 2.57 प्रतिशत थी। उद्योग मंत्रालय ने बयान में कहा कि दिसंबर 2025 में मुद्रास्फीति दर मुख्य रूप से अन्य विनिर्माण, खनिजों, मशीनरी एवं उपकरणों के विनिर्माण, खाद्य उत्पादों के निर्माण और वस्त्र आदि की कीमतों में वृद्धि के कारण बढ़ी। डब्ल्यूपीआई के आंकड़ों के अनुसार, दिसंबर में खाद्य पदार्थों की कीमतें 0.43 प्रतिशत कम हुईं जबकि नवंबर में यह दर 4.16 प्रतिशत थी। सब्जियों की महंगाई दर में दिसंबर में 3.50 प्रतिशत की गिरावट आई जबकि नवंबर में यह 20.23 प्रतिशत थी। विनिर्मित उत्पादों के मामले में मुद्रास्फीति नवंबर 2025 के 1.33 प्रतिशत के मुकाबले दिसंबर में 1.82 प्रतिशत रही। गैर-खाद्य वस्तुओं की श्रेणी की मुद्रास्फीति दिसंबर में 2.95 प्रतिशत रही जबकि नवंबर में यह 2.27 प्रतिशत थी। ईंधन और बिजली क्षेत्रों में महंगाई दर दिसंबर में 2.31 प्रतिशत रही जबकि नवंबर में यह 2.27 प्रतिशत थी। सब्जी, अंडा और दाल समेत रसोई की आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि के कारण बीते महीने दिसंबर में खुदरा मुद्रास्फीति बढ़कर तीन महीने के उच्च स्तर 1.33 प्रतिशत पर पहुंच गई। नवंबर में मुद्रास्फीति 0.71 प्रतिशत थी। इससे पहले पिछला उच्च स्तर सितंबर में 1.44 प्रतिशत दर्ज किया गया था। सरकार ने इस सप्ताह ही इस संबंध में आंकड़े जारी किए थे।

# उपभोक्ता आयोग ने खराब टीवी के लिए अमेजन को रिफंड, मुआवजा देने को कहा

मुंबई। एक उपभोक्ता आयोग ने ई-कॉमर्स विक्रेता अमेजन को खराब टीवी बेचने के मामले में ग्राहक को रिफंड देने और मुआवजा अदा करने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही आयोग ने कहा कि कोई ऑनलाइन खुदरा मंच खुद को सिर्फ मध्यस्थ बताकर दोषपूर्ण उत्पाद की जिम्मेदारी से नहीं बच सकता है।

उपनगरीय मुंबई के जिला उपभोक्ता विवाद निपटान आयोग ने छह जनवरी को अमेजन सेलर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड को शिकायत के समाधान में सेवा में कमी का दोषी ठहराया। आयोग के अध्यक्ष प्रदीप काडू और सदस्य गौरी कापसे की पीठ ने कहा कि कोई ऑनलाइन मंच खुद को महज मध्यस्थ बताकर जिम्मेदारी से मुक्त नहीं हो सकता है, खासकर जब वह बिक्री प्रक्रिया को सक्रिय रूप से सुगम बनाता है, उससे व्यावसायिक लाभ प्राप्त करता है और बिक्री के बाद उपभोक्ता से सीधे जुड़ता है। आयोग ने कहा कि ऑनलाइन खरीदारी करने वाले उपभोक्ता की विनिर्माता या सेवा केंद्र तक सीधी पहुंच नहीं होती है। उसके लिए सबसे स्पष्ट और सुलभ इकाई ऑनलाइन विक्रेता ही होता है। उपभोक्ता न केवल ब्रांड बल्कि मंच की विश्वसनीयता और भरोसे पर भी निर्भर करता है। शिकायतकर्ता ने कहा था कि उसने 2018 में अमेजन के जरिये 16499 रुपये में एक फुल एचडी एलईडी टीवी खरीदा था।

# ट्रंप की कार्रवाइयां से अर्थव्यवस्था को नुकसान

न्यूयॉर्क। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन की नीतियों को लेकर बैंकों के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) ने व्हाइट हाउस को मंगलवार को आगाह किया और कहा कि ये कार्वाइयां अमेरिकी अर्थव्यवस्था को फायदे से ज्यादा नुकसान पहुंचाएंगी।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जुलाई में वन बिग ब्यूटीफुल बिल पर हस्ताक्षर करके इसे कानून का रूप दिया था। तब इस विधेयक ने कर कटौती के एक और महत्वपूर्ण दौर को आगे बढ़ाया और साथ ही उपभोक्ता वित्तीय संरक्षण ब्यूरो के बजट में भी लगभग आधी कटौती की गई जो कई बार बैंकिंग उद्योग का कट्टर दुश्मन रहा है। ट्रंप के नेतृत्व में बैंक नियामकों ने भी एक विनियमन-मुक्ति एजेंडा को आगे बढ़ाया है जिसे बैंकों और बड़ी कंपनियों दोनों ने अपनाया है। हालांकि अब अचानक इन संबंधों में खटास आ गई है क्योंकि राष्ट्रपति ने क्रेडिट कार्ड पर ब्याज दर पर एक साल के लिए 10 प्रतिशत की सीमा लगाने का प्रस्ताव रखा है जिसके बारे में कई लोगों का कहना है कि यह उस संस्था के लिए खतरा है जिसे राजनीतिक हस्तक्षेप से मुक्त होकर ब्याज दरें निर्धारित करनी चाहिए। बैंकों के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) ने अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस को मंगलवार को आगाह किया कि ट्रंप की कार्वाइयां अमेरिकी अर्थव्यवस्था को फायदे से ज्यादा नुकसान पहुंचाएंगी।

## नयी टाटा पंच के साथ मैक्स कमांड, कीमत 5.59 लाख रुपये से शुरू

मुंबई। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड ने आज भारत की सबसे पसंदीदा एसयूवी को एक बिल्कुल नए, ज्यादा तेज, ज्यादा स्मार्ट और ज्यादा बोल्ड अवतार में लॉन्च करने की घोषणा की है नई टाटा पंच में बेजोड़ पावर, बेहतर आराम, अत्याधुनिक तकनीक और मस्कुलर स्टाइलिंग को अपनी अनोखी सिग्नेचर कमांड मैक्स के तहत जोड़ा गया है और यह केवल 5.59 लाख रुपये (एक्स-शोरूम, नई दिल्ली) की शुरूआती कीमत पर उपलब्ध है। अक्टूबर 2021 में अपने डेब्यू के साथ सबकॉम्पैक्ट एसयूवी श्रेणी का नेतृत्व करने वाली और पहले से ही लगभग सात लाख ग्राहकों का भरोसा प्राप्त कर चुकी, नई टाटा पंच उद्योग के बेंचमार्क बनाने की अपनी विरासत को आगे बढ़ाती है, जिसमें दो उन्नत पावरट्रेन विकल्प पेश किये गये हैं।

## कोटक अल्ट्स ने शुरू किया कैटलिस्ट अवॉर्ड्स

नयी दिल्ली। कोटक अल्टरनेट एसेट मैनेजर्स लिमिटेड ने आज कोटक अल्ट्स कैटलिस्ट अवॉर्ड्स की शुरूआत कर दी है। यह अपनी तरह का पहला प्लेटफॉर्म है, जिसका उद्देश्य भारत के सबसे बेहतरीन फाइनेंशियल वोडकास्ट को सम्मानित करना है। इस अवॉर्ड में विजेता को 25 लाख रुपए का इनाम मिलेगा। यह विनर-टेक्स-ऑल अवॉर्ड सही और भरोसेमंद फाइनेंशियल कंटेंट को बढ़ावा देने के लिए शुरू किया गया है। इसका मकसद उन कंटेंट क्रिएटर्स को सम्मान देना है, जो युवाओं और पहली बार निवेश करने वालों को सही जानकारी देकर आत्मविश्वास बढ़ाते हैं और उन्हें सशक्त बनाते हैं। जो लोग इसमें हिस्सा लेना चाहते हैं, वे अपना सबसे बेहतरीन एक वोडकास्ट जमा कर सकते हैं।

# वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की वृद्धि दर 7.3 से 7.5 प्रतिशत रह सकती है

नयी दिल्ली। चालू वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 7.3 से 7.5 प्रतिशत और 2026-27 में सात प्रतिशत रहने का अनुमान है।




पेशेवर सेवा एवं सलाहकार कंपनी ग्रांट थॉर्नटन भारत ने बुधवार को यह बात कही। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा जारी प्रथम अग्रिम अनुमानों के अनुसार, सेवा एवं विनिर्माण क्षेत्रों के मजबूत प्रदर्शन से भारत की वृद्धि दर के 2025-26 में 7.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है जो गत वित्त वर्ष के 6.5 प्रतिशत से अधिक है। इस प्रकार भारत, विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में अपनी स्थिति बरकरार रखेगा। ग्रांट थॉर्नटन भारत के साझेदार एवं आर्थिक सलाहकार सेवा प्रमुख (अर्थशास्त्री, मैक्रो इकोनॉमिक अफेयर्स) ऋषि शाह ने बातचीत में कहा कि भारतीय आयात पर अमेरिकी शुल्क और अन्य बाधाओं के बावजूद निर्यात स्थिर बना हुआ है। मुझे लगता है कि चालू वित्त वर्ष में 7.3 से 7.5 प्रतिशत का आकलन उचित है। 2026-26 में यह 6.7 से सात प्रतिशत के करीब होगा। उन्होंने भू-राजनीतिक घटनाक्रमों को देखते हुए अर्थव्यवस्था के लिए बाह्य कारकों को एक बड़ा दबाव बिंदु बताया। शाह ने कहा कि दक्षिण अमेरिका और पश्चिम एशिया से जुड़े मुद्दे आपूर्ति श्रृंखलाओं के लिए चुनौतियां खड़ी कर सकते हैं। आगामी केंद्रीय बजट से अपेक्षाओं के बारे में बात करते हुए शाह ने कहा कि यह एक दिशा-निर्देश देने वाला दस्तावेज है और भविष्य के लिए सरकार की सोच को दर्शाता है। शाह ने कहा कि इसलिए इस वर्ष का मुख्य जोर व्यापार करने में आसानी पर होना चाहिए। रुपये में गिरावट के बारे में शाह ने कहा कि उन्हें लगता है कि यह अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90 रुपये के मौजूदा स्तर के आसपास स्थिर हो जाएगा। हमें थोड़ी कमजोर मुद्रा के साथ जीना सीख लेना चाहिए।

पेज एक का शेष

## वैश्विक पर्व

भारत आगे बढ़ने में इसकी सांस्कृतिक जड़ों से मजबूती लेता है। पोंगल के इस शुभ अवसर पर हम महसूस कर रहे हैं कि भारत को आगे बढ़ाने वाली विश्वास और एकता की भावना इसकी संस्कृति से गहराई से जुड़ी है और इस धरा के लिए अपार सम्मान रखती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पोंगल का पर्व प्रकृति, परिवार और समाज के बीच सौहार्दपूर्ण संतुलन बनाकर रखने के महत्व पर जोर देता है। उन्होंने कहा मिट्टी की सेहत को बनाकर रखना, जल संरक्षित करना और भावी पीढ़ियों के लिए संसाधनों का विवेकपूर्ण इस्तेमाल आवश्यक हैं। मिशन लाइफ, एक पेड़ मां के नाम और अमृत सरोवर जैसी पहल इसी भावना पर आधारित हैं और ये हमें इन मूल्यों को कायम रखने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। मोदी ने कहा कि पोंगल लोगों को सिखाता है कि प्रकृति के प्रति कृतज्ञता केवल शब्दों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि दैनिक जीवन का हिस्सा भी होना चाहिए। उन्होंने कहा, आज पोंगल वैश्विक पर्व बन गया है। पिछले साल, मुझे तमिल संस्कृति से जुड़े अनेक कार्यक्रमों में शामिल होने का अवसर मिला, जो न केवल भारत की बल्कि पूरे विश्व की साझा विरासत है। प्रधानमंत्री ने कहा कि तमिल संस्कृति में किसान को जीवन का आधार माना जाता है। उन्होंने कहा, तिरुक्कुरल (तमिल काव्य) में कृषि और किसानों के महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया है।

इससे पहले तमिलनाडु के लोगों और दुनिया भर में रह रहे तमिल समुदाय के लोगों को पोंगल पर बधाई देते हुए प्रधानमंत्री ने तमिल और अंग्रेजी भाषा में लिखे एक पत्र में कहा कि पोंगल उन सभी लोगों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का भी अवसर है जो अपने परिश्रम से हमारे जीवन को समृद्ध बनाते हैं। उन्होंने कहा, प्रिय देशवासियों, वणक्कम (नमस्कार) उ पोंगल के शुभ अवसर पर मैं आपको और आपके परिवार को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। यह विशेष त्योहार हमें मानव श्रम और प्रकृति के बीच घनिष्ठ संबंध की याद दिलाता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह त्योहार कृषि, मेहनतकश किसानों, ग्रामीण जीवन और काम की गरिमा से गहराई से जुड़ा हुआ है।

## गोरखपुर में

महोत्सव के समापन समारोह में हिस्सा लेने के साथ गोरखनाथ मंदिर में गुरु गोरक्षनाथ का दर्शन पूजन किया और अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि पर मत्था टेका। इसके बाद उन्होंने खिचड़ी मेला की तैयारियों की जानकारी ली और यथोचित दिशा-निर्देश दिए।

रात्रिकालीन निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रद्धालुओं का कुशलक्षेम पूछा और उनके साथ आए बच्चों को आशीर्वाद भी दिया। वहीं, मकर संक्रांति के मुख्य पर्व से एक दिन पहले बुधवार को गोरखपुर स्थित गोरखनाथ मंदिर में खिचड़ी चढ़ाने के लिये तड़के से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतार लग गयी। मकर संक्रांति का मुख्य पर्व बृहस्पतिवार को मनाया जाएगा। लाखों श्रद्धालुओं ने बुधवार को ही बाबा गोरखनाथ को खिचड़ी चढ़ाई। गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बृहस्पतिवार को खिचड़ी भोग अर्पित करेंगे। मंदिर के पदाधिकारियों ने बताया कि बुधवार तड़के मंदिर के कपाट खुलते ही खिचड़ी चढ़ाने का सिलसिला शुरू हो गया। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश, पड़ोसी राज्य बिहार और नेपाल से आए श्रद्धालुओं ने कतार में खड़े होकर गुरु गोरखनाथ को खिचड़ी चढ़ायी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार रात से ही श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा की व्यवस्थाओं की निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने मंगलवार रात को मंदिर परिसर का निरीक्षण करने के बाद बुधवार सुबह भी परिसर का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

## एकादशी पर

ने स्नान किया था। मेला अधिकारी ऋषिराज ने बताया कि भीड़ प्रबंधन और सुगम यातायात के मद्देनजर इस बार 42 अस्थायी पार्किंग स्थल तैयार किए गए हैं, जिनमें एक लाख से अधिक वाहनों के पार्क होने की व्यवस्था है। उन्होंने बताया कि माघ मेला 2025-26 में कुल 12,100 फुट लंबे घाटों का निर्माण किया गया है, जहां वस्त्र बदलने के कक्ष सहित सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं। मेला अधिकारी के अनुसार माघ मेले में गंगा में जल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कानपुर स्थित गंगा बैराज से प्रतिदिन 8,000 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। दारागंज में कर्मकांड कराने वाले पंडित रविशंकर मिश्रा ने बताया कि बुधवार को षट्तिला एकादशी है और इस दिन छह प्रकार से तिल का प्रयोग किया जाता है। इस अवसर पर काले तिल और काली गाय के दान का विशेष महत्व है। उन्होंने बताया कि एकादशी का मुहूर्त बुधवार रात नौ बजे से बृहस्पतिवार दोपहर डेढ़ बजे तक है, हालांकि स्नान की दृष्टि से बृहस्पतिवार को पूरे दिन मकर संक्रांति का पुण्यकाल माना जाएगा।

## बार्डर पर

टिप्पणी की कि संतुलन बनाना आवश्यक है क्योंकि एक तरफ जन स्वास्थ्य है और दूसरी तरफ राष्ट्रीय सुरक्षा है। शीर्ष अदालत ने एएसजी और अस्पताल का निर्माण कर रही निजी कंपनी डॉ. एन. सहेवाला एंड कंपनी प्राइवेट लिमिटेड की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे से दो सप्ताह के भीतर समाधान निकालने को कहा। पीठ ने कहा कि सेना ने कहा है कि वह अस्पताल के निर्माण के खिलाफ नहीं है, क्योंकि आपात स्थिति में यह उसके कर्मियों के लिए भी फायदेमंद हो सकता है, लेकिन कुछ सुरक्षा उपाय होने चाहिए। बनर्जी ने कहा, अस्पताल की चारदीवारी 15 फीट से अधिक ऊंची होनी चाहिए और उसमें एक विभाजक होना चाहिए। अस्पताल की कोई भी खिड़की सेना शिविर की ओर नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा, भारत-बांग्लादेश सीमा पर इस समय स्थिति बेहद अस्थिर है। खतरा केवल लंबी दूरी की स्नाइपर राइफल का ही नहीं है, बल्कि शिविर की रेकी के लिए ड्रोन भी तैनात किए जा सकते हैं। शीर्ष अदालत ने सेना के एक कर्नल द्वारा दी गई दलीलों को रिकॉर्ड पर दर्ज करने के बाद कहा कि दोनों पक्षों द्वारा समाधान निकाला जा सकता हैं।

## भारत ने अपने

सावधानी बरतनी चाहिए, विरोध प्रदर्शनों या रैलियों वाले क्षेत्रों से बचना चाहिए, ईरान में भारतीय दूतावास के संपर्क में रहना चाहिए और किसी भी घटनाक्रम के लिए स्थानीय मीडिया पर नजर रखनी चाहिए। विदेश मंत्रालय ने भारतीयों को ईरान की यात्रा से बचने की सलाह दी है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि ईरान में मौजूदा घटनाक्रम को देखते हुए भारतीय नागरिकों को फिर से सलाह दी जाती है कि वे अगली सूचना तक इस्लामिक गणराज्य ईरान की यात्रा करने से बचें। विदेश मंत्रालय ने पांच जनवरी को जारी पिछले परामर्श में भारतीय नागरिकों से ईरान की गैर-जरूरी यात्रा से बचने का आग्रह किया था। साथ ही, ईरान में रहने वाले भारतीय नागरिकों और भारतीय मूल के लोगों से सावधानी बरतने और प्रदर्शन वाले क्षेत्रों में जाने से बचने को कहा था।

## देवभूमि की

किया। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राज्य सरकार ने दंगारोधी कानून, नकल विरोधी कानून और समान नागरिक संहिता जैसे ऐतिहासिक फैसले लेकर सुशासन की मजबूत नींव रखी है। उन्होंने बताया कि साढ़े चार वर्षों में 27 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी मिली है, जबकि नकल माफियाओं पर सख्त कार्रवाई की गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि देवभूमि की संस्कृति, शिक्षा व्यवस्था और सामाजिक समरसता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि यह बस स्टेशन न केवल यात्रियों को बेहतर सुविधाएं देगा, बल्कि स्थानीय व्यापार, पर्यटन और रोजगार को भी नई गति प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि बस स्टेशन की स्थापना उनकी वर्षों पुरानी घोषणा थी, जो आज साकार हुई है।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने नानकमत्ता क्षेत्र में बालाजी मंदिर, ब्राह्मदेव मंदिर तथा देवभूमि धर्मशाला के सौंदर्यीकरण एवं पुनर्निर्माण की घोषणाएं कीं। इसके साथ ही सोनूखरी से टुकड़ी मार्ग को हॉटमिक्स सड़क से जोड़ने का भी ऐलान किया गया। खटीमा नगर क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था, राजस्व विभाग के आवासीय एवं कार्यालय भवन, नाला निर्माण, हैंडपंप स्थापना, हाईटेक शौचालय एवं थारू इंटर कॉलेज के पुनर्निर्माण से आमजन की मूलभूत सुविधाएं और सुदृढ़ होंगी।

उन्होंने बताया कि क्षेत्र में बाईपास, पुल, केंद्रीय विद्यालय, आईटीआई, पॉलीटेक्निक, 100 बेड अस्पताल, खेल स्टेडियम, सिडकुल और साथी केंद्र जैसे प्रोजेक्ट खटीमा को शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार का केंद्र बना रहे हैं। सांसद अजय भट्ट और पूर्व विधायक डॉ. प्रेम सिंह राणा ने हाईटेक बस स्टेशन को मुख्यमंत्री का ड्रीम प्रोजेक्ट बताते हुए कहा कि खटीमा के विकास मॉडल को देश के अन्य राज्य भी अपनाने लगे हैं।

## ग्रीनलैंड पर

द्वीप पर कब्जा करने की आशंका से इनकार नहीं किया है। वेंस का बुधवार को वाशिंगटन में डेनमार्क के विदेश मंत्री लार्स लोके रासमुसेन और उनके ग्रीनलैंड के समकक्ष विवियन मोट्ज़फेल्ड से इस पूरे मुद्दे पर बैठक करने का कार्यक्रम है। नुक निवासी एवं 22 वर्षीय छात्रा तुता मिकेलसन ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि उन्हें उम्मीद है कि अमेरिकी अधिकारियों को पीछे हटने का संदेश मिल जाएगा। ट्रंप ने बुधवार को कहा कि ग्रीनलैंड अमेरिका के गोल्डन डोम मिसाइल रक्षा कार्यक्रम के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने यह भी कहा कि वे इस द्वीप को अमेरिका की सुरक्षा बढ़ाने के लिए इस्तेमाल करना चाहते हैं। ट्रंप ने अपने इस कदम के लिए रूसी और चीनी जहाजों से उत्पन्न खतरे को एक कारण बताया है। हालांकि, ग्रीनलैंड के निवासियों और विशेषज्ञों ने उनके दावों पर सवाल उठाया है। इस बीच, इस संकट को सुलझाने के लिए कूटनीतिक स्तर पर भी कोशिशें तेज हो गई हैं। अमेरिका में डेनमार्क के राजदूत अमेरिकी कांग्रेस (संसद) में आर्कटिक कॉकस के सीनेटरों से मुलाकात करने वाले हैं। अमेरिकी कांग्रेस में न्यू हैम्पशायर की डेमोक्रेट सीनेटर जीन शाहीन और अलास्का की रिपब्लिकन सीनेटर लिसा मुर्कोव्स्की ने एक द्विदलीय विधेयक पेश किया है। इसमें अमेरिकी रक्षा या विदेश विभागों से प्राप्त धन का उपयोग ग्रीनलैंड या किसी भी नाटो सदस्य राज्य के संप्रभु क्षेत्र पर उस देश या उत्तरी अटलांटिक परिषद की सहमति के बिना कब्जा करने या उसे अपने साथ मिलाने के लिए करने पर रोक का प्रावधान है। दोनों दलों के सांसदों का एक प्रतिनिधिमंडल भी सप्ताह के अंत में डेनमार्क और ग्रीनलैंड के अधिकारियों से मिलने के लिए कोपेनहेगन जा रहा है।

## सिविल अस्पताल

को निःशुल्क चाय की व्यवस्था हो, कंबल वितरण हो, गर्मियों में प्याऊ लगाये जाने की व्यवस्था हो, गरीब मरीजों को निःशुल्क एम्बुलेंस की व्यवस्था हो, फाउंडेशन अपने दायित्वों का पूरी शिद्दत के साथ निर्वहन कर रहा है। उन्होंने कहा कि हम मानव कल्याण के रास्ते पर चलते हैं और चलते रहेंगे। आज जिस प्रकार भीषण सर्दी की चपेट में पूरा शहर है। गरीब और असहाय सर्दी से परेशान हैं ,ऐसे में फाउंडेशन पूरे शहर में अलाव जलवा कर और निःशुल्क चाय की व्यवस्था कर अपने सामाजिक सरोकारों का कुशलतापूर्वक निर्वहन कर रहा है। विराज सागर दास ने कहा कि हमारे बाबा पूर्व मुख्यमंत्री बाबू बनारसी दास , मेरे पिताजी पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. अखिलेश दास गुप्ता द्वारा जो सेवा की जा रही थी, उससे प्रेरणा लेते हुए उनके बताये रास्ते पर हम चल रहे हैं और जनता की सेवा कर रहे हैं और करते रहेंगे। इस अवसर पर बीबीडी ग्रुप की चेयरपर्सन एवं डॉ. अखिलेश दास अलका दास फाउण्डेशन की अध्यक्ष श्रीमती अलका दास गुप्ता ने कंबल वितरित करते हुए कहा कि जनसेवा करने में उन्हें आत्म संतुष्टि मिलती है और जनता की सेवा वह हमेशा करती रहेंगीं।




# न्यूजीलैंड ने भारत को 7 विकेट से हराया

## दूसरे वनडे में डेरिल मिचेल का शतक, 3 मैचों की सीरीज 1-1 की बराबरी पर आई

एजेंसी

राजकोट। न्यूजीलैंड ने वनडे सीरीज के दूसरे मैच में भारतीय टीम को 7 विकेट से हरा दिया है। कीवियों ने बुधवार को 285 रन का टारगेट 47.3 ओवर में 3 विकेट पर हासिल कर लिया। यह न्यूजीलैंड भारत में सबसे बड़ा रन चेज है। डेरिल मिचेल ने 117 बॉल पर 131 रनों की शतकीय पारी खेली। उन्होंने 11 चौके और 2 छक्के लगाए। उनके अलावा, विल यंग ने 87 रन बनाए। राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम में न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग चुनी। भारत ने 50 ओवर में 7 विकेट 284 रन बनाए। केएल राहुल ने 92 बॉल पर नाबाद 112 रन की पारी खेली।



उन्होंने वनडे करियर का 8वां शतक लगाया। कप्तान शुभमन गिल ने 56, रोहित शर्मा ने 24 और विराट कोहली ने 23 रन बनाए। न्यूजीलैंड से क्रिस्टियन क्लार्क ने 3 विकेट झटके। केएल राहुल हर बैटिंग पोजिशन पर शतक लगाने वाले बैटर न्यूजीलैंड के खिलाफ नंबर-5 पर बैटिंग करते हुए शतकीय पारी के बाद केएल राहुल के नाम एक बड़ा रिकॉर्ड दर्ज हुआ। वे दुनिया के इकलौते बैटर हैं, जिसने नंबर-1 से नंबर-6 तक हर बैटिंग पोजिशन पर शतक लगाया। 45वें ओवर में डेरिल मिचेल और ग्लेन फिलिप्स ने चौथे विकेट के लिए अर्धशतकीय साझेदारी पूरी कर ली। मिचेल ने प्रसिद्ध कृष्णा के ओवर की आखिरी बॉल पर चौका लगाकर साझेदारी को 50 पार पहुंचाया। 44वें ओवर में न्यूजीलैंड ने 250 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। टीम को अब 33 रनों की जरूरत है। डेरिल मिचेल शतक बनाकर खेल रहे हैं। 42वें ओवर में डेरिल मिचेल ने वनडे करियर का 8वां शतक पूरा किया। उन्होंने हर्षित राणा की बॉल पर नॉन स्ट्राइक की ओर से खेला और एक रन लेकर शतक पूरा किया। उन्होंने 96 बॉल पर सेंचुरी पूरी की। 38वें ओवर की आखिरी बॉल पर न्यूजीलैंड का तीसरा विकेट गिरा। यहां पर विल यंग 87 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें कुलदीप यादव ने नीतीश कुमार रेड्डी के हाथों कैच कराया। इसी के साथ 162 रन की साझेदारी टूटी। 36वें ओवर में प्रसिद्ध कृष्णा से कुलदीप यादव की बॉल पर डेरिल मिचेल का कैच ड्रॉप हो गया। यहां डेरिल मिचेल 82 रन पर खेल रहे थे। मिचेल ने इसी ओवर में विल यंग के साथ 150 रन की साझेदारी भी पूरी की। इसी ओवर में न्यूजीलैंड ने 200 रन का आंकड़ा भी पार कर लिया। 31वें ओवर में न्यूजीलैंड ने 150 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। विल यंग ने रवींद्र जडेजा के ओवर की पहली बॉल पर सिंगल लिया और टीम का 150वां रन बनाया।

30वें ओवर में विल यंग और डेरिल मिचेल की जोड़ी ने तीसरे विकेट के लिए शतकीय साझेदारी की। 28वें ओवर में विल यंग ने फिफ्टी पूरी कर ली। उन्हें 68 बॉल पर अर्धशतक पूरा किया। विल यंग ने तीनों फॉर्मेट की 9 पारियों के बाद अर्धशतक लगाया है। यह उनका 11वां अर्धशतक है। 27वें ओवर में डेरिल मिचेल ने हाफ सेंचुरी पूरी कर ली। उन्होंने 52 बॉल पर हाफ सेंचुरी पूरी की। डेरिल मिचेल ने लगातार दूसरे मैच में फिफ्टी लगाई। उन्होंने पहले वनडे में 84 रन बनाए थे। यह उनकी 13वीं वनडे हाफ सेंचुरी है। 22वें ओवर में न्यूजीलैंड ने 100 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। विल यंग ने रवींद्र जडेजा के ओवर की आखिरी बॉल पर एक रन लेकर टीम को 100 पार कराया। 21वें ओवर में विल यंग और डेरिल मिचेल ने तीसरे विकेट के लिए फिफ्टी पार्टनरशिप पूरी कर ली। डेरिल मिचेल ने कुलदीप यादव के ओवर की 5वीं बॉल पर दो रन लेकर साझेदारी को 50 पार पहुंचाया। 14वें ओवर में न्यूजीलैंड ने 50 रन का आंकड़ा पार कर लिया है।

विल यंग ने नीतीश रेड्डी की दूसरी बॉल पर दो रन लेकर टीम स्कोर 50 पार पहुंचाया। फिर डेरिल मिचेल ने आखिरी बॉल पर छक्का लगा दिया। प्रसिद्ध कृष्णा के साथ हेनरी निकोल्स का विकेट सेलिब्रेट करते भारतीय खिलाड़ी। 13वें ओवर में न्यूजीलैंड ने दूसरा विकेट भी गंवा दिया। ओवर की चौथी बॉल प्रसिद्ध कृष्णा ने शॉर्ट पिच फेंकी। हेनरी निकोल्स पुल करने गए, लेकिन गेंद उनके बैट से लगकर स्टंप्स से टकरा गई। निकोल्स 24 गेंद पर 10 रन ही बना सके। न्यूजीलैंड ने छठे ओवर में पहला विकेट गंवाने के बाद पावरप्ले-1 में और कोई विकेट नहीं गिरने दिया। हेनरी निकोल्स और विल यंग ने मिलकर टीम को 10 ओवर में 34 रन तक पहुंचा दिया। हर्षित राणा ने पारी के 8वें ओवर में कोई रन नहीं दिया। उन्होंने विल यंग के खिलाफ 6 गेंदें डॉट करा दीं। हर्षित ने छठे ओवर में भारत को पहला विकेट भी दिलाया था। न्यूजीलैंड ने छठे ओवर में पहला विकेट गंवा दिया। ओवर की दूसरी बॉल हर्षित राणा ने गुड लेंथ पर आउट स्विंगर फेंकी। डेवोन कॉन्वे डिफेंड करने गए, लेकिन गेंद उन्हें छोड़ते हुए स्टंप्स से टकरा गई।

कॉन्वे ने 16 रन बनाए। 285 रन के टारगेट के सामने न्यूजीलैंड ने संभलकर शुरूआत की। डेवोन कॉन्वे और हेनरी निकोल्स ने मिलकर शुरूआती 5 ओवर में 22 रन बटोर लिए। विराट कोहली ने 23 रन की पारी में भी सचिन तेंदुलकर का एक रिकॉर्ड तोड़ दिया। वे न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बन गए। कोहली के नाम 1773 रन हो गए, जबकि सचिन ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 1750 रन बनाए। ओवरऑल ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिंग 1971 रन के साथ न्यूजीलैंड के खिलाफ टॉप रन स्कोरर हैं। केएल राहुल ने कठिन पिच पर नाबाद शतक लगाते हुए भारत को न्यूजीलैंड के खिलाफ बुधवार को दूसरे एक दिवसीय क्रिकेट मैच में सात विकेट पर 284 रन तक पहुंचाया। राहुल ने 92 गेंद में 11 चौकों और एक छक्के की मदद से 112 रन की नाबाद पारी खेलकर उत्तरायण का त्यौहार मना रहे स्थानीय दर्शकों का जमकर मनोरंजन किया। उन्होंने दूसरे चरण में उपयोगी साझेदारियां करके मैच पर से न्यूजीलैंड का दबाव हटाया। न्यूजीलैंड के गेंदबाजों ने अनुशासित प्रदर्शन करते हुए 24वें ओवर में भारत के चार विकेट 118 रन पर निकाल दिये थे जबकि एक समय स्कोर एक विकेट पर 99 रन था। पिच में रफ्तार नहीं थी और कभी कभी गेंद को नीचे की ओर उछाल मिल रहा था जिससे बल्लेबाजों को परेशानी आ रही थी। कप्तान शुभमन गिल ने 53 गेंद में 56 रन बनाये जो श्रृंखला में उनका लगातार दूसरा अर्धशतक है।

# बेन शेल्टन ऑकलैंड एटीपी के क्वार्टरफाइनल में



ऑकलैंड। अमेरिका के विश्व में आठवें नंबर के खिलाड़ी बेन शेल्टन ने बुधवार को यहां ऑकलैंड ओपन एटीपी टूर प्रतियोगिता में सीधे सेटों में जीत दर्ज करके वर्ष 2026 में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की लेकिन कैस्पर रूड को हार का सामना करना पड़ा।

शेल्टन ने अर्जेंटीना के विश्व में 68वीं रैंकिंग के खिलाड़ी फ्रांसिस्को कोमेसाना पर 7-5, 6-4 से जीत हासिल करके क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी होने के कारण शेल्टन को इस एटीपी 250 टूर्नामेंट के पहले दौर में बाई मिली थी। ऑस्ट्रेलियाई ओपन की तैयारी के सिलसिले में यह टूर्नामेंट काफी महत्वपूर्ण है। वर्ष का पहला ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट रविवार से मेलबर्न में शुरू होगा। इस बीच दूसरी वरीयता प्राप्त रूड दूसरे दौर में हंगरी के गैर वरीयता प्राप्त फैबियन मारोज़सन से 6-4, 6-4 से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए। मारोज़सन ने पहले दौर में मौजूदा चैंपियन गेल मोनफिल्स को हराया था। पांचवीं वरीयता प्राप्त ब्रिटिश खिलाड़ी कैमरून नॉरी भी दूसरे दौर से आगे नहीं बढ़ पाए। उन्हें फ्रांस के जियोवानी म्पेटशी पेरिकार्ड ने 4-6, 6-3, 7-6 (4) से हराया। ऑकलैंड में 2024 के चैंपियन एलेजांद्रो तबिलो ने चौथी वरीयता प्राप्त लुसियानो डार्डेरी को 1-6, 7-5, 6-3 से पराजित किया। वहीं दूसरी ओर विश्व के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज़ और एरीना सबलेंका को रविवार से शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट में क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता दी गई है।

वर्ष के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के ड्रॉ गुरुवार को डाले जाएंगे जिससे एक दिन पहले पुरुष और महिला वर्ग में 32 वरीय खिलाड़ियों की घोषणा की गई। पुरुष वर्ग में दो बार के मौजूदा चैंपियन यानिक सिनर को दूसरी वरीयता मिली है, जबकि अलेक्जेंडर ज्वेरेव को तीसरी और 10 बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच को चौथी वरीयता दी गई है। महिला वर्ग में सबालेंका, इगा स्वियातेक और कोको गॉफ लगातार दूसरे वर्ष शीर्ष तीन वरीयता प्राप्त खिलाड़ी हैं। मौजूदा चैंपियन मैडिसन कीज़ को नौवीं वरीयता दी गई है।

## संक्षेप

### सेंथिलकुमार और टंडन ने जीत से शुरुआत की

डेट्रॉयट। मौजूदा पुरुष राष्ट्रीय चैंपियन वेलवन सेंथिलकुमार और रामित टंडन ने यहां खेली जा रही डीआर 21 मोटर सिटी ओपन स्क्वाश प्रतियोगिता में जीत के साथ अपने नए सत्र की शुरुआत की। विश्व रैंकिंग में 46वें स्थान पर काबिज सेंथिलकुमार ने इंग्लैंड के सैमुअल ओसबोर्न वाइल्ड को आसानी से 11-9, 11-5, 11-6 से हराया। विश्व रैंकिंग में 41वें स्थान पर काबिज टंडन को भी किसी तरह की मशक्कत नहीं करनी पड़ी। उन्होंने पहले दौर के मैच में इंग्लैंड के टॉम वाल्श को 11-8, 11-4, 8-11, 11-4 से पराजित किया। इसी बीच क्लीवलैंड में खेले जा रहे स्क्वाश इन द लैंड टूर्नामेंट में विश्व के 52वें नंबर के खिलाड़ी वीर चोटरानी ने पहले दौर में स्थानीय खिलाड़ी इग्नेशियस लाहोरा को 11-3, 11-3, 11-4 से हराया।

### मेजबानी करते हुए हर देश में होती है कमी : श्रीकांत

नयी दिल्ली। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने बुधवार को कहा कि उन्हें इंडिया ओपन की मेजबानी कर रहे इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में खेलने की स्थितियों में कुछ भी गलत नहीं लगा और हर मेजबान देश में कोई ना कोई कमी होती ही है। भारत के दिग्गज खिलाड़ी श्रीकांत ने साथ की कहा कि ऐसी चुनौतियां खेल का हिस्सा हैं और यह किसी एक मेजबान देश तक सीमित नहीं हैं और प्रत्येक मेजबान स्थल पर कमियां नजर आती हैं। डेनमार्क की मिया ब्लिचफेल्ट ने मंगलवार को इंदिरा गांधी स्टेडियम परिसर की सुविधाओं और आसपास के माहौल की आलोचना करते हुए उसे गंदा और स्वास्थ्य के लिए खराब बताया था। उन्होंने साथ ही विश्व बैडमिंटन महासंघ से इस साल अगस्त में इसी स्थल पर होने वाली विश्व चैंपियनशिप से पहले दखल देने का आग्रह किया था। हमवतन थारुन मन्नेपल्ली को पहले दौर के कड़े मुकाबले में हराने के बाद 2021 विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता श्रीकांत ने कहा कि उन्हें यह बात समझ ही नहीं आ रही कि मेजबान स्थल की आलोचना क्यों हो रही है। श्रीकांत ने कहा, मुझे नहीं पता कि ऐसा क्यों हो रहा है क्योंकि हर देश की अपनी परिस्थितियां होती हैं। उन्होंने कहा सिंगापुर में बहुत अधिक ड्रिफ्ट होता है और मलेशिया में शायद इसकी तुलना में थोड़ा कम। इंडोनेशिया में नवीनीकरण से पहले शटल काफी तेज जाती थी। हर देश की अपनी चुनौती होती है।

# एटलेटिको मैड्रिड कोपा डेल रे के क्वार्टर फाइनल में

एजेंसी

मैड्रिड। एंटोनी ग्रिज़्मैन ने फ्री किक पर दर्शनीय गोल किया जिससे एटलेटिको मैड्रिड ने डेपोर्टिवो ला कोरुना को 1-0 से पराजित करके कोपा डेलरे फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की। ग्रीज़्मैन ने 61वें मिनट में बाएं पैर से करारा शॉट लगाकर यह गोल किया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ।



इस तरह से 34 वर्षीय ग्रीजमैन ने पिछले छह मैचों में पांचवां गोल दागा। एटलेटिको मैड्रिड की टीम सऊदी अरब में खेले गए स्पेनिश सुपर कप के सेमीफाइनल में रियाल मैड्रिड से 1-2 से हार गई थी। कोपा डेलरे के अन्य मैचों में रियाल सोसिदाद ने ओसासुना को पेनल्टी शूटआउट में 4-3 से हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। मैच नियमित समय और अतिरिक्त समय में 2-2 से बराबर रहा था। एथलेटिक बिलबाओ ने दूसरी डिवीजन की टीम कल्चरल लियोनेसा को 4-3 से हराया। वहीं दूसरी ओर मैनचेस्टर सिटी के नए खिलाड़ी एंटोनी सेमेन्यो ने लगातार दूसरे मैच में गोल किया, जिससे उनकी टीम न्यूकैसल को 2-0 से हराकर इंग्लिश लीग कप फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाने के करीब पहुंच गई। पिछले सप्ताह बोर्नमाउथ से 87 मिलियन डॉलर में मैनचेस्टर सिटी में शामिल हुए इस फॉरवर्ड खिलाड़ी ने सेंट जेम्स पार्क में सेमीफाइनल के पहले चरण में 53वें मिनट में पहला गोल दागा। मैनचेस्टर सिटी के लिए स्थानापन्न खिलाड़ी रेयान चेर्की ने इंजरी टाइम में दूसरा गोल किया। सेमेन्यो ने सप्ताहांत में एफए कप में एक्सेटर के खिलाफ मैच में मैनचेस्टर सिटी की तरफ से पदार्पण करते हुए गोल किया था। उनकी टीम ने यह मैच 10-1 से जीता था। मैनचेस्टर सिटी ने लीग कप आठ बार जीता है और पेप गार्डियोला के मुख्य कोच बनने के बाद उसने चार बार यह खिताब अपने नाम किया है।

# बैडमिंटन : श्रीकांत, प्रणय और मालविका जीते

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू बुधवार को यहां इंडिया ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट के महिला एकल के पहले दौर में हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गईं जबकि किदांबी श्रीकांत, एच एस प्रणय और मालविका बंसोड़ दूसरे दौर में पहुंच गए। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू वियतनाम की थुई लिन एनगुएन के खिलाफ पहला गेम जीतने के बावजूद कड़े मुकाबले में हार गईं जबकि श्रीकांत ने भारत के ही थारुन मानेपल्ली को हराया। दुनिया की 12वें नंबर की खिलाड़ी और 2017 की चैंपियन सिंधू को एक घंटा और आठ मिनट चले पहले दौर के मुकाबले में दुनिया की 23वें नंबर की वियतनाम की खिलाड़ी एनगुएन के खिलाफ 22-20, 12-21, 15-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

एनगुएन के खिलाफ सिंधू की यह लगातार तीसरी हार है और उनके लिए यह नतीजा बड़ा झटका है क्योंकि वह पिछले हफ्ते मलेशिया ओपन सुपर 1000 के सेमीफाइनल में पहुंची थी और घरेलू प्रशंसकों को उनसे यहां अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद थी। इंडिया ओपन 2015 के चैंपियन और दुनिया के 34वें नंबर के खिलाड़ी श्रीकांत ने पहला गेम गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए मान्नेपल्ली को 53 मिनट में 15-21, 21-6, 21-19 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत ने पहला गेम गंवाने के बाद दूसरे गेम में एकतरफा जीत दर्ज की और फिर निर्णायक गेम में थारुन की कड़ी चुनौती से पार पाते हुए जीत दर्ज की। श्रीकांत अगले दौर में फ्रांस के पांचवें वरीय क्रिस्टो पोपोव से भिड़ेंगे जिन्होंने चीनी ताइपे के जू वेई वैंग को 13-21, 21-18, 21-19 से हराया। प्रणय ने हांगकांग के ली चेयुक यिउ को 41 मिनट में 22-20, 21-18 से हराया। यह भारतीय खिलाड़ी अगले दौर में आठवें वरीय सिंगापुर के लोह कीन येव के खिलाफ उतरेगा जिन्होंने चीन के वैंग झेंग शिंग को 23-21, 19-21, 21-14 से शिकस्त दी। पिछले सत्र के दूसरे हाफ में चोटों से परेशान रही मालविका बंसोड़ ने भी कड़े मुकाबले में चीनी ताइपे की पाइ यु पो को 51 मिनट में 21-18, 21-19 से हराकर दूसरे दौर में जगह बनाई।



अगले दौर में उनकी भिड़ंत दुनिया की पांचवें नंबर की खिलाड़ी चीन की हेन युइ से होगी। हेन युइ ने पहले दौर में चीनी ताइपे की सुंग शुओ युन को 18-21, 21-13, 21-17 से हराया। तन्वी शर्मा को हालांकि चीन की दूसरी वरीय वैंग झी यीन को कड़ी टक्कर देने के बावजूद एक घंटे और नौ मिनट में 20-22, 21-18, 13-21 से हार झेलनी पड़ी। सिंधू ने मुकाबले की अच्छी शुरुआत करते हुए 3-0 की बढ़त बनाई। एनगुएन ने कुछ अच्छे अंक जुटाए लेकिन सहज गलतियां करते हुए कई शॉट बाहर भी मारे जिससे सिंधू ने स्कोर 6-4 किया। एनगुएन ने स्कोर 6-6 किया लेकिन उन्हें शटल को नियंत्रित करने में दिक्कत हो रही थी और उनके शॉट लगातार बाहर गिर रहे थे और नेट पर उलझ रहे थे जिससे सिंधू ब्रेक तक 11-7 की बढ़त बनाने में सफल रहीं। एनगुएन ने वापसी करते हुए सिंधू पर दबाव बनाने की कोशिश की और लगातार चार अंक के साथ स्कोर 11-12 किया। एनगुएन लगातार अंक जुटाती रही लेकिन सिंधू ने बढ़त बरकरार रखते हुए स्कोर 18-16 किया।

### मारिन औपचारिक तौर पर भारतीय हॉकी टीम से जुड़े

नयी दिल्ली। भारतीय महिला हॉकी टीम के कोच शोर्ड मारिन एक बार फिर से राष्ट्रीय टीम के साथ मुख्य कोच के तौर पर जुड़ गये है। मारिन का इस टीम के साथ 2017 से 2021 तक का कार्यकाल सफल रहा था। मारिन को करीब दो सप्ताह पहले दोबारा इस पद पर नियुक्त किया गया था। तोक्यो ओलंपिक में टीम को ऐतिहासिक चौथा स्थान दिलाने के बाद यह उनकी भारतीय महिला टीम के कोचिंग प्रणाली में उनकी वापसी है। हॉकी इंडिया ने मारिन की तस्वीर साझा की जिसमें उनका स्वागत देश के शीर्ष खेल अधिकारियों और महासंघ के प्रशासकों द्वारा किया गया। मारिन ने भी इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचने की एक तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा, नयी ऊर्जा के साथ भारत वापस। इस 51 साल के कोच को अपने काम में मटियास विला का सहयोग मिलेगा, जो टीम के एनालिटिकल (विश्लेषणात्मक) कोच होंगे।

### यूपी व पंजाब के मैच से होगा पीडब्ल्यूएल का आगाज

नोएडा। यूपी डोमिनेटर्स टीम के सामने प्रो रेसलिंग लीग (पीडब्ल्यूएल) के मौजूदा सत्र के शुरुआती मैच में पंजाब रॉयल्स की चुनौती होगी। इस मुकाबले में सबसे ज्यादा नजरें दो बार की अंडर-20 विश्व चैंपियन और एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता अंतिम पंघाल पर होंगी। अंतिम महिला 53 किग्रा वर्ग में पंजाब रॉयल्स की मीनाक्षी से भिड़ेंगी।

# वनडे बल्लेबाजी में फिर शीर्ष पर पहुंचे कोहली

एजेंसी

दुबई। भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने वडोदरा में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला के पहले मैच में शानदार अर्धशतक बनाने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में रोहित शर्मा को पीछे छोड़कर फिर से शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। यह 37 वर्षीय बल्लेबाज जुलाई 2021 के बाद पहली बार नंबर एक रैंकिंग पर पहुंचा है। पहले वनडे में सस्ते में आउट होने के कारण पूर्व कप्तान रोहित तीसरे स्थान पर खिसक गए हैं। भारत ने रविवार को खेले गए पहले मैच में न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराया था। इस मैच में कोहली ने 91 गेंदों पर 93 रन बनाए। इस पारी के दौरान वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में सचिन तेंदुलकर के बाद दूसरे स्थान पर पहुंच गए। वनडे में कोहली का हाल का प्रदर्शन शानदार रहा है।

उन्होंने पिछले पांच मैच में कम से कम अर्धशतक जरूर लगाया। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नाबाद 74 रन, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 135, 102 और नाबाद 65 रन और न्यूजीलैंड के खिलाफ 93 रन बनाए। कोहली ने अक्टूबर 2013 में पहली बार शीर्ष रैंकिंग हासिल की थी। उन्होंने 11वीं बार बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया है। वह अब तक कुल 825 दिन शीर्ष पर रह चुके हैं जो किसी भारतीय बल्लेबाज का रिकॉर्ड है। भारत के वनडे कप्तान शुभमन गिल ने अपना पांचवां स्थान बरकरार रखा है, जबकि श्रेयस अय्यर शीर्ष 10 में शामिल अन्य भारतीय बल्लेबाज हैं। न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर डैरिल मिचेल पहले वनडे में 71 गेंदों पर 84 रन की तूफानी पारी खेलने से एक पायदान आगे दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं।

वह कोहली (785 अंक) से केवल एक रेटिंग अंक पीछे हैं। मिचेल के साथी खिलाड़ी डेवोन कॉनवे तीन पायदान ऊपर चढ़कर 29वें स्थान पर पहुंच गए हैं। भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज वनडे गेंदबाजों की रैंकिंग में पांच पायदान ऊपर चढ़कर बांग्लादेश के मेहदी हसन मिराज के साथ संयुक्त 15वें स्थान पर पहुंच गए हैं। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज काइल जैमीसन ने पहले वनडे में अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 41 रन देकर चार विकेट लिए जिससे वह 27 पायदान ऊपर चढ़कर संयुक्त 69वें स्थान पर पहुंच गए हैं। भारतीय तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह भी 69वें स्थान पर हैं। वहीं दूसरी ओर जंबाब्वे के ऑलराउंडर सिकंदर रजा ने आखिरी गेंद पर छक्का जड़ा, जिससे पार्ल रॉयल्स ने बोलैंड पार्क में खेले गए एसए20 क्रिकेट मैच में



डरबन सुपर जायंट्स पर छह विकेट से रोमांचक जीत हासिल की। रॉयल्स को डेविड विसे के आखिरी ओवर में छह रन और आखिरी गेंद पर दो रन की जरूरत थी। ऐसे में रजा ने धैर्य बनाए रखा और आखिर में अपनी टीम को रोमांचक जीत दिलाई।

# विश्व कप : छठे खिताब की तलाश में भारत

एजेंसी

बुलावायो (जिम्बाब्वे)। कई युवा सितारों से सजी भारतीय टीम अंडर 19 विश्व कप में छठा खिताब जीतने के लिए अमेरिका की अपेक्षाकृत कमजोर टीम के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करके गुरुवार को यहां अपने अभियान की शानदार शुरुआत करना चाहेगी। अब तक खेले गए 16 अंडर-19 विश्व कप में भारत पांच बार का विजेता रहा है। इस टूर्नामेंट की शुरुआत 1988 में की गई थी और ऑस्ट्रेलिया ने पहला चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया था। विराट कोहली, रोहित शर्मा, केन विलियमसन, जो रूट और स्टीव स्मिथ जैसे खिलाड़ियों ने इसी टूर्नामेंट के जरिए क्रिकेट प्रेमियों का ध्यान अपनी तरफ खींचा था और बाद में उन्होंने खुद को खेल के दिग्गज खिलाड़ियों के रूप में स्थापित किया।



भारत के मौजूदा टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल ने भी पहली बार 2018 के अंडर-19 विश्व कप में अपने शानदार प्रदर्शन से सुर्खियां बटोरीं, जिसमें टीम ने पृथ्वी साव के नेतृत्व में जीत हासिल की थीं। साव ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की बेहतरीन शुरुआत की थी लेकिन हाल के वर्षों में उनका प्रदर्शन फीका पड़ गया है। अतीत में यह प्रतियोगिता ब्रायन लारा, सनथ जयसूर्या, इंजमाम उल हक, ग्रीम स्मिथ, माइकल क्लार्क, हाशिम अमला और एलिस्टेयर कुक जैसे खिलाड़ियों के लिए एक सीढ़ी के रूप में भी काम कर चुकी है, जो सभी आगे चलकर खेल के दिग्गज खिलाड़ी बने। भारत ने 2018 के अलावा 2000, 2008, 2012 और 2022 में ट्रॉफी जीती है। वह 2024 में फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार गया था लेकिन इस बार वह खिताब का प्रबल दावेदार है।

भारतीय टीम कागजों पर संतुलित और मजबूत दिखती है। पिछले 16 मैचों में 13 में जीत हासिल करके टीम ने साबित कर दिया है कि वह जीतना जानती है। इस बीच उसने इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका में श्रृंखला जीती। इसका मतलब है की टीम विदेश की परिस्थितियों में भी जीत हासिल करना जानती है। भारतीय चुनौती का नेतृत्व प्रतिभाशाली वैभव सूर्यवंशी, कप्तान आयुष म्हात्रे, उप कप्तान विहान मल्होत्रा और शीर्ष क्रम के बल्लेबाज आरोन जॉर्ज करेंगे। जॉर्ज अंडर-19 एशिया कप में 228 रन बनाकर भारत के शीर्ष स्कोरर रहे थे, जहां उनके कट्टर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान ने फाइनल मुकाबले में उन्हें चौंका दिया था। हालांकि हाल के दिनों में म्हात्रे की फॉर्म थोड़ी चिंता का विषय रही है, लेकिन टीम में अभिज्ञान कुंडू भी शामिल हैं, जिन्होंने हाल में बेहद अच्छा प्रदर्शन किया है। महज 14 साल की उम्र में अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से सूर्यवंशी पहले से ही दुनिया के सबसे चर्चित युवा क्रिकेटरों में से एक हैं।

### कर्नाटक व विदर्भ के बीच मैच में पडिक्कल पर रहेगी नजर

बेंगलुरु। बेहतरीन फॉर्म में चल रहे देवदत्त पडिक्कल कर्नाटक और विदर्भ के खिलाफ गुरुवार को यहां होने वाले विजय हजारे ट्रॉफी के पहले सेमीफाइनल में दोनों टीमों के बीच मुख्य अंतर पैदा कर सकते हैं। पडिक्कल इस समय शानदार बल्लेबाजी कर रहे हैं। उन्होंने अपनी बेहतरीन फॉर्म का नजारा मुंबई के खिलाफ सेमीफाइनल में किया था जहां उनके नाबाद अर्धशतक की मदद से कर्नाटक ने जीत हासिल की थी। इस 25 वर्षीय खिलाड़ी ने मौजूदा सत्र में चार शतक लगाए हैं और वह टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष पर पहुंच गए हैं। उनके अलावा कर्नाटक की टीम में कप्तान मयंक अग्रवाल, करुण नायर और अभिनव मनोहर जैसे अनुभवी बल्लेबाज हैं जिससे वह इस विभाग में काफी मजबूत नजर आ रहा है। कर्नाटक के गेंदबाजों ने भी अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। विद्वथ कावेरप्पा, अभिलाष शेट्टी, विद्याधर पाटिल और विजयकुमार वैशाक की उसकी तेज गेंदबाजी की चौकड़ी ने इस सत्र में लगातार शानदार प्रदर्शन किया है। विदर्भ के बल्लेबाजों ने भी इस सत्र में अच्छा प्रदर्शन किया है जिससे उसकी टीम कई अवसरों पर 300 रन का आंकड़ा छूने में सफल रही है।

